आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 17 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 113, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





इजराइल की गाजा पर बमबारी में 60 की मौत 18

स्त्री 2 का नया पोस्टर रिलीज 17


## एक नजर

### उच्चतम न्यायालय में दो न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह और न्यायमूर्ति आर महादेवन को मंगलवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। उनके शपथ ग्रहण करने के बाद उच्चतम न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश सहित कुल न्यायाधीशों की संख्या फिर से 34 हो जाएगी। शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की स्वीकृत अधिकतम संख्या 34 है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'एक्स' के जरिए इन नियुक्तियों की घोषणा की। जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन कोटिश्वर सिंह मणिपुर से शीर्ष न्यायालय में नियुक्त होने वाले पहले न्यायाधीश बन गए हैं। न्यायमूर्ति महादेवन वर्तमान में मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश हैं।

### पुरी रत्न भंडार गुरुवार को फिर खोला जाएगा

**पुरी।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने मंगलवार को कहा कि रत्न भंडार का आंतरिक कक्ष गुरुवार को फिर खोला जाएगा ताकि आभूषणों को मंदिर में स्थित अस्थायी कोषागार में स्थानांतरित किया जा सके। यह निर्णय मंगलवार को यहां एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, राज्य सरकार द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ, पुरी के जिलाधिकारी सिद्धार्थ शंकर स्वैन की उपस्थिति में हुई बैठक में लिया गया। रत्न भंडार को 46 वर्षों के बाद रविवार को खोला गया था। न्यायमूर्ति रथ ने कहा कि हम 18 जुलाई को सुबह 9 :51 बजे से दोपहर 12 :15 बजे के बीच फिर से ताले खोलेंगे।

### पत्नी का हत्यारा पति 16 साल के बाद गिरफ्तार

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा के थाना फेस-दो पुलिस ने पत्नी की हत्या के मामले में 16 साल से फरार आरोपी पति को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया, इसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाले संजय ने 2008 में पत्नी की हत्या कर दी थी और तब से वह फरार था। सूचना के आधार पर मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वह मूल रूप से बिहार के नालंदा जिले का रहने वाला है।

# विवाद : 14 राज्यों में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति, यूपी में क्यों नहीं

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था शुरू होते ही विरोध होने लगा तो मामला शासन तक पहुंचा। जिसके बाद इसे दो माह के लिए स्थगित कर दिया गया है। जबकि देश के 14 राज्यों गोवा, राजस्थान, झारखंड, त्रिपुरा, मेघालय, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना व असम आदि में शिक्षकों की हाजिरी ऑनलाइन हो रही है।

प्रदेश में शिक्षक पहले ही दिन से ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था के विरोध में सड़क पर उतर आए। सवाल यह है कि जब देश के 14 राज्यों में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति हो सकती है तो प्रदेश में क्यों नहीं? दरअसल, शिक्षा महानिदेशक ने शिक्षकों की समय से उपस्थिति के लिए 8 जुलाई से ऑनलाइन प्रक्रिया लागू की थी। इसके तहत 6.24 लाख सरकारी शिक्षकों में से पहले दिन 16,500 ने ऑनलाइन उपस्थिति भी दर्ज कराई। दूसरे दिन से इस संख्या में कमी आती गई, अब यह संख्या सिमट कर 500 के करीब आ गई।

**महिला शिक्षकों को मिलते हैं ये अलग अवकाश :** सरकारी स्कूलों में महिला शिक्षकों को करवाचौथ, हरियाली तीज, हरछठ, छठ पूजा पर अवकाश मिलता है, जबकि इसी विभाग में कार्यरत महिला (अधिकारी व बाबू) को ये छुट्टी नहीं मिलती हैं।

**प्रदेश के सरकारी स्कूलों में यह व्यवस्था लागू होते ही शुरू हो गया था विरोध**

### हाजिरी के पीछे शिक्षक संघ बता रहे यह दिक्कत

शिक्षक संगठनों का कहना है कि ऑनलाइन हाजिरी के बीच किसी की तबीयत बिगड़ती है या उसके किसी परिचित के साथ कोई ट्रेजडी हो जाती है तो उसका क्या होगा। इसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है, न ही कोई हाफ डे, न कोई ईएल। शिक्षकों का कहना है कि उन्हें एक वर्ष में सिर्फ 14 सीएल ही मिलते हैं।

### साल के 365 दिनों में मिलते हैं 167 अवकाश

एक वर्ष में 56 सार्वजनिक अवकाश हैं। 52 रविवार, किसी वर्ष में 53 रविवार भी होते हैं। 15 दिन सर्दी में अवकाश, 30 दिन ग्रीष्मावकाश, 14 सीएल मिलते हैं। इस तरह कुल 167 दिन शिक्षकों को अवकाश मिलता है। इनके मेडिकल अवकाश को आकस्मिक अवकाश की श्रेणी में रखा गया है। जबकि सत्र 220 दिनों से कम नहीं होना चाहिए।

### शिक्षक नेता स्कूल न जाएं ऐसी कोई नियमावली नहीं

प्रदेश में करीब एक दर्जन शिक्षक संगठन सक्रिय हैं। नियमावली में यह नहीं है कि कोई शिक्षक नेता स्कूल पढ़ाने नहीं जाएगा। राज्य परियोजना कार्यालय की जांच में पाया गया कि शिक्षक नेता स्कूल पढ़ाने नहीं जाते हैं। तत्कालीन शिक्षा महानिदेशक द्वारा बीते वर्ष 10 जुलाई से 11 जुलाई के बीच कराई गई जांच में भी यह स्पष्ट हो गया था।

### सरकार ने शिक्षकों के लिए किए कई कार्य

योगी सरकार ने शिक्षकों की सुविधा के लिए जो ऑनलाइन कार्य शुरू किए हैं, उनमें सीएल, सीसीएल, मेडिकल, एरियर भुगतान, शिक्षकों का मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन ब्योरा सहित कई ऐसे कार्य शामिल हैं, जिससे शिक्षकों को कोई परेशानी नहीं है।

### शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था स्थगित

- समस्याओं को लेकर बनाई जाएगी विशेषज्ञ समिति

**लखनऊ।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों को फिलहाल दो माह तक डिजिटल अटेंडेंस से राहत मिल गई है। लेकिन 11 अन्य रजिस्टर पर आनलाइन कार्य ही होंगे। इस संबंध में मंगलवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की चार मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों से वार्ता हुई। प्रमुख सचिव बेसिक डॉ. एमके शनमुगा सुंदरम ने बताया कि डिजिटल अटेंडेंस दो माह के लिए स्थगित रहेगी। शेष 11 रजिस्टर की प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी। वहीं, डिजिटल अटेंडेंस समेत इससे जुड़ी अन्य समस्याओं को लेकर एक विशेषज्ञ समिति बनाई जाएगी, जो शिक्षकों के मुद्दों पर विचार कर दो माह में रिपोर्ट देगी। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से पिछले दिनों डिजिटल हाजिरी का आदेश जारी किया गया था।

# मुठभेड़ में कैप्टन समेत चार जवान शहीद

## आतंकियों से लोहा लेते जम्मू-कश्मीर के एक पुलिसकर्मी की भी मौत

**डोडा में आतंकवादियों से गोलीबारी में हुए थे घायल**

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हुए एक कैप्टन समेत सेना के चार जवान शहीद हो गए जबकि जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक कर्मी की भी मौत हुई है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि आतंकियों की तलाश और उनके सफाए के लिए अतिरिक्त बल भेजा गया है। मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों की पहचान कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेन्द्र और सिपाही अजय के रूप में हुई है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी समेत सेना के सभी रैंक के अधिकारियों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। पिछले तीन सप्ताह में डोडा जिले के जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच यह तीसरी बड़ी मुठभेड़ है। यह ताजा घटना कठुआ जिले के दूरस्थ माचेड़ी वन क्षेत्र में सेना के गश्ती दल पर आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए हमले के एक सप्ताह बाद हुई है जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे और कई घायल हो गए थे।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों ने सोमवार देर शाम डोडा शहर से लगभग 55 किलोमीटर दूर देसा वन क्षेत्र के धारी गोटे उरबागी में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि कुछ देर की गोलीबारी के बाद आतंकवादियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन एक अधिकारी के नेतृत्व में बहादुर जवानों ने दुर्गम इलाके और घने जंगल के बावजूद उनका पीछा किया, जिसके बाद रात करीब नौ बजे जंगल में फिर से गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में पांच जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। व्हाइट कोर के नाम से पहचाने जाने वाली सेना की 16वीं कोर ने 'एक्स' पर कहा कि सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा के उत्तरी क्षेत्र में अभियान शुरू किया गया था। रात लगभग नौ बजे आतंकवादियों से भारी गोलीबारी हुई।





आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद सेना के चार जवानों के पार्थिव शरीर (ऊपर)। शहीद कैप्टन ब्रजेश थापा, सिपाही बिजेंद्र, सिपाही अजय कुमार सिंह और नायक डोकरी राजेश। (बाएं से)।

### ड्रोन-हेलीकॉप्टर से आतंकियों की तलाश

अधिकारियों ने बताया कि सेना और पुलिस ने सोमवार रात को ही अतिरिक्त बल को रवाना कर दिया था और मंगलवार की सुबह अधिक संख्या में जवानों के साथ क्षेत्र में नए सिरे से तलाशी अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि सेना के शीर्ष पैरा-कमांडो को तैनात किया गया है, जबकि नजर रखने के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टर भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को आतंकवादियों से अब तक सामना नहीं हुआ है। माना जा रहा है कि वे सीमा पार से घुसपैठ कर भारत में दाखिल हुए और पिछले कुछ महीनों से वन क्षेत्र में छिपे हुए हैं। नौ जुलाई को किश्तवाड़ जिले की सीमा से लगे घढ़ी भगवाह जंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद आतंकवादी भाग गए थे। इससे पहले 26 जून को जिले के गंडोह इलाके में दिनभर चले अभियान में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया था। इसी तरह, 12 जून को भीषण गोलीबारी में पांच सैन्यकर्मी और एक विशेष पुलिस अधिकारी के घायल होने के बाद डोडा में आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिए गए थे।

# नीट-यूजी पेपर लीक मामले में दो और गिरफ्तारी

- सीबीआई ने पटना और हजारीबाग में की कार्रवाई
- अब तक छह प्राथमिकी दर्ज कुल 14 गिरफ्तारियां

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) पर्चा लीक मामले में एक प्रमुख आरोपी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने झारखंड के हजारीबाग में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के ट्रंक से कथित तौर पर प्रश्नपत्र चुराया था। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इन दो गिरफ्तारियों के साथ ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा में लीक, प्रतिरूपण और अन्य अनियमितताओं से संबंधित मामलों में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की कुल संख्या अब 14 हो गई है।

अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर के 2017 बैच के सिविल इंजीनियर पंकज कुमार उर्फ आदित्य को गिरफ्तार किया है, जिसने हजारीबाग में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के ट्रंक से नीट-यूजी का प्रश्नपत्र कथित तौर पर चुराया था। उन्होंने बताया कि बोकारो के रहने वाले कुमार को पटना से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने राजू सिंह नाम के एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है जिसने कथित तौर पर कुमार को प्रश्नपत्र चुराने और गिरोह के अन्य सदस्यों को देने में मदद की थी। सिंह को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही एजेंसी ने छह प्राथमिकी दर्ज की हैं। बिहार में दर्ज प्राथमिकी प्रश्नपत्र लीक होने से संबंधित है, जबकि गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र में दर्ज शेष प्राथमिकी अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा देने और धोखाधड़ी से संबंधित हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के संदर्भ पर एजेंसी की अपनी प्राथमिकी, परीक्षा में कथित अनियमितताओं की व्यापक जांच से संबंधित है।

**अलीगढ़ के थाना खैर में बड़ी वारदात**

# थाने में लगाई मां को आग, झुलसने से हुई मौत, बेटा हिरासत में

संवाददाता, अलीगढ़

**अमृत विचार :** अलीगढ़ के थाना खैर में मंगलवार को बड़ी घटना घटित हुई। थाने में बेटे ने मां को आग लगा दी। पुलिसकर्मियों ने आग बुझाई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। 80 प्रतिशत तक जल चुकी महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। थाने में लगे सीसी कैमरे में बेटा आग लगाते हुए कैद हो गया है। पुलिस ने बेटे को हिरासत में ले लिया है। थाने में महिला को आग लगाने की सूचना पर आला अधिकारी आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। एसपी देहात थाने पहुंचकर जांच में जुट गए। आईजी अलीगढ़ रेंज ने पूरे मामले में रिपोर्ट तलब की है।

दरकन नगरिया निवासी हेमलता के पति राजबहादुर सिंह की पांच साल पूर्व मौत हो चुकी है। उसका ममिया ससुर से मकान को लेकर विवाद चल रहा है। मंगलवार को हेमलता और उसका बेटा थाने पर आए थे। दूसरा पक्ष भी पहुंचा था। हेमलता ने दूसरे पक्ष के खिलाफ छेड़खानी का भी मामला दर्ज करा रखा था। मकान को लेकर पंचायत भी चल रही थी। लेकिन हेमलता और उसका बेटा दूसरे पक्ष की बात से सहमत नहीं थे और उठकर चले गए। थाने पर हेमलता पर उसके बेटे ने पेट्रोल छिड़क दिया और फिर लाइटर से आग लगा दी। हेमलता बुरी तरह से झुलस गई। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। बेटा आग लगाने के बाद मां की वीडियो बनाता रहा। वह खुद आग लगाकर रिश्तेदारों को फंसाना चाहता था। थाने में महिला को आग लगाने की सूचना पर अधिकारियों के होश उड़ गए। एसपी देहात पलाश बंसल मौके पर पहुंच गए। आरोपी बेटे को हिरासत में ले लिया गया है और रिश्तेदारों को वीडियो दिखाया गया। एसपी देहात ने आला अधिकारियों को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। आईजी अलीगढ़ रेंज शलभ माथुर ने एसएसपी से रिपोर्ट मांगी है। एसएसपी अलीगढ़ संजीव सुमन का कहना है कि आग बेटे ने ही लगाई है।



- घटना सीसीटीवी में कैद, मकान को लेकर है रिश्तेदार से विवाद

# सरकार ने ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को प्रशिक्षण स्थगित कर वापस बुलाया

मुंबई, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को विवादास्पद आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया और उन्हें 23 जुलाई तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

खेडकर (34) सिविल सेवा परीक्षा में चुने जाने के लिए कपटपूर्ण तरीके का इस्तेमाल करने के आरोपों का सामना कर रही हैं। उन्होंने खुद को शारीरिक रूप से दिव्यांग और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय का बताया था। खेडकर पर पुणे में तैनाती के दौरान विशेषाधिकारों का दुरुपयोग करने का भी आरोप है। महाराष्ट्र के अतिरिक्त मुख्य सचिव नितिन गदरे द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि अकादमी ने खेडकर के जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित करने का निर्णय लिया है तथा उन्हें तत्काल वापस बुलाया गया है। इस बीच पूजा खेडकर ने पुणे के जिलाधिकारी सुहास दिवसे पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए वाशिम थाने में शिकायत दर्ज कराई है।



- 23 जुलाई तक आईएएस अकादमी में रिपोर्ट करने के निर्देश

### मेडिकल प्रमाणपत्रों की सत्यता जांचेगी पुलिस

**पुणे।** पुणे पुलिस पूजा खेडकर द्वारा प्रस्तुत चिकित्सा प्रमाणपत्रों की सत्यता की जांच करेगी। वर्तमान में वाशिम जिले में तैनात 2023 बैच की अधिकारी खेडकर ने संघ लोक सेवा आयोग को कई मेडिकल प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए थे, जिनमें से एक दृष्टि संबंधी दिव्यांगता को दर्शाता है। मुख्य आयुक्त दिव्यांगजन कार्यालय ने प्रमाणपत्रों की जांच के संबंध में पुलिस और जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

# मथुरा में दुष्कर्म के बाद बच्चे की हत्या करने के दोषी को मृत्युदंड

- मथुरा जिले की पॉक्सो अदालत ने सुनाई सजा, 1.20 लाख जुर्माना

संवाददाता, मथुरा

**अमृत विचार :** मथुरा जिले की विशेष पॉक्सो अदालत ने नौ साल के बच्चे के साथ कुकर्म के बाद उसकी हत्या के दोषी को मंगलवार को फांसी एवं एक लाख 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने मंगलवार को बताया कि 21 जून 2022 को कोसीकलां थाना क्षेत्र के नगला मेव गांव में खाली पड़े एक मकान के पशुओं को बांधने के स्थान पर नौ साल के एक बच्चे का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। इस मामले में गांव की ही एक महिला समेत 8 लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पोस्टमार्टम में बच्चे के साथ कुकर्म और गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है, जांच में दरियाब नामक एक व्यक्ति की भूमिका संदिग्ध पाई गई। गांव के बच्चों से पता चला कि वह भी कई बार बच्चों के साथ खेलने के लिए आ जाता था। पुलिस के हाथ प्रमाण लगने के बाद दरियाब ने कुबूल कर लिया। अपर जिला न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट रामकिशोर यादव (तृतीय) ने दरियाब को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

### धार्मिक ग्रंथ पढ़ाने वाले ने छात्रा से किया दुष्कर्म

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के सदर बाजार थाना क्षेत्र में धार्मिक ग्रंथ पढ़ाने वाले एक शिक्षक (ट्यूटर) ने 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ कई बार दुष्कर्म किया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि थाना सदर बाजार क्षेत्र के रक्खा कालोनी निवासी अफजाल (28) नामक आरोपी एक छात्रा को धार्मिक ग्रन्थ पढ़ाने उसके घर जाता था। उसने छात्रा से कई बार डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया।

# आईएएस अधिकारी और पूर्व विधायक के परिसरों पर छापा

**नई दिल्ली/ पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार काडर के आईएएस अधिकारी संजीव हंस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व विधायक गुलाब यादव के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को बिहार, दिल्ली और पुणे में कई परिसरों पर छापेमारी की। हंस वर्तमान में बिहार ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत हैं। पटना में हंस और यादव के घरों सहित करीब 22 परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। पटना पुलिस ने बलात्कार, ब्लैकमेल करने और उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पिछले साल जनवरी में हंस और यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

# पति को छूट के खिलाफ अपील सुनेगा सुप्रीम कोर्ट

**वैवाहिक बलात्कार**

**बीएनएस की धारा 63 के अनुसार बालिग पत्नी से यौनाचार बलात्कार नहीं**

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय इस विवादास्पद कानूनी प्रश्न से संबंधित याचिकाओं को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर मंगलवार को सहमत हो गया कि क्या अपनी बालिग पत्नी को यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करने वाले पति को बलात्कार के अपराध वाले मुकदमे से छूट मिलनी चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह की दलीलों का संज्ञान लिया कि संबंधित याचिकाओं को कुछ प्राथमिकता दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि याचिकाओं पर सुनवाई की जाएगी। उन्होंने संकेत दिया कि उन पर 18 जुलाई को सुनवाई हो सकती है। हाल ही में लागू भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत भी एक पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ यौन संबंध या यौनाचार बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता है, बशर्ते वह नाबालिग नहीं है। बीएनएस की धारा 63 (बलात्कार) के अपवाद-दो में कहा गया है कि किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ यौन संबंध या यौनाचार बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता है, यदि पत्नी की उम्र 18 वर्ष से कम नहीं है। शीर्ष अदालत ने 16 जनवरी, 2023 को भारतीय दंड संहिता के संबंधित प्रावधान पर आपत्ति जताने वाली कई याचिकाओं पर केंद्र से जवाब मांगा था, जिसके तहत बालिग पत्नी से जबरन यौन संबंध बनाने के मामले में पति को अभियोजन से छूट प्राप्त है। शीर्ष अदालत ने 17 मई को इस मुद्दे पर बीएनएस के प्रावधान को चुनौती देने वाली एक समान याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया था।

### एक महिला ने दाखिल की है याचिका

नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, एक जुलाई से प्रभावी हुए हैं, जिन्होंने पुराने आपराधिक कानूनों का स्थान लिया है। पीठ ने कहा था, हमें वैवाहिक बलात्कार से संबंधित मामलों को सुलझाना है। इससे पहले, केंद्र ने कहा था कि इस मुद्दे के कानूनी और सामाजिक निहितार्थ हैं, और सरकार इन याचिकाओं पर अपना जवाब दाखिल करना चाहेगी। इनमें से एक याचिका इस मुद्दे पर 11 मई, 2022 को दिल्ली उच्च न्यायालय के खंडित फैसले से संबंधित है। यह अपील एक महिला द्वारा दायर की गई है, जो दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष याचिकाकर्ताओं में से एक थी।

# संसद सत्र से पहले 21 जुलाई को सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार 22 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सत्र से पहले 21 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू संसद के बजट सत्र से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक सुबह 11 बजे संसदीय सौंध स्थित मुख्य समिति कक्ष में होगी। इस पारंपरिक बैठक में पहली बार नेता प्रतिपक्ष के रूप कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शामिल होंगे। तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल नहीं होगा क्योंकि पार्टी 21 जुलाई को शहीद दिवस के रूप में मनाती है।

## एक नजर

### तिनसुकिया-भगत की कोठी के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए न्यू तिनसुकिया व भगत की कोठी के बीच स्पेशल ट्रेन संचालित करने का निर्णय लिया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि न्यू तिनसुकिया व भगत की कोठी के बीच साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 05919 आगामी 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगी। प्रत्येक सोमवार को न्यू तिनसुकिया से चलकर गुरुवार को भगत की कोठी स्टेशन पर पहुंचेगी। यह ट्रेन वाया लखनऊ होते हुए बुधवार को मंडल के हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद व हापुड़ में रुकेगी। ट्रेन संख्या 05920 26 जुलाई से 16 अगस्त से प्रत्येक शुक्रवार को भगत की कोठी से चलकर सोमवार को न्यू तिनसुकिया रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। यह ट्रेन मंडल के स्टेशन हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर व हरदोई में रुकेगी।

# जिले में 238 निराश्रित महिलाओं और 88 बंजारों को मिलेंगे मुख्यमंत्री आवास

## पांच ब्लॉक में बंजारों की संख्या शून्य, सबसे अधिक ठाकुरद्वारा ब्लॉक में मिले पात्र

धर्मेंद्र सिंह, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की ओर से पहली बार आवासीय योजना में निराश्रित महिलाओं व बंजारों को शामिल करने की पहल में विभागीय अधिकारी पिछड़ते नजर आ रहे हैं। शासन ने परियोजना निदेशक व पंचायत राज विभाग के खंड विकास अधिकारियों से मार्च तक पात्रों के नाम मांगे थे। लेकिन, अधिकारियों को जनपद में सिर्फ 238 निराश्रित महिलाएं पात्र मिली हैं। आठ ब्लॉकों में से पांच ब्लॉकों में बंजारों की संख्या शून्य दिखाई गई है।

मुख्यमंत्री आवासीय योजना के अंतर्गत अधिकारी 238 निराश्रित महिलाओं और 88 बंजारों को ही तलाश कर पाए हैं। जबकि शासन से पात्रों की जानकारी मार्च के महीने में देने को कहा गया था। लेकिन, विभागीय अधिकारी लोकसभा चुनाव से पहले लगने वाली आदर्श आचार संहिता व चुनाव होने की बात कहकर खुद को बचाने में लगे हैं।

परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा की ओर से कई बार पात्रों की संख्या के लिए पत्राचार के माध्यम से निर्देशित किया गया था। उन्होंने बताया कि पांच ब्लॉक में बंजारों की संख्या शून्य पाई गई है। जबकि योजना के पात्र सबसे अधिक संख्या में बंजारे और निराश्रित महिलाएं ठाकुरद्वारा में मिले हैं। उन्होंने बताया कि योजना की पात्रता में निराश्रित महिला की उम्र 18 से 40 होनी चाहिए। महिला आवास विहीन हो और पति का मृत्यु प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। लखनऊ मुख्यालय से योजना के पात्रों की जानकारी मांगी जा रही है। अब तक चिह्नित किए गए पात्रों की फाइल मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव के कार्यालय में भेजी गई। जिसे जिलाधिकारी के माध्यम शासन को भेजा जाएगा।

शासन से स्वीकृति मिलने के बाद बीडीओ को निर्देशित किया जाएगा कि वे अपने ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में पात्रों की सूची उपलब्ध कराएं। जिससे सभी को आवास से लाभान्वित किया जा सकेगा।

**निराश्रित महिलाओं और बंजारों की विकास खंड वार संख्या**

| ब्लॉक | निराश्रित महिला | बंजारा |
|---|---|---|
| मुरादाबाद | 11 | कोई नहीं |
| छजलैट | 49 | कोई नहीं |
| बिलारी | 16 | कोई नहीं |
| मूंढापांडे | 45 | कोई नहीं |
| कुंदरकी | 29 | कोई नहीं |
| भगतपुर | 16 | 12 |
| ठाकुरद्वारा | 56 | 75 |
| डिलारी | 27 | 01 |
| कुल योग | 238 | 88 |

### पिता-पुत्री को वाहन ने रौंदा, बच्ची की मौत

**भोजपुर, अमृत विचार:** बाजार जा रहे बाइक सवार पिता-पुत्री को वाहन ने रौंद दिया। इससे तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गई जबकि पिता घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के गांव गणेशपुर में रहमान का परिवार रहता है।

मंगलवार दोपहर 12 बजे वह अपनी बेटी ईशमा को लेकर बाइक से बाजार जा रहे थे। जब इनकी बाइक भोजपुर बस स्टैंड के पास राजकीय इंटर कॉलेज के सामने पहुंची तो अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज सुनील राठी ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामला दर्ज किया जाएगा। साथ ही वाहन का पता लगाया जाएगा।



अवैध निर्माण को तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार

# एमडीए की टीम ने दो स्थानों पर अवैध निर्माण ध्वस्त कराया

संवाददाता, मुरादाबाद/गजरौला

**अमृत विचार:** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को काशीपुर रोड पर दो स्थानों पर 12 बीघा जमीन पर किए जा रहे अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया।

एमडीए के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार को शिकायत मिली कि काशीपुर रोड सिरसवां दोराहे से पहले पेट्रोल पंप के सामने मोहम्मद जुल्फिकार ने चार बीघा जमीन पर बिना मानचित्र के अवैध भूखंड किए हैं। सिरसवां दोराहे पर पेट्रोल पंप के पीछे आठ बीघा जमीन पर गुफरान ने भी अवैध प्लाटिंग की। मंगलवार को उपाध्यक्ष ने टीम को मौके पर भेजा। टीम ने दोनों स्थानों पर भूखंडों पर हुए निर्माण को ध्वस्त करा दिया। इस दौरान सहायक अभियंता केएन जगूड़ी, अवर अभियंता राजन सिंह व प्रवर्तन टीम शामिल रही। एमडीए के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने कहा कि अवैध निर्माण को तोड़ दिया जाएगा। उधर, अमरोहा के गजरौला में एमडीए के उपाध्यक्ष ने एमडीए कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान लोगों ने जलभराव से निजात दिलवाने की मांग की।

# पढ़ाई के लिए स्मार्टफोन मददगार : ढिल्लो

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** मंगलवार को नगर के वाईएमएस पीजी कॉलेज में प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत 786 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो व पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम का आरंभ किया। महाविद्यालय प्रबंधिका जरीना खातून व कालेज प्राचार्य डॉ. एके सिंह द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। इस दौरान शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही स्मार्टफोन वितरण योजना के अंतर्गत छात्र छात्राओं के भविष्य कल्याण एवं शिक्षा समृद्धि के दृष्टिगत प्रदेश भर में स्मार्टफोन, टैबलेट का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि तकनीकी युग में छात्र-छात्राओं के पढ़ाई के लिए स्मार्टफोन कारगर सिद्ध होंगे।



छात्रा को स्मार्ट फोन देते शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो व अन्य।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य के लिए कल्याणकारी योजना चला रही है ताकि छात्र छात्राएं टैबलेट व स्मार्टफोन के माध्यम से तकनीकी से जोड़कर अच्छी तरह से अपनी पढ़ाई की तैयारी कर सकें। महाविद्यालय प्रबंधिका जरीना खातून ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं इसका सदुपयोग करें। इस अवसर पर डायरेक्टर रियाज अहमद सैफी, नाजिम सैफी आदि मौजूद रहे।

# ओयो होटल में छापे के दौरान मिले कई युवक और युवतियां

संवाददाता, चन्दौसी

> ओयो होटल को लेकर कई दिन से शिकायत मिल रही थी। शिकायत के आधार पर छापा मारी की गई। -नीतू रानी, एसडीएम चन्दौसी

**अमृत विचार:** कई दिन से मिल रही शिकायत के बाद मंगलवार को एसडीएम ने पुलिस के साथ न्यू बाईपास स्थित ओयो होटल पर छापा मारा। जहां कुछ युवक-युवतियों के मिलने पर होटल को सील कर दिया गया। हालांकि युवक-युवतियों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

शहर के आसपास क्षेत्र में कई ओयो होटल खुल गए हैं। इन होटलों पर अक्सर प्रेमी युगल के पहुंचने से आसपास का माहौल खराब होने पर लोग आपत्ति करते हैं और समय-समय पर प्रशासन व पुलिस से शिकायत करते रहते हैं। न्यू बाईपास पर एक ढाबे के पास भी ओयो होटल है। जिसकी शिकायत कई दिन से एसडीएम नीतू रानी को मिल रही थी। मंगलवार की अपराह्न तीन बजे एसडीएम ने बनियाठेर प्रभारी मोहित कुमार काजला व पुलिस बल के साथ न्यू बाईपास स्थित ओयो होटल पर छापा मारा।

जहां कुछ युवक-युवतियां मिलीं। इसके बाद एसडीएम के निर्देश पर होटल को सील कर दिया गया। जबकि युवक-युवतियों को हिदायद देकर छोड़ दिया गया। प्रशासन की छापेमारी से अन्य ओयो होटलों में हड़कंप मचा रहा।

# दुष्कर्म पीड़ित किशोरी ने आरोपी पकड़कर सीओ को सौंपा, रिपोर्ट

संवाददाता, स्वार (रामपुर)

**अमृत विचार :** युवक बहला फुसलाकर किशोरी को ऊधमसिंह नगर ले गया। इसके बाद कमरे में ले जाकर डरा धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया और किशोरी को छोड़कर वह फरार हो गया। इसके बाद किशोरी कोतवाली पहुंच गई। आरोपी भी उसके पीछे आ गया। कोतवाली के गेट पर खड़े आरोपी को पकड़कर किशोरी ने क्षेत्राधिकारी के हवाले कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए वन स्टॉप सेंटर भेजा है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

नगर निवासी युवक का एक मोहल्ला निवासी किशोरी के घर आना-जाना था। इसके चलते युवक का उसके परिजनों से भी मिलना-जुलना हो गया। तीन दिन पूर्व किशोरी के परिजन बाहर गए थे। इस दौरान युवक उसके घर पहुंच गया और बहला-फुसला कर किशोरी को उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर ले गया। वहां एक कमरे में डरा धमकाकर उसके किशोरी से दुष्कर्म किया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

सोमवार को युवक किशोरी को छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद किशोरी कोतवाली पहुंच गई। उसके पीछे युवक भी कोतवाली पहुंच गया। किशोरी ने उसे पकड़ लिया और क्षेत्र में फ्लैग मार्च करने जा रहे सीओ अतुल कुमार पांडेय को सौंप दिया। सीओ ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस पर दोनों पक्षों के लोगों में समझौते के प्रयास शुरू हो गए। लेकिन किशोरी आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने पर अड़ गई। किशोरी ने मोहल्ला चक स्वार निवासी आरोपी सरताज के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी का चिकित्सकीय परीक्षण कराया और आरोपी को कोर्ट में पेश किया है। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।



पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA TM©
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• Ngo Registration
• Society Registration
• Trust Registration
• Section 8 Company Registration
• Project Report
• Audit Report
• Annual Report
• 12A Registration
• 80G Registration
• Website for Ngo
• Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
• E-Anudan, FCRA & MHRD
• One Person Company Registration
• LLP Company Registration
• Private Limited Company Registration
• MSME Registration & CSR
• Service Tax & DSC
• 35AC Registration
• Pan Card for Ngo
• PAN Registration
• Trade Mark Registration
• Copy Right Registration
• Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500277920 7500223290
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

आज का मौसम
उमस भरी गर्मी रहेगी।
34.0° अधिकतम तापमान
28.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:27
सूर्यास्त 07:15

## एक नजर

### 19 की रात स्थगित रहेंगी पीआरएस सेवाएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रेलवे में दिल्ली पीआरएस सेवाएं शुक्रवार की देर रात से तड़के तक स्थगित रहेंगी। रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि स्थिर और गतिशील डेटाबेस संपीड़न कार्य के लिए दिल्ली पीआरएस की सभी सेवाएं, अर्थात आरक्षण, निरस्तीकरण, चार्टिंग, पूछताछ सेवा, इंटरनेट बुकिंग तथा ईडीआर सेवाएं आगामी 19 जुलाई की देर रात 11:45 बजे से 20 जुलाई तड़के 4:15 बजे तक लगभग चार घंटे 30 मिनट के लिए अस्थायी रूप से स्थगित रहेगी। पीआरएस सेवाएं स्थगित रहने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

# मंडल में ब्लैक स्पॉट्स के सुधार कार्य में लाएं तेजी

## कांवड़ यात्रा के दौरान बेहतर रहे यातायात व्यवस्था, निर्धारित रूट प्लान सख्ती से करें लागू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने मंडल के चिह्नित ब्लैक स्पॉट्स को सुधारने के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान सड़क सुरक्षा के इंतजाम दुरुस्त करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मंगलवार को अपने कार्यालय सभागार में मंडलायुक्त मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ले रहे थे।

पुलिस उप महानिरीक्षक मुनिराज जी, जिलाधिकारी अनुज सिंह की उपस्थिति में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति से संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त ने मंडल में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर कराए गए सुधारात्मक कार्य, सोलेशियम स्कीम के तहत दिए जाने वाली राहत धनराशि की स्थिति, सार्वजनिक सेवा यान से घटित दुर्घटनाओं में परिवहन विभाग द्वारा दी जाने वाली सहायता धनराशि के लंबित मामले की समीक्षा की। इसके अलावा सड़क सुरक्षा के मामलों में किए गए प्रवर्तन कार्य की जनपद वार जानकारी ली। ट्रैफिक जाम के कारण एवं निवारण के उपाय, ई-रिक्शा जोनिंग रेगुलेशन तथा कांवड़ यात्रा की तैयारी को लेकर समीक्षा की।


मंडलायुक्त सभागार में आरटीए की बैठक लेते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, साथ में डीआईजी मुनिराज जी।

सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने पाया कि बिजनौर में सड़क दुर्घटना, मृतकों की संख्या और घायलों की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई है। जिस पर मंडलायुक्त ने आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा को निर्देश दिए कि वे एनएचएआई एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बिजनौर के सर्वाधिक दुर्घटना प्रभावित मार्ग का निरीक्षण करके प्रभावी कदम उठाएं। सभी जनपदों में एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी के मार्गों पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधार के काम में तेजी लाने के लिए कहा। बताया गया कि मुरादाबाद में 17, संभल में 3, अमरोहा में 18, रामपुर में 13 और बिजनौर में 12 ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित हैं।

मंडलायुक्त ने कहा कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वाले, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले, नशे की हालत में वाहन चलाने वाले और गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए उन्होंने पुलिस विभाग के यातायात के प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा प्रत्येक जिले में निर्धारित रूट प्लान को प्रभावी तरीके से लागू कराया जाए।

### सतर्कता
- मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक
- मुरादाबाद में 17 और अमरोहा में चिह्नित हैं 18 ब्लैक स्पॉट

# इनकम टैक्स की साइट की स्पीड कम समय बढ़ाने को वित्त मंत्री को भेजा पत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डिस्ट्रिक्ट इनकम टैक्स बार एसोसिएशन ने वित्त मंत्री को पत्र लिखकर तिथि 31 अगस्त तक बढ़ाने की मांग की

**अमृत विचार:** इनकम टैक्स रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई है। अब शेष 15 दिन ही रह गए हैं। आयकर विभाग की साइट धीमी होने से मंडल के लगभग दो लाख करदाताओं को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अब तक लगभग 20 प्रतिशत करदाता आयकर रिटर्न दाखिल कर पाए हैं। जबकि, शेष दिनों में बाकी 80 प्रतिशत करदाताओं को आयकर रिटर्न दाखिल करना है।


गौरव गुप्ता।

सरकारी कर्मचारी भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। समय से आईटीआर जमा न होने से लगभग पच्चीस सो करदाता रिटर्न दाखिल नहीं कर पाए हैं। विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय की गई है। पेशेवर आयकर की गणना करने और अपने ग्राहकों के रिटर्न दाखिल करने में व्यस्त हैं। लेकिन, पिछले एक सप्ताह से साइट काफी धीमी गति से काम कर रही है। हर किसी को पोर्टल पर लॉग इन करने और सत्यापन के लिए ओटीपी प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्येक रिटर्न को दाखिल करने और ओटीपी द्वारा सत्यापन करने में 30 मिनट से अधिक का अनुचित समय लग रहा है। डिस्ट्रिक्ट इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्य गौरव गुप्ता का कहना है कि आगामी दिनों में धार्मिक पर्व भी हैं, अधिकांश करदाता अपने रीति-रिवाज के अनुसार धार्मिक कार्यक्रमों में व्यस्त होंगे। ऐसे में बार एसोसिएशन ने वित्त मंत्री को पत्र लिखकर आयकर रिटर्न दाखिल करने की तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 31 अगस्त किए जाने की मांग की गई है।

# जिले में स्मार्ट मीटर लगाकर बिजली चोरों पर शिकंजा कसेगा विभाग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बिजली विभाग ने अब बिजली चोरी रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। विभाग ने स्मार्ट मीटर लगने की पहल मंडल के तीनों जिले से शुरू कर दी है। इसके लिए 16 लाख मीटर लगाए जाने हैं। स्मार्ट मीटर में लगे हेड एंड सिस्टम (एचईएस) से बिजली चोरी करने पर सिग्नल कंट्रोल रूम मेरठ में बजेगा। चोरी में पकड़े जाने बाद बंद की गई बिजली आपूर्ति मोबाइल में डाउनलोड किए गए एप से दो बार बिजली कनेक्शन चालू हो सकेगा। इसके बाद विभाग द्वारा बिजली चोरी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया कि मंडल के मुरादाबाद, संभल व रामपुर में 16 लाख मीटर लगाए जाएंगे। इस कार्य के लिए विभाग की ओर से गुड़गांव की इंटेली कंपनी को टेंडर दिया गया है। कंपनी के कर्मचारियों ने कार्य शुरू कर दिया है। इसके लिए पहले फीडर से लेकर विद्युत केंद्र उप केंद्र के अलावा ट्रांसफार्मर पर स्मार्ट लगाए जाएंगे। मीटर लगाने की प्रक्रिया के वक्त उपभोक्ता की सारी डिटेल मीटर में लगे सिम में आ जाएगी। उसी वक्त उपभोक्ता को अपनी डिटेल में दिए मोबाइल नंबर से विभाग का एप डाउनलोड करना पड़ेगा। इस एप के माध्यम से कनेक्शन की सारी औपचारिकता पूरी की जाएंगी। कंपनी की ओर से कार्य का सुपरविजन कर रहे शिवेंद्र सिंह ने बताया कि कोई उपभोक्ता यदि मीटर के पहले बाईपास कर केबल में कट लगाकर चोरी करेगा तो ट्रांसफार्मर से लगे स्मार्ट मीटर से मैसेज मेरठ में बने कंट्रोल रूम में सिग्नल बजेगा और सिम में मौजूद उपभोक्ता की डिटेल से बिजली आपूर्ति तुरंत बंद हो जाएगी। यदि कोई डायरेक्ट कटिया डालकर बिजली चोरी करेगा तो विद्युत केंद्र से होकर सीधा मैसेज कंट्रोल रूम पहुंचेगा। उस पर बिजली चोरी के मामले में कार्रवाई की जाएगी।


भूड़ा के चौराहे पर मकान के बाहर लगे विद्युत मीटर।

### पीतल कारोबारी हत्याकांड

# अनिल की हत्या में करीबियों पर शक, पत्नी से की दो घंटे पूछताछ

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात हुई पीतल कारोबारी की हत्या के मामले में पुलिस जिस स्तर से जांच कर रही है, उससे वारदात में कुछ बेहद करीबी लोगों के शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। साक्ष्यों और मौका ए वारदात पर की गई तहकीकात से तस्वीर काफी हद तक साफ हो चुकी है। वहीं मंगलवार को अनिल की पत्नी से जांच टीम ने लगभग दो घंटे तक पूछताछ की है।

बता दें, रविवार देर रात थाना क्षेत्र के गाड़ीखाना निवासी पीतल कारोबारी अनिल चौधरी की उधार के पैसे देने के बहाने घर में घुसकर आमोद व मोहित ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। घटना में हमलावर आमोद गुप्ता की भी मौत हुई थी, जबकि एक आरोपी मोहित फरार है। मोहित और कारोबारी की पत्नी का मुंह बोला भाई तांत्रिक कन्हैया मृतक आरोपी आमोद के यहां पर किराये पर रहते थे। घटना के बाद से दोनों फरार हैं। पुलिस की टीम घटना में शामिल मुख्य साजिशकर्ता की तलाश में जुटी है। फिलहाल पुलिस महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जांच कर रही है। अनिल के फर्म पार्टनरों से भी पूछताछ की जा रही है। सूत्रों ने बताया है कि मंगलवार को पत्नी तन्नू चौधरी से जांच टीम ने लगभग दो घंटे तक पूछताछ की है। पूछताछ में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इसी कारण अनिल के करीबियों पर पुलिस का शक और गहरा गया है। पुलिस टीम बहजोई निवासी मोहित और तांत्रिक कन्हैया की तलाश में जुटी है।

# हाईवे पर नौ ब्लैक स्पॉट सुधार को 169 लाख आवंटित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** विभिन्न हाईवे पर नौ जगह ब्लैक स्पॉट सुधार के लिए प्रदेश शासन ने 1 करोड़ 68 लाख 96 हजार रुपये आवंटित कर दिए हैं। यही नहीं, इस आवंटित धनराशि में कुल 78.47 लाख रुपये संबंधित विभाग को उपलब्ध भी करा दिए हैं। इससे मुरादाबाद के डबल फाटक के पास का ब्लैक स्पॉट सुधार जाएगा।

दूसरा, बिजनौर जिले में नूरपुर-छजलैट मार्ग पर दो ब्लैक स्पॉट और बदायूं-बिजनौर मार्ग पर, धामपुर-नूरपुर मार्ग पर एक व पानीपत-खटीमा मार्ग पर ब्लैक स्पॉट सुधारा जाएगा। ऐसे ही संभल में फर्रुखाबाद मार्ग पर स्थित तीन ब्लैक स्पॉट सुधरेंगे। एनएचएआई के परियोजना प्रबंधक अरविंद कुमार ने बताया कि मुरादाबाद में पुराने एनएच-24 दिल्ली-बरेली-लखनऊ मार्ग पर स्थित ब्लैक स्पॉट डबल फाटक के सुधार के लिए 5.20 लाख रुपये दिए गए हैं। इस मामले में पीडब्ल्यूडी मुख्य अभियंता (मुख्यालय-1) ने शासन में प्रस्ताव भेजने के बाद भी चार पत्र लिखे। इसके बाद संज्ञान लेते हुए चालू वर्ष में दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिह्नित ब्लैक स्पॉट का सुधार एवं सुंदरीकरण और विभिन्न सुरक्षा संबंधी कार्य योजना के लिए धन आवंटन करते हुए आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

### राहत
- मुरादाबाद में डबल फाटक के पास का सुधारा जाएगा ब्लैक स्पॉट
- आवंटित धनराशि में से 78.47 लाख संबंधित विभाग को मिले

### क्या है ब्लैक स्पॉट

पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के अधिकारी बताते हैं कि सड़क पर जिस जगह बार-बार हादसे होते हैं, उन्हें ब्लैक स्पॉट कहा जाता है। सरकार की ओर से किसी सड़क, हाइवे, एक्सप्रेस वे पर अगर एक ही जगह तीन साल में पांच सड़क हादसे हो जाएं। इसके अलावा किसी जगह पर तीन साल में दस मौत हो जाएं तो उसे ब्लैक स्पॉट घोषित कर दिया जाता है। हादसे के आस-पास का 500 मीटर का एरिया ब्लैक स्पॉट माना जाता है।

### इन मार्गों पर हैं ब्लैक स्पॉट और सुधार के लिए शासन द्वारा आवंटित की गई धनराशि

**मुरादाबाद:** वर्ष 2021 में चिह्नित पुराना एनएच-24 दिल्ली-बरेली-लखनऊ मार्ग पर ब्लैक स्पॉट डबल फाटक, आवंटित रुपये 5.20 लाख।

**बिजनौर:** वर्ष 2022 में चिह्नित नूरपुर-छजलैट मार्ग पर स्थित ब्लैक स्पॉट गोलबाग चौराहा, आवंटित रुपये 7.63 लाख।

**बिजनौर:** वर्ष 2022 में चिह्नित बिजनौर-नूरपुर-छजलैट मार्ग पर स्थित ब्लैक स्पॉट नूरपुर मार्ग (कृष्णा कॉलेज), आवंटित रुपये 15.99 लाख।

**बिजनौर:** वर्ष 2021 में चिह्नित बदायूं-बिजनौर मार्ग पर स्थित ब्लैक स्पॉट बयनपुरा चौक का सुधार कार्य, आवंटित रुपये 3.76 लाख।

**बिजनौर:** वर्ष 2022 में चिह्नित पानीपत-खटीमा मार्ग पर स्थित ब्लैक स्पॉट प्रयास चौराहे का सुधार कार्य, आवंटित रुपये 4.98 लाख।

**बिजनौर:** वर्ष 2022 में चिह्नित धामपुर-नूरपुर मार्ग पर स्थित ब्लैक स्पॉट धामपुर (नीन्दडू) का सुधार कार्य, आवंटित रुपये 9.26 लाख।

**संभल:** एनएच-43 मुरादाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग पर पत्थरा मोड़ पर कार्य के लिए आवंटित रुपये 41.34 लाख।

**संभल:** एनएच-43 मुरादाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग पर बदायूं चुंगी पर कार्य के लिए आवंटित रुपये 28.39 लाख।

**संभल:** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग एनएच-43 पर ब्लैक स्पॉट धन्नूमल पेट्रोल पंप तिराहा के कार्य के लिए आवंटित रुपये 52.41 लाख रुपये।

### जानिए, कब बनता है ब्लैक स्पॉट

रोड सेफ्टी से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि जिस जगह पर सीधी सड़क में एक शॉर्प गिरावट आए। ऐसी जगह पर जहां दूसरी ओर से आने वाला ट्रैफिक नजर ना आए, शॉर्प रोड पर छिपा हुआ जंक्शन हो। ऐसी जगहों पर हादसा होने का खतरा होता है।


अगवानपुर बाईपास पर धरना देते भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता।

# संपर्क मार्गों को दुरुस्त कराएं अधिकारी

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने समस्याओं को लेकर अगवानपुर बाईपास पर धरना दिया। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम सदर एवं कांठ को अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। उसके बाद धरना समाप्त हुआ।

मंगलवार को अगवानपुर बाईपास पर थाना क्षेत्र के गांव मौड़ा तैईया के सामने भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया गया। मांगों को लेकर कार्यकर्ताओं ने एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह बीरबाल एवं एसडीएम कांठ को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर सीओ हाईवे कुलदीप गुप्ता एवं थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह भी मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में डॉ. नौसिंह ढिल्लों, प्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### दुविधा | एक दो दिन बाद विमानन कंपनी लेगी अंतिम निर्णय, देहरादून के लिए प्रस्तावित थी उड़ान

# आज भी नहीं उड़ेगा देहरादून के लिए विमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों 10 मार्च को वर्चुअल रूप से मुरादाबाद के मूंढापांडे स्थित भदासना हवाई अड्डे से उड़ान भरने के लिए लोगों को अभी इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि एक बार फिर विमानन सेवा कंपनी ने तारीख पर संशय कर दिया है। 17 जुलाई को उड़ान के लिए हामी भरने के बाद मंगलवार की शाम कंपनी के अधिकारियों ने तय किया कि कुछ तकनीकी औपचारिकता पूरी होने के बाद कुछ दिन बाद विमान सेवा शुरू की जाएगी। हालांकि अभी भी तारीख फाइनल नहीं की गई है।



10 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों वर्चुअल लोकार्पण के बाद मुरादाबाद के भदासना स्थित हवाई अड्डे से विमान सेवा की उम्मीद अभी अधर में है। विमानन कंपनी फ्लाई बिग और हवाई अड्डा प्राधिकरण ने पहले इसके लिए 17 जुलाई को मुरादाबाद से देहरादून तक एक विमान सेवा शुरू करने की तैयारी की लेकिन, ऐन वक्त पर इसे फिर टाल दिया गया। अब दो चार दिन और इंतजार करने की बात की जा रही है। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र ने पहले ही उड़ान पर किसी भी प्रकार के अधिकृत जानकारी से इन्कार कर दिया था। अब ऐन वक्त पर मंगलवार की शाम विमानन सेवा प्रदाता कंपनी फ्लाई बिग की महाप्रबंधक शिवानी जैन ने बताया कि कुछ तकनीकी कारणों से 17 जुलाई से देहरादून के लिए 19 सीटर फ्लाइट उड़ान नहीं भरेगी। जल्द ही इस बारे में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। जिसकी जानकारी दी जाएगी।

यात्रियों के लिए सीट बुकिंग के सवाल पर कहा कि अभी इसे खोला नहीं गया है। जैसे ही उड़ान निश्चित हो जाएगी फिर उसके अनुरूप अन्य सभी प्रक्रिया पूरी होगी। इसकी जानकारी मीडिया सहित जन सामान्य को भी दी जाएगी। फ्लाई बिग कंपनी की महाप्रबंधक ने बताया कि प्रोमोशनल ऑफर में 999 रुपये से मुरादाबाद से देहरादून का किराया शुरू होगा। फिर सामान्य किराए की तय दर के अनुसार यात्रियों को हवाई सेवा की सुविधा मिलेगी।

### पहले चरण में होनी है 19 सीटर विमान की उड़ान

इस हवाई अड्डे से पहले चरण में देहरादून के लिए 19 सीटर विमान की उड़ान होगी। हालांकि पहले यह लखनऊ के लिए होनी थी। लेकिन, अब विमानन कंपनी के प्रतिनिधियों की मानें तो लखनऊ के लिए उड़ान दूसरे चरण में होगी।

# हाईवे किनारे मिला अधेड़ का शव

पाकबड़ा, संवाददाता

**अमृत विचार:** सोमवार देर रात हाईवे के किनारे एक अधेड़ का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया।

थाना क्षेत्र स्थित टीएमयू के पास सर्विस रोड पर सोमवार की रात को एक अधेड़ का शव पड़ा होने की सूचना मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई। मृतक की पहचान लालता (52) पुत्र विद्याराम निवासी जिला संभल थाना बहजोई के मोहल्ला नई बस्ती के रूप में हुई। जिसकी सूचना पुलिस ने परिजनों को दी। अधेड़ की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि वह किस काम से यहां आया था, हमें इसकी जानकारी नहीं है। वहीं थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी तरह के कोई निशान नहीं थे।

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।
भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

## शहर में आज



☞ वरिष्ठ अधिवक्ता विनय कौशिक की स्मृति में दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी परिसर में श्रद्धांजलि सभा 11 :00 बजे।

☞ मोहर्रम पर सूफी टोला कंबल के ताजिया से जुलूस 5 :00 बजे।

☞ कानून गोयान स्थित श्री भद्रकाली माता मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति स्थापना दोपहर 12 :00 बजे।

## एक नजर

### दूसरे दिन भी शिक्षकों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ शिक्षकों का विरोध मंगलवार को भी जारी रहा। जिसके तहत सोमवार को कुंदरकी व बिलारी के बाद मंगलवार को मुरादाबाद ब्लॉक समेत चार ब्लॉकों के शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ सामूहिक इस्तीफा दे दिया। शासन की ओर से ऑनलाइन हाजिरी के आदेश के बाद शिक्षकों में रोष व्याप्त है। इसी कड़ी में मंगलवार को भी शिक्षकों ने आनलाइन हाजिरी का विरोध किया और संकुल शिक्षकों ने इस्तीफा दे दिया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष व मूंढापांडे ब्लाक अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को मुरादाबाद ब्लाक में 30, मूंढापांडे में 35, डिलारी 39, भगतपुर में 30 और छजलैट ब्लाक में 37 शिक्षकों ने उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में आनलाइन हाजिरी के विरोध में संकुल शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारियों को सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया है।

### देवशयनी एकादशी आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इस साल देवशयनी एकादशी का व्रत 17 जुलाई बुधवार को रखा जाएगा। आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवशयनी एकादशी होती है। उस दिन व्रत रखते हैं और भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित केदार मुरारी ने बताया कि इस बार देवशयनी एकादशी पर 5 शुभ संयोग बन रहे हैं। देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु 4 माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं। सामान्य बोलचाल की भाषा में आपने लोगों से सुना होगा कि भगवान विष्णु शयन करने चले गए या देवता सो गए हैं। उस दिन से ही चातुर्मास का प्रारंभ होता है। देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक का समय चातुर्मास में आता है। तब तक कोई भी शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं।

# पूर्व दशम छात्रवृत्ति को 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन करें छात्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शैक्षिक सत्र 2024-25 में पूर्वदशम् छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) योजना के अंतर्गत शासन द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं की राज्य पोषित छात्रवृत्ति हेतु समय सारिणी निर्धारित की गई है। इसके लिए 10 जुलाई से 31 अक्टूबर 2024 तक छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि 8 नवम्बर तक छात्र/छात्राएं फाइनल ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी समस्त आवश्यक अभिलेख सहित विद्यालय में जमा करें। 11 जुलाई से 18 नवम्बर तक शिक्षण संस्थान द्वारा आनलाइन सत्यापित कर अग्रसारित किया जाएगा।

इसी प्रकार शैक्षिक सत्र 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शासन द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं की राज्य पोषित छात्रवृत्ति के लिए निर्धारित समय सारणी के अनुसार प्रथम चरण में दिनांक 12 जुलाई से 16 नवम्बर तक छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जाना है। 20 नवम्बर तक छात्र/छात्राओं द्वारा फाइनल ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी समस्त वांछित सलंग्नकों सहित विद्यालय में जमा करना होगा।

25 नवम्बर तक शिक्षण संस्थान द्वारा ऑनलाइन माध्यम से सत्यापित कर अग्रसारित किया जाएगा। उन्होंने बताया है कि द्वितीय चरण में दिनांक 17 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन किया जाएगा। 7 जनवरी 2025 तक छात्र/छात्राओं द्वारा फाइनल आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी समस्त वांछित सलंग्नकों सहित विद्यालय में जमा किया जाएगा।

# आईटीआई में प्रवेश के लिए 4 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिलारी में विभिन्न व्यवसायों में अगस्त से प्रारम्भ प्रशिक्षण सत्र के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को बेवसाइट http://www.scvtup.in पर दिनांक 4 अगस्त को रात्रि 12: 00 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है।

सर्वप्रथम अभ्यर्थी को अपना मोबाईल नम्बर पंजीकृत करके ओटीपी के माध्यम से सत्यापित करना होगा। फार्म भरने के बाद ऑनलाइन फीस जो सामान्य/ओबीसी के लिए रुपये 250, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए रुपये 150 भुगतान करना होगा। फीस स्वीकृत होने के बाद आवेदन फार्म का एक प्रिंट आउट अपने पास अभ्यर्थी को समय पर मांगे जाने के लिए सुरक्षित रखना होगा।

## अभी चार-पांच दिन उमड़ेंगे घुमड़ेंगे बादल, कहीं-कहीं छिटपुट पड़ेगी फुहार

# कमजोर पड़ा मानसून, बारिश न होने से उमस बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मानसून ब्रेक होने से एक बार फिर उमस और गर्मी बढ़ गई है। अधिकतम तापमान भी बढ़कर 34 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। 24 घंटे उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। मौसम वैज्ञानिक का अनुमान है कि अभी चार पांच दिन मूसलाधार बारिश के आसार नहीं है।

छह दिन से बारिश थमने से नदियों के जलस्तर में कमी आने से तटीय इलाकों के लोगों को राहत मिली है। खेतों में भी पानी कम हुआ है। लेकिन, बारिश न होने और धूप निकलने से तापमान बढ़ रहा है। अधिकतम तापमान बढ़कर 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस पहुंचा है। 24 घंटे उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। पंखे कूलर की हवा भी बेमतलब साबित हो रही है। हालांकि बादल लगकर भी छंट जा रहे हैं।

कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह का कहना है कि मानसून कमजोर पड़ गया है। मानसून ब्रेक होने से बारिश थम गई है। पहाड़ी इलाकों में कहीं-कहीं बारिश हो रही है। लेकिन, मैदानी क्षेत्रों में बारिश न के बराबर है। मुरादाबाद और आसपास के क्षेत्रों में अभी चार पांच बादल और धूप का क्रम चलेगा। कहीं छिटपुट फुहारें पड़ सकती हैं। 20-21 जुलाई या इसके बाद फिर तेज बारिश का अनुमान है।



धूप से बचने के लिए छाता लगा कर जाती युवतियां।



गर्मी से बच्चे को बचाने के लिए छाते से ढक कर ले जाता पिता।

**छह दिनों का अधिकतम तापमान**

| | |
|---|---|
| 16 जुलाई | 34 डिग्री सेल्सियस |
| 15 जुलाई | 33 डिग्री सेल्सियस |
| 14 जुलाई | 34 डिग्री सेल्सियस |
| 13 जुलाई | 33 डिग्री सेल्सियस |
| 12 जुलाई | 33 डिग्री सेल्सियस |
| 11 जुलाई | 34 डिग्री सेल्सियस |

# प्रशासन व नगर निगम की टीम ने की सीलिंग की कार्रवाई

## टाइटस स्कूल में कार्रवाई के दौरान एसडीएम सदर के साथ भारी संख्या में मौजूद रहा पुलिस बल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस स्थित टाइटस स्कूल की लीज निरस्त होने के बाद नगर निगम व तहसील प्रशासन की टीम ने रविवार को वहां कब्जा करने की कार्रवाई की। स्कूल को बंद कर वहां पर नगर निगम का बोर्ड लगाया था। साथ ही परिसर में रहने वाले ईसाई समाज व अन्य लोगों को नोटिस के अनुसार दो महीने में परिसर खाली करने के लिए कहा था। मंगलवार को एक बार फिर उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह वीरवाल व नगर निगम की टीम यहां पहुंची। टीम ने ढाई घंटे तक सीलिंग की कार्रवाई कर स्कूल भवन के कमरों को अपने स्वामित्व में लेने के साथ ही परिसर को अपने अधिकार में ले लिया।

सिविल लाइंस में स्थित टाइटस स्कूल को 1940 में लीज पर दिया गया था। करोड़ों रुपये की इस बेशकीमती जमीन पर टाइटस स्कूल संचालित हो रहा था। साथ ही परिसर में कॉलोनी में कई परिवार बस गए थे। लीज की अवधि समाप्त होने पर नवागत नगर आयुक्त ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर निगम के स्वामित्व की इस जगह का लीज निरस्त करने का अनुरोध किया। जिस पर जिलाधिकारी ने लीज को निरस्त कर दिया था। रविवार को अचानक जिला प्रशासन व नगर निगम की टीम जिसमें अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे, जाकर टाइटस स्कूल को अपने स्वामित्व में लेकर वहां पर यह नगर निगम की संपत्ति है का बोर्ड लगा दिया। स्कूल पर ताला लगा दिया। लेकिन, अन्य जगह कब्जा नहीं हो पाया था। मंगलवार को सदर तहसील के उप जिलाधिकारी जितेंद्र सिंह वीरवाल, नायब तहसीलदार व राजस्व निरीक्षक आदि के अलावा नगर निगम के उप नगर आयुक्त रामपाल, प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही व पुलिस क्षेत्राधिकारी व पुलिस बल मौके पर पहुंचे। टीम ने कमरों को सील कर दिया। परिसर में अन्य जगहों को अपने स्वामित्व में ले लिया।

उप जिलाधिकारी जितेंद्र सिंह वीरवाल ने बताया कि लीज निरस्त होने के चलते प्रशासन व नगर निगम ने संपत्ति को अपने अधिकार में ले लिया है। दो महीने का समय लोगों को वहां से हटने के लिए दिया गया है। यदि ऐसा नहीं होता है तो फिर आगे की कार्रवाई उच्चाधिकारियों के निर्देश के अनुसार की जाएगी।



टाइटस स्कूल को सील करने पहुंची नगर निगम व प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार

● **भवन व कक्षाओं पर लिया अपना स्वामित्व, निगम का बोर्ड लगाया**



टाइटस कंपाउंड में ईसाई समाज के लोगों से वार्ता करतीं सांसद रुचि वीरा। ● अमृत विचार

### स्कूल प्रबंधन से मिले कांग्रेसी, ली जानकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** टाइट्स स्कूल की सम्पत्ति को निगम प्रशासन द्वारा अपनी बताकर अपने अधिकार क्षेत्र में लेने के मामले में कांग्रेसी भी पहुंच गए। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने पीड़ित परिवारों व स्कूल प्रबंधन से मुलाकात कर जानकारी ली। नगर निगम की ओर से की गई कार्रवाई के बारे में पूछताछ की। स्कूल प्रबंधन व क्वार्टर में रहने वाले ईसाई परिवारों की बात न सुनी जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि इस बारे में जिला प्रशासन से बातचीत की जाएगी। इस दौरान अफजल साबरी, निर्मल अरोरा, अनुराग शर्मा व सरदार जगजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### सपा सांसद रुचि वीरा भी पहुंची

तहसील व नगर निगम की टीम की कार्रवाई की जानकारी मिलने पर सपा सांसद रुचि वीरा भी अपनी पार्टी के नेताओं व समर्थकों के साथ टाइटस स्कूल परिसर के कॉलोनी में रहने वाले ईसाई समाज के लोगों से मिलने पहुंच गईं। स्थानीय नागरिकों ने उनसे अपनी पीड़ा बताई। सांसद ने कहा कि इस मामले में जिला व नगर निगम के अधिकारियों से बात कर समाधान निकालने का प्रयास होगा। पार्टी स्तर पर भी इसके लिए पूरा प्रयास करेंगे। किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। बिना दूसरी जगह व्यवस्थित किए किसी को अचानक उजाड़ना गलत है। लोगों ने नगर निगम व जिला प्रशासन पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। जिस पर सांसद ने कहा कि वह सबके साथ हैं। किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगी। इस दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू, विपिन मैसी, शुभम राजपूत, मैथ्यूज मैसी आदि मौजूद रहे।

# नफरत से नहीं भाईचारे से चलेगी देश की राजनीति

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष व पीसीसी मेंबर मोहम्मद अहमद ने सात राज्यों की 13 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव मे इंडी गठबंधन को मिली प्रचंड जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि देश में बीजेपी का जनाधार तेजी से से घट रहा है। उन्होंने कहा कि जनता देश में नफरत नहीं भाईचारा चाहती है।



मोहम्मद अहमद ने कहा कि सात राज्यों में 13 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में 10 सीट इंडी गठबंधन, दो सीट बीजेपी ने और एक सीट निर्दलीय ने जीती है। उन्होंने कहा है कि धर्म नगरी अयोध्या लोकसभा चुनाव हारने के बाद बीजेपी का हरिद्वार की मंगलौर सीट और बदरीनाथ विधानसभा सीट हारने से साबित हो गया है कि देश के जनसमूह ने अब नफरत की राजनीति करने वालों को पूरी तरह नकार दिया गया है। इसलिए बीजेपी को हर मोर्चे पर विफलता का सामना करना पड़ रहा है।

# 550 किलोग्राम पालीथिन जब्त की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को महानगर के गुरहट्टी चौराहा, आदर्श नगर क्षेत्र में दुकानों और गोदामों पर छापेमारी की। यहां प्रतिबंधित पॉलीथिन बिक्री करने वालों की दुकान से 550 किलोग्राम पॉलीथिन जब्त की गई। टीम इसे निगम के वाहन में भरकर ले गई।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने गोदामों में भंडारित किए प्रतिबंधित पॉलीथिन का जखीरा पकड़ा। जिसमें 550 किलोग्राम पॉलीथिन निकला। टीम ने इसे जब्त कर ऐसा करने वालों को कड़ी चेतावनी दी। चालान करते हुए 15,000 रुपये का जुर्माना भी वसूला। इस दौरान कर अधीक्षक प्रदीप कुमार, राजस्व निरीक्षक दीपक सिंह, उमेश तोमर, सचिन सक्सेना के अ लावा अन्य कर्मचारी और प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे।

इसी क्रम में जोन संख्या एक मानसरोवर पानी की टंकी और जोन 2 शिव मंडप चंद्रनगर में जोनल कार्यालय पर जीआईएस सर्वे की आपत्तियों की सुनवाई के लिए शिविर लगाया गया। इसमें 88 आपत्तियों में से 63 को मौके पर निस्तारित किया गया। 5,25, 321 रुपये का टैक्स वसूला गया। शिविर में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, राजस्व निरीक्षक मोहित चौहान, पुष्पेंद्र कुमार मौर्य व जोनल कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।



नगर निगम की टीम द्वारा जब्त की गई प्रतिबंधित पॉलीथिन। ● अमृत विचार

# संरक्षण का करो प्रयास जल है जीवन की आस

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** भूजल संरक्षण अभियान के तहत जागरूकता वाहन को जिलाधिकारी अनुज सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विभाग के अधिकारी ने बताया कि जागरूकता वाहन 16 से 22 जुलाई तक जिले के शहरी क्षेत्रों, समस्त विकास खण्डों, तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल संरक्षण के लिए जन सामान्य को जागरूक करेगा। भूगर्भ जल विभाग के अधिशासी अभियंता गणेश सिंह ने वर्षा जल संचयन के बारे में जानकारी दी। इसके बाद जल शक्ति एवं रामगंगा चौपाल आशियाना कालोनी-1 में भूगर्भ जल विभाग खण्ड मुरादाबाद की टीम और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इण्डिया द्वारा भूजल संरक्षण पर गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें भूजल प्रबन्धन में आने वाली समस्याओं एवं सुझावों पर चर्चा हुई।

# बिजली के लटकते तारों को कसें, कहीं ढीले न रहें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** 22 जुलाई से शुरू हो रहे कांवड़ मास में कांवड़ यात्रा को देखते हुए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के साथ मुरादाबाद-कांठ मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने कांठ रोड पर दोनों तरफ सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिया।

जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा कि सुनिश्चित करें कि कहीं भी ढीले तार नहीं होने चाहिए। जहां भी तार लटक रहे हों उन्हें कस कर ऊपर किया जाए। जिससे हादसे की आशंका न रहे। वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मार्ग के दोनों ओर पेड़ों की छटाई करा दें जिससे यातायात व्यवस्था और कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

नगर निगम के अधिकारियों से सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, एसीएम द्वितीय संतदास पवार के अलावा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



कांठ रोड का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल व अन्य। ● अमृत विचार

● **मार्ग के दोनों ओर पेड़ों की छटाई कराएं, जिससे कांवड़ यात्रा में न हो कोई असुविधा**

**लापरवाही** — हाल ही में नसबंदी फेल होने के सीएमओ कार्यालय में आ चुके हैं छह मामले

# जनसंख्या स्थिरीकरण : छह महिलाओं की नसबंदी फेल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** इन दिनों जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा मनाया जा रहा है लेकिन, हीलाहवाली के चलते जिले में जनसंख्या नियंत्रण वाले कोई उपाय कारगर साबित नहीं हो पा रहे हैं।

हुसैनपुर छिरावली की रीना देवी पत्नी सत्यवान की नसबंदी सीएचसी कुंदरकी में छह सितंबर 2022 को हुई थी। इनकी नसबंदी डॉ. रविंद्र कुमार सिंह ने की थी। नसबंदी के तीन महीने के अंतराल में रीना गर्भवती हो गई। 3 नवंबर को जांच में यह बात पुष्ट भी हो गई। यही हाल बबिता पत्नी मुकेश का रहा है। बबीता मझोला क्षेत्र में सिरकोई भूड़ की रहने वाली है। इनकी नसबंदी जिला महिला अस्पताल में 24 नवंबर 2023 को हुई थी। नसबंदी करने वाले डॉ. रविंद्र कुमार ही थे। नसबंदी के बाद दो महीने में ही बबीता गर्भवती हो गई। 2 फरवरी 2024 को जांच कराई तो पता चला कि वह गर्भवती है। नसबंदी फेल होने वाले ये दो मामले तो बानगी भर हैं। इसी तरह अन्य काफी महिलाओं की नसबंदी फेल हो जाना बताया जा रहा है। लेकिन, पिछले साल से अब तक कुल कितनी महिलाओं-पुरुष की नसबंदी फेल हुई है।

इस संबंध में जिला परिवार नियोजन प्रबंधक दीपक कुमार का कहना है कि उनके पास डाटा नहीं है। इस बारे में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुवीर सिंह कुछ बता सकते हैं। जबकि, रघुवीर सिंह ने कहा कि नसबंदी फेल केसों की संख्या दीपक कुमार ही बताएंगे, वह 60,000 रुपये की तनख्वाह किसलिए लेते हैं। वहीं, अमृत विचार के पास खबर है कि पिछले कुछ दिनों में नसबंदी फेल होने के छह मामलों में लाभार्थी को निश्चित धनराशि देने के लिए पत्रावलियां शासन में भेजी गई हैं।

**समिति तय करती है पात्रता :** नसबंदी फेल वाले मामले पुष्ट होने के बाद जिला स्तरीय परिवार नियोजन इंडेमिनिटी उप समिति संबंधित महिलाओं को प्रमाण पत्र देती है। यह प्रमाण पत्र प्रमाणित करता है कि पीड़िता निर्धारित क्षतिपूर्ति की धनराशि पाने की पात्र है। सर्वसम्मति से समिति के सदस्य महिला के गर्भधारण की दशा में भुगतान के लिए आवश्यक धनराशि देने की संस्तुति करते हैं। इस समिति के अध्यक्ष डीएम हैं।

| वर्ष | लक्ष्य | नसबंदी हुई |
|---|---|---|
| 2023-24 | 70 (पुरुष) | 38 |
| | 4200 (महिला) | 3811 |
| अप्रैल-जून 2024 | 74 (पुरुष) | 09 |
| | 4410 (महिला) | 433 |

नोट : उक्त आंकड़े सीएमओ कार्यालय के हैं।

### नसबंदी के दौरान लाभ

महिला को मिलते हैं2,000 रुपये
पुरुष को मिलते हैं 3,000 रुपये
डॉक्टर को मिलते हैं 2,00 रुपये
नसबंदी में लक्ष्य पूरा करना मुश्किल

### नसबंदी फेल हुई तो मिलते हैं 60,000

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुवीर सिंह ने बताया, यदि महिला की नसबंदी फेल होती है तो उसे गर्भधारण के 90 दिनों के भीतर स्वास्थ्य विभाग को सूचित करना होता है। इसके बाद उन आवेदन की जनपद स्तरीय परिवार नियोजन इंडेमिनिटी उप समिति जांच करती है। यदि नसबंदी फेल साबित हुई तो संबंधित को 60 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति दी जाती है।

# एक पेड़ मां के नाम में किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बंगला गांव स्थित अंबिका प्रसाद इंटर कालेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम हुआ। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी विजयपाल सिंह के निर्देशन में पौधरोपण किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक श्याम मोहन पंडित व प्रधानाचार्य डॉ. मोनिका रस्तोगी ने पौधरोपण कर स्वयंसेवकों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। जिसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर राजीव कुमार शर्मा, डॉ. संजीव कुमार, राजपाल, राजीव भटनागर, पवन कुमार तिवारी व रवि सैनी शामिल रहे।




अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज में पौधरोपण करते शिक्षक। ● अमृत विचार

एक नजर

## बार के पूर्व अध्यक्ष विनय कौशिक के निधन पर शोक



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विनय कौशिक का मंगलवार को निधन हो गया। वह तीन बार सचिव और एक बार अध्यक्ष रहे थे। बार के अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा और जिला जज किरन बाला समेत अधिवक्ताओं ने उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। अधिवक्ता अभिषेक शर्मा ने बताया है कि विनय कौशिक की पत्नी का पहले निधन हो चुका है। उनके परिवार में अब एक बेटा और दो बेटियां हैं। उन्होंने बताया है विनय तीन बार सचिव और एक दफे बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे थे। लंबी बीमारी के चलते उनका लगभग 70 साल की उम्र में निधन हो गया। शोक जताने वालों में सुरेश चंद्र गुप्ता आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मलिन बस्ती पहुंचे बीएसए, आउट ऑफ स्कूल 60 बच्चों का चिह्नांकन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने एक अच्छी पहल करते हुए मलिन बस्तियों के बच्चों को पढ़ाने के लिए उनका चयन किया। जिसके बाद इन सभी बच्चों का प्रवेश सरकारी स्कूलों में कराया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार मंगलवार को अपनी टीम के साथ महानगर की अलग-अलग मलिन बस्तियों में पहुंचे, जहां उन्होंने गरीब बच्चों के घर जाकर उनके परिजनों से स्कूल में प्रवेश दिलाने की बात कही। इस दौरान उनके नेतृत्व में जिला समन्वयक-सामुदायिक सहभागिता अमित कुमार सिंह ने कटघर, डबल फाटक पुल के नीचे, रेलवे लाइन के किनारे, भदौरा नगर क्षेत्र मुरादाबाद, कुष्ठ आश्रम के पास वाले मलिन बस्ती क्षेत्र में आउट ऑफ स्कूल छात्र-छात्राओं का नामांकन किया। बीएसए ने बताया कि छह से 14 साल के ऐसे बच्चों को जो शिक्षा से दूर हो चुके हैं। उनको स्कूल भेजने के लिए उनके अभिभावकों को जागरूक किया गया। ऐसे 60 छात्र-छात्राओं का नामांकन निकट के परिषदीय विद्यालयों में कराया जायेगा।

बीएसए ने बताया कि भविष्य में भी सभी ग्रामीण-नगरीय परिवारों, ईंट भट्ठों, खदानों, कारखानों, होटलों, ढाबों, असेवित एवं मलिन बस्तियों, जन-जातीय व घुमंतु समुदायों, मौसमी पलायन से प्रभावित परिवारों का सर्वेक्षण, आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिह्नीकरण एवं आयु संगत कक्षा में नामांकन कराया जायेगा। जिसका अगला चरण एक से 31 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान जिला समन्वयक समेकित शिक्षा डॉ. तारा सिंह, शिक्षक संकुल चंचल सक्सेना, पंकज पुष्कर, अरशद अली शामिल रहे।



रेहाना परवीन को सम्मानित करते अतिथि।

## बदायूं की संस्था ने रेहाना परवीन को किया पुरस्कृत

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जनपद बदायूं की संस्था जन दृष्टि (व्यवस्था सुधार मिशन) के बैनर तले प्रख्यात शिक्षक संतपाल सिंह राठौर की दशम पुण्यतिथि के अवसर पर देश के 26 राज्यों के 151 शिक्षकों को प्रभाशंकर मेमोरियल स्काउट भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। जिसमें महानगर के प्राथमिक विद्यालय किसरौल की प्रधानाध्यापिका रेहाना परवीन को भी नारी शक्ति अलंकरण पुरस्कार तथा राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया।

### विश्वविद्यालय में एक माह में तीन सुसाइड की घटनाओं को बताया गंभीर

# अभाविप ने फूंका टीएमयू प्रशासन का पुतला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



इम्पीरियल तिराहे पर प्रदर्शन करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को इंपीरियल तिराहे पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) प्रशासन का पुतला फूंका।

परिषद के विभाग संयोजक अमन शर्मा ने कहा कि मुरादाबाद स्थित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में एक माह में लगातार तीन आत्महत्या की घटना सामने आई हैं। जिस कारण विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के बीच भय का माहौल उत्पन्न हुआ है। विश्वविद्यालय में एक माह में तीन सुसाइड होना गंभीर जांच का विषय है। इसके लिए विद्यार्थी परिषद ने 5 जुलाई को भी टीएमयू के गेट पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया था लेकिन अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। इसीलिए विद्यार्थी परिषद ने पुतला दहन किया है। लगता है कि इन हत्याओं के पीछे कहीं न कहीं विश्वविद्यालय प्रशासन की संलिप्तता प्रतीत होती है। इसलिए विद्यार्थी परिषद सीबीआई जांच की मांग करती है।

महानगर मंत्री रितिक चौहान ने बताया कि वर्षों से समय-समय पर विद्यार्थियों व अध्यापकों द्वारा आत्महत्या के मामले सामने आए हैं, जिसमें से किसी भी मामले में विश्वविद्यालय व स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई भी संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई है। महानगर सहमंत्री अशिमत चौधरी ने बताया कि विद्यार्थी परिषद की मांगें छात्रहित व राष्ट्रहित में न्यायोचित है। अगर इन मांगों को पूरा नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

जिसकी समस्त जिम्मेदारी विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री पुनीत अग्रवाल, विभाग छात्रा प्रमुख शिवांगी शर्मा, महानगर मंत्री रितिक चौहान, महानगर सहमंत्री अश्मित चौधरी, गौरव क्षत्रिय, मेघना प्रजापति, अभिषेक चौहान, छविनाथ अरोड़ा, सन्नी सिंह, साहिल कठेरिया, अमित कुमार, अभिजीत चौधरी, दुष्यंत कुमार, गौरव, पायल यादव, प्रियंका, तुषार दिवाकर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गमे हुसैन में छुरियों का मातम, दुलदुल को देख नम हुई आंखें

### कुली खां के इमामबाड़े में गूंजी हाय हुसैन-हाय हुसैन की सदाएं, सुरक्षा की दृष्टि से इमामबाड़ा के आसपास तैनात रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



सरसों के ताजिया की ज्यारत करते लोग। ● अमृत विचार



चांदी के ताजिया की ज्यारत करती महिलाएं।

**अमृत विचार:** मंगलवार को नवीं मोहर्रम को शिया समुदाय में पूरा दिन मजलिसों का दौर चला, जिसके बाद रात को सभी लोग कोहना मुगलपुरा स्थित कुली खां के इमाम बाड़े में जमा हुए। जहां सभी अजादारों ने गमे हुसैन में छुरियों का मातम किया। इस दौरान हाय हुसैन, या हुसैन की सदाएं बुलंद की। दुलदुल को देख सभी की आंखें नम हो गई। वहीं इमामबाड़ा के आसपास भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा।

मोहर्रम का चांद दिखते ही शिया समुदाय में मजलिसों मातमों का दौर शुरू हो जाता है। सातवीं मुहर्रम को शिया समुदाय द्वारा महानगर में अलम का जुलूस निकाला जाता है। इसके अलावा नवीं मुहर्रम पर महानगर के लाकड़ी वालान, आजाद नगर, नवाबपुरा व पीरजादा समेत अन्य इलाकों से शिया समुदाय के लोग कोहना मुगलपुरा स्थित कुली खां के इमामबाड़े में जमा होते हैं। जहां गमे हुसैन में सैकड़ों की संख्या में अजादारों ने छुर्रियों का मातम किया। रात में 10 बजे तक अजादारों ने हाय हुसैन और या हुसैन की सदाओं के साथ मातम किया। जिसके बाद दुलदुल बरामद हुआ, जिसे देखकर सभी अजादारों की आंखें नम हो गई और वह रोने लगे। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहा। इस दौरान सैय्यद कौसर अली, जावेद यावर, मोहम्मद अब्बास एडवोकेट, दिलनवाज नकवी, सुहैल अहमद रिजवी, हाजी नकी हैदर, अरबाब मेहंदी, जाकिर हुसैन, शौकत अली, शाजैब नकवी, आसिम यावर, कुमैल नकवी, आलम आब्दी, अजीम हैदर, चमन हैदर, हाजी नसीम हैदर, हाजी कायम हसनैन, मोहम्मद आलम, जिम्मी नकवी, दानिश अली, ताबिश रिजवी, शबी हैदर, आसिफ रजा, जाफर मेहंदी, उरूज मेहंदी व आरिज अब्बास समेत भारी संख्या में अजादार शामिल रहे।

**आज सबसे पहले रवाना होगा कंबल का ताजिया :** मोहर्रम की 10 तारीख को महानगर में ताजियों का जुलूस निकाला जाता है। जुलूस की शुरुआत कंबल वाले ताजिया से होती है। जिसे जिलाधिकारी और एसएसपी रवाना करते हैं। कंबल वाले ताजिया की शुरुआत 1885 में काजी सुल्तान हुसैन ने की थी। काले कंबल से बनने वाले इस ताजिया को ताजियों का सरदार कह जाता है। मान्यता के अनुसार कंबल वाला ताजिया सबसे पहले रवाना होता है। जिसके बाद महानगर के अलग-अलग इलाकों से ताजिए उठते हैं।

**इल्म का नाम हुसैन व जहालत का नाम यजीद: मुफ्ती दानिश :** मरकजी जमीअत अहले सुन्नत के तत्वावधान में लाल मस्जिद में चल रहे जिक्रे शहीदाने कर्बला की महफिल में मंगलवार को मुफ्ती मोहम्मद दानिश कादरी ने मुस्लिम बिन अकील की शहादत बयान की और मकसद-ए-कर्बला बताया।

## चांदी के ताजिए की ज्यारत कर मांगी मन्नतें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नवीं मोहर्रम की रात महानगर के अकीदतमंदों ने चांदी के ताजिया पर हाजिरी दी और उसकी ज्यारत कर मन्नतें मांगी। इसके अलावा महानगर के अलग-अलग इलाकों में दसवीं मोहर्रम को निकाले जाने वाले जुलूस में शामिल होने वाले ताजिए देर रात तक तैयार होते रहे। मोहर्रम की नवीं तारीख को थाना नागफनी क्षेत्र के मोहल्ला किसरौल स्थित वारसी बिल्डिंग में चांदी का ताजिया रखा जाता है। इसके लिए कई दिन पहले से तैयारी की जाती है। मोहर्रम की नवीं तारीख में हजारों लोग चांदी के ताजिए की ज्यारत करने के लिए आते हैं। 100 सालों से नवीं मुहर्रम पर रखे जाने वाले चांदी के ताजिए की ज्यारत कर लोग अपनी मन्नतें मांगते हैं। व्यवस्था में शादाब अली वारसी उर्फ आशी, जफर वारसी, फैजान हैदर वारसी, अबरार हुसैन वारसी, अनस वारसी, अदीब वारसी, मीर हमजा वारसी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## मोहर्रम को लेकर मार्गों में किया बदलाव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मोहर्रम को लेकर यातायात पुलिस ने मार्गों में बदलाव किया है। कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर बुधवार को दोपहर दो बजे से गुरुवार सुबह दस बजे तक रूट डायवर्जन लागू किया गया है। ऐसे में भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। कांठ रोड से आने वाली बसें शेरूआ चौराहे तक ही सीमित रहेंगी। वहीं बिलारी, संभल और दिल्ली से आने वोले भारी वाहन व रोडवेज बसें टीपी नगर से आएंगी व जाएंगी। ठाकुरद्वारा, काशीपुर, स्वार, टाण्डा रोड से आने वाली बसें काशीपुर तिराहे पर रूकेंगी। रामपुर-बरेली से आने वाली रोडवेज बसें हनुमान मूर्ति तिराहे तक सीमित रहेंगी। संभल चौराहा से कोहिनूर तिराहा तक का क्षेत्र नो ट्रैफिक जोन रहेगा। वहीं 17 और 18 जुलाई की रात्रि को शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पर रोक लगाई गई है।

## अगवानपुर में पंखों का जुलूस निकाला

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत के मोहल्ला ततारपुर से पंखों का जुलूस निकाला गया जिसमे सभी लोग या हुसैन या अली के नारे लगाते हुए चल रहे थे। जुलूस ततारपुर से जामा मस्जिद से होता हुआ वापस मोहल्ला ततारपुर में संपन्न हुआ।



सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान में समय पूर्व जन्मे नवजात के लिए योजना का उद्घाटन करते अतिथि।

## सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान में शिशुओं को अंधेपन से बचाव को आरओपी सुविधा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान में मंगलवार को रोटरी क्लब के साथ मिलकर समय से पूर्व जन्म लेने वाले शिशुओं में रेटिनोपैथी की समस्या के निवारण की व्यवस्था हो गई है। इसके लिए संस्थान में नेत्र चिकित्सा सुविधा आरओपी (समयपूर्वता की रेटिनोपैथी-रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमैच्योरिटी) प्रोजेक्ट लांच किया गया है।

संस्थान की वाइस चेयरपर्सन डॉ. आशी खुराना ने बताया कि जानकारी के अभाव एवं उच्च तकनीकी सेवाएं न होने के कारण कई नवजात शिशु अंधेपन के शिकार हो जाते हैं। इस समस्या की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने एवं इसके निराकरण के लिए रेटीना स्पेशलिस्ट की तरफ से इलाज मुहैया कराने के उद्देश्य से इस प्रोजेक्ट को लांच किया गया है। रोटरी क्लब की जिला समन्वयक दीपा खन्ना एवं ट्रस्टी शिखा गुप्ता ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर आरओपी की सेवाओं के लिए समर्पित किया गया। लेजर मशीन का उद्घाटन जिला रोटरी फाउंडेशन के ललित मोहन गुप्ता व अशोक गुप्ता ने किया। रोटरी क्लब के नितिन अग्रवाल व अनिल गुप्ता ने नीओ मशीन का फीता काटकर शुभारंभ कराया।

इस दौरान संस्थान के निदेशक डॉ. प्रदीप अग्रवाल, यशवंत सिन्हा, प्रशासनिक अधिकारी गरिमा सिंह, संजय गुप्ता, योगेश कोठीवाल, नीरज अग्रवाल, नलिन अग्रवाल, लोकेश चौहान, सत्य प्रकाश शर्मा, अतुल विज, तस्लीम, चंचल, सुमित सहाय, शर्मिंदर बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

## स्कूल गई नाबालिग छात्रा को ले गया पड़ोसी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में घर से स्कूल के लिए निकली छात्रा को बहला-फुसलाकर पड़ोसी भगा ले गया। किशोरी के परिजनों ने युवक के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के निवासी किशोरी के पिता ने तहरीर में बताया है कि रविवार को उनकी बेटी घर से स्कूल के लिए निकली थी। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोसी युवक सायिम उनकी किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया।

पीड़ित ने इस बात की जानकारी युवक के परिजनों को दी तो युवक का पिता पीड़ित के साथ मारपीट करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते ऑल इंडिया मजलिस-ए- इत्तेहादुल मुस्लेमीन के पदाधिकारी।

## सूबे में दहशत का माहौल, एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंगलवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लेमीन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया है।

ज्ञापन में कहा गया कि मौजूदा समय में उत्तर प्रदेश में दहशत को समाप्त किया जाए। हर एक व्यक्ति की जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मुसलमान और दलितों को झूठे मुकदमों में फंसाना बंद किया जाए। देश और प्रदेश में फैले हुए नफरत के माहौल को समाप्त किया जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष मोहिद फरगानी, महानगर अध्यक्ष वकी रशीद, शारिक हुसैन, तनवीर अंसारी, तारीख अनवर और मुजाहिद खान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## डॉ. सलमा नासिर नॉर्मल डिलीवरी सेंटर किया सील

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने करुला आबिद मार्केट में संचालित डॉ. सलमा नासिर नॉर्मल डिलीवरी सेंटर को सील कर दिया है। संचालक के विरुद्ध एफआईआर को थाने में तहरीर भी दी है।

एसीएमओ डॉ नरेंद्र कुमार ने बताया कि सेंटर में कोई भी प्रशिक्षित डॉक्टर या पैरामेडिकल स्टाफ नहीं मिला। कुछ अप्रशिक्षित नर्स मिली हैं, जो कोई जानकारी नहीं दे पाईं। इसका पंजीकरण भी नहीं है। नहीं है। जबकि, इस केंद्र के अंदर एक लैब भी संचालित है, वह भी अवैध तरीके से है। निरीक्षण के करीब 3 घंटे पहले एक महिला की डिलीवरी भी इस केंद्र में कराई गई है, जो प्रसूता मौके से निकल चुकी थी। उन्होंने बताया कि इस नॉर्मल डिलीवरी सेंटर के विरुद्ध शिकायत मिली थी कि इसमें पूर्व में एक महिला की डिलीवरी के दौरान उसकी और उसके शिशु की भी मौत हो गई थी।

# कांवड़ यात्रा में सेहत का ख्याल रखेंगे डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कांवड़ वाले मार्गों पर एंबुलेंस के साथ मौजूद रहेंगी चिकित्सीय टीमें 24 घंटे के लिए लगाई गई है ड्यूटी

**अमृत विचार :** कांवड़ लेकर आने वाले शिवभक्तों को आकस्मिक स्थिति में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को स्वास्थ्य विभाग की टीमें तैयार हो गई हैं। 22 जुलाई से श्रावण मास प्रारंभ हो रहा है। इस महीने की समाप्ति तक विभिन्न संबंधित मार्गों पर एंबुलेंस मय चिकित्सीय टीम के लगा दी गई हैं। इन सभी टीमों को दो शिफ्ट में ड्यूटी पर लगाया गया है। पहली शिफ्ट की ड्यूटी सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक रहेगी। दूसरी शिफ्ट रात 8 बजे से सुबह 8 बजे ड्यूटी पर रहेगी।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि विभिन्न मार्गों से पैदल चलकर शिवभक्त हरिद्वार, नरौरा, ऋषिकेश, गढ़मुक्तेश्वर आदि से गंगाजल कांवड़ के रूप में लाते हैं। फिर वह मंदिरों में शिव को अर्पित करते हैं। नगर क्षेत्र के थाना नागफनी में 84 घंटा मंदिर में काफी संख्या में शिव भक्तों द्वारा जलाभिषेक किया जाता है। कांवड़ लेकर भारी संख्या में आने वाले कांवड़ियों को आकस्मिक में स्थिति में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के लिए 22 जुलाई से विभिन्न मार्गों पर एंबुलेंस और उसके साथ चिकित्सीय टीम लगाई गई हैं। यह टीमें श्रावण मास की समाप्ति तक संबंधित मार्गों पर सक्रिय रहेंगी। इन सभी टीमों की दो शिफ्टों में ड्यूटी लगाई गई है। अमरोहा बॉर्डर से जीरो प्वाइंट पाकबड़ा तक और जीरो प्वाइंट पाकबड़ा से चौधरी चरण सिंह चौक मझोला तक पहली शिफ्ट में पाकबड़ा पीएचसी की टीम मौजूद रहेगी।

### यहां रहेंगी एंबुलेंस

इंपीरियल तिराहा, जीआईसी चौराहा, बंगला गांव और शेरूआ चौराहा, पीएसी तिराहा, फव्वारा चौराहा, हरथला, दस सराय, चौकी रोडवेज, टोल प्लाजा, टीएमयू, गगन तिराहा जीरो प्वाइंट, उमरी तिराहा कस्बा कांठ, कैच की पुलिया, सुरजन नगर कस्बा ठाकुरद्वारा, मानपुर, सलेम सराय कस्बा भोजपुर, डिलारी, बिलारी, कुंदरकी, मैनाठेर, सोनकपुर।

### चीनी मिल से रेलवे क्रॉसिंग अगवानपुर तक इनकी ड्यूटी

पहली शिफ्ट में डॉ. शाहबुद्दीन, फार्मासिस्ट अतुल शक्ति, वार्ड ब्वाय कुलदीप और एंबुलेंस के साथ चालक रंजीत सिंह रहेंगे। दूसरी शिफ्ट में कांठ सीएचसी के डॉ. जुल्फीकार, फार्मासिस्ट मुदस्सिर नाज, वार्ड ब्वाय यूनुस और एंबुलेंस के साथ चालक कमल रहेंगे। वहीं पहली की ड्यूटी शिफ्ट में मूंढापांडे पीएससी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश, फार्मासिस्ट समीर, वार्ड ब्वाय श्याम बाबू और एंबुलेंस के साथ चालक इरफान रहेंगे।

## दो लाख में खरीदी रिवाल्वर केस वापस न लेने पर धमकी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र में विचाराधीन मुकदमे को वापस न लेने पर महिला को जान से मारने के लिए आरोपियों ने दो लाख में रिवाल्वर और सौ कारतूस खरीद लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के मानसरोवर कॉलोनी निवासी ज्योति शर्मा ने तहरीर में बताया है कि निशांत शर्मा, पिता राजेश शर्मा और बहन शोभना शर्मा, तीनों मिलकर कोर्ट में विचाराधीन मुकदमे को वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। आरोप है कि 12 जुलाई को पीड़िता को निशांत ने मैसेज करके जान से मारने की धमकी दी है। मैसेज में निशांत ने कहा कि पीड़िता को मारने के लिए उसने दो लाख रुपये में एक रिवाल्वर और सौ कारतूस खरीदे हैं। जान की सुरक्षा के लिए पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जहर खाकर युवक ने दी जान, पत्नी पर आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने जान दे दी। वह करीब एक साल से ससुराल में रह रहा था। युवक के परिजनों ने पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के चक्कर की मिलक निवासी सुंदर लाल पिछले एक साल से अपनी ससुराल संभल रोड नगरिया में रह रहे थे। मंगलवार को अज्ञात कारणों के चलते उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया। आनन-फानन में पत्नी व अन्य लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सुंदर लाल के परिजनों को सूचना दी। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के बड़े भाई आशपाल ने पत्नी समेत ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

स्नेक-डे | देश में 330 प्रजातियों के हैं सर्प, इसमें केवल 65 प्रजातियों वाले ही सर्प जहरीले

# सर्पदंश से घबराएं नहीं, एंटी स्नेक वेनम बचाएगी जान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** 16 जुलाई को स्नेक-डे के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) के अधिकारियों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग कर अधीनस्थों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि समाज में लोगों को जागरूक करें और लोगों के बीच सर्प के डर की भ्रांतियां दूर करें। यदि किसी को कोई सर्पदंश हो तो वह लोग झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़े। तुरंत अस्पताल आकर एंटी स्नेक वेनम लगवाएं।

राष्ट्रीय स्तर से हो रही वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिले से जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव और सर्विलांस विशेषज्ञ मो. अजीज जुड़े थे। कांफ्रेंसिंग में विशेषज्ञों ने बताया कि स्नेक-डे मनाने का तात्पर्य है कि सर्पदंश के कारण मनुष्यों में रुग्णता (बीमारी), मृत्यु दर और उससे जुड़ी जटिलताओं को कम करना है। उन्होंने कहा कि सर्पदंश से होने वाली मौतों को इस हद तक कम करना है कि कमजोर आबादी सर्पदंश से जुड़ी घटनाओं के डर और प्रभाव से मुक्त हो जाए और प्रभावित समुदायों के समग्र कल्याण में सुधार हो। सर्पदंश के मामलों का शीघ्र और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए सर्प-निरोधक दवाओं की उपलब्धता के साथ सुविधाओं का डिजिटल मानचित्रण और निगरानी करने को कहा गया है।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव ने बताया कि अब वह स्थानीय स्तर पर सर्प के संबंध में लोगों की धारणा बदलने का प्रयास करेंगे। इसके लिए आगामी समय में डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टॉफ, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ कार्यशाला आयोजित कर उन्हें सर्प रक्षा और इसके प्रति समाज में डर को समाप्त करने के लिए जानकारी देंगे। ताकि वह लोग अपने क्षेत्र में गांव-शहर के लोगों को बताएं। उन्होंने बताया कि सर्प पर्यावरण का हिस्सा हैं। यह मानव के दुश्मन नहीं, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से दोस्त ही हैं। सर्प चूहों को आहार करते हैं। लेकिन, मानव सर्प के विष के डर से उन्हें अपना दुश्मन मानता है। वर्तमान में देश में सर्पों की कुल 330 प्रजातियां हैं। इनमें केवल 65 प्रजातियों के ही सर्प जहरीले होते हैं, जिसके काटने से अस्पताल पहुंचने पर पीड़ित भी जांच बचाई जा सकती है।

### जिले में कोई भी मृत्यु सर्पदंश से नहीं हुई

जिला सर्विलांस अधिकारी ने बताया कि सर्प को देखने पर उससे दूर रहें और वन विभाग के सहयोग से उसे जंगल में छुड़वा दें, मारे नहीं। यह जन जागरूकता फैलाने के लिए ही हर वर्ष 16 जुलाई को स्नेक-डे मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद के प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है। उन्होंने दावा किया है कि इस वर्ष जिले में कोई भी मृत्यु सांप काटने से नहीं हुई है।

## स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को दी विदाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मंगलवार को हिंदू कालेज परिसर में प्रेक्षागृह में उमंग 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ विदाई दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईएफटीएम के चांसलर राजीव कोठीवाल व प्रबंधक अमित कोठीवाल रहे। मुख्य अतिथि ने इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन को छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम की संयोजिका, रसायन विज्ञान विभाग की प्रोफेसर अल्का ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों का न केवल उत्साहवर्धन होता है, बल्कि उन्हें भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सत्यव्रत सिंह रावत ने भी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज में ड्रॉप बॉक्स में मॉडल से संबंधित आइडिया डालतीं छात्राएं।

## आइडिया जानने को लगाया ड्रॉप बाक्स

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंगलवार को साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज में मंगलवार को इंस्पायर अवार्ड मानक का आइडिया ड्राप बाक्स स्थापित किया गया। जिसमें एक कार्यशाला भी आयोजित हुई। जिसमें पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कक्षा छह से कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों को इंस्पायर अवार्ड मानक में अपने माडल बनाने के लिए जरूरी जानकारी दी गई।

कालेज प्रबंधक सुशील कुमार ने नए मॉडल विकसित करने के लिए प्राकृतिक घटनाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। वहीं शिक्षिका श्वेता त्रिपाठी व शिक्षक किशन कुमार ने इंस्पायर अवार्ड से संबंधित जानकारी साझा की। इस मौके पर प्रबंधन समिति के सदस्य गौरांग साहू, राधिका साहू, निमित जायसवाल शामिल रहे।

## एक नजर

### पंपिंग सेट का सामान चुराने में दो पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** किसान के खेत पर रखे पंपिंग सेट का सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला निवासी किसान नफीस अहमद ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उन्होंने मौजा नगलिया नारायन में स्थित खेत में पंपिंग सेट लगा रखा है। वहीं गांव के ही इरफान अहमद का भी पंपिंग सेट रखा था। 12 जुलाई की देर रात अपने खेत से वापस घर आ गए। सुबह जब वह खेत पर गए तो देखा कि उनका व पड़ोसी इरफान का पंपिंग सेटों के हेड गायब थे। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को गांव के ही रितिक, हिमांशु के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### मकान और हाईवे पर पेड़ गिरने का खतरा बताया

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बाजार डाक बंगला निवासी सुधीर सिंह का मकान डाक बंगले के पास है। इनके मकान के आगे पुराना पेड़ खड़ा है। इस पेड़ को कटने के लिए एसडीएम को ज्ञापन दिया गया है।

# ताजियों के जुलूस में नहीं डालें नई परंपरा

## एसडीएम और सीओ ने लोगों से बात कर शांतिपूर्ण ढंग से जुलूस निकालने के दिए निर्देश

संवाददाता, कांठ/छजलैट

**अमृत विचार :** एसडीएम और सीओ ने नगर समेत कई गांवों में संपर्क कर नई परंपरा शुरू नहीं करने, जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से निकालने के लिए निर्देश दिए हैं।

एसडीएम विनय कुमार सिंह, सीओ अपेक्षा निंबाड़िया, अधिशासी अधिकारी प्रियंका चौधरी, विद्युत एसडीओ ज्ञानेंद्र यादव, जेई विद्युत अनिल कुमार पुलिस बल के साथ नगर स्थित पुरानी गुड़ मंडी पहुंचे। यहां हलवाई व अंसारी बिरादरी के लोगों से संपर्क किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू नहीं होनी चाहिए। सीओ ने कहा कि जुलूस में हथियारों का प्रदर्शन नहीं होगा। सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो और गर्मी को देखते हुए पेयजल की व्यवस्था की जानी चाहिए। अधिकारियों ने कहा कि भाईचारे के साथ रहें। एसडीएम ने रसूलपुर चौहरा, चेतरामपुर, कुरी रवाना, छजलैट, मुजफ्फरपुर टांडा सहित मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में जिम्मेदार लोगों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि ताजिये निर्धारित ऊंचाई एवं निर्धारित मार्ग से निकाले जाएं।

सीओ ने बताया कि कानून की गाइडलाइन का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कुछ जिम्मेदार लोगों को मुचलकों में पाबंद भी किया गया है। इस मौके पर थाना अध्यक्ष छजलैट लखपत सिंह, कांठ चौकी इंचार्ज यशवीर सिंह आदि मौजूद रहे।



ताजियेदार से बात करते एसडीएम। ● अमृत विचार

### एसपी देहात ने नगर में किया पैदल मार्च

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व एडीएम प्रशासन के साथ कोतवाली पुलिस ने जुलूस के निर्धारित मार्गों पर पैदल मार्च किया। शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। एसपी देहात संदीप कुमार मीणा, एडीएम प्रशासन ने नेतृत्व में ताजियेदारों से वार्ता करने के निर्देश दिए।

### नगर में आज निकलेगा ताजियों का जुलूस

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्र में बुधवार 10वीं मोहर्रम को ताजियों के जुलूस निकाले जाएंगे। इसके लिए लोगों ने ताजियों को सजा लिया और अन्य तैयारी भी कर ली है। इस दौरान पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात रहेगी। बताया गया कि नगर में अंसारी व हलवाई बिरादरी के लोग जुलूस निकालेंगे। वे जुलूस में घोड़े और दुलदुल बुर्राक निकालते हैं। यहां मछली बाजार में घोड़े और दुलदुल बुर्राक का मुकाबला देखने के लिए अन्य जनपदों से भी लोग पहुंचते हैं। अंसारी बिरादरी के घोड़े और दुलदुल बुर्राक उस्मान और नफीस खलीफा की देखरेख में एक हफ्ते से तैयार किए जा रहे हैं। हलवाई बिरादरी के घोड़े और दुलदुल बुर्राक को खलीफाओं की देखरेख में लोगों ने बांस की खप्पच, कपड़ा, सूत की डोरी से तैयार किया है। ताजियों के साथ अखाड़ा निकाला जाएगा।



दुलदुल बुर्राक बनाते कारीगर।

### नगर व देहात में आज बाधित रहेगी बिजली

**कांठ/छजलैट, अमृत विचार :** ताजियों के जुलूस निकलने के दौरान नगर व देहात क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि जिन स्थानों पर नगर व देहात क्षेत्र में ताजियों के जुलूस निकलेंगे वहां बिजली की आपूर्ति बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर पंचायत कांठ, नगर पंचायत ऊमरी कलां व ग्राम प्रधानों को बता दिया गया है। गांव रसूलपुर चौहरा, कुरी रवाना, छजलैट, गढ़ी, सलेमपुर, बीबीपुर समेत अन्य गावों में इस संबंध में सूचना दे दी गई है। क्षेत्र के सभी व्यक्तियों से अपील की गई है कि जिस समय जुलूस निकलेंगे, तब तक बिजली बाधित रहेगी। इसके बाद बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

# छजलैट में शिक्षकों ने संकुल पद से दिया सामूहिक इस्तीफा

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में मंगलवार को बीआरसी कार्यालय में संकुल शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सामूहिक इस्तीफा पत्र सौंप दिया है।

शिक्षकों ने कहा कि यह आदेश जबरन थोपा जा रहा है। प्रदेश के लाखों शिक्षकों की मांगें- 31 उपार्जित अवकाश, अर्ध आकस्मिक अवकाश, प्रतिकर व अध्ययन अवकाश, निशुल्क चिकित्सा, पुरानी पेंशन पर बेसिक शिक्षा विभाग ने निर्णय लिया है। बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के प्रति आदेश से संकुल शिक्षक आहत हैं। संकुल शिक्षों का चयन विद्यालय में रहकर शिक्षण कार्य को सुचारू ढंग से कराने के लिए किया गया था। इससे बच्चों के शिक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस काफी शिक्षक मौजूद रहे





खंड शिक्षा अधिकारी को पत्र देते शिक्षक। ● अमृत विचार



बिलारी में नारेबाजी कर मासिक बैठक का बहिष्कार करते शिक्षक।

### अवकाश पर रहे 28 शिक्षक

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई ठाकुरद्वारा के आह्वान पर 28 संकुल शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में अवकाश पर रहे। संकुल शिक्षकों का कहना है कि जब तक ऑनलाइन अटेंडेंस में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को सरकार की ओर से दूर नहीं किया जाएगा। तब तक शिक्षकों की बैठकों का बहिष्कार जारी रहेगा। शिक्षक हाफ डे लीव, ईएल और कैशलेस चिकित्सा की मांग कर रहे हैं। हालांकि मंगलवार को सरकार ने ऑनलाइन अटेंडेंस को दो माह के लिए स्थगित कर दिया है लेकिन शिक्षकों का विरोध जारी रहा। इस दौरान अवधेश कुमार, अरुण कुमार, जितेन्द्र सिंह, अशोक कुमार, हेमवीर आदि मौजूद रहे।

### शिक्षकों ने मासिक बैठक का किया बहिष्कार

**बिलारी, अमृत विचार :** बीआरसी में बिलारी ब्लॉक के 45 संकुल शिक्षकों ने ऑनलाईन उपस्थिति के विरोध में सभी नौ न्याय पंचायतों पर प्रस्तावित मासिक शिक्षक संकुल बैठक का बहिष्कार किया। शिक्षकों ने आदेश के निरस्त होने तक विद्यालय में शिक्षण कार्य के अतिरिक्त कोई भी अन्य कार्य न करने का संकल्प लिया। इस दौरान संकुल प्रभारी यतीश कुमार चंद्रा, अब्दुल अहद, सुलेमान अंसारी, जुल्फिकार हुसैन, इंद्रजीत ,सुदेश कुमार,विजेंद्र सिंह,पुष्पेंद्र सिंह व शिक्षक संकुल अमित कुमार, भूपेंद्र सिंह, विनय कुमार, रवि यादव, अशोक कुमार, रामवीर सिंह,संतोष कुमार, नीरज कुमार शर्मा, संतोष कुमार शुक्ला, पुनीत चौधरी, हरि सिंह, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## दो माह से नहीं बन रहे आधार, लोग परेशान

**कांठ, अमृत विचार:** उप डाकघर में आधार कार्ड सेवा दो माह से बाधित है। मशीन खराब होने के कारण आधार सेवा केंद्र बंद पड़ा है। इससे क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों की सहूलियत के लिए उप डाकघर में आधार कार्ड बनाने और संशोधन की सुविधा को संचालित कराया था। इसके लिए यहां आधार सेवा केंद्र स्थापित कर कर्मचारियों को नियुक्त किया था, लेकिन कांठ स्थित उप डाकघर में यह सेवा दो माह से ठप है। उप डाकघर के स्टाफ ने बताया कि दो माह पहले मशीन खराब हो गई थी। मशीन को जिला मुख्यालय मंगवा लिया गया था। पोस्ट मास्टर राजीव कुमार ने बताया कि आधार कार्ड की मशीन एक्टिवेट न होने के कारण आधार कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। स्कैनर प्रिंटर भी खराब है। इन दिक्कतों के संबंध में मंडलीय कार्यालय को लिखकर भेज रखा है।

# युवक ने किशोरी से किया दुष्कर्म, खेत में बेहोश मिली

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- परिजनों ने तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** डिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत पर जा रही किशोरी के साथ गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया। इससे किशोरी बेहोश हो गई। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों को वह निर्वस्त्र मिली। पीड़ित परिजनों ने थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बताया गया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की 13 वर्षीय पुत्री सोमवार दोपहर अपने खेत पर जा रही थी, तभी अकेला देखकर रास्ते में गांव के ही युवक ने उसे गन्ने के खेत में खींच लिया। विरोध करने पर किशोरी को मारा पीटा और दुष्कर्म किया। इससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद आरोपी उसे छोड़कर मौके से भाग गया। बताया कि काफी देर तक घर वापस न पहुंचने पर परिजनों को उसकी चिंता हुई तो उन्होंने उसे तलाशना शुरू कर दिया। इस बीच खेत में वह बेहोश और निर्वस्त्र पड़ी मिली। सूचना के बाद मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। भीड़ में शामिल महिलाओं ने किशोरी के चेहरे पर पानी डाला तो वह होश में आ गई। पीड़िता ने उन्हें आपबीती बताई और परिजन उसे घर ल गए। इसके बाद आरोपी युवक पक्ष के कुछ लोगों ने घटना को दबाने की कोशिश की। इसे लेकर गांव में पंचायत बैठाई गई। आरोप है कि पीड़िता के परिजनों को थाने नहीं जाने दिया। लेकिन मंगलवार को पीड़ित परिजन थाने पहुंचे और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप सहरावत ने बताया कि घटना की उन्हें जानकारी नहीं है। तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## चेन खींचने के मामले में आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली से कुछ कदमों की दूरी पर युवक के गले से सोने की चेन छीनकर चोर मौके से फरार हो गया। उसकी तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने जांच कर आरोपी की पहचान के बाद पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज किया है।

नगर में देर शाम बड़ी कोठी निवासी शिवओम शनिवार को काशीपुर से लौटकर पैदल ही अपने घर आ रहे थे, जैसे ही कोतवाली से कुछ दूर स्थिति इंटर कॉलेज वाली गली से अपने घर की ओर गई। तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने पीछे से उनके गले से सोने की चेन खींच कर धक्का देकर गिरा दिया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से आरोपी पहचान आरिफ पुत्र शब्बीर नगर निवासी वार्ड-9 के रूप में की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरिफ के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा और किसान सभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कमलापुरी मंगलवार को चौराहे पर एकत्र हुए। यहां उन्होंने प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि 13 महीने तक दिल्ली की सीमाओं पर चले आंदोलन के दौरान हुए समझौते के अनुसार, लंबित मांगों के समर्थन में केंद्र सरकार ने दिया था, लेकिन अभी तक मांगों पर अमल नहीं किया गया। इसके विरोध में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की और मुरादाबाद के लिए रवाना हो गए। सर्किट हाउस में सांसद रुचि वीरा को अपना मांग पत्र सौपा। इस दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला प्रभारी डॉ. सईद सिद्दीकी ने कहा कि 9 दिसंबर 2021 को केंद्र सरकार ने किसान मोर्चा के प्रतिनिधियों के साथ तीनों कानून को वापस लेते हुए लिखित समझौता किया था। लेकिन कोई भी मांग पूरी नहीं की गई है। अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के नेता प्रीतम सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने एनडीए सरकार को सबक सिखाया है। मांग पत्र में कहा कि फसलों की खरीद का गारंटी कानून बनाया जाए। किसान आंदोलन के दौरान दर्ज हुए मुकदमों को वापस लिया जाए। बिजली के निजीकरण व प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाई जाए। कीटनाशक, उर्वरक, ट्रैक्टर और डीजल पेट्रोल को जीएसटी से बाहर लाया जाए। किसानों व मजदूरों का कर्ज माफ किया जाए। इस दौरान कामरेड वीर सिंह, कासिम अली, त्रिमल सिंह, जसवंत सिंह, शाकिर अली, जाबिर हुसैन, भारत सिंह ,जगदीश सिंह, बाबू सिंह, दानिश अली आदि मौजूद रहे ।



सांसद रुचि वीरा को ज्ञापन देते किसान नेता। ● अमृत विचार

**आस्था** रामनगर खागूवाला के माता भवानी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद हुई कलश स्थापना

# श्रीकृष्ण की मूर्ति स्थापना से पहले निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की मूर्ति की स्थापना से पहले महिलाओं ने गांव के मुख्य मार्गों पर कलश यात्रा निकाली। जगह जगह श्रद्वालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण और राधा के भजनों से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया।

क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला स्थित माता भवानी मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण व राधारानी की मूर्ति स्थापना से पहले विधिविधान व पूजा अर्चना के बाद कलश यात्रा का आरंभ किया गया। कलश यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर भगवान श्री कृष्णा व राधारानी का गुणगान करती चल रही थीं। अन्य श्रद्धालु डीजे पर भगवान श्री कृष्ण के भजनों पर थिरकते चल रहे थे। कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई मंदिर में पहुंची। यहां पूजा अर्चना के बाद कलश स्थापना की गई।

मंदिर में पंडित राजीव शर्मा ने पूजा अर्चना कराई। यजमान संजीव कुमार व उनकी पत्नी नीतू कुमारी ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई। कलश यात्रा में सुमन देवी, रामवती देवी, आशा देवी, किरन देवी, गायत्री देवी, हरनंदी देवी, पूनम देवी, संतोष देवी, राजवती देवी, करन सिंह, संजीव कुमार, सुमित कुमार गोला, पुनीत कुमार गोला, प्रमोद कुमार गोला, हीरा सिंह, तिलक राज सिंह, शोभाराम सिंह, संतराम सिंह आदि शामिल रहे।



गांव रामनगर खागू वाला में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार



सेंट पॉल स्कूल में मौजूद छात्र-छात्राएं, साथ में अन्य ● अमृत विचार

# आग से बचाव के उपाय बताए

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** नगर स्थित सेंट पॉल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को अवनी गैस एजेंसी की टीम ने छात्र-छात्राओं को सिलेंडर में लगी आग से सावधानी और बचाव के उपाय बताए गए। कहा कि रसोई गैस सिलेंडर हर भारतीय घर की जरूरत है। इसके व्यापक प्रयोग को देखते हुए यह जरूरी है कि किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए खास तरीकों का पालन करें।

हम ऐसे कई मामले देखते हैं जहां सिलेंडर फट जाते हैं या इसमें आग लग जाती है। इससे व्यक्ति को गंभीर चोट या उसकी मृत्यु तक हो जाती है। बताया कि यदि गैस का रिसाव होने लगे तो जलती हुई माचिस, मोमबत्ती का प्रयोग नहीं करें। फाउंडर जितेंद्र विश्नोई एवं मेनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने एजेंसी की टीम का आभार व्यक्त किया। कोर्डिनेटर सतेंद्र चौधरी एवं प्रधानाचार्या रणजीत कौर ने छात्र-छात्राओं से कहा कि सुरक्षा व बचाव के उपायों को अपने माता पिता का बताए। इस दौरान ममता विश्नोई, अनवर हुसैन, विकास यादव, सौरभ चौहान, संजय कुमार, आमिल सैफी, विदित , चंचल चौहान, माही खान,नसरीन , पारुल, शिवानी, अनुजा सहगल, सारिका आदि रहीं।

## सार-संक्षेप



मानपुर दत्तराम से रवाना होते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### बाबा अमरनाथ बर्फानी के दर्शन के लिए श्रद्धालु रवाना

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बाबा अमरनाथ बर्फानी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। परिजनो व ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े बजाकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। तिलक लगाकर अलीगंज रेलवे स्टेशन से रवाना किया। क्षेत्र के गांव मानपुर दत्तराम के श्री परशुराम समिति के सदस्यों ने सोमवार देर शाम बाबा अमरनाथ बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुए। रुचिन शर्मा ने बताया कि 17 जुलाई को पहलगाम से यात्रा शुरू करेंगे। 20 को बाबा अमरनाथ बर्फानी की गुफा के दर्शन करेंगे। 23 को वापसी करेंगे। अमरनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं में परशुराम सेवा समिति के अध्यक्ष पंडित रुचिन शर्मा, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा, गौरव शर्मा, शुभ भारद्वाज, दीपक शर्मा, अभिनव शर्मा, अभिषेक शर्मा, तरुण शर्मा, निशु शर्मा, मोहित शर्मा, निधि शर्मा आदि शामिल हैं।



फीता काटकर उद्घाटन करते डॉ. अनुज चौधरी। ● अमृत विचार

### धनवंतरी अस्पताल का किया उद्घाटन

**कांठ, अमृत विचार :** धनवंतरी अस्पताल के मालिक डॉ. अनुज चौधरी ने हवन पूजन करने के बाद फीता काटकर उद्घाटन किया। डॉ. अनुज ने बताया कि अस्पताल में फिजिशियन डॉ. हर्षवर्धन सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शिल्पी 24 घंटे रहकर सेवा करेंगे। शुगर, गुर्दे, लीवर, पेट के रोगियों को मुरादाबाद जानी की आवश्यकता नहीं होगी। इस मौके पर अस्पताल स्टाफ, फार्मेसी स्टाफ ने मिठाई बताकर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रीता चौधरी, डॉ. शिल्पी, डॉ. हर्षवर्धन सिंह, चंद्रशेखर आजाद, पंकज शर्मा, प्रशांत चौधरी, डॉ. आरएस अहलावत, डॉ, नितिन अहलावत, डॉ. अरविंद चौहान, सुबोध कुमार, बलराम सिंह, पारुल चौहान, रॉबिन चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### महिला और बच्चों को पीटकर घर से निकाला

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पुत्र व पुत्रवधू ने अपनी मां और छोटे भाई बहनों को मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोपियों ने उसके मकान पर कब्जा कर लिया। पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। गांव शरीफनगर निवासी रहीसा पत्नी यामीन ने शिकायत में कहा कि उसका बेटा व पुत्र वधू उसके साथ आए दिन मारपीट व गाली गलौज करते रहते हैं। सोमवार सुबह नौ बजे पुत्र व उसकी पत्नी ने उसके साथ मारपीट कर घर से बाहर कर दिया। उनके मकान पर कब्जा कर लिया। जबकि इससे पहले उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर चुकी है। अब वह अपने छोटे बच्चों के साथ खुले में रहने के लिए मजबूर है। महिला का कहना है कि उसने इस संबंध में पुलिस को तहरीर देकर दी थी। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।



भरतावाला में किसानों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक दीपक कुमार।

### फसलों को रोगों से बचाने का किसानों को दिया प्रशिक्षण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मलपुरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिकों ने क्षेत्र के किसानों को फसलों में लगने वाले रोगों से बचाव का प्रशिक्षण दिया। क्षेत्र के गांव भरतावाला में मंगलवार को कृषि वैज्ञानिक डॉ. दीपक कुमार ने प्रशिक्षण दिया। कहा कि इस समय गन्ने में कीट एवं रोग फैलने की अधिक आशंका रहती है। किसानों को अपनी फसल को दैनिक रूप से बारीकी से देखना चाहिए। अगर किसी तरह की कोई रोग या कीट दिखाई दे तो अपने क्षेत्र के किसी वैज्ञानिकों से सलाह लें। इस समय गन्ने में चोटी बेधक रोग, लाल सड़न रोग और पोका बोइंग रोग का प्रभाव बढ़ रहा है। इनको नियंत्रित करने के लिए समय से रसायनों का प्रयोग किया जाए। किसान खेतों में फसलों की निगरानी भी करते रहे, ताकि कोई कीट, रोग का प्रभाव गन्ने की फसल को प्रभावित न कर सके। बताया कि अधिक जानकारी एवं सुझाव के लिए कृषि विज्ञान केंद्र में संपर्क कर सकते हैं। 24 किसानों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान रविंद्र पाल, रमेश सिंह, डोरी सिंह, शिवओम, शीला देवी व रजनी आदि मौजूद रहे।

### शिक्षिका भुवनेश को मिला राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान

**कांठ, अमृत विचार :** बदायूं में आयोजित हुए राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह में प्राथमिक विद्यालय माननगर की प्रधानाचार्य भुवनेश कुमारी को सम्मानित किया गया। उन्हें राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान मिला। इसके अलावा भुवनेश कुमारी को नारी शक्ति सम्मान 2024 से भी अलंकृत किया गया। प्रदेश समन्वयक सत्येंद्र सिंह गहलोत ने सभी का आभार व्यक्त किया।



प्रशस्ति पत्र दिखातीं शिक्षिका।

### दो पक्षों में मारपीट के मामले में आठ लोगों पर रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर में युवकों के दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और बेल्टें चलीं। इससे दो युवक घायल हो गए। गंभीर हालत देखते हुए एक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शिकायती पत्रों के आधार पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कस्बा निवासी उवैस पुत्र शब्बन का आरोप है कि मंगलवार को वह कर्बला में चादर चढ़ाने के लिए गया था। तभी नगर निवासी फैसल, अनीस, आजम और वकील ने उसे घेर लिया। कहने लगे कि तेरा भाई जुबेर कहां है नहीं बताने पर गाली गलौज की और उसे मारा पीटा। फोन पर बुलाने के बाद जुबेर वहां आया और उसे बचाने की कोशिश करने लगा। तभी आरोपियों ने उसे भी लाठी डंडों व बेल्टों से पीटा। उधर, दूसरे पक्ष के फैसल निवासी मोहल्ला सादात दक्षिणी ने बताया कि सोमवार रात्रि उसके घर के पास रास्ते में सुहेल, जुबेर, जमा हैदर और वाजिद झगड़ा करने लगे। जब विरोध किया तो गाली गलौज कर वहां से भाग गए। मंगलवार दोपहर 12 :30 बजे उसका भाई अनीस गूलर चौराहे से सामान लेने के लिए गया तो इन लोगों ने उसे लाठी डंडों व बेल्टों से पीटा।

### थाने में किसानों ने दिया धरना, ज्ञापन सौंपा

**कुंदरकी, अमृत विचार :** कुंदरकी पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने थाने में धरना दिया। मामले में जांच कराने की मांग की। इसके बाद थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा को ज्ञापन दिया। गांव ढकिया जुम्मा निवासी सालिम ने गांव के ही भाकियू कार्यकर्ता के खिलाफ मारपीट के आरोप में थाने में खिलाफ शिकायती पत्र दिया था। पुलिस मामले की जांच करने के लिए गांव पहुची। इसे लेकर मंगलवार सुबह किसान थाने पहुंचे और मामले को झूठा बताते हुए पुलिस की कार्रवाई को गलत बताते हुए नारेबाजी की और धरने पर बैठ गए।

### तहसील में लेखपालों ने दुरुस्त किया रिकॉर्ड

**बिलारी, अमृत विचार :** लेखपालों ने अपने-अपने क्षेत्र के रिकार्ड को दुरुस्त किया। एसडीएम ने क्षेत्र के सभी लेखपालों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र के फसली वर्ष के मुताबिक, सभी खतौनियां और खसरे आदि के रिकॉर्ड को दुरुस्त करें।

## एक नजर

### खेमपुर में मकान की छत गिरी, तीन लोग घायल

**सैदनगर, अमृत विचार :** खेमपुर में मकान की छत गिरने से परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। अजीमनगर थाना क्षेत्र के खेमपुर गांव निवासी दीपक मंगलवार की सुबह मजदूरी करने गया था। सुबह करीब छह बजे उसके मकान की छत अचानक गिर गई। कुमकुम, सोनू दिवाकर और नन्हें इसके मलबे में दब गए। चीख-पुकार पर पहुंचे पड़ोसियों ने काफी मशक्कत के बाद मलबे में दबे बच्चों एवं महिला को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। मजदूर के घर में रखा सामान भी टूट गया। घटना की सूचना लेखपाल को दे दी गई है।

### होटल स्वामी को पीटने वालों का शांतिभंग में चालान

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव मुल्लाखेड़ा में होटल स्वामी दानिश का सिगरेट की डिब्बी के पैसे को लेकर विवाद हो गया था। इस पर छह युवकों ने उसे पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गांव निवासी सोनी, राजपाल, हीरा और पूरन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। पीड़ित का आरोप है कि क्षेत्र पंचायत सदस्य और उसके बड़े भाई को पुलिस ने सत्ता पक्ष के चलते कार्रवाई से बचा दिया था। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि चार आरोपियों का शांतिभंग में चालान कर दिया है। उधर, घायल की हालत गंभीर बनी है। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### विधायक ने किया उपनिबंधक कार्यालय का निरीक्षण

**स्वार, अमृत विचार :** मंगलवार को विधायक शफीक अहमद अंसारी ने उप निबंधक कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कंप्यूटर कक्ष, हाजिरी रजिस्टर, लक्ष्य की प्राप्ति आदि अभिलेख चेक किए। सब कुछ ठीक मिलने पर उन्होंने सब रजिस्टार शिवम श्रीवास्तव के कार्यों को सराहा। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने रवैये में सुधार लाते हुए जनता के कामों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाए। इसमें कोताही बरती गई तो शासन से शिकायत की जाएगी। इस दौरान रफीक अहमद, जाबिर अली आदि मौजूद रहे।

# हुसैन के आदर्शों पर चलकर बनें अच्छे इंसान

संवाददाता, भोट



सनैया सुख गांव में आयोजित दीनी जलसे को खिताब करते मौलाना। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आठ मोहर्रम की रात को हुए दीनी जलसे को खिताब करते हुए बिलासपुर से आए मौलाना सलीम मियां ने इमाम हुसैन के आदर्शों पर अमल कर शरीयत के बताए रास्ते पर चलने का लोगों से आह्वान किया। कहा कि अच्छे इंसान बनकर इंसानियत की खिदमत करें।

सनैया सुख गांव में हुए दीनी जलसे को खिताब करते हुए मौलाना ने कहा कि भाई हजरत अब्बास की बहादुरी का प्रतीक है। हजरत अब्बास युद्ध के लिए जाते वक्त अपने हाथ में अलम रखते थे। जबकि ताबूत इमाम हुसैन के 18 साल के बेटे अली अकबर की शहादत का प्रतीक है। हजरत अली अकबर को कर्बला के मैदान में यजीदी सेना ने घेरकर शहीद कर दिया। कहा कि कर्बला में इमाम हुसैन और उनके कुनबे पर सात मोहर्रम से 10 मोहर्रम तक पानी बंद कर दिया गया। मोहर्रम की दसवीं तारीख को कर्बला के मैदान में रसूलल्लाह के नवासे इमाम हुसैन और उनके 72 साथी शहीद हो गए। इस दौरान कारी गुलाम नबी रामपुरी, मौलाना कमर, मौलाना अमजद, मौलाना समी अख्तर रजा रामपुरी, हाफिज जलीस, कारी कय्यूम, मौलाना नदीम, मौलाना अब्दुल सुभान ने नात पेश की। जलसे में मदरसा गुलशने इस्लाम के प्रधानाचार्य कारी फरयाद रजा ने भी तकरीर कर इमाम हुसैन के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मोहम्मद इल्यास सैफी, मोहम्मद निजाम सैफी, तालीम सैफी, अकील सैफी, फुरकान, गुलफाम अली, मोहम्मद नईम, मोहम्मद बसीम, लियाकत अली, सलीम, सखावत हुसैन, इदरीस हाफिज आदि मौजूद रहे।

## लखनऊ से रामपुर पहुंची यह कला, मोम के ताजिये के नाम पर मोहल्ले का नाम भी पड़ा

# 1876 से रामपुर में बनता है मोम का ताजिया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



घर में मोम का ताजिया तैयार करतीं नफीस जहां। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** हजरत इमाम हुसैन की याद में मोम का ताजिया 1876 से मोहर्रम का चांद नजर आने पर हर वर्ष बनता है। मोम का ताजिया बनाने की कला लखनऊ से रामपुर पहुंची। ताजिये के नाम पर शहर के घनी आबादी वाले मोहल्ले का नाम भी मोम का ताजिया पड़ गया है। मोम का ताजिया बनाने का काम एक मोहर्रम से शुरू होता है और नौ मोहर्रम को ताजिये का निर्माण पूरा हो जाता है। नौ मोहर्रम की रात ताजिया मोहल्ले के चौक पर रख दिया जाता है।

शहर के मोहल्ला मोम का ताजिया निवासी नाजिम बताते हैं कि उनके परदादा ने पहला मोम का ताजिया बनाया था। यह कला उनके दोस्त 1876 में लखनऊ से लाए था। उस समय रामपुर के नवाब कल्बे अली खां का दौर था। नवाब कल्बे अली खां का शासन काल 21 अप्रैल 1865 से 23 मार्च 1887 तक रहा। इसके बाद नवाब मुश्ताक अली खां और फिर नवाब हामिद अली खां और आखिरी शासक नवाब रजा अली खां रहे। रियासत काल में मोम के ताजिये की जियारत करने के लिए नौ मोहर्रम की रात (शहादत की रात) को नवाब चहलकदमी करते हुए पहुंचते थे। नाजिम बताते हैं उनके वालिद का निधन 2016 में हो गया। अब उनकी मां नफीस जहां ताजिये का निर्माण करती हैं। मोम का ताजिया बनाने में नजमा, उजमा, चमन, गुलनाज, सूफियान और आलिम मदद करते हैं।



हजरत इमाम हुसैन की याद में चार पीढ़ियों से मोम का ताजिया बनाया जा रहा है। शहर में मोहल्ले का नाम ही ताजिये के नाम पर मोम का ताजिया पड़ गया है। **- गुलनाज जहां**



मोम का ताजिया चार पीढ़ियों से बनाया जा रहा है। दूर-दराज से लोग ताजिये की जियारत करने के लिए आते थे। रियासत काल में नवाब मोम के ताजिये की जियारत करने पहुंचते थे। **- नाजिम**

# 150 लोगों ने जमा नहीं किया टैक्स

## परिवहन विभाग द्वारा ऐसे वाहन स्वामियों को भेजे जा रहे नोटिस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



आंबेडकर पार्क के सामने डग्गामार वाहन में बैठते यात्री। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** 150 वाहन स्वामियों को टैक्स जमा नहीं करना भारी पड़ेगा। एआरटीओ विभाग द्वारा 150 वाहन स्वामियों को चिन्हित करने के बाद नोटिस भेजे जा रहे हैं। ताकि वह जल्द से जल्द अपना बचा टैक्स जमा कर सकें। वरना अधिकारियों द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जिले में करीब 16,500 कमर्शियल वाहन पंजीकृत हैं। इनमें टैक्सी, यात्री बस एवं बड़े वाहन शामिल हैं। इसमें लगभग 150 वाहन स्वामियों ने टैक्स ही जमा नहीं किया है। इसके बाद भी उनके वाहन सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे हैं। परिवहन विभाग के अधिकारी लगातार सड़कों पर निगरानी करते रहते हैं, लेकिन वाहनों की धरपकड़ से दूर ही रहते हैं। मगर अब विभाग सक्रिय हो गया है। एआरटीओ के आदेश पर कर्मचारियों ने जिले के करीब एक साल से टैक्स जमा नहीं करने वाले 150 वाहन स्वामियों को चिन्हित कर लिया है। विभाग द्वारा मंगलवार से इन्हें नोटिस भेजे जा रहे हैं। नोटिस में कहा गया है कि वाहन स्वामी जल्द से जल्द बकाया टैक्स जमा कराएं। इससे वाहन स्वामियों में हड़कंप है।

जिले में टैक्सी से लेकर बड़े वाहन धड़ल्ले से सवारियों को ढोते रहते हैं। यह वाहन स्वामी बिना टैक्स के ही वाहनों को सड़कों पर दौड़ा रहे हैं। अधिकारी इनके खिलाफ अभियान तो चलाते हैं लेकिन कार्रवाई सिर्फ कागजों पर ही सिमट जाती है। अधिकारियों की अनदेखी से इन वाहन स्वामियों के हौसले बुलंद हैं। सिविल लाइन थाने के सामने दिन भर आटो चालक सवारी बैठाते रहते हैं। इनमें से भी कई वाहन स्वामियों ने टैक्स जमा नहीं किया है। अधिकारियों के आने की जानकारी मिलने पर चालक वाहन लेकर फरार हो जाते हैं।

जिले में करीब 150 वाहन स्वामियों ने काफी समय से टैक्स जमा नहीं किया है। इसके चलते इन वाहन स्वामियों को मंगलवार से नोटिस भेजकर टैक्स जमा करने के लिए कहा गया है। टैक्स जमा नहीं करने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। **-राजेश श्रीवास्तव, एआरटीओ**

### 735 ई-रिक्शा मालिकों ने भी जमा नहीं किया टैक्स

735 ई-रिक्शा मालिकों को भी नोटिस दिया किया जा चुका है। जिले में करीब पांच हजार ई-रिक्शा पंजीकृत हैं। जबकि पांच हजार ई-रिक्शा बिना पंजीकरण के दौड़ रही हैं। 735 ई-रिक्शा मालिकों ने कई वर्ष से करीब 18 लाख रुपये का टैक्स जमा नहीं किया है। परिवहन विभाग 735 ई-रिक्शा चालकों को नोटिस भेजने के लिए उनकी सूची तैयार करा रहा है।

### रोडवेज वर्कशॉप में खुले में रखे टॉयरों को हटवाया

**रामपुर, अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मलेरिया विभाग की टीम ने रोडवेज की वर्कशॉप में खुले में रखे टॉयरों को हटवाया। कहा कि इन टॉयरों में बारिश का पानी एकत्र होने से बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। टीम ने फोरमैन को पानी की निकासी के इंतजाम कराने को कहा।

मंगलवार को जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम गुड शेफर्ड स्कूल और उच्च प्राथमिक विद्यालय कमरलका पहुंची। जिला मलेरिया अधिकारी ने प्रधानचार्य से परिसर में सफाई, झाड़ियों की कटाई और कीटनाशक दवा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। इसके बाद टीम रोडवेज वर्कशॉप पहुंची और टॉयरों को हटवाया।

एसीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश ने भी गली- मोहल्लों में जाकर लोगों को अभियान से संबंधित जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार रॉय समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।



जगह-जगह से उधड़ी राम रहीम पुल की सड़क। ● अमृत विचार

# कांवड़ियों को राम-रहीम पुल पर होगी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग का राम रहीम पुल गड्ढों में तब्दील हो गया है। पुल की हालत सुधारने को लेकर कई बार लोग विभागीय अधिकारियों से मांग कर चुके हैं। अगर इसे जल्द सही नहीं कराया गया तो शिवभक्तों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ेगा। राम रहीम पुल से होते हुए शिवभक्त पंजाबनगर के मंदिर में जल चढ़ाने जाते हैं।

सावन का पहला सोमवार 22 जुलाई को है। जनपद में बड़ी संख्या में शिव भक्त कांवड़ लेने के लिए बृजघाट व हरिद्वार जाते हैं। इसके अलावा अन्य जनपदों के कांवड़ियों के जत्थे भी हाईवे से गुजरते हैं। कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए पनवड़िया चौराहे का चौड़ीकरण कराया जा रहा है। लेकिन पंजाबनगर मंदिर जाने वाले शिवभक्तों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि हाईवे से होते हुए शिवभक्तों के जत्थे राम रहीम पुल से पंजाबनगर जाते हैं। राम-रहीम पुल जगह-जगह से उधड़ गया है। इसमें काफी गहरे गड्ढे भी हैं। जगह-जगह बजरी पसरी है। ऐसे में शिवभक्तों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

सावन को ध्यान में रखते हुए राम-रहीम पुल को सही कराया जाएगा। बारिश की वजह से काम रोक दिया गया है। मौसम साफ होने पर काम कराया जाएगा। **-केवी सिंह, एक्सईएन, निर्माण खंड, लोनिवि**



रजा डिग्री कॉलेज में केक काटने के दौरान मौजूद प्राचार्य एवं अन्य। ● अमृत विचार

# 75 वर्ष पूर्ण होने पर काटा केक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की 75वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। लखनऊ के निवर्तमान क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉक्टर सैयद एजाज अली ने कहा कि यह महाविद्यालय उत्तर प्रदेश के अग्रणी महाविद्यालयों में एक रहा है। रजा महाविद्यालय की अनेक समृद्ध परंपराएं हैं। जो महाविद्यालय को निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर करती रहेंगी।

इस दौरान प्राचार्य डॉ. जागृति मदान ने सभी छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं पुरातन छात्र-छात्राओं को इस ऐतिहासिक अवसर की बधाई दी।

कहा कि हमारा प्रयास है कि महाविद्यालय नित नए आयाम स्थापित करते हुए प्रगति और विकास के कीर्तिमान स्थापित करे। 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य ने केक काटा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, पुरातन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### चारा लेने गया मजदूर करंट से झुलसा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पशुओं के लिए चारा लेने गया मजदूर करंट की चपेट में आकर झुलस गया। उसे सीएचसी पर भर्ती कराया गया है।

गांव बलखेड़ा निवासी सतीश कुमार ने बताया कि उसका बड़ा भाई सोमपाल कुमार मजदूरी करता है। वह जानवरों के लिए घास काटने जंगल में गया था। इस दौरान ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन के लटकते तारों से उसका सिर छू गया। करंट की चपेट में आकर उसकी चीख निकल गई। यह देख वहां मौजूद बच्चों ने शोर मचा दिया। इस पर एकत्र हुए ग्रामीणों ने किसी तरह उसे करंट तार से अलग किया। मगर तब तक वह बुरी तरह झुलस गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# दहेज में 15 लाख रुपये न मिलने पर बीवी को दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- टांडा थाने में पति सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** दहेज में 15 लाख रुपये नहीं मिलने पर शौहर ने बीवी को तलाक दे दिया। पीड़िता ने टांडा थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला ने देवर पर छेड़खानी के प्रयास का आरोप भी लगाया है।

टांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का कहना है कि उसका निकाह दो मई 2005 को मोहल्ला भब्बलपुरी निवासी इस्तेकार चौधरी के साथ हुआ था। महिला की तीन बेटी हैं। निकाह के कुछ समय बाद से ही पति और ससुराली दहेज में 15 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। रुपये नहीं देने पर उसके साथ मारपीट करते थे। कुछ समय पहले ससुराल वालों ने तीनों बेटियों के साथ उसे घर से भगा दिया। इसके बाद वह मायके आ गई।

पीड़िता का कहना है कि दस दिन पूर्व उसके पति ने फोन पर गाली-गलौज करते हुए तीन तलाक दे दिया। 10 जुलाई को पति और उसके रिश्तेदार महिला के घर में घुस गए। उन्होंने महिला के साथ मारपीट करते हुए गला दबाने का प्रयास किया। इसके बाद पति ने सबके सामने फिर से तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने पति इस्तेकार, मोहम्मद आलम, देवर रिजवान व जीशान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मरम्मत के नाम पर नगर पालिका में घोटाला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



मंगलवार को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

- कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद में बढ़ते भ्रष्टाचार व सरकारी धन का दुरुपयोग करने को लेकर कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इसके बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि मरम्मत के नाम पर नगर पालिका से एक वर्ष में करोड़ों रुपये निकाले गए हैं। जो काम किए गए हैं उनमें घटिया सामग्री लगाई गई है।

कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष नोमान खां के नेतृत्व में पदाधिकारी कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने नगर पालिका में भ्रष्टाचार, सरकारी धन का दुरुपयोग और बाहरी लोगों द्वारा अवैध वसूली को लेकर प्रदर्शन किया। ज्ञापन में कहा कि पालिका में भ्रष्टाचार चरम पर है। पालिकाध्यक्ष अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल कर सरकारी धन का गलत तरीके से इस्तेमाल कर रही हैं। मरम्मत के नाम पर एक वर्ष में करोड़ों रुपये नगर पालिका से निकाले गए। जबकि, मरम्मत के नाम पर महज खानापूरी हुई है। एक वर्ष में बनाई गईं सड़कें टूटने लगी हैं। आरोप है कि घटिया सामग्री का प्रयोग कर पालिकाध्यक्ष मोटा कमीशन वसूल रही हैं।

प्रदर्शन करने वालों में ताहिर अंजुम, मोहम्मद जुबैर खां, जगमोहन मोना, रिजवान मियां, सुहैल खां, जीशान रजा, विक्की नफीस, मोहम्मद जाहिद अली, शाहरुख खां, यासिर शाह खां मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए उठाई आवाज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



आंबेडकर पार्क में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर मंगलवार की शाम चार बजे उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के तत्वावधान में कर्मचारी आंबडेकर पार्क में एकत्र हुए। इसके बाद पुरानी पेंशन योजना को शीघ्र बहाल करने के लिए प्रदर्शन किया। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार वर्मा के माध्यम से ज्ञापन प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री व मुख्यमंत्री को भेजा है।

आंबेडकर पार्क में पंडित रामबाबू शर्मा ने कहा कि प्रदेश तथा देश के लाखों कर्मचारियों व अधिकारियों की पुरानी पेंशन योजना को 2004 में अटल बिहारी वाजपेई की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बंद कर दिया था। विभिन्न संगठनों ने लखनऊ तथा दिल्ली में धरना प्रदर्शन करके सरकार को पुरानी पेंशन व्यवस्था योजना को शीघ्र लागू करने की मांग की गई थी। सरकार ने कर्मचारियों की आवाज को आज तक नहीं सुना है। कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन योजना को ही छीन लिया। जबरदस्ती नई पेंशन योजना लागू करके कर्मचारियों का उत्पीड़न किया है। राजनेता खुद को मिलने वाली धनराशि में कोई टैक्स नहीं देता। जबकि कर्मचारी इनकम टैक्स देते हैं।

ज्ञापन में सेवानिवृत्ति पेंशन संघ, कृषि अधीनस्थ कर्मचारी संघ, बाल विकास पुष्टाहार सुपरवाइजर संगठन, उत्तर प्रदेश सिंचाई संघ, राजस्व संग्रह अमीन संघ, उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर रविंद्र सिंह, मुराद खान, वेद प्रकाश गंगवार, अनिरुद्ध कुमार, सुनील कुमार यादव, बरकत अली, अनुपम कुमार, दिलीप कुमार, महेंद्र प्रताप सिंह, अमित तेजान, दिलशाद अली, परवेज अहमद, नरेंद्र पाल सिंह, इंदल सिंह, सत्यपाल सिंह आदि शामिल रहे। अध्यक्षता पंडित रामबाबू शर्मा व संचालन जिला महामंत्री जगदीश कुमार पटेल ने किया।

### ऑनलाइन हाजिरी का आदेश दो माह के लिए स्थगित

**रामपुर, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षकों ने मंगलवार को भी काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। एक सप्ताह से चल रहे शिक्षकों के आंदोलन को देखते हुए सरकार ने ऑनलाइन हाजिरी का आदेश स्थगित कर दिया है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल और जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। मंगलवार को होने वाले विभागीय बैठक का शिक्षकों में बहिष्कार किया है। यह बैठक संकुल शिक्षकों द्वारा ली जानी थी। जिले के 95 प्रतिशत संकुल शिक्षक अपने पद से त्यागपत्र दे चुके हैं। मंगलवार को किसी भी संकुल शिक्षक ने इस मीटिंग की सूचना पोर्टल पर अपलोड नहीं की। दो माह के लिए ऑनलाइन हाजिरी का आदेश स्थगित करने के फैसले को जिलाध्यक्ष ने छलावा बताया।

**बैठक** सीडीओ ने पौधरोपण के लिए आवंटित किए गए लक्ष्य को पूरा करने के दिए निर्देश

# जनपद को मिला 26,40,033 पौधे लगाने का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



बैठक में बोलते मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल ने बताया कि जिले में विभागवार 26,40,033 पौधे रोपित किए जाएंगे। उन्होंने समस्त विभागों को पौधरोपण के लिए आवंटित किए गए लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए कहा।

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला पर्यावरण समिति की बैठक हुई। इसमें सभी विभागों द्वारा पौधरोपण के स्थलों के चिन्हीकरण और पौधरोपण के बाद जियो टैगिंग करने संबंधी बिंदुओं पर चर्चा हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 20 जुलाई को होने वाले पौधरोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर लें। अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागों ने जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, उसके सापेक्ष पौधों का उठान समय से कराना तय करें। डीएफओ राजीव कुमार ने कहा कि पौधरोपण महाभियान में सभी विभागों का समावेश करते हुए जन आंदोलन के रूप में सहभागिता सुनिश्चित करके यह कार्यक्रम आयोजित किया है। इसमें छायादार व फलदार पौधे जैसे अर्जुन, जामुन, शीशम, अमरूद, आंवला आदि के पौधे लगाए जाएंगे।

वन विभाग को 400992, पर्यावरण विभाग को 59,000, ग्राम्य विकास विभाग को 12,75,214, राजस्व विभाग को 1,04,000, पंचायतीराज विभाग को 1,26,000 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। आवास विकास विभाग को 9,346, औद्योगिक विकास विभाग को 7,000, नगर विकास को 29,577, लोक निर्माण विभाग को 16,166, जल शक्ति विभाग को 15,000 पौधे रोपित करने का लक्ष्य मिला है। रेशम विभाग को 21,000, कृषि विभाग को 2,76,554 पौधे रोपित करने का लक्ष्य है। पशुपालन विभाग को 6,000 सहकारिता विभाग को 7,600, उद्योग विभाग को 17,911, ऊर्जा विभाग को 4,480, माध्यमिक शिक्षा विभाग को 12,194, बेसिक शिक्षा को 14,896 पौधरोपण करना है। प्राविधिक शिक्षा विभाग को 7964, उच्च शिक्षा विभाग को 24,315, श्रम विभाग को 3,600, स्वास्थ्य विभाग को 16,424, परिवहन विभाग को 3,400, रेलवे विभाग को 11,000 पौधे लगाने हैं।

इसी प्रकार उद्यान विभाग को 1,53,000, गृह विभाग को 11,400 और रक्षा विभाग को 6,000 पौध रोपण सहित कुल लक्ष्य 26,40,033 पौध लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में चिन्हित 25 स्थानों पर ब्ल्क प्लांटेशन किया जाएगा।

## एक नजर

### भावाधस ने 21 को मुरादाबाद पहुंचने का किया आह्वान

**स्वार, अमृत विचार :** मंगलवार को मोहल्ला खास स्वार स्थित वाल्मीकि बस्ती में भावाधस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही ने कहा कि 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर आमंत्रित पंजाब के जालंधर से मुरादाबाद आने पर भावाधस के राष्ट्रीय धर्म गुरु डॉ. देव सिंह अध्दैती महाराज का स्वागत किया जायेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं व समाज के लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 21 जुलाई को मुरादाबाद में कचहरी रोड स्थित चतुर्वेदी हास्पिटल के पास उत्सव भवन में पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में प्रदीप राजहंस, सर्वेश वाल्मीकि, अशोक, राजेश, महेंद्र, महेश, अर्जुन, अजय, पन्नालाल, राकेश, विजेश आदि मौजूद रहे।

### बिलासपुर में 10 घंटे नहीं मिलेगी बिजली

**बिलासपुर, अमृत विचार :** उपखंड अधिकारी प्रदीप कुमार प्रसाद ने बताया कि ताजियों के आवागमन और उनकी सुरक्षा को देखते हुए बुधवार को सुबह 10 से रात आठ बजे तक आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। कहा कि जिन मार्गों से ताजियों का अवागमन होगा उन पर तारों को ठीक करा दिया है। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग करने का आग्रह किया है।

# जिले में 4.57 लाख पशुओं को लगेंगे टीके

## पशुपालन विभाग को मिली खुरपका-मुंहपका के टीकों की खेप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



पशु को खुरपका व मुंहपका से बचाने के लिए टीका लगाता कर्मचारी। ● अमृत विचार

> बारिश के दिनों में पशुओं में होने वाली खुरपका व मुंहपका बीमारी के लिए 4.57 लाख टीके लगाए जाएंगे। 15 जुलाई से गांव-गांव में 28 अगस्त तक अभियान चलेगा। इसके लिए 31 टीमें गठित की गई हैं। टीके की खेप ब्लॉकावार पहुंचा दी गई है।
> -डॉ. महेश कुमार कौशिक, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

● जनपद में 15 जुलाई से 28 अगस्त तक चलेगा अभियान

**अमृत विचार :** बारिश में इंसानों के साथ जानवरों में भी बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। पशुओं में सबसे गंभीर बीमारी खुरपका व मुंहपका होती है। यह बारिश के दिनों में सबसे अधिक फैलती है। हर वर्ष बारिश में पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं को इस बीमारी से बचाने के लिए निशुल्क टीकाकरण किया जाता है। इस बार पशुपालन विभाग को 4.57 लाख टीके मिले हैं। विभाग ने टीकाकरण के लिए 31 टीम गठित की हैं। यह टीमें गांव-गांव जाकर पशुओं को टीके लगा रही हैं।

खुरपका व मुंहपका जैसी जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए करीब साढ़े चार लाख पशुओं का टीकाकरण कराया जाएगा। इसके लिए शासन ने पशुपालन विभाग को 4.57 लाख टीकों की खेप उपलब्ध कराई है। इसे मानक के अनुरूप उचित तापमान में जिला मुख्यालय व ब्लॉक पर स्थित कोल्ड रूम में रखवाया गया है। 15 जुलाई से शुरू हुआ टीकाकरण अभियान 28 अगस्त तक चलेगा। टीकाकरण के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों की 31 टीमें बनाई गई हैं। इसकी मॉनिटरिंग भी जिला मुख्यालय से की जाएगी। इसके अलावा बाढ़ वाले गांवों में टीम सबसे पहले पहुंचकर पशुओं को टीके लगाएंगी। चार माह से कम उम्र के भैंस व गाय के बच्चों, आठ माह से ऊपर गर्भधारण करने वाले मादा पशुओं को टीका नहीं लगेगा। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पशुओं के हिसाब से टीके की पर्याप्त खेप है।

### पशुओं के गले व छाती में हो जाती है सूजन

पशु पालन विभाग के अधिकारियों के अनुसार बारिश के दिनों से गलघोंटू रोग तेजी से फैलता है। इससे ग्रस्त पशुओं को तेज बुखार आता है। गले व छाती में सूजन हो जाती है। नाक से रक्तस्राव होने लगता है। संक्रमित पशु को सांस लेने में परेशानी होती है। पशु के दुग्ध उत्पादन में कमी आ जाती है। बारिश के बाद उगने वाली कई तरह की घास संक्रमित होती हैं। जो पशुओं में गला घोंटू बीमारी का प्रमुख कारण बनती है। पशुओं को इससे बचाने का एकमात्र उपाय टीकाकरण है।

## एक बारिश भी नहीं झेल पाया लाखों की कीमत से बना नाला

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव में बारिश के पानी की निकासी के लिए लाखों रुपये की लागत से बना लंबा चौड़ा नाला पहली ही बारिश में बह गया। ग्रामीणों ने जेई और ठेकेदार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

खंड विकास कार्यालय द्वारा ग्राम पंचायत बिढ़ऊ का मझरा गांव बिढ़पुरा में करीब नौ लाख रुपये से बारिश के पानी की निकासी के लिए नाला बनाया था। यह नाला पहली बारिश में ही ढह गया। इसकी वजह से ग्रामीणों जलभराव की समस्या से जूझना पड़ा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पंचायत से जुड़े अधिकारियों को दी तो उन्होंने भी पल्ला झाड़ लिया। आरोप है इस नाले में सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। इसके अलावा क्षेत्र के गांव ढाकी में भी पांच लाख रुपये से बनाया गया नाला ढह गया है। ग्रामीणों ने जेई और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत करने वालों में मुश्ताक अली, सरवर अली, नसरीन बेगम, सुखविंदर सिंह, हरपाल सिंह, वेदराम, सुरेंद्र कुमार, राधेश्याम आदि लोग शामिल रहे।

## सार संक्षेप

### कमेटी ने एसडीएम व सीओ को किया सम्मानित

**शाहबाद, अमृत विचार :** चंद्रवंशी भुर्जी समाज के दो दिवसीय सम्मेलन में बेहतर व्यवस्था पर कमेटी के सदस्यों ने उपजिलाधिकारी सुनील कुमार को सम्मानित किया। इसके बाद क्षेत्राधिकारी संगम कुमार व चिकित्साधीक्षक मोहित रस्तोगी को भी स्मृति चिन्ह देकर व पटका पहनाकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने भी अध्यक्ष प्रदीप चंद्रवंशी की अगुवाई में कमेटी को सम्मेलन के सफल आयोजन पर बधाई दी। इस मौके पर वेदप्रकाश चंद्रवंशी, राकेश कुमार, कृष्ण कुमार, लक्ष्मी नारायण, अमित चंद्रवंशी, रतनलाल आदि मौजूद रहे।

### कामाख्या मंदिर के प्रवेश द्वार पर लगाए पौधे

**रामपुर, अमृत विचार :** मदद एक आस फाउंडेशन की हल्द्वानी उत्तराखंड टीम ने कामाख्या मंदिर रानी बाग के प्रवेश द्वार पर पौधे लगाए। समाज को एक संदेश दिया कि पेड़ हमारे जीवन की सबसे अमूल्य धरोहर है। सभी को अपने जन्मदिन इत्यादि मौकों पर एक पौधा लगाने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर हल्द्वानी की जिलाध्यक्ष रागिनी गुप्ता, चारु, कमल, लोकेश सूर्य आदि उपस्थित रहे।

### पंखे का तार लगाते समय युवक करंट से झुलसा

**शाहबाद, अमृत विचार :** पटवाई थाना क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी मोहनलाल घर में पंखे का तार लगा रहा था। इस दौरान वह करंट की चपेट में आने झुलस गया। परिजन उसे सीएचसी ले आए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया।

### लापरवाही पर 10 एएनएम का वेतन रोका

**शाहबाद, अमृत विचार :** काम में लापरवाही बरतने पर चिकित्साधीक्षक ने 10 एएनएम का वेतन रोक दिया। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संस्थागत प्रसव, आभा आईडी, आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पंजीकरण की समीक्षा की गई। इसमें 10 एएनएम फिसड्डी साबित हुईं। इस पर चिकित्सा अधीक्षक मोहित रस्तोगी ने उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए और कार्यशैली में सुधर लाने की हिदायत दी। इस दौरान जिला प्रतिरण अधिकारी डॉ. केके चाहल, चिकित्सा अधीक्षक मोहित रस्तोगी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक विकास कुमार, प्रक्रिया प्रबंधक उपकार सिंह, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मुख्तियार अली एवं नितेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### अमेरिका भेजने के नाम पर युवक से 30.38 लाख ठगे

**स्वार, अमृत विचार :** उत्तराखंड के जिला ऊधमसिंह नगर के थाना गदरपुर के गांव लखनऊ निवासी शावेज खां की रिश्तेदारी स्वार कोतवाली क्षेत्र के गडरियों वाला मझरा निवासी रिजवान खां व असद खां से है। थाना अजीमनगर क्षेत्र के गांव जिठानिया निवासी सुलेमान खां उर्फ शान खां, सिराजी खां, अजूबा खानम और अमान खां भी रिश्तेदार हैं। शावेज खां का आरोप है कि रिश्तेदारों ने उसे अमेरिका में नौकरी दिलाने का झांसा देकर कई बार में 30 .68 लाख रुपये बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करा लिए। इसके बावजूद दो साल में भी उसे अमेरिका नहीं भेजा गया। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस से गुहार भी लगाई, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी। मंगलवार को उत्तराखंड के पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गदरपुर की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### अब 21 जुलाई को होगी प्रयोगात्मक परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** 15 व 16 जुलाई को होने वाली हाईस्कूल और इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षा अब 21 जुलाई को राजकीय रजा इंटर कॉलेज में होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि हाईस्कूल और इंटर की भूगोल और गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 21 जुलाई को रजा इंटर कॉलेज में होंगी।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**मिलक, अमृत विचार :** मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मंगलवार की सुबह पुलिस को दुगनपुर स्टेशन मास्टर ने सूचना दी कि ग्राम लोहा पट्टी से होकर गुजर रहे रेलवे ट्रैक के पास युवक का शव पड़ा है। पुलिस ने शव को ट्रैक से हटाकर पहचान कराने का प्रयास किया। मौके पर पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुछ देर बाद ग्राम ताजपुर निवासी अमर पाल ने शव कि पहचान अपने भाई 25 वर्षीय पंकज के रूप में की। उन्होंने बताया कि पंकज मानसिक रूप से कमजोर था।

### मुस्लिमों-दलितों को झूठे मुकदमों में न फंसाया जाए

**रामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिलाध्यक्ष फरीदुज्जफर रहमानी के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। इसमें उनका कहना है कि मुस्लिमों, दलितों और गरीबों को झूठे मुकदमों में न फंसाया जाए। देश-प्रदेश में फैले नफरत के माहौल को समाप्त किया जाए। धर्म-जाति के नाम पर समाज में नफरत फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। मॉब लिंचिंग की घटना को रोकने के लिए कदम उठाए जाएं।

### डीएम-एसपी ने किया भमरौआ मंदिर का निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत भमरौआ मंदिर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को मंदिर मार्ग को यथाशीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर प्रबंधन से भी जानकारी की। जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन को व्यापक स्तर पर सफाई कराने को कहा। इसके बाद दोनों अधिकारी टांडा में फ्लैग मार्च में शामिल हुए। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व हेम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अतुल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### शादाब जिलाध्यक्ष व फाजिल बने उपाध्यक्ष

**रामपुर,अमृत विचार :** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज के प्रदेशाध्यक्ष शाहीन अंसारी ने शादाब अली को जिलाध्यक्ष और फाजिल अंसारी को जिला उपाध्यक्ष बनाया है। शाहीन अंसारी ने कहा कि पसमांदा समाज के जिम्मेदार लोगों से संपर्क कर जिला कार्यकारिणी का गठन कर समाज को मजबूत करें। इसके लिए जमीनी स्तर पर लोगों को जोड़ना है। पसमांदा मुसलमानों की बात विभिन्न राजनीतिक पार्टियां पूरे प्रदेश व देश में कर रहीं हैं। हमें इसका राजनीतिक लाभ लेना चाहिए।

### धार्मिक भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर गांव टाह खुर्द निवासी इस्लाम हुसैन ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। इसमें उनका कहना है कि धार्मिक भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। चारों ओर बिजली के तार भी लगवाए लिए हैं। इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी से की थी। मगर संज्ञान नहीं लिया गया। मुख्यमंत्री से मांग की है कि धार्मिक भूमि से जल्द ही कब्जा हटवाकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### जुबैद बने भाकियू श्रमिक जनशक्ति के प्रदेश महासचिव

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव ने जुबैद खां को प्रदेश महासचिव बनाया है। प्रदेश महासचिव ने कहा कि बाबू खां को जिलाध्यक्ष, उस्मान मियां को तहसील अध्यक्ष, इमरान को नगराध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। कहा कि सैजनी नानकार में जलभराव की समस्या को दूर कराने किलए जल्द ही जिला पंचायत राज अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा।

### सीएमएस ने ली चिकित्सकों की बैठक

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ.अनवर सादात ने चार्ज लेने के बाद चिकित्सकों की बैठक ली। उन्होंने सभी को समय से ओपीडी करने, समय से हाजिरी लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने दवा, पर्चा काउंटर, पैथोलॉजी लैब, रेडियोलॉजिस्ट कक्ष का निरीक्षण किया।

### हर भारतीय को पढ़नी चाहिए उर्दू : जुबैर

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की ओर से उर्दू स्टडी सेंटर ग्रीन फील्ड इंटरनेशनल स्कूल में ग्लोबल सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसका आगाज डॉ. हसन अहमद निजामी ने किया। मुख्य अतिथि मास्टर असरार अहमद ने कहा कि उर्दू एक अहम जबान है। इसे हम ही जिंदा रख सकते हैं। इसे जिंदा रखने के लिए हमें चाहिए कि अपने घर में उर्दू को बढ़ावा दें। सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद जुबैर शम्सी ने कहा कि उर्दू किसी एक कौम या मजहब की भाषा नहीं है। बल्कि यह हिंदुस्तान की भाषा है। इसे हर हिंदुस्तानी को सीखना चाहिए। इस अवसर पर सेंटर मैनेजर प्रीति राठौर, नाजिया खान, मशकूर अहमद, प्रधानाचार्य नासिर खान, फैसल शाह खां आदि मौजूद रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

**मसवासी, अमृत विचार :** मंगलवार की रात करीब आठ बजे मोहल्ला भूबरा निवासी समीर बाजपुर मार्ग स्थित पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल डलवाने जा रहा था। सर्वहितकारी इंटर कॉलेज के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने समीर की बाइक में टक्कर मार दी। इसमें समीर घायल हो गया। उसे नगर निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। इस दौरान दूसरा बाइक सवार फरार हो गया। परिजनों ने हालत गंभीर होने पर समीर को काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# बसपा से बाहर होंगे निष्क्रिय पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



बसपा कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार।

● बाबा दीप सिंह नगर स्थित कार्यालय पर हुई बैठक

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार सागर ने कहा कि सेक्टर कमेटियों का रिव्यू कार्यक्रम चल रहा है। मंडल के पदाधिकारी भी रिव्यू कार्यक्रम में भाग लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष अपनी विधानसभाओं में सेक्टर का पुनर्गठन शुरू कर दें। निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर सक्रिय लोगों को जिम्मेदारी दें। जो लोग पार्टी में ज्यादा दिलचस्पी से काम करना चाहते हैं, उन्हें काम करने का मौका दिया जाएगा।

बाबा दीप सिंह नगर स्थित बसपा कार्यालय पर मंगलवार को हुई बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार को किसानों का कर्ज माफ करना चाहिए। किसान कर्ज से दबा है। सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाती है, परंतु किसान का हित नहीं देखती। अन्नदाता का शोषण होगा तो देश तरक्की नहीं कर सकता। शिक्षक आंदोलन करने को मजबूर हैं। स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। भाजपा सरकार में दलितों पर अत्याचार बढ़े हैं।

इस अवसर पर सरजू भास्कर, सतपाल सिंह, हबीबुर्रहमान, रमेश श्रीवास्तव, महेंद्र सागर, अखिलेश गुप्ता, शाकिर पहलवान, यूनुस अली, राकेश सागर, सोनू सागर, दिनेश जाटव, उस्मान अली, ज्ञान प्रकाश बौद्ध, अमीर अहमद गुप्ता, महबूब अली, ओंकार सिंह, कमरूज्जमा, बब्बू अली आदि मौजूद रहे।

## रोजगार मेले में हुआ 98 अभ्यर्थियों का चयन

**रामपुर, अमृत विचार :** युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इसके अलावा जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में राजकीय आईटीआई स्वार परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन हुआ।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य डॉ. मोहम्मद आसिफ ने बताया कि श्रीराम पिस्टन एण्ड रिगंर्स लिमिटेड गाजियाबाद, टाटा मोटर्स पतंनगर, त्रिवेणी शुगर मिल, पुखराज प्राईवेट लिमिटेड आदि कंपनियों ने मेले में प्रतिभाग किया। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई पासआउट के 200 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करते हुए 98 अभ्यर्थियों का चयन करके नियुक्ति पत्र दिए गए।

# रोजगार मेले में मिली 54 अभ्यर्थियों को नौकरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● मेले में 127 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग

**अमृत विचार :** जिला सेवायोजन अधिकारी अभिषेक पंत ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की तीन कंपनियों ने प्रतिभाग किया। ऑडज वेंचर प्राईवेट लिमिटेड कंपनी ने एसेम्बली व प्रोडक्शन के लिए 24, जेनेवा क्राप्स साइंस ने सेल्स एक्जीक्यूटिव पद के लिए 13 तथा पुखराज हेल्थ केयर प्राईवेट लिमिटेड ने वेलनेस एडवाइजर व मैनेजर के लिए 17 बेरोजगारों का चयन किया।

जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को प्रातः 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें प्राचार्या डॉ. जागृति मदान, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. सैयद अब्दुल वाहिद शाह एवं कंपनियों के एचआर ने बेरोजगार अभ्यर्थियों की प्री-कॅरियर काउन्सलिंग भी की। सुझाव दिया कि जीवकोपार्जन के लिए आवश्यक है कि वह अपनी रुचि के अनुरूप रोजगार का चयन करें।

डॉ. प्रदीप कुमार ने अभ्यर्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बेरोजगार अभ्यर्थियों को अपने अन्दर स्किल पैदा करना चाहिए। अपनी रुचि के अनुसार कम्पनी में प्रतिभाग करना चाहिए। बेरोजगार अभ्यर्थियों को विभिन्न भर्ती आयोगों के माध्यम से पारदर्शिता पूर्ण चयन प्रणाली के माध्यम से चयन प्रक्रिया की जानकारी दी। रोजगार मेले में 127 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया गया। इसमें साक्षात्कार के बाद 54 अभ्यर्थियों का चयन हुआ।



शाहबाद बिजलीघर में प्रदर्शन करते सुहावा के ग्रामीण। ● अमृत विचार

# लो वोल्टेज से परेशान सुहावा के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** लगातार लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे गांव सुहावा के ग्रामीणों का धैर्य मंगलवार को जवाब दे गया। भीषण गर्मी और उमस में लो वोल्टेज से परेशान ग्रामीण बिजलीघर पहुंचे और प्रदर्शन कर एसडीओ महेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बेहिसाब बिजली कटौती की जा रही है। लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। वोल्टेज लो आने के कारण लाइट आने पर भी कोई फायदा नहीं हो रहा है। पंखे भी नहीं चल पा रहे हैं। मोटर न चलने के कारण पानी को भी तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने लाइनमैन पर मनमानी का आरोप लगाया। समस्याओं को लेकर ग्रामीण बिजलीघर पहुंचे और प्रदर्शन किया। इसके बाद एसडीओ को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की। इस दौरान राम सिंह, ओमप्रकाश, महीपाल, भीमसेन, मनोज कुमार, मुनेश, आसिफ एवं नासिर आली आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय में दर्ज कराई आपत्तियां

**बिलासपुर, अमृत विचार :** टाह खुर्द के प्रधान सहित छह ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी द्वारा दिए गए नोटिस के एवज में अपनी आपत्ति दर्ज कराई हैं। नोटिसों को शीघ्र निरस्त करने की मांग भी की है।

एसडीएम न्यायालय ने ताजियों के जुलूस में शांतिभंग की आशंका जताते हुए टाहखुर्द के प्रधान शफकत हसन सहित ग्रामीणों को नोटिस दिए थे। नोटिस मिलने पर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया था। प्रशासन पर बिना वजह दबाव बनाने का आरोप भी लगाया था। मंगलवार को प्रधान और ग्रामीणों ने एसडीएम हिमांशु उपाध्याय से नोटिसों को शीघ्र निरस्त करने की मांग की।

एसडीएम ने कहा कि यह नोटिस गांव में शांति व्यवस्था बनाने के उद्देश्य से दिए गए थे। आपत्ति पर विचार किया जाएगा।

# स्वास्थ्य कर्मियों का घेराव करने की चेतावनी

संवाददाता, शाहबाद



एसडीओ महेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपते भाकियू भानु के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● गरीबों के इलाज में लापरवाही बरत रहे चिकित्सक

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक समेत कर्मचारियों पर मनमानी का आरोप लगाया। कहा कि चिकित्सक भी गरीबों के इलाज में लापरवाही बरत रहे हैं। चेतावनी दी कि यदि स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी दूर नहीं हुई तो घेराव करेंगे। किसानों ने एसडीओ को ज्ञापन भी सौंपा। किसानों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को रवैया सुधारने की चेतावनी दी। कहा कि चिकित्सकों की मनमानी नहीं रुकी तो वह सीएचसी का घेराव करेंगे।

मंगलवार को भाकियू भानु के कार्यकर्ता वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आकिल खां के नेतृत्व में तहसील पहुंचे और उप जिलाधिकारी सुनील कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसमें किसानों ने सीएचसी में तैनात चिकित्सकों पर लापरवाही तथा निजी चिकित्सकों से मिलीभगत का आरोप लगाया। कहा कि कमीशन के चक्कर में सरकारी चिकित्सक मरीजों को निजी चिकित्सकों के यहां जाने की सलाह देते हैं। इसके बाद किसान बिजलीघर पहुंचे और एसडीओ महेंद्र सिंह को ज्ञापन दिया। इसमें आरोप लगाया कि घरेलू कनेक्शन का लोड बिना बताए एक किलो वाट से बढ़ाकर दो किलो वाट कर दिया गया। इससे किसानों को दोगुना बिल भरना पड़ रहा है। इस दौरान अमरपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, झंडू सिंह, हरिश्चन्द्र, जयपाल, अबरार मलिक, रामनाथ मौर्य, रामौतार एवं विद्याराम आदि मौजूद रहे।

**मजलिस** या हुसैन-या हुसैन की सदाओं से गूंजी फिजा, अंजुमनों ने की नोहाख्वानी

# नौ मोहर्रम को इमामबाड़ों में हुआ मातम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



इमामबाड़ा खासबाग में मजलिस को खिताब करते मौलाना डा. अब्बास रजा नैयर।

**अमृत विचार :** नौ मोहर्रम को शहीदाने कर्बला की याद में इमामबाड़ों में मजलिस और मातम हुआ। इस दौरान या हुसैन-या हुसैन, या अली मौला-या अली मौला की सदाओं से फिजा गूंज उठी। शाम को इमामबाड़ा जनाना किला में अलम निकला।

नौ मोहर्रम की शाम इमामबाड़ा जाकिर हुसैन में शबीहे ताबूत निकला। इससे पहले मजलिस हुई। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना ने कहा कि हर अजादार की जिम्मेदारी है कि रसूल की सीरत को अपनाए। वुजू करके अलम को उठाना चाहिए। मजलिस में भी वुजू करके जाएं और नमाज पढ़ें। मजलिस के बाद अंजुमनों ने नोहाख्वानी और मातम किया। मजलिस में मंसूर हुसैन, फैसल रिजवी, अदीब रिजवी, वसीम हैदर जैदी, सैयद बाबर हुसैन, हसन मेहंदी, दानिश नकवी, मिर्जा मुज्तबा अली बेग, मिर्जा तकी बेग, अब्बास हैदर, यावर हुसैन आदि अजादार मौजूद रहे।

किला स्थित जनाने इमामबाड़े में अलम निकला। इसमें अंजुमनों ने नोहाख्वानी की। इमामबाड़ा खासबाग में मौलाना डा. अब्बास रजा नैयर ने कहा कि सक्काए सकीना हजरत अब्बास चार साल की हजरत सकीना समेत तीन दिन के भूखे-प्यासे बच्चों के लिए कर्बला के मैदान में फरात से पानी लेने गए। लेकिन, यजीद की फौज ने हजरत अब्बास के दोनों बाजू कलम कर दिए। वह कर्बला के मैदान में शहीद हो गए। यह सुनकर अजादार जारो-कतार रोने लगे।

मजलिस में पूर्व सांसद बेगम नूरबानो, पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां, बेगम शाह बानो, राशिद हिलाल, अली हैदर जैदी, शान जैदी, बिशारत हुसैन, सैयद मोहम्मद अली जैदी आदि मौजूद रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**मिलक, अमृत विचार :** क्षेत्र के सिरसा गांव निवासी बृजपाल अपने साथी कपिल व बृज श्याम के साथ रठौंडा से गांव लौट रहे थे। सिरसा निवासी करतार भी दो साथियों के साथ गांव से रठौंडा जा रहा था। पुरैनिया जदीद गांव स्थित मोड़ पर दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई। इसमें करतार, बृजपाल व कपिल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल लाया गया। हालत नाजुक देख परिजन करतार को बरेली ले गए। कपिल और बृजपाल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर करतार के तहेरे भाई की नई नवेली दुल्हन शशिबाला भी सरकारी अस्पताल पहुंच गई। करतार की गंभीर हालत को देख वह बेहोश होकर गिर गई। परिजनों ने उसे भी भर्ती करा दिया। घटना की सूचना पर सिरसा गांव के लोग व रिश्तेदार भी अस्पताल पहुंच गए।



जौहर विश्वविद्यालय में पौधरोपण करतीं पूर्व सांसद एवं अन्य। ● अमृत विचार

# पेड़ बचाओ, जीवन बचाओ नारा नहीं जिम्मेदारी है : डॉ. तजीन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मंगलवार को मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी में पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा ने पौधरोपण करके अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि पेड़ बचाओ, जीवन बचाओ केवल एक नारा नहीं है बल्कि यह एक जिम्मेदारी है। इसे प्रत्येक इंसान को समझना और मानना चाहिये।

पूर्व सांसद ने पौधरोपण के बाद कहा कि पेड़ हमारे ग्रह पर सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक हैं। यह मनुष्यों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। हम पेड़ों पर निर्भर हैं। इस अवसर पर वाइस चांसलर डॉ. मोहम्मद आरिफ, कुलसचिव डॉ. एसएन सलाम, डॉ. मोहम्मद कलीम, डॉ. राजेश यादव, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेट डॉ. गुलरेज निजामी, प्रशिक्षण प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. फरहा, स्वाति सिंह राणा, डीन रिसर्च डॉ. अजरा शाहीन, अनुराग शर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### वाहनों के किराया भुगतान को बैंक खाते की दें जानकारी

**संभल, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में लगे प्राइवेट भारी और हल्के वाहनों के किराया भुगतान को लेकर कवायद शुरू हुई है। एआरटीओ प्रशासन डॉ.प्रवेश कुमार सरोज ने कहा है कि वाहनों के स्वामी तुरंत अपने बैंक पासबुक की छायाप्रति जिला निर्वाचन कार्यालय एवं जिला पूर्ति कार्यालय में उपलब्ध कराकर प्राप्ति रसीद हासिल कर लें। ताकि नियमानुसार किराया भुगतान हो सके।

### बिजली विभाग के तीन अधिकारियों का तबादला

**संभल, अमृत विचार :** शासन की व्यवस्था के तहत संभल में बिजली विभाग में तैनात एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह का तबादला रामपुर हो गया है जबकि एसडीओ चतुर्थ अमरेंद्र यादव का स्थानांतरण सहसपुर हुआ है। यहां गाजियाबाद से एसडीओ गोपाल कृष्ण और बड़ौत से एसडीओ प्रभात भास्कर को भेजा गया है। वहीं संभल में तैनात एईआर श्याम मिलन यादव का स्थानांतरण बिलासपुर के लिए हुआ है।

### आग लगाकर झुलसी महिला की मौत

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला 30 वर्ष ने एक सप्ताह पहले घरेलू विवाद के चलते आग लगा ली थी। जिसमें महिला गंभीर रुप से झुलस गई थी। परिजन महिला का इलाज कराने पहले मेरठ ले गए थे। हालत में सुधार नहीं होने पर डॉक्टर ने महिला को दिल्ली निजी अस्पताल रेफर कर दिया था। मंगलवार को उपचार के दौरान महिला की दिल्ली अस्पताल में मौत हो गई।

### शादी का झांसा देकर शोषण का आरोप

**बहजोई,अमृत विचार :** बहजोई के एक मोहल्ला निवासी युवती ने साथ काम करने वाले हरियाणा के युवक पर शादी का झांसा देकर आठ साल तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि साथ काम करते समय युवक से प्रेम संबंध स्थापित हुए तो उसने कुछ समय बाद शादी करने का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। इसके बाद यह इसी तरह आठ साल तक उसका शोषण करता रहा। युवती ने कार्रवाई के लिए बहजोई कोतवाली में तहरीर दी है।

संभल की खबरें पेज 14 पर भी

# मोहर्रम पर यातायात को रूट डायवर्जन प्लान तैयार

## चार स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था, ताजियों के मार्गों पर ई रिक्शा, दो और चार पहिया वाहन नहीं चलेंगे

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में मोहर्रम के मौके पर निकलने वाले ताजियों के जुलूस के मद्देनजर यातायात पुलिस ने वाहनों के लिए रूट डायवर्जन प्लान तैयार किया है। इसके लिए 12 प्वाइंट बनाते हुए चार स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था की गई है।

यातायात प्रभारी अनुज कुमार मलिक ने बताया कि हसनपुर गजरौला की ओर से आने वाला यातायात जिसे चंदौसी, मुरादाबाद, बदायूं जाना है वह चौधरी सराय चौराहा से डायवर्ट होकर पंवासा से बहजोई होकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ेगा। गवां की ओर से आने वाले जिस यातायात को चंदौसी, बदायूं, मुरादाबाद जाना होगा वह चौधरी सराय चौराहा से डायवर्ट होकर पंवासा, बहजोई, चंदौसी होकर जाएगा।

मुरादाबाद की ओर से आने वाले जिस यातायात को दिल्ली, बुलंदशहर, अलीगढ़ जाना है वह बिलारी तिराहा सिरसी से डायवर्ट किया जाएगा। यह यातायात थाना हजरतनगर गढ़ी से बिलारी, चंदौसी, बहजोई होकर जाएगा। मुरादाबाद एवं बदायूं की ओर से चंदौसी संभल होकर दिल्ली की जाने वाले यातायात को संभल तिराहा चंदौसी से डायवर्ट करते हुए बहजोई, बबराला, नरौरा पुल होकर बढ़ाया जाएगा। ताजियों के मार्ग पर ई रिक्शा, चार पहिया वाहन और दो पहिया वाहन बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि डायवर्जन व्यवस्था के लिए चौधरी सराय चौराहा संभल, पेट्रोल पंप के सामने मंडी रोड संभल, हसनपुर रोड बाईपास निकट खग्गूपुरा, रायसत्ती बाईपास चौराहा, वाजिदपुरम मुरादाबाद रोड, बिलारी तिराहा मुरादाबाद मार्ग, चंदौसी बाईपास चंदौसी रोड, चंदौसी चौराहा संभल, असमोली चौराहा जोया मार्ग, यशोदा चौराहा प्वाइंट बनाए गए हैं। प्वाइंटों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई है।

### यह है पार्किंग व्यवस्था

**संभल अमृत विचार :** संभल में चार स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था की गई है। इनमें चंदौसी रोड पर सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के सामने खाली मैदान, मुरादाबाद मार्ग पर बिजलीघर के सामने खाली मैदान, असमोली रोड पर रायसत्ती बस अड्डा, हसनपुर रोड पर मंडी समिति के अंदर पार्किंग व्यवस्था होगी।

### नहीं कटेंगे तार, इमरजेंसी में ही बाधित होगी बिजली

**संभल, अमृत विचार :** मोहर्रम के मौके पर निकलने वाले ताजियों को लेकर इस बार बिजली के तार नहीं काटे जाएंगे और न ही बिजली बाधित होगी। हां, इतना जरूर है कि अधिकारियों को किसी क्षेत्र में जरूरत महसूस होगी तो ही बिजली बाधित कराएंगे। इस बारे में एक्सईएन ने अधीनस्थों को निर्देश दिए हैं। मोहर्रम को लेकर कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। प्रदेश सरकार के निर्देश पर मोहर्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए इस बार पुलिस प्रशासन व्यापक तैयारी की है, वहीं बिजली विभाग ने भी कमर कस ली है। एक्सईएन संभल नवीन गौतम ने बताया कि मोहर्रम के मौके पर निकलने वाले ताजियों को लेकर इस बार शहर से लेकर देहात तक कहीं भी बिजली के तार नहीं काटे जाएंगे। अगर किसी क्षेत्र में लगेगा तभी बिजली बाधित रहेगी। यह कदम भी सीमित समय के लिए उठाया जाएगा। वहीं बिजली विभाग ने मोहर्रम को लेकर कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी है। अधिकारियों और कर्मचारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।


सिरसी में मातमी जुलूस निकालते शिया मुसलमान। ● अमृत विचार

### नवीं मोहर्रम को निकले जुलूस, माहौल गमगीन

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी में नवीं मोहर्रम को तनवीर हुसैन के मकान से अली अकबर के ताबूत का जुलूस निकाला गया। जिसमें अंजुमने हाशमी ने नौहाख्वानी की। ताबूत का जुलूस इमाम बारगाह सादात में जाकर संपन्न हुआ। शाम को इमाम बारगाह मकूफा में मजलिस के बाद शबीहे जुलजुनाह बरामद किया गया। जिसमें मुकामी अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। जुलूस अपने निर्धारित रास्ते संभल मुरादाबाद मार्ग, पुलिस चौकी सिरसी से होता हुआ इमाम बारगाह गर्वी में जाकर समाप्त हुआ। मुहल्ला शर्की कर्बला सादात में खयामे हुसैनी की मंजरकशी की गई। इमाम बारगाह सादात से कर्बला सादात तक दोनों तरफ सरसो के तेल के हजारों दिए जलाए गए। सिरसी के अलावा आसपास के लोग कर्बला सादात पहुंचे। देर रात जमाए इमाम मेहंदी में मजलिसे अजा शुरू हुई। जिसमें मर्सियाख्वानी वाकर मेहंदी और उनके हमनवां ने पढ़ी। अली मेहंदी ने खिताब फरमाया। मजलिस के बाद शबीहे जुलजुनाह अली अकबर बरामद हुआ। जिसमें सवारी वकार मेहंदी और उनके साथियों ने पढ़ी। सवारी के बाद मुकामी अंजुमन ने नौहाख्वानी की। जुलूस इमाम बारगाह सादात में जाकर समाप्त हुआ। दिन भर मजलिसों में इमाम हुसैन के फरजंद अली अकबर के मसाइब बयां किए गए। जिन्हें सुनकर अजादार फूट फूट कर रोए। नजरो नियाज का सिलसिला चलता रहा।

# इमामबाड़ों पर अदा की मेहंदी की रस्म, निकाले जुलूस

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** इमाम हुसैन के भतीजे और बेटे कर्बला के शहीद कासिम की याद में मंगलवार को संभल समेत आसपास के क्षेत्रों में इमामबाड़ों पर शाही मेहंदी की रस्म अदा की गई। सजी हुईं मेहंदी को देखने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। रात के वक्त कई मेहंदी रोशनी से जगमग हुईं तो नजारा आकर्षक हो गया। मेहंदी के जुलूस भी निकाले गए।

मोहर्रम को लेकर संभल शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मंगलवार को मेहंदी की रस्म अदा की। इमामबाड़ों पर मेहंदी सजाकर रखी गई। जिन्हें देखने के लिए लोग उमड़ पड़े। रात होने पर कई मेहंदी रोशनी से जगमग हो गईं। संभल के मंडी किशन दास सराय, चौधरी सराय समेत कई क्षेत्रों में मेहंदी की रस्म की गई। वहीं असमोली क्षेत्र के गांव ओबरी, रचैटा, असगरीपुर, मढ़ैया, दबोई, नहरौली आदि के इमामबाड़ों पर शाही मेहंदी की रस्म अदायगी की गई। मेहंदी के जुलूस भी निकाले गए। अकीदतमंदों ने घरों में कई तरह पकवान बनवाकर इमामबाड़ों पर तकसीम किए। इमाम हुसैन और उनके 72 शहीदाने कर्बला की याद में अपने-अपने घरों में मजलिसों का आयोजन किया। कुरानख्वानी कराई गई। जिसमें तबर्रुक तकसीम किए गए।


संभल के मंडी किशन दास सराय में सजाया गया ताजिया। ● अमृत विचार

# भागवत कथा सुनने मात्र से मोक्ष की प्राप्ति संभव

संवाददाता, गुन्नौर/रजपुरा

**अमृत विचार :** गुरु पूजा महोत्सव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन सुप्रसिद्ध कथा व्यास शिवम विष्णु पाठक ने सूतजी एवं शौनकादि ऋषि संवाद, महर्षि नारद भक्ति का और सनंत कुमारों से संवाद सुनाया। भगवान के समस्त अवतारों का वर्णन किया गया। राजा परीक्षित का शुकदेव से मिलन का वृतांत सुनाया। कहा कि शौनक ऋषि ने जब सूतजी से मानव कल्याण का मार्ग पूछा तो उन्होंने कल्याण के लिए श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करना बताया।

हरि बाबा बांध धाम पर गुरु पूजा महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा में व्यास शिवम् विष्णु पाठक ने कहा कि कलियुग में भागवत कथा श्रवण करने से भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के साथ ही भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति प्राप्त होती है। कथा के श्रवण मात्र से मोक्ष की प्राप्ति संभव है। हर व्यक्ति को जीवन में सुख व शांति के अलावा मोक्ष प्राप्त करने के लिए श्रीमद्भागवत कथा का नियमित श्रवण करना चाहिए। कथा के दौरान हरिभक्ति आधारित संगीतमय भजन गायन किया गया एवं समापन पर आरती उतारी गई। दूसरे दिन सुबह की पूजा ट्रस्ट के अध्यक्ष बुधरंजन सिंह, रमाकांत पाठक, विशम्भर पाठक, मुकेश वार्ष्णेय और प्रवीण भारद्वाज आदि ने संपन्न कराई।



हरिबाबा बांध धाम आश्रम पर कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- हरि बाबा बांध धाम पर गुरु पूजा के दूसरे दिन भक्ति में रमे श्रद्धालु

### हरिनाम संकीर्तन से भक्तिमय बना माहौल

**गुन्नौर/रजपुरा अमृत विचार :** गुरु पूजा महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को बांध धाम पर 'निताई गौर हरि बोल' उच्चारण गूंजता रहा। धार्मिक अनुष्ठान और हरिनाम संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय बन गया है। वृंदावन की नाट्य मंडली श्री गौरांग रामकृष्ण लीला मंडल के कलाकारों ने योगीराज भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र से जुड़ी लीलाओं का मंचन किया। जिसे देखने आसपास गांवों के सैकड़ों महिला पुरुष बांध पर पहुंचे। अमृत बेला में हरिबाबा के मंदिर विग्रह में मंगला आरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी।

# शेड्यूल के अनुसार की बिजली आपूर्ति की मांग

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार:** भकियू टिकैत के कार्यकर्ता पंवासा ब्लाक अध्यक्ष महेशपाल के नेतृत्व में कैला देवी बिजलीघर पहुंचे और अपनी मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को संबोधित ज्ञापन अवर अभियंता को सौंपा।

कहा कि बिजलीघर से जुड़े गांव बमनपुरी कला व सादनगर फीडर से किसानों को बिजली की आपूर्ति की जा रही है। ओवरलोड की वजह से बिजली विभाग के कर्मचारी बमनपुरी व सादनगर फीडर की सप्लाई को बाधित कर देते है। बिजली नहीं मिलने की वजह किसानों की फसलें सूखने लगी हैं। किसानों ने शेड्यूल के अनुसार बिजली की आपूर्ति करने की मांग की। इस दौरान जिला महासचिव शीशपाल सिंह, बृजपाल आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### शहर से देहात तक सुरक्षा और निगरानी के इंतजाम

**संभल, अमृत विचार :** संभल जिले में मोहर्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई हैं। जिला प्रशासन ने सुरक्षा एवं निगरानी के कड़े प्रबंध किए हैं। शहर से देहात तक पुलिस कर्मियों तैनाती करने के साथ ही अधिकारियों की मजिस्ट्रीयल ड्यूटी लगी है। हरेक गतिविधि पर अधिकारियों की नजर रहेगी।प्रदेश सरकार के निर्देश पर मोहर्रम को संपन्न कराने के लिए पिछले कई दिनों से पुलिस प्रशासनिक अधिकारी तैयारी में जुटे रहे। अधिकारियों ने ताजियेदारों के साथ बैठक करके संवाद किया और जरूरी निर्देश दिए। मोहर्रम को सदभाव एवं शांति के माहौल में संपन्न कराने के लिए तैयारी की गईं। संभल समेत दूसरे शहर, कस्बा और देहात क्षेत्र में सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई तो निगरानी के इंतजाम भी कर लिए गए। अधिकारियों को मजिस्ट्रेट पावर देकर विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किया गया। अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को बुधवार को सुबह से ही अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। कहा गया कि सरकार ने जो निर्देश दिए हैं उन्हीं के मुताबिक मोहर्रम पर ताजिये निकाले जाने हैं। इसके विपरीत अगर कहीं कोई गतिविधि नजर आए तो तुरंत अवगत कराया जाए।

### मंदिर के स्थापना दिवस पर हुए धार्मिक आयोजन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के बदायूं रोड स्थित ओमी लाला फार्म हाउस पर शिव मंदिर का सातवां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। प्रात: काल में वैदिक रिती रिवाज के साथ देव मूर्तियों को स्नान करा कर श्रंगार किया और विधि विधान से पूजा अर्चना की। दोपहर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। इस अवसर पर ओमप्रकाश ओमी लाला, कपिल गुप्ता, परमेश्वरी लाल सैनी, मौसम गुप्ता, सचिन अग्रवाल, राजीव सिंघानिया, कौशल किशोर, गिरीश बंधु, डॉ. टीएस पाल, कुश रावत, दीपमाला गुप्ता, सुनीता अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, रागिनी वार्ष्णेय, संगीता गुप्ता, मोहिनी वार्ष्णेय, प्रियादर्शनी, नेहा, सपना, राखी, शुभम सिंघानिया, हरेन्द्र कोहली, ललित राठौर, मनोज दिवाकर, सभासद तरूण नीरज, अमन कोली, नवकांत शर्मा, मनोज गुप्ता, मोहित दिवाकर, उमेश सैनी आदि उपस्थित रहे।


चन्दौसी बाल विद्या मंदिर में यलो डे मनाते बच्चे। ● अमृत विचार

### नन्हें मुन्नों ने मनाया येलो डे, जम कर की मस्ती

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के मुंसिफ रोड स्थित चन्दौसी बाल विद्या मंदिर में मंगलवार को येलो डे मनाया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया और पीले वस्त्रों में सज कर आए बच्चों ने खूब मस्ती की और रैंप वॉक भी किया। प्रधानाचार्या श्रुति अग्रवाल व उप प्रधानाचार्या ममता नगर ने बच्चों को आम की विभिन्न प्रजातियों के बारे में बताया और फलों के राजा आम के फायदे बताए। बच्चों ने आम के विषय में कविताएं सुनाईं। अंत में बच्चों को आम खिलाए गए। संचालन अलका चौधरी ने किया। इस अवसर पर पूजा अरोरा, पूजा कुमारी, मानसी, गुंजन, बास्की, रीता गुप्ता, दीपा विश्वकर्मा, भावना गुप्ता, ज्योति का सहयोग रहा।

### सीनियर में काव्य नंदा, जूनियर वर्ग में पलक ने मारी बाजी

**बहजोई, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप ऑफ बहजोई फ्रेंड्स के तत्वाधान में जूनियर और सीनियर वर्ग में चित्रकला प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में काव्य नंदा व जूनियर वर्ग में पलक वार्ष्णेय ने बाजी मारी। बहजोई महाविद्यालय के सभागार में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। आजादी का अमृत महोत्सव शीर्षक पर अच्छे चित्र बनाए। वहीं पोस्टर बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सीनियर वर्ग में हीरा देवी तोताराम की छात्रा काव्य नंदा ने प्रथम, एसएम कॉलेज चंदौसी के छात्र रूपक ने द्वितीय, बीएमबीएल जैन कॉलेज के छात्र भानु प्रताप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में सिल्वरस्टोन की छात्रा पलक वार्ष्णेय ने प्रथम, कृतिका ने द्वितीय, कुमारी रुसदा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वीरेंद्र कुमार गुप्ता, सोमप्रकाश वार्ष्णेय, सुमित डीआर, राहुल वार्ष्णेय एडवोकेट, भास्कर नारायण, जय अवतार, हेमंत वार्ष्णेय, विवेक बजाज, नितिन आयरन, दिवाकर गुप्ता, डॉ. राजेंद्र कुमार आर्य आदि ने सहयोग किया। संचालन डॉक्टर लव कुमार आर्य ने किया।

### परिषदीय स्कूलों में मीनू के अनुसार बने मिड डे मील

**बहजोई, अमृत विचार :** डीएम ने अधिकारियों की बैठक में शिक्षा विभाग की के किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए स्कूलों में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की बात कही। मिड डे मील का भोजन मीनू के अनुसार देने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया ने बीएसए अलका शर्मा से बेसिक शिक्षा से संबंधित प्रमुख बिन्दुओं के विषय में चर्चा की। शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थित तथा विद्यालय से संबंधित 12 रजिस्टर के विषय में भी चर्चा की गई। कायाकल्प के 19 बिंदुओं के संतृप्तीकरण को लेकर डीपीआरओ से कहा कि विद्यालयों की रंगाई पुताई अच्छी गुणवत्ता युक्त हो। कहा कि ग्राम प्रधान विद्यालय की संबंधित पंजिका पर भी हस्ताक्षर करें तथा एसएमसी की मीटिंग में भी प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों के ऊपर से कोई भी हाई टेंशन लाइन न गुजरे यह सुनिश्चित किया जाए। विद्यालयों की अच्छी गुणवत्ता युक्त चारदीवारी का निर्माण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने कहा कि जो अधिकारी अपने लक्ष्य से अधिक निरीक्षण करेगा उसको सम्मानित भी किया जाएगा। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, डीडीओ राम आशीष, एसीएमओ डा. पंकज विश्नोई, डीआईओएस वेदराम बीएसए अलका शर्मा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# 42 संकुल शिक्षकों ने पद से दिया इस्तीफा

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में ब्लॉक क्षेत्र के 42 शिक्षकों ने संकुल शिक्षक पद से इस्तीफा दे दिया है। संकुल शिक्षकों ने सामूहिक रूप से ब्लॉक संसाधन पर त्याग पत्र सौंपा है।

शिक्षक संकुल कालाराम यादव ने बताया कि संकुल शिक्षक होने के नाते हमारी जिम्मेदारी प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को बैठक करने की है। इसमें शासन द्वारा दिए गए एजेंडे की जानकारी दी जाती है। हाउस होल्ड सर्वे, पुस्तक वितरण कार्य, स्कूलों का डाटा फीड भी करवाना होता है। एक न्याय पंचायत में पांच शिक्षक संकुल होते हैं। विद्यालय को संभालने के अलावा हमें यह अतिरिक्त कार्य करने को दिया गया है। जब हमारा चयन संकुल शिक्षक पद पर हुआ था तो विभागीय अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि दो वर्ष बाद दूसरे शिक्षकों का इसी पद पर चयन किया जाएगा। लेकिन विभागीय अधिकारियों ने नए शिक्षकों का चयन करने के बजाय पुराने शिक्षकों का ही नवीनीकरण कर दिया गया। इससे संकुल शिक्षक चार वर्ष से अतिरिक्त दबाव झेल रहे हैं। ऊपर से ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश मानसिक रूप से परेशान करने वाला है। शिक्षक नेता सुभाष यादव ने बताया कि ब्लॉक के सभी 42 शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को त्यागपत्र दे दिया है।


गुन्नौर में सामूहिक त्याग पत्र देते संकुल शिक्षक। ● अमृत विचार

### असमोली में भी दिया त्याग पत्र

**संभल/मनोटा अमृत विचार :** विकासखंड असमोली के संकुल शिक्षकों ने अतिरिक्त पद से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबोधित त्याग पत्र ब्लॉक संसाधन केंद्र सैदपुर इम्मा में दिया। कहा कि डिजिटल उपस्थिति का विरोध करते हुए अपने अतिरिक्त पद से त्याग पत्र दे दिया है। इस दौरान राकेश कुमार शर्मा, अखिलेश कुमार सिंह, जगदीश बाबू, शशांक सैनी, दलवीर कुमार, आनंद कुमार, आदित्य कुमार लाहोरी, मशकूर आलम रहे।

# दलितों एवं मुस्लिमों के शोषण के विरोध में एआईएमआईएम ने उठाई आवाज

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं ने दलितों एवं मुस्लिमों के शोषण के विरोध में आवाज उठाई। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर दलित, मुस्लिम व कमजोर वर्ग को बराबरी से जीने का अधिकार दिए जाने की मांग की।

एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष असद अब्दुल्ला और कार्यकर्ता नई तहसील कार्यालय पर इकट्ठा हुए। कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करने के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विनय कुमार मिश्र को सौंपा। कहा कि दलितों और मुस्लिमों का शोषण किया जा रहा है। आये दिन मॉब लिंचिंग की घटनाएं हो रही हैं। बुलडोजर के जरिये कानून का उल्लंघन करते हुए गरीबों के घरों को ध्वस्त किया जा रहा है। कहा कि सरकार की हठधर्मी पर रोक लगाते हुए देश के सभी दलित, मुस्लिम और कमजोर वर्गों को बराबरी से जीने का अधिकार दिया जाए। इस दौरान प्रदेश महासचिव सैयद असलम, चेयरमैन पति चौधरी मुशीर खां, मेहरान तुर्की, शकील अहमद एडवोकेट, हाफिज आमिर, नासिर सुबहान, लुकान, तनवीर आलम, रियाज अहमद, शाने आलम, मास्टर उमर, सालिम आदि रहे।



संभल में मार्च निकालकर तहसील कार्यालय जाते एआईएमआईएम कार्यकर्ता।

- पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा
- दलित, मुस्लिम एवं कमजोर वर्ग को बराबरी से जीने का अधिकार देने की मांग की

# सर्पदंश से एक युवक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र में खेत पर धान फसल की सिंचाई करते समय जमीन पर सो रहे युवक के डसने से मौत हो गई। वहीं हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में आंगन में चारपाई पर सो रहे युवक की सर्पदंश से हालत बिगड़ गई।

हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा निवासी सद्दाम 20 सोमवार की रात अपने चाचा फुरकान को साथ लेकर धान फसल की सिंचाई करने खेत पर गया था। नलकूप चलाकर सद्दाम जमीन पर कपड़ा बिछाकर सो रहा था। देर रात किसी समय सद्दाम को सांप ने काट लिया।

परिजन इलाज के लिए सद्दाम को लेकर पहले झाड़ फूंक करने वालों के पास दौड़ते रहे। जिससे हालत में सुधार होने की जगह सद्दाम की हालत बिगड़ती चली गई। बाद में परिजन सद्दाम को लेकर जिला अस्पताल आए। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने इंजेक्शन नहीं होने की बात कही। जिसके बाद परिजन उपचार कराने के लिए सद्दाम को लेकर किसी दूसरे अस्पताल चले गए, लेकिन इसी बीच सद्दाम की मौत हो गई।

### आंगन में सो रहे ग्रामीण को सांप ने डसा

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव मुकर्रबपुर निवासी मजदूर राहुल सोमवार की रात खाना खाकर परिजनों के साथ घर के आंगन में सो रहा था। राहुल के साथ चारपाई पर उसकी आठ वर्षीय पुत्री वंशिका भी सो रही थी। देर रात तीन बजे के करीब राहुल को सांप ने डस लिया। परिजन राहुल को लेकर रामपुर जिले में झाड़ फूंक वाले के पास पहुंचे। हालत में सुधार नहीं होने पर संभल जिला अस्पताल आ गए। यहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

हादसे

लोगों ने कहा-रोड सेफ्टी के तहत होने चाहिए इंतजाम, मिलेगी सहूलियत

# ब्लैक स्पॉट बना बर्दमार पुल के आसपास का क्षेत्र

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर बर्दमार पुल के दोनों तरफ करीब आधा किलोमीटर का क्षेत्र दुर्घटनाओं के कारण ब्लैक स्पॉट बन चुका है। यहां अकसर हादसे होते रहते हैं। जनवरी से लेकर अब तक तमाम हादसों में कई लोगों की जान जा चुकी है।

यदि आप भी नेशनल हाईवे पर बबराला से चंदौसी सड़क मार्ग से गुजर रहे हैं तो बबराला से गांव कैल तक विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। यहां से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। सर्दियों में तो कोहरे की शुरूआत होते ही हादसों की संख्या और भी बढ़ जाती है। हादसों को रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कोई प्रयास नहीं किया गया है। सड़क दुर्घटनाओं के ब्लैक स्पॉट आधा किलोमीटर हिस्से पर दुर्घटनाओं के कारणों की पड़ताल कर उनका निराकरण किया जाए तो इस समस्या पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। घटित सड़क हादसों पर गौर किया जाए तो उनकी मुख्य वजह रोड का घुमावदार होना है। जिसमें सामने से आते वाहनों के अचानक आने से हादसे का खतरा बना रहता है। ऐसे में जरा सी भी चूक होते ही लोग हादसे की जद में आ जाते हैं। लगातार दुर्घटनाएं घटने के बावजूद न तो यहां खतरे से सावधान करने वाले मार्ग संकेतक बोर्ड लगाए गए हैं और न ही यातायात संबंधी अन्य कोई दिशा-निर्देश की जानकारी को लेकर बोर्ड स्थापित किया गया है। वहीं यातायात प्रभारी अनुज मलिक ने बताया कि हादसों की वजह का पता लगाकर हादसे रोकने का प्रयास किया जायेगा।


हादसों को रोकने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर रोड सेफ्टी के तहत यहां पर रोड मार्किंग के साथ-साथ मीडियन मार्कर, साइन बोर्ड और कैट आई भी लगाई जाए तो दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

-राजीव गोयल, व्यापारी नेता


वाहन चालकों को गति पर नियंत्रण रखना जरूरी है। अनावश्यक स्पीड बढ़ाने से वाहन कंट्रोल से बाहर होकर किसी दूसरे वाहन से टकरा सकता है। गाड़ी की स्पीड नियंत्रित रख कर हादसों से बचा जा सकता है।

-अनिल गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता


वाहन चलाते वक्त लोग मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। इससे ड्राइविंग से ध्यान भटकता है और दुर्घटना हो जाती है। दुर्घटना से बचने के लिए ड्राइविंग करते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

-नवीन वार्ष्णेय, व्यवसायी


गंतव्य पर जल्दी पहुंचने के लिए दूसरी गाड़ी से आगे निकलने की होड़ में ओवरटेक करते समय मोड़ पर सामने से आ रहा वाहन नहीं दिखता है। इससे दुर्घटना की आशंका रहती है। मोड़ से पहले चेतावनी सूचक बोर्ड लगाया जाए।

-शुभांशु, गुन्नौर

## एक नजर

### खुशहाली के लिए देवी माता को लगाई जात

कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार : गांव दियौरा खास स्थित मां बगिया वाली देवी के मंदिर पर मंगलवार की सुबह छह बजे से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में विधि विधान से पूजा अर्चना की। परिवार खुशहाली के लिए श्रद्धालुओं ने प्रसाद एवं अनाज चढ़ाया और पूड़ी पुआ का भोग लगाकर देवी मां को जात लगाकर मन्नत मांगी।

### पति पर मारपीट व धमकी देने का आरोप

संभल/कैलादेवी, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी वीर सिंह ने छह वर्ष पहले बेटी होमवती की शादी धनारी थाना क्षेत्र के गांव बाय भूड़ निवासी नवरत्न के साथ की थी। तीन वर्ष पहले होमवती को घर से निकाल दिया था। मायके में आकर होमवती ने गांव के चौराहे पर क्लीनिक खोल लिया। 11 जुलाई को नवरत्न दूसरी युवती से शादी करने के बाद 14 जुलाई को होमवती के क्लीनिक पर आया । आरोप है कि क्लीनिक पर आने के बाद नवरत्न होमवती के साथ मारपीट कर धमकी दी।

# पति व ससुर के धमकाने पर महिला ने फंदे पर लटक कर जान दी, 6 पर रिपोर्ट

## ससुराल वालों ने विवाहिता को 20 दिन पहले घर से निकाल दिया था, मायके में रही थी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- दहेज में पांच लाख रुपये व एक बाइक की मांग कर रहे थे

**अमृत विचारः** ससुराल वालों की दहेज की मांग से तंग आकर विवाहिता ने मायके में सोमवार को फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतका के भाई की ओर से पति सहित छह ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।


आकांक्षा की फाइल फोटो।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अशोक नगर निवासी रवि पुत्र ऋषिपाल ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उसने अपनी बहन आकांक्षा की शादी तीन वर्ष पहले बहजोई थाना क्षेत्र के गांव लहरावन निवासी अमन पुत्र सुरेंद्र उर्फ पप्पू से हिंदू रीति-रिवाज के साथ की। शादी के समय रवि व उनके पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया। मगर ससुराल वाले दान दहेज से खुश नहीं थे। शादी के बाद आकांक्षा से मायके से पांच लाख रुपये व एक बाइक की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वाले आकांक्षा को प्रताड़ित करते थे। जिसकी शिकायत आकांक्षा अपने मायके वालों से करती थी। कई बार मायके वालों ने ससुराल वालों से बातचीत की। मगर वह नहीं माने। 25 जून को ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। तभी से आकांक्षा अपने मायके आकर रहने लगी। 15 जुलाई को विवाहिता अपने मायके में अकेली थी। तभी उसका पति व ससुर घर पहुंचे और धमकाया। जिससे परेशान होकर विवाहिता ने फंदे पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने बनियाठेर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई । पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पति अमन, ससुर सुरेंद्र उर्फ पप्पू, सास ज्योति, ननद शलौनी व मेघा व ननिया सास दीप्ति सक्सेना के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### संदिग्ध हालत में फंदे पर लटका मिला महिला का शव

संभल, अमृत विचार :बहजोई थाना क्षेत्र में ससुराल वालों से विवाद के चलते 21 वर्षीय महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में पंखे से लटका मिला। मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। महिला की शादी एक वर्ष पहले हुई थी। बदायूं जिले के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव नोंद कोठे निवासी रोशनी 21 वर्ष की शादी एक वर्ष पहले बहजोई थाना क्षेत्र के गांव करीमपुर निवासी विष्णु यादव के साथ हुई थी। मंगलवार की सुबह नौ बजे रोशनी घर पर अकेली थी। विष्णु यादव व अन्य परिजन काम करने खेत पर गए हुए थे। खेत से काम खत्म करने के बाद विष्णु यादव परिजनों के साथ घर पहुंचा। देखा तो रोशनी का शव कमरे में पंखे से बंधे गमछे पर लटक रहा था। रोशनी को फंदे पर लटका देखकर विष्णु यादव की चीख निकल गई। चीख पुकार को सुनकर अन्य परिजन व मुहल्ला के लोग भी मौके पर आ गए। मौत की सूचना मिलने पर रोशनी के मायके वाले पहुंचे तो दहेज हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। रोशनी के भाई सुमित यादव ने बताया कि दहेज की मांग को लेकर बहनोई विष्णु यादव सहित अन्य लोग रोशनी को प्रताड़ित करते थे।

### अधिवक्ता को चाकू मारकर किया घायल, तीन गिरफ्तार

**बहजोई, अमृत विचारः** गांव में आई बरात में दूल्हे की गाड़ी उठाने का विरोध करने पर अधिवक्ता पर चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चिकित्सक ने हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

बहजोई के गांव पुरा में एक ग्रामीण के यहां बेटी की शादी की बरात चढ़ रही थी। गांव के ही युवक गोल्डी, सोलडी व प्रदीप ने दूल्हे की गाड़ी को पीछे से उठाना शुरू कर दिया। जब अधिवक्ता जितेंद्र ने गाड़ी उठाने का विरोध किया तो विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक युवक ने अधिवक्ता पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। अधिवक्ता के पेट में चाकू लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही गोल्डी, सोल्डी व प्रदीप के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। कोतवाल योगेंद्र कुमार यादव ने बताया कि आरोपी तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



सफाई नायकों के साथ बैठक करतीं नगर पालिका अध्यक्ष। ● अमृत विचार

# पालिकाध्यक्ष ने सफाई नायकों के साथ बैठक में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग के सभागार में नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर सफाई व्यवस्था को लेकर सफाई नायकों के साथ बैठक की। जिसमें कहा कि बुधवार को मोहर्रम का त्योहार मनाया जाएगा। जिसको लेकर शहर में ताजिये निकाले जाएंगे। इसलिए शहर की सफाई व्यवस्था चौक-चौबंद की जाए। वहीं पालिकाध्यक्ष ने बताया कि 22 जुलाई से हिंदू का पवित्र माह सावन आरंभ हो रहा है। जिसमें लोग मंदिरों पर जाकर पूजा-अर्चना करते हैं। इसलिए प्रत्येक मंदिर के आस पास सफाई की जाए। ताकि मंदिर आने व जाने के दौरान श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, चंद्रमोहन, प्रभाकर गुप्ता, राजकुमार, ब्रजवाला वार्ष्णेय, लवित वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जल दोहन की रोकथाम को कड़े कानून बनाए जाएं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- मानवाधिकार संघ ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

**अमृत विचारः** मानवाधिकार संघ नगर इकाई ने जल दोहन को लेकर चिंता जाहिर करते हुए जल का दुरुपयोग रोकने को कड़े कानून बनाने की मांग की है। इस संदर्भ में उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा है।

मानवाधिकारी संघ के पदाधिकारी व सदस्य मंगलवार की सुबह तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां उप जिलाधिकारी की गैरमौजूदगी में तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से कहा कि वर्तमान समय में अति आवश्यक संसाधन जल का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है। जिसके कारण भूगर्भीय जल का स्तर निरंतर नीचे जा रहा है और अपने ही क्षेत्र के अधिकांश स्थानों पर डार्क जोन की स्थिति बनती जा रही है। जल दोहन का यदि यही हाल रहा तो भविष्य में जल संकट के भयंकर परिणाम सामने आ सकते हैं। शहरी हो अथवा ग्रामीण क्षेत्रों में कई प्रकार से पानी खींचकर उसका दुरुपयोग देखने को मिलता है। सबमर्सिबल, जेट पंप, ट्यूबवेल व यंत्रों से पानी को धरती से निकाल कर उपयोग कम दुरुपयोग ज्यादा किया जाता है।


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते मानवाधिकार संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

शहरी क्षेत्र में अमृत जल योजना के अकुशल प्रबंधन के कारण जल का अपव्यय हो रहा है। सबमर्सिबल द्वारा जरूरत से ज्यादा पानी खींचकर सड़क, कार, बाइक आदि धोने में नष्ट किया जाता है। इतना ही नहीं वाटर पार्क, फन सिटी, स्विमिंग पूल, डेयरी उद्योग, धर्मशाला, पार्कों आदि में जल का सर्वाधिक दुरुपयोग किया जाता है।

मानवाधिकार संघ मांग करता है कि जल दोहन की रोकथाम के लिए प्रशासन ठोस कदम उठाते हुए जल के दुरुपयोग पर कड़े कानून बनाए। जिससे जनजीवन और प्राणी मात्र के लिए अति आवश्यक जल को भावी पीढ़ियों हेतु संरक्षित किया जा सके। इसके अतिरिक्त प्रशासन द्वारा जन सामान्य को जागरूक करने के लिए जल संरक्षण हेतु मुनादी कराकर सचेत करने की कार्रवाई भी अमल में लाई जानी चाहिए।

ज्ञापन देने वालों में संजीव कुमार सिंह, डॉ. डीके अग्निहोत्री, राजू बनर्जी, त्रिमोहन सिंह यादव, हरीश कठेरिया, कृष्ण गोपाल वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

# बिजली न मिलने से सूखने लगी धान की फसल

कार्यालय संवाददाता, संभल

- भाकियू असली ने की सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति में सुधार की मांग
- सुधार नहीं होने पर 20 जुलाई को अनिश्चितकालीन धरना देने की दी चेतावनी

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर किसानों को बिजली आपूर्ति नहीं मिलने पर रोष जताया। बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर 20 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना देने की चेतावनी दी।

भाकियू असली के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में एसडीएम विनय कुमार मिश्र को ज्ञापन सौंपा गया। कहा कि खिरनी मोहिउद्दीनपुर और सैंडा बिजलीघर से किसानों को बिजली आपूर्ति नहीं हो रही। लो वोल्टेज के कारण नलकूप नहीं चल पा रहे। जिस कारण धान की रोपाई नहीं हो पा रही। कहा कि कृषि कार्य के लिए 10 घंटे और ग्रामीण क्षेत्र के लिए 18 घंटे बिजली मिलनी चाहिए लेकिन बिजली कटौती और लो वोल्टेज की वजह से धान की फसल सूखने के कगार पर पहुंच गई हैं। कहा कि बिजली आपूर्ति में 19 जुलाई तक सुधार नहीं हुआ तो 20 जुलाई को प्रदर्शन एवं अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।


एसडीएम को ज्ञापन देते भाकियू असली के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

इस दौरान मोहम्मद वारिस, जयवीर सिंह यादव, आबुल हसन, मोहम्मद सुलेमान, दिनेश सिरोही, चौधरी अर्जुन सिंह, टिंकू यादव, इंद्रपाल सिंह यादव, नूर मोहम्मद, गंगाफल आदि रहे।

### उमस भरी गर्मी में गड़बड़ाई शहर की बिजली आपूर्ति

**चन्दौसी, अमृत विचारः** उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। बिजली की आंख मिचौली ने उपभोक्ताओं की नींद हराम कर दी है। दिन हो या रात कभी भी बिजली गुल हो जाती है और एक से डेढ़ घंटे के बाद आती है, तो ट्रिपिंग शुरू हो जाती है। सुबह के समय बिजली गुल होने पर पेयजलापूर्ति की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

भीषण गर्मी के चलते ट्रांसफार्मरों पर लोड पड़ना शुरू हो जाता है। जिससे अधिक गरम होने पर ट्रांसफार्मर से जुड़े केबिलों में आग लग जाती है या फाल्ट हो जाता है। जिससे उस क्षेत्र की बिजली गुल हो जाती है। एक से दो घंटे के बाद इनवर्टर भी जवाब दे जाते हैं। सुबह के समय आपूर्ति ठप होने से पेयजलापूर्ति की समस्या खड़ी हो जाती है और महिलाओं को घरेलू कार्य के लिए पानी नहीं मिल पाता। यह समस्या शहर के मौलागढ़ फीडर, हनुमानगढ़ी फीडर के साथ-साथ कई फीडरों में बनी हुई है।

# चरमराई विद्युत व्यवस्था को लेकर व्यापारियों में रोष

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- ट्रिपिंग व लो वोल्टेज के चलते शहर को 12 घंटे ही मिल रही आपूर्ति

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक मंगलवार को नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के निवास सीता रोड स्थित पंजाबी कालोनी में हुई।

बैठक में नगर की चरमराई विद्युत व्यवस्था को लेकर रोष जाहिर किया गया। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि नगर में विद्युत व्यवस्था चरमरा गयी है। आधे घंटे को विद्युत आपूर्ति दी जाती है और दो घण्टे को बंद कर दी जाती है।

फिलहाल नगर को लगभग 12 घंटे ही आपूर्ति दी जा रही है। जिसमें ट्रिपिंग व लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। उपभोक्ताओं को बताए बिना लोड बढ़ा दिए गए हैं और उपभोक्ता को पता ही नहीं चल रहा की उनका बिल ज्यादा कैसे आ रहा है। वक्ताओं ने कहा कि नियम के अनुसार विभागीय स्तर से उपभोक्ताओं का लोड चेक करके ही बढ़ाया जाए। इसके अलावा मीटर रीडर की मनमानी आम आदमी पर भारी पड़ रही है। विभाग के चक्कर लगा कर उसका आर्थिक और मानसिक शोषण हो रहा है। अतः विभाग जल्दी ही अपनी व्यवस्था में सुधार नहीं करता है तो व्यापार मंडल आंदोलन के लिए बाध्य होगा। आम आदमी का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक में मयंक वार्ष्णेय चिंकल, इरफान, राजा कुरैशी, निशांत शर्मा, मुजीब, गणेश, विक्की, अमित बालाजी, सुमित यादव, प्रियांशु, रमाकान्त शर्मा, सोनू आदि मौजूद रहे।

# राजा परीक्षित की कथा सुन कर मंत्र-मुग्ध हुए श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

- चौधराना बाबा संत आश्रम पर भागवत कथा का दूसरा दिन

**अमृत विचारः** बनियाठेर के गांव गुमथल के समीप स्थित देव स्थल सिद्धि बनखंडी चौधरानाबाबा संत आश्रम पर गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन राजा परीक्षित जन्म व सुखदेव आगमन की कथा सुन कर श्रद्धालु मंत्र-मुग्ध हो गए। इस दौरान आयोजित भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।

कथा वाचक शशिकांत सारस्वत ने परीक्षित जन्म व सुखदेव आगमन की कथा सुनाई। कहा कि अभिमन्यु की गर्भवती पत्नी उत्तरा के गर्भ से परीक्षित का जन्म हुआ। परीक्षित सुख वैभव से समृद्ध राजा थे। वह जब 60 वर्ष के थे तो एक दिन वह क्रमिक मुनि से मिलने उनके आश्रम गए। उन्होंने आवाज लगाई लेकिन तब वे भक्ति में लीन होने के कारण मुनि ने कोई उत्तर नहीं दिया। राजा परीक्षित स्वयं का अपमान मानकर निकट मृत पड़े सर्प को क्रमिक मुनि के गले में डालकर चले गए। अपने पिता के गले में मृत सर्प को देख मुनि के पुत्र ने श्राप दे दिया कि जिस किसी ने भी मेरे पिता के गले में मृत सर्प डाला है उसकी मृत्यु सात दिनों के अंदर सर्पदंश से हो जाएगी। ऐसा ज्ञात होने पर राजा परीक्षित ने विद्वानों को बुलाया और उनसे राय मांगी। उस समय सुखदेव का नाम सुझाया। इस प्रकार सुखदेव का आगमन हुआ। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

इस दौरान गुरु शरणानंद उर्फ पागल बाबा, हीरा मुनि बाबा, अजय पाठक, अवनेश शर्मा, कमल मिश्रा, हुक्मी चंद कश्यप, नीरज प्रजापति, सुषमा देवी, कमला देवी, श्रेया प्रजापति, आरती, नीलम, प्रीति दिवाकर, शांति आदि रहे।

परेशानी | मुरादाबाद के पंडित नगला में ओवरब्रिज निर्माण होने से रामपुर चौराहा से निकल रहीं रोडवेज बसें

# ओवरब्रिज निर्माण के चलते यात्री झेल रहे परेशानी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- 15 रुपए अतिरिक्त देना पड़ रहा किराया, किराया बढ़ने पर ट्रेनों की ओर रुख कर रहे लोग

**अमृत विचारः** मुरादाबाद में पंडित नगला रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। जिससे चन्दौसी से मुरादाबाद के बीच चलने वाले रोडवेज बसें रामपुर चौराहा होकर मुरादाबाद पहुंच रही हैं। जिससे समय के साथ-साथ यात्रियों को 15 रुपये अतिरिक्त किराया देना पड़ रहा है। जिससे यात्रियों को परेशानी के साथ आर्थिक संकट उठाना पड़ रहा है। किराया बढ़ने पर लोगों ने ट्रेनों में सफर करना आरंभ कर दिया गया है।

मुरादाबाद के पंडित नगला मार्ग पर रेलवे क्रासिंग है। जहां ट्रेनें गुजरने पर रेलवे फाटक बंद कर दिया जाता है।

खुलने पर जाम की स्थिति हो जाती थी। इसको लेकर रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है। कार्य के चलते बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया है। जिससे चन्दौसी से मुरादाबाद जाने वाली रोडवेज बसों को पिछले 15 दिन से बाईपास से रामपुर चौराहा होकर से गुजारा जा रहा है। जिससे समय के अधिक लगने के साथ यात्रियों पर 15 रुपये अतिरिक्त भार पड़ रहा है।

वैसे रोडवेज बस में चन्दौसी से मुरादाबाद का किराया 74 रुपये निर्धारित है। मगर अब यात्रियों को 89 रुपये किराए के देने पड़ रहे हैं। जिससे यात्रियों को समय अधिक लगने के बाद 15 अतिरिक्त देने से आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।


पैसेंजर ट्रेन में चन्दौसी से मुरादाबाद तक जाने के लिए 10 रुपये का टिकट मिलता है। जबकि रोडवेज बस में 47 रुपये देने पड़ते हैं। मगर जब से पंडित नगला रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण होने से 15 रुपये अतिरिक्त देने पड़ रहे हैं।

–दीपक ग्रोवर


आवश्यक कार्य होने पर आम आदमी रोडवेज बस में सफर करता है। क्योंकि किराया अधिक होने से वह रोडवेज बस में यात्रा करने से कतराता है। मगर मुरादाबाद जाने के 15 रुपये अतिरिक्त देने से आम आदमी परेशान है।

–धर्मेंद्र कुमार


मुरादाबाद में रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण के चलते 15 रुपये किराया बढ़ा दिया है। यह सिलसिला निर्माण कार्य पूरा होने तक जारी रहेगा। जिससे यात्रियों को रोजाना आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी।

–अर्जुन कुमार


जब से यात्रियों को चन्दौसी से मुरादाबाद के बीच 15 रुपये अतिरिक्त किराया देना पड़ रहा है, तब से बहुत से लोगों ने बस से सफर करना छोड़ दिया। वह ट्रेनों में सफर कर रहे हैं।

–गोविंद मिश्रा

## सार-संक्षेप


शिव मंदिर परिसर में पौधरोपण करतीं समिति की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति ने किया पौधरोपण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति ने मंगलवार को सीता आश्रम स्थित मूंछों वाले शिव मंदिर परिसर में पौधरोपण किया । समिति पदाधिकारियों व सदयों ने अशोक, पलाश, आंवला, तुलसी, ग्लो, नीम, अमरूद के पौधे रोपित किए। वक्ताओं ने कहा कि बारिश के मौसम में पौधरोपण से पौधों को सही मात्रा में पानी मिल जाता है। जिससे पौधा जल्द ही विस्तारित होकर लाभदायक हो जाता है। प्रदेश महासचिव प्रतिभा चौधरी ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए हमारी समिति हर संभव प्रयास करती है। महिलाओं को स्वरोजगार दिलाने हेतु, निर्धन असहाय छात्राओं को प्रवेश शुल्क, किताबों की व्यवस्था कराने में अग्रणी रहती है। समिति हमेशा सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहती है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष वीनेश वार्ष्णेय, डॉ. सोनल वार्ष्णेय, मोनिका टनाटन, रीना चौधरी, मोनिका चौधरी, अर्पिता वार्ष्णेय, प्रियांशी, सविता, गीता चौधरी, खुशी, रचना, मीनाक्षी, अनुराधा, वर्षा, भावना, बीना, मोनिका, चंचल, रश्मि, दीपमाला, चांदनी, महिमा, रागिनी, रितु, सीमा आदि का सहयोग रहा।


एनकेबीएमजी में छात्राओं को पौधे वितरित करतीं प्राचार्या अलका रानी।

### छात्राओं को पौधे बांट कर उनकी देखभाल का संकल्प दिलाया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज में शासन के निर्देशानुसार पौधरोपण अभियान 2024-25 के अंतर्गत मंगलवार को महिविद्यालय की छात्राओं को पौधे वितरित कर उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया। प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने छात्राओं को नीम, आंवला, जामुन, सागौन, सहजन आदि छायादार व फलदार 100 पौधे वितरित किए। प्राचार्या ने पर्यावरण के संरक्षण हेतु पौधों की भूमिका के विषय में बताते हुए कहा कि वर्तमान दौर में ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए पौधरोपण और उनका संरक्षण ही एक विकल्प है। अभियान की सह नोडल अधिकारी डॉ. रीता ने छात्राओं को पौधों की देखभाल संबन्धी जानकारी दी। इसके बाद सीता आश्रम स्थित बगिया वाली देवी मंदिर और कैथल गांव में पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर समिति सदस्य विभा सिंह का सहयोग रहा। डॉ. नीता गुप्ता उपस्थित रहीं।

### उमस भरी गर्मी के चलते लोग हुए पसीना-पसीना

**संभल, अमृत विचार :** पिछले दिनों बारिश से लोगों ने राहत महसूस की लेकिन अब फिर से गर्मी और उमस के माहौल में दिक्कतों से जूझ रहे हैं। मंगलवार को दिनभर चिलचिलाती धूप की वजह से जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। दोपहर में तो सिर चकराने के हालात बने। शाम को भी भीषण गर्मी में लोग बेहाल रहे।मौसम का मिजाज फिर से सख्त होने पर दुश्वारियां बढ़ रही हैं। आलम यह है कि न तो दिन में चैन मिल रहा है और न ही रात में सुकून से नींद आ रही है। मंगलवार को सुबह से ही तेज धूप निकली तो गर्मी का माहौल बनने लगा। उमस के साथ ही तेज धूप की वजह से दुश्वारियां बढ़ने लगीं। दोपहर में तो पारा चढ़ जाने के कारण हलक सूखने लगे। मुख्य मार्गों, बाजारों और गली मुहल्लों में सन्नाटे का माहौल बना क्योंकि लोग घरों में कैद हो गए। हालांकि पंखे और कूलर भी खास राहत नहीं दे सके। आलम यह रहा कि शाम को छह बजे तक तेज धूप के कारण लोग पसीना-पसीना नजर आए।

### देवशयनी एकादशी आज, मांगलिक कार्यों पर लगी रोक


आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा।

**चन्दौसी,अमृत विचार :** एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है। हिंदू धर्म की मान्यता है कि एकादशी के दिन भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी कहा जाता है। इस संबंध में श्रीमद् भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा ने बताया कि पुराणों के अनुसार इस दिन से चार महीने के लिए भगवान विष्णु योग निद्रा में रहते हैं और इसके साथ शुभ व मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है। कहते हैं कि इस दिन से सृष्टि का संचालन भगवान शिव करते हैं। इसलिए अषाढ़ के बाद महादेव की भक्ति का महीना श्रावण मास आरंभ हो जाता है। इस साल देवशयनी एकादशी 17 जुलाई 2024 को है। दिवाली पर देव उत्थान एकादशी से मांगलिक कार्यक्रम आरंभ होते हैं।देवशयनी एकादशी 2024 शुभ मुहूर्त : देवशयनी एकादशी तिथि 16 जुलाई 2022 को रात 08 बजकर 33 मिनट पर प्रारंभ होगी, जो कि 17 जुलाई को रात 09 बजकर 02 मिनट पर समाप्त होगी।

### श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से बदायूं रोड स्थित ब्रजधाम कॉलोनी में संगीत मय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम पंडित दीन दयाल शर्मा ने सभी देवी-देवताओं का विधि विधान से पूजन कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, गुलशन अरोरा, मुकेश चंद्र शर्मा, वाईके शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, सुबोध शर्मा, राजीव शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का लयवद्ध मनोहारी वाचन किया। केजी शर्मा ने हे दुख बंजन मारुति नंदन, अजय सक्सेना ने श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सुरेश चंद्र शर्मा, ब्रजेंद्र शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, दिवाकर शर्मा, पंकज शर्मा, नीरज शर्मा, गुलशन अरोरा, रमेश ग्रेवाल, मनोज शर्मा, मयंक, जय प्रकाश, जितेंद्र, पवन, राकेश आदि मौजूद रहे।


पौधरोपण करते भारत विकास परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### पेड़ पौधे पृथ्वी पर जीवन की रीढ़ की तरह

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद शाखा चन्दौसी की ओर से मंगलवार को रामबाग धाम स्थित पार्क में नीम, बेल, जामुन, शीशम, गुलहड़ आदि के 51 पौधे रोपित किए गए। सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि हमारी संस्कृति में तो पेड़ सदैव ही पूजनीय रहे हैं। पेड़ों की पूजा करना भी प्रकृति संरक्षण का ही एक दूसरा रूप है। अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि पेड़ लगाकर हम अपने वातावरण और पर्यावरण को संतुलित करते हैं। यदि पेड़ ही नहीं होंगे तो जीवन की कल्पना करना भी असंभव है। वित्त सचिव डीसी गुप्ता ने कहा कि प्रकृति पर नियंत्रण और जीवन शक्ति को बनाए रखने के लिए वृक्ष का लगाना आवश्यक हो गया है। इस दौरान अभिषेक गुप्ता, विपिन कुमार, आशा गोस्वामी, अर्जुन, योगेश, मयंक, शिवम, दीपक, मनीष आदि उपस्थित रहे।

### स्थापना दिवस पर हुआ हवन का आयोजन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बीएम इंटर कॉलेज के स्थापना दिवस पर विद्यालय परिसर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त स्टाफ व छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंगलवार की सुबह 11 बजे बीएमजी इंटर कॉलेज में स्थापना दिवस पर हवन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा सागर, विद्यालय कमेटी के सदस्य पंकज शर्मा, संगीता भार्गव ने शिक्षिकाओं के साथ हवन में आहुतियां दीं। इसके बाद शिक्षिकाओं व छात्राओं ने भजन प्रस्तुत किए। अंत में आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

## एक नजर

### छात्र-छात्राओं से शिक्षा पर ध्यान देने का आह्वान

**गजरौला, अमृत विचार :** आईकैड इंस्टीट्यूट फाउंडेशन कंप्यूटर सेंटर पर स्वरोस नेटवर्क के चीफ कोर्डिनेटर उत्तर प्रदेश जसवंत सिंह ने छात्रा-छात्राओं से आह्वान किया कि, वे लगन और मेहनत के साथ शिक्षा पर ध्यान दें। कहा कि हमें अपने गांव, बस्ती, मोहल्ले में अपने से छोटे बच्चों को एक घंटा परिवर्तन पाठशाला चलाकर पढ़ाई शिक्षा का ज्ञान देना होगा। उन्होंने अपनी संस्था द्वारा चलाये जा रहे शैक्षिक कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। जिससे सभी बच्चे शिक्षित रहे। इस अवसर पर आईकैड के संयोजक गुलफाम, अंकुर, मिल्टन, मुकुल, सचिन, शिवम, अमन, मोनिश व प्राची, ममता, मुमताज, अनामिका, रूपाली, हीना, फूलजहा आदि छात्रा-छात्राएं उपस्थित रहे।

### घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा चोरी, रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा चोरी हो गई। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला मायापुरी निवासी राहुल सैनी ई-रिक्शा चलाता है। छह जुलाई की रात उसके घर के सामने खड़ी ई-रिक्शा चोरी हो गई। पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपी का चेहरा आ गया है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर लवी पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### डिवाइडर से टकराई सब्जी से भरी डीसीएम

**अमरोहा, अमृत विचार :** राजबपुर थाना क्षेत्र में हाईवे पर सब्जी लेकर दिल्ली जा रही डीसीएम डिवाइडर से टकराकर पलट गई। मंगलवार तड़के सब्जी से भरी डीसीएम मुरादाबाद से दिल्ली की तरफ जा रही थी। डीसीएम रजबपुर थाना क्षेत्र के हाईवे पर स्थित जीएमएस हॉस्पिटल के सामने पहुंची तो डीसीएम का संतुलन बिगड़ गया और डीसीएम डिवाइडर से टकराकर हाईवे पर पलट गई। डीसीएम में भरी सब्जियां सड़क पर बिखर गईं। हाईवे पर डीसीएम के पलट जाने के बाद जाम लग गई। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि डीसीएम के चालक को अस्पताल में भर्ती कराया है। सड़क पर बिखरी सब्जियों को समेटकर दूसरे वाहन से रवाना कर दिया एवं डीसीएम को हाईवे से हटाकर यातायात को सुचारु करा दिया है।

# पुलिस से मुठभेड़ में गोली लगने से एक बदमाश घायल

## अंधेरे में दो बदमाश मौके से फरार, घायल जिला अस्पताल रेफर

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर में सोमवार रात पुलिस चेकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने एक बदमाश के पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सोमवार रात हसनपुर पुलिस बाईपास मार्ग पर वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान एक बाइक पर सवार तीन व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। जिस पर पुलिस



हसनपुर में क्षतिग्रस्त बाइक।

ने बाइक सवारों का पीछा करना शुरू कर दिया। अपना पीछा होता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जिस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए एक बदमाश के पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश के

**कार्रवाई**

- गिरफ्तार आरोपी पर दो थानों में दर्ज हैं कई मामले
- सोमवार रात वाहनों की जांच के दौरान हुई मुठभेड़

कब्जे से खेत पर किसान से लूटी गई बाइक, तमंचा, एक मोबाइल बरामद किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि घायल बदमाश मनोज सैनी पुत्र बाबू सैनी को गिरफ्तार किया गया है। जिस पर हसनपुर थाने में गैंगस्टर, चोरी, लूट के चार मुकदमे तथा थाना नौगांवा सादात में तीन मुकदमे दर्ज हैं। घायल बदमाश को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



निर्वाचन के बाद शपथ लेते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# 536 मतों से जीतकर विपिन प्रांतीय महामंत्री निर्वाचित

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ का चुनाव लखनऊ में संपन्न हुआ था। जिसमें अमरोहा के विपिन चौधरी ने प्रांतीय महामंत्री पद का चुनाव जीता।

इस चुनाव में जयप्रकाश मौर्य को प्रांतीय अध्यक्ष एवं अमरोहा जिले के विपिन चौधरी को प्रांतीय महामंत्री निर्वाचित किया गया। चुनाव अधिकारी संयुक्त कमिश्नर दयाशंकर की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव संयोजक अनुराग द्विवेदी रहे। अध्यक्ष पद के लिए जयप्रकाश मौर्य को 777 वोट मिले। विपिन राठी को 525 व नरेंद्र कुमार को 146 मत प्राप्त हुए हैं। प्रांतीय महामंत्री पद के लिए अमरोहा के विपिन चौधरी को 942 मत मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंदी रमेश कुमार को 406 व अर्जुन सिंह को 99 मत मिले।

## सार-संक्षेप

### भाकियू भूमि की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**गजरौला, अमृत विचार :** भाकियू भूमि के कार्यकर्ताओं की बैठक में विद्युत विभाग, पुलिस विभाग, तहसील विभाग निजी स्कूलों में कमीशन लेकर पुस्तकों बेचने के मुद्दे पर चर्चा हुई। डॉ. जितेंद्र भड़ाना को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष शीशपाल कटारिया ने कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर खचेड़ू चौहान ने बैठक में न आने वाले पदाधिकारियों को चेतावनी दी। बैठक में दीपक अग्रवाल, शबाब खान, जिलाध्यक्ष हरपाल सिंह, कल्लन पटवारी, मसरूर अहमद, मजहिर चौधरी, अंसार मलिक, चतर सिंह, मियाजान सैफी, अकील चौधरी, कामिल, सतपाल यादव, शिव कुमार चौहान, सौरभ तंवर, रवि रहे।

### किसानों की समस्याएं संसद में उठाने को सांसद को लिखा पत्र

**अमरोहा, अमृत विचार :** भाकियू श्रमिक जनशक्ति के प्रदेश अध्यक्ष टिंकू चौधरी ने सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर को पत्र भेजकर किसानों के मुद्दों को संसद में उठाने की मांग की है। मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष टिंकू चौधरी ने सांसद को पत्र भेजा। पत्र में कहा है कि किसानों के मुद्दों को संसद में उठाएं जाएं। किसान एमएसपी की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही। पिछले साल किसानों ने दिल्ली में धरना प्रदर्शन भी किया। जिसमें सरकार ने किसानों की समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया था, लेकिन समस्याओं का हल नहीं हो सका। किसानों की समस्याओं के लिए प्रधानमंत्री और कृषि मंत्री से वार्ता कर हल कराया जाए।



लखनऊ में आम निर्यातक ईशांत सैनी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री।

### लखनऊ के आम महोत्सव में ईशांत सैनी सम्मानित

**हसनपुर, अमृत विचार :** पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के पुत्र ईशांत सैनी को लखनऊ के आम महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया। लखनऊ में आम महोत्सव के तहत देश से आम का निर्यात बढ़ाने में योगदान देने के लिए प्रदेश के कई लोगों को स्मृति चिह्न एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया था। हसनपुर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के पुत्र ईशांत सैनी आमिया फार्म फ्रेश फर्म के नाम से आम को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य कर रहे हैं। ईशांत सैनी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आम के निर्यात को लेकर काफी कार्य किया गया है। जिससे विदेश में देश से काफी मात्रा में आम जा रहा है।

### फेरी लगाने वाले का शव फंदे से लटका मिला

**रहरा, अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के गांव निवासी 50 वर्षीय फेरी लगाने वाले का शव जंगल में कीकर के पेड़ से लटका मिला। बताते हैं कि वह पांच दिन से घर से गायब था और शराब का आदी था। परिजनों ने उसे काफी तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। मंगलवार को जंगल में लकड़ियां चुन रही महिलाओं ने फंदे से लटके हुए व्यक्ति को देखा तो गांव में जानकारी दी। जिसके बाद मृतक की पहचान फेरी लगाने वाले के रूप में हुई। परिजन जंगल पहुंचे और शव को से नीचे उतारकर घर ले गए। जिसके बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### एआईएमआईएम ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**अमरोहा, अमृत विचार :** एआईएमआईएम ने कलेक्ट्रेट पर मुसलमानों, दलितों और गरीबों को झूठे मुकदमों में फसाने के विरोध में धरना देकर प्रदर्शन किया। मंगलवार को संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने मुसलमानों, दलित व गरीबों को पुलिस द्वारा झूठे मुकदमों में फंसाने व सरकार की बुलडोजर नीति के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सोंपा। जिसमें देश और प्रदेश में फैलने वाले नफरत के माहौल को समाप्त किए जाने की मांग की गई है।

### हनुमान चालीसा का पाठ कर बांटा प्रसाद

**हसनपुर, अमृत विचार :** श्रीराम सेवा समिति के तहत हनुमान चालीसा, बालाजी की आरती कर प्रसाद बांटा। श्रीराम सेवा समिति के कार्यक्रम हनुमान चालीसा का पाठ व आरती के अंतर्गत मंगलवार को बालाजी का चालीसा पाठ व आरती राहुल गुप्ता के आवास पर संपन्न हुआ। चालीसा पाठ के बाद बालाजी की आरती कर प्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम में पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, मुकुल अग्रवाल, विजय पारछा, बबलू पाल, आकाश अग्रवाल, जतिन गुर्जर, विनीत कुमार गुप्ता, विनीत कुमार, मोहित सुशील अग्रवाल, वर्षा रस्तोगी, दीपू उर्फ सौरव गुप्ता रहे।

### परशुराम मन्दिर का चौथा स्थापना दिवस मनाया

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** मंगलवार को महादेव चुंगी स्थित भगवान परशुराम मंदिर का चौथा स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान पंडित प्रलभ शास्त्री ने जनकल्याण सुख शांति व भारतवर्ष के उत्थान के लिए हवन व यज्ञ किया गया। राजीव दीक्षित ने कहा कि हमें शिक्षा के साथ साथ शस्त्र पर भी जोर देना चाहिए। इस अवसर पर पंडित हरिओम त्रिवेदी, राकेश शर्मा, सुदीप शर्मा, मुकेश चंद शर्मा, नरेंद्र शर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

### एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 30 हजार रुपये

**अमरोहा, अमृत विचार :** जोया कस्बा स्थित मोहल्ला सेक्रैटरी कॉलोनी में बबलू कुमार फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। 14 जुलाई को वह कस्बे में हाईवे पर स्थित निजी बैंक के एटीएम में रुपये निकालने गए थे। तभी एक युवक वहां आया और उसने बबलू का एटीएम कार्ड बदल दिया। इसके बाद रुपये नहीं निकलने पर बबलू घर वापस लौट आए। थोड़ी देर बाद खाते से 30 हजार रुपये निकलने का मैसेज आते ही उन्होंने बैंक जाकर लेनदेन पर रोक लगवाने के साथ ही पुलिस से शिकायत की।

### थाने में जनरेटर जला, पुलिसकर्मियों ने आग पर काबू पाया

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** थाने के जनरेटर में मंगलवार शाम आग लग गई। बताते हैं कि कई दिन से थाने का जनरेटर खराब था। थाने के मुंशी ने जनरेटर मिस्त्री को फोन करके मंगलवार शाम बुलाया था। मिस्त्री ने जैसे ही जनरेटर स्टार्ट किया तभी वायरिंग में स्पार्किंग से आग लग गई और जनरेटर जलने लगा। जानकारी पर पुलिसकर्मियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया गया।

### बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान को दिया ज्ञापन

**गजरौला, अमृत विचार :** भाकियू टिकैत गुट के पदाधिकारियों ने बिजली संबंधी समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को संगठन के पदाधिकारी बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय पर पहुंचे और बिजली संबंधी समस्याओं के निस्तारण की मांग उठाई। अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि जलालपुर कलां विद्युत उपकेंद्र से जुड़े किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए रात में बिजली आपूर्ति की जा रही है। कहा कि शासन का आदेश है कि किसानों को फसल सिंचाई के लिए दिन में बिजली आपूर्ति दी जानी चाहिए। इस बाबत कई बार मांग उठाने के बावजूद अभी तक भी समस्या का समाधान नहीं होने पर रोष जताया। कहा कि रात में सिंचाई करने में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस दौरान गिरिराज सिंह, राजेंद्र सिंह, राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# 33 संकुल प्रभारियों ने सौंपा इस्तीफा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** ऑनलाइन हाजिरी का शिक्षकों द्वारा लगातार विरोध जारी है। इसको लेकर 33 संकुल प्रभारियों ने सामूहिक इस्तीफा दिया है। हसनपुर विकास क्षेत्र में कार्यरत समस्त 34 संकुल शिक्षकों में से सत्यपाल सिंह संकुल शिक्षक को छोड़कर सभी 33 संकुल शिक्षकों ने सामूहिक रूप से डिजिटल हाजिरी के विरोध में इस्तीफा दे दिया। मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय करनपुर में अपने इस्तीफा खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर सिंह को सौंप दिया और सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिये बने विभाग के सभी ग्रुप भी छोड़ दिया। सरकार को पहले शिक्षकों की मुख्य मांगे, जिसमें 31 उपार्जित अवकाश, 15 आकस्मिक अवकाश, 15 हाफ आकस्मिक अवकाश, निशुल्क चिकित्सा प्रतिपूर्ति, पदोन्नति जैसी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए था। इस मौके पर सोम सिंह, इरशाद अली, सचिन गुप्ता, उज्ज्वल वर्मा, कमल शर्मा, दिलीप कुमार, गजेंद्र कुमार ढाका, कल्पना वर्मा, निशी सिंह, पलक गुप्ता, आयुषी, पायल रानी खालिदा रफत, सुमन रानी, उमेश कुमार, जीपी शर्मा, कुलदीप सिंह, उपस्थित रहे।



अमरोहा में प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी।

### बीटीसी शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**अमरोहा, अमृत विचार :** बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने अन्य संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बीएसए कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देकर पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की मांग की है। मंगलवार को संगठन के जिला अध्यक्ष शाहनवाज खान सैफी अन्य पदाधिकारी के साथ बीएसए कार्यालय पहुंचे और प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भारत भूषण त्यागी को ज्ञापन देकर पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की मांग की। इस मौके पर नीरज कुमार यादव, डॉ. मुकेश कुमार पवार, डॉ. विवेक शर्मा, वीरेंद्र प्रताप सैनी, विकास चौधरी, रियासत अली सैफी, मुनेश कुमार, कादिर मंसूरी, देवेंद्र सिंह आदि शामिल है।

### एसपी कार्यालय पर कार्रवाई न करने के विरोध में किया प्रदर्शन

**अमरोहा, अमृत विचार :** झुंडीमाफी के ग्रामीणों ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर गजरौला पुलिस पर दहेज के हत्या आरोपियों पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन दिया।

मंगलवार को सैदनगली थानाक्षेत्र के गांव झुंडीमाफी के ग्रामीण एकत्र होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने दहेज हत्या के आरोपियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में कहा कि एक सप्ताह पहले तारावती की हत्या कर दी गई थी।

इस मामले की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज की, लेकिन अभी तक गजरौला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी पीड़ित परिवार पर रिपोर्ट वापस लेने के लिए दवाब बना रहा है।



हसनपुर में अमरोहा रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार

# अमरोहा मार्ग पर घंटों जाम से हुई परेशानी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर के अमरोहा मार्ग पर दो घंटे जाम लगने के कारण यात्रियों एवं राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। खुद वाहन संचालकों ने ही कोशिश कर जाम खुलवाया गया, जब जाकर मार्ग पर यातायात शुरू हुआ।

नगर के अमरोहा बस स्टैंड पर जलभराव के निस्तारण के लिए सड़क सही कराने का कार्य चल रहा है। मंगलवार को भी यहां कार्य चल रहा था। वहीं, आम का सीजन होने के कारण मंडी के गेट पर व्यापारियों की भीड़ रहती है। जिसके कारण मंगलवार की सुबह 9 बजे से 11 बजे तक भीषण जाम लगा रहा। इस कारण चौराहे से लेकर मंडी समिति तक दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। काफी देर तक जब जाम नहीं खुला तो अन्य वाहन संचालक आगे आए और इसके बाद एक-एक कर वाहनों को पीछे कराया और यातायात शुरू कराया। इसके बाद ही जाम खुला। इस दौरान करीब दो से तीन घंटे तक जाम लगा रहा। वहीं स्थानीय निवासियों का कहना है कि आम का सीजन होने के कारण मंडी गेट के आसपास दोनों तरफ आम व्यापारी अपने वाहन खड़े कर लेते हैं। जिसके कारण जाम लग जाता है जबकि अधिकारी इसकी अनदेखी करते हैं।

### संबद्ध सफाईकर्मियों को गांवों में भेजने की मांग

**अमरोहा, अमृत विचार :** सुभासपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह तोमर ने कहा कि शासन के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है। कई सफाई कर्मचारियों को कार्यालयों से संबद्ध किया गया है। इससे गांवों में सफाई व्यवस्था खराब हो रही है। कर्मचारियों को मूल जगह पर नहीं भेजा जा रहा है।

शासन द्वारा कर्मचारियों की नियुक्ति राजस्व ग्रामों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए की गई, लेकिन अधिकतर सफाईकर्मियों की तैनाती राजस्व ग्रामों में नहीं कर उनके अन्य स्थानों पर कार्य कराया जा रहा है। कर्मचारियों को कार्यालयों में अटैच कर रखा है। पंचायत राज निदेशक ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि सफाई कर्मचारी राजस्व ग्राम में ही सुनिश्चित की जाए। 10 जुलाई को प्रदेश के पंचायत राज निदेशक अटल कुमार राय ने जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र भेजकर निर्देश दिए कि राजस्व ग्राम पंचायतों में ही सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की सुनिश्चित कराई जाए।

# मान मनौव्वल के बाद लौटा दूल्हा, फेरे लेकर कराई विदाई

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में चढ़त के दौरान मारपीट के बाद बग्घी से कूदकर भागे दूल्हे को काफी मिन्नतों के बाद ससुराल बुलाया गया। फिर वहां आधी रात के बाद दुल्हन के साथ उसने फेरे लिए। इसके बाद वह दुल्हन को लेकर घर रवाना हो गया।

सोमवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के गांव में गजरौला थाना क्षेत्र के गांव से बरात आई थी। खाना शुरू हुआ ही था कि पत्तल गिरने को लेकर दुल्हन के एक रिश्तेदार की बरात में शामिल बुजुर्ग से कहासुनी हो गई। किसी तरह मामला निपटाकर चढ़त शुरू हुई। इस दौरान डीजे पर डांस को लेकर गांव के युवकों ने बरात में शामिल खुंगावली निवासी विकास की पिटाई कर दी। उसे बचाने दौड़े अन्य कई युवकों से भी मारपीट की गई। बताया जा रहा है कि दूल्हे ने नाराजगी जताई तो युवकों ने बग्घी पर चढ़कर उसकी भी पिटाई कर दी तो दूल्हा बग्घी से कूदकर अपने एक साथी की बाइक पर बैठकर वहां से भाग निकला। मारपीट के बाद अधिकांश बराती भी वाहनों से घर लौट गए। इसके बाद दूल्हे का पिता व उसके कई करीबी रिश्तेदार गांव के प्रधान के यहां पहुंच गए। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक प्रवेंद्र कुमार के नेतृत्व में तीन वाहनों में भरकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। उधर, दूल्हा व दुल्हन पक्ष के बीच पंचायत शुरू हो गई। फोन पर बात कर दूल्हे को बुलाने की कोशिश की जाने लगी। काफी कोशिश के बाद सोमवार देर रात दूल्हा ससुराल पहुंचा और दुल्हन के साथ फेरे लिए। इसके बाद दूल्हा दुल्हन को लेकर अपने घर को विदा हो गया, लड़की विदा होने के बाद दुल्हन पक्ष ने राहत की सांस ली। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रामीण एवं रिश्तेदारों के समझाने पर दूल्हा देर रात मंडप में पहुंचा और दुल्हन के साथ शादी के संस्कार पूरे किए



गजरौला में ब्लाक संसाधन केंद्र में इस्तीफा सौंपते संकुल शिक्षक। ● अमृत विचार

# ब्लॉक के शिक्षकों ने सामूहिक त्यागपत्र दिया

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** ब्लाक संसाधन केंद्र पर ब्लाक के सभी संकुल शिक्षकों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दिया। समस्त संकुल शिक्षकों ने सरकार द्वारा लागू डिजिटल अटेंडेंस के आदेश के विरोध में यह इस्तीफा सौंपा और इस आदेश को अव्यावहारिक बताया।

शिक्षकों ने कहा कि सरकार जब तक हमारी, 30 ईल और हाफ सीएल की मांगों को सरकार नहीं मानती, जब तक विरोध जारी रहेगा। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह, डॉ. जोगिन्द्र सिंह, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के ब्लाकाध्यक्ष कविराज सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष डॉ. पृथी सिंह तथा संकुल शिक्षकों में डॉ. अजय, मदनपाल सिंह, निशा सिंह, नीतू सिंह, जयवीर सिंह सुमेर, अशोक कुमार, जितेंद्र कुमार त्यागी, गिरजा रवि, रीता यादव, कुलवंत सिंह, भोला, भावना वर्मा, मिथिलेश कुमारी, जितेंद्र त्यागी, रवि कुमार, महेंद्र सिंह आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** शहीद स्मारक स्थल पर रोटरी क्लब रॉयल्स व जिलाधिकारी ने किया पौधरोपण

# शहीदों की याद में पौधे लगाए, संरक्षण का संकल्प लिया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ अमरोहा रॉयल्स के तत्वावधान में जोया रोड स्थित शहीद स्मारक स्थल पर जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी सहित संस्था के पदाधिकारियों ने पौधरोपण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाना लगाने के लिए आह्वान किया।

मंगलवार को जोया रोड स्थित शहीद स्मारक पर रोटरी क्लब रायल्स द्वारा पौधरोपण किया गया। जिसमें सर्वप्रथम राष्ट्र के स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई व मौन रखा गया। इसके बाद यहां पर पीपल, नीम, शीशम, जामुन अनेक छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया। सभी सदस्यों द्वारा पौधों को संरक्षण प्रदान करने का संकल्प



पौधरोपण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

लिया गया। व भविष्य में वन विभाग से सम्पर्क कर पौधरोपण का निर्णय लिया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने संस्था के सहयोग से स्थापित व निर्मित शहीद स्मारक स्तंभ को लेकर रोटरी क्लब ऑफ अमरोहा रॉयल्स की प्रशंसा की व सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रमोद कुमार गुप्ता, हर्ष माहेश्वरी, मुदित अग्रवाल, संजीव माहेश्वरी, कपिल शर्मा, वरुण माहेश्वरी, अंकित बंसल, सौरभ गुप्ता, अर्पित माहेश्वरी, रिभू माहेश्वरी, नीरज सरन, पंकज गुप्ता, नवीन कालरा, शोभित गुप्ता, राजीव गोयल, सुमित सरन, रजत माहेश्वरी, मनोज गेरा आदि मौजूद रहे।

### संजय सिंह गौर को किया सम्मानित

**अमरोहा, अमृत विचार :** एक दशक से मां गंगा की स्वच्छता के लिए गजरौला निवासी संजय सिंह गौर प्रयास कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन



जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार की नमामि गंगे त्रिमासिक नमामि गंगे पत्रिका के 35वें संस्करण में उन्हें गंगा योद्धा कहकर सम्मानित किया गया है। पत्रिका में उनके द्वारा गंगा की स्वच्छता के लिए किए कार्यों के बारे में बताया गया है। संजय सिंह ने मां गंगा को पूजने वाले सभी गंगा भक्तों से भी आग्रह किया कि वह गंगा स्वच्छता में सहयोगी बनें।

# वेंक्टेश्वरा विवि का ब्राजील के साथ शैक्षणिक अनुबंध

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय का एग्रीकल्चर, बायोटेक्नोलॉजी, वेटेनरी साइंस, पशुपालन एवं डेयरी उद्योग, फार्मेसी विषयों को लेकर ब्राजील के साथ शैक्षणिक अनुबंध हुआ है।

इसकी जानकारी नई दिल्ली स्थित ब्राजील दूतावास में साझा शैक्षणिक अनुबंध पर सहमति होने के बाद श्री वेंक्टेश्वरा विवि के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी एवं ब्राजील के उच्चायुक्त एन्जैलो डी क्यूरोज ने संयुक्त रूप से दी। ब्राजील के साथ हुए शैक्षणिक करार के बारे में बताते हुए डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि इस शैक्षणिक एवं शोध अनुबंध के तहत दोनों देशों के शिक्षक एवं विद्यार्थी एक दूसरे के देश में सेमिनार वर्कशॉप एवं नियमित कक्षाओं के रूप में एडवांस तकनीक व नवाचारों के लिए मिलकर



दिल्ली में ब्राजील के उच्चायुक्त एंजेलो डी क्यूरोज साथ में डॉ. राजीव त्यागी।

काम करेंगे। वहीं दूसरी ओर ब्राजील के उच्चायुक्त एन्जैलो डी क्यूरोज ने कहा कि हमें भारत के प्रतिष्ठित शैक्षणिक वेंकटेश्वरा विवि के साथ जुड़कर बहुत प्रसन्नता हो रही है। हम विभिन्न पाठ्यक्रमों विशेष रूप से एग्रीकल्चर एवं बायोटेक्नोलॉजी व फार्मेसी के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। ब्राजील के साथ शैक्षणिक करार होने पर चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरी को शैक्षणिक एवं उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।

सत्यं रुपं श्रुतं विद्या कौल्यं शीलं बलं धनम्।
शौर्यं य च चित्रभाष्यं च दशेमे स्वर्गयोनयः॥

सच्चाई, खूबसूरती, शास्त्रज्ञान, उत्तम कुल, शील, पराक्रम। धन, शौर्य, विनय और वाक् पटुता –ये दस गुण स्वर्ग पाने के अर्थात समस्त ऐश्वर्य पाने के साधन हैं।

## संपादकीय

# आतंकवाद विरोधी अभियान

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियां लगातार तेज हो रही हैं। डोडा में सोमवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में कैप्टन समेत सेना के कई जवान शहीद हो गए। पिछले तीन हफ्तों में डोडा जिले के जंगलों में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच यह तीसरी बड़ी मुठभेड़ थी। एक सप्ताह पहले कठुआ जिले के माचेडी जंगल में आतंकवादियों ने सेना के एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे। डोडा में जो हुआ वह बेहद निंदनीय है। इस हमले में हमने बहादुर सैनिकों और अधिकारियों को खो दिया है। हमले की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर्स संगठन ने ली है। इसी संगठन ने कठुआ आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर टाइगर्स का गठन हुआ था। यह संगठन पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद द्वारा समर्थित बताया जाता है। इस संगठन ने सबसे पहले जून 2021 में सेना के वाहन पर ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी ली थी। उस दौरान इसके साथ लश्कर-ए-तैयबा की शाखा द रेजिस्टेंस फ्रंट, पीपुल्स अगेंस्ट फासिस्ट फोर्सेस और लश्कर-ए-मुस्तफा का भी नाम सामने आया था। अगस्त 2019 में जम्मू और कश्मीर का विशेष दर्जा रद होने के बाद से, भारतीय सेना ने क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज कर दिया।

भारतीय सेना विदेशी आतंकियों को खत्म करने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चला रही है। कठुआ क्षेत्र में भी इसी तरह के ऑपरेशन लगातार किए जा रहे हैं। खास बात है कि आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच जिस डोडा जिले में मुठभेड़ हुई वह कश्मीर नहीं जम्मू रीजन का हिस्सा है। अधिकारियों का कहना है कि अब आतंकी जम्मू में अपनी गतिविधियों को बढ़ाना चाहते हैं। आतंकवादी समूह विद्रोह जारी रखने के नए रास्ते खोज रहे हैं। गुरिल्ला युद्ध की नीति अपना रहे हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सुरक्षा बल इस क्षेत्र से आतंकवाद के संकट को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कुल मिलाकर जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रहे आतंकी हमले राज्य में बिगड़े हालात को दर्शा रहे हैं। खराब ढंग से चलाए गए सुरक्षा अभियानों ने भी स्थानीय आबादी और सरकार के बीच भरोसे को नुकसान पहुंचाया है। इस बीच जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने बड़ा आरोप लगाया है। डीजीपी स्वैन ने कहा कि राज्य की क्षेत्रीय पार्टियों ने वोट की राजनीति के लिए आतंकवाद को बढ़ावा दिया है। उन्होंने आतंकी संगठनों के फंडिंग पर भी सवाल उठाए। ऐसे में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली ताकतों से प्रमुखता से निपटना समय की जरूरत है।

# यंत्रों पर निर्भरता मानव के लिए कितनी उचित



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

यह शंका उठ सकती है कि कभी ये यंत्रमानव, मनुष्य द्वारा अथवा स्वयं, अपने अंदर भावनाएं विकसित न कर लें और मानव से विद्रोह करके उस पर अधिकार न कर लें, लेकिन ऐसा होने की संभावना बहुत कम है। मनुष्य इन बातों को ध्यान में रखकर ही इनका विकास करेगा।

केरल के एक स्कूल में शिक्षक के रूप में एक यांत्रिक मानव (रोबोट-उच्चारण-रोबो) का उपयोग प्रारंभ कर दिया गया है। यह कृत्रिम बुद्धि से युक्त है। इसे एक स्त्री का रूप दिया गया है। इस रोबोट शिक्षक या शिक्षिका को मेकरलैब्स कंपनी ने बनाया है और इसे आइरिस का नाम दिया गया है।

यह सुन सकती है, देख सकती है, सोच सकती है, समझ सकती है, बोल सकती है, याद रख सकती है और सीख सकती है। यह चल सकती है, हाथ मिला सकती है, छात्रों और अन्य लोगों से संवाद स्थापित कर सकती है, मंच से भाषण दे सकती है, पढ़ सकती है, लिख सकती है, प्रश्नों के उत्तर दे सकती है और पढ़ा सकती है। अभी इसे शुरू की कक्षाओं से लेकर कक्षा 12 तक के छात्रों को पढ़ाने के लिए बनाया गया है। अभी इसे अंग्रेजी, हिंदी और मलयालम तीन भाषाओं की जानकारी है। आगे इसे 20 से अधिक भाषाएं सिखाए जाने की तैयारी चल रही है। यह गलत जानकारी और गलत सामग्री को रोक सकती है और अन्य कंप्यूटर्स एवं पुस्तकों के माध्यम से नया ज्ञान प्राप्त कर सकती है। यह यांत्रिक शिक्षिका मानव के समान ही साड़ी एवं अन्य वस्त्र पहनती है।

इसको बनाने वाली कंपनी ने ऐसा दावा किया है कि ये रोबोट शिक्षक और शिक्षिकाएं शिक्षा के क्षेत्र में सभी सीमाओं को तोड़ेंगे और इनसे शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति आएगी। अभी इस शिक्षिका को एक हायर सेकेंडरी स्कूल में लांच किया गया है। आगे इसका और विस्तार किया जाएगा और यह यंत्र-मानव कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भी जाएगा। यह पढ़ाई के अतिरिक्त एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज को भी बढ़ावा देगा। यह यांत्रिक मानव रोबोटिक्स, कंप्यूटर विज्ञान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एक कॉम्बीनेशन है। इसमें इंटेल के प्रॉसेसर्स लगे हुए हैं। यह यंत्र-मानव नीति आयोग की 2021 की स्कूलों में शिक्षा के प्रसार की नीति के अंतर्गत 'अटल टिंकरिंग लैब्स परियोजना' की पहल के रूप में है। कृत्रिम बुद्धि युक्त इन रोबोट्स के रूप में विज्ञान कथाएं सच हो रही हैं। मानव की कल्पना साकार रूप ले रही है। पहले भी पनडुब्बियों और चांद पर जाने



इसको बनाने वाली कंपनी ने ऐसा दावा किया है कि ये रोबोट शिक्षक और शिक्षिकाएं शिक्षा के क्षेत्र में सभी सीमाओं को तोड़ेंगे और इनसे शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति आएगी। अभी इस शिक्षिका को एक हायर सेकेंडरी स्कूल में लांच किया गया है।

जैसी अनेक विज्ञान कथाएं सच हुई हैं। प्रसिद्ध ब्रिटिश कथाकार जूल्स वर्न की सन् 1870 के आसपास लिखी गई 'ट्वेन्टी थाउजेंड लीग्स अंडर द सी' और 'फ्रॉम द अर्थ टू द मून' जैसी कथाएं इसके उदाहरण हैं। आगे और भी विज्ञान कथाएं सत्य होंगी।

यह प्रश्न उठता है कि क्या यंत्रों को अपने जीवन में इस प्रकार उपयोग में लाना मानव के लिए उपयुक्त है? क्या इससे मानव के रोजगार के अवसर कम नहीं होते हैं? यंत्रों पर कितनी निर्भरता उचित है? हां, इनको उपयोग में लाना हमारे लिए उपयुक्त है। इनके अंदर मानव से अधिक क्षमता है, इनके एक ही मस्तिष्क में बहुत अधिक ज्ञान भरा जा सकता है और ये विविध प्रकार के विषयों और कक्षाओं को पढ़ाने और विभिन्न कार्य करने के लिए उपयुक्त और सक्षम हैं। ये भ्रष्टाचार रहित हैं, ये बहुत अधिक परिश्रम कर सकते हैं, ये थकते नहीं हैं, इन्हें छुट्टी की आवश्यकता नहीं होती है, ये अनुशासनहीन नहीं होते हैं, ये बीमार नहीं पड़ते हैं, इन्हें भोजन की आवश्यकता नहीं होती है। हां, कुछ यंत्रों के समान इनको भी देखभाल की आवश्यकता पड़ सकती है और इनको चलाने के लिए कुछ ऊर्जा खर्च होती है। इन यंत्रों से मानव के लिए रोजगार के अवसर कम नहीं होते हैं। यदि किसी एक क्षेत्र में ये अवसर कम होते हैं तो किसी अन्य क्षेत्र में अवसर बढ़ जाते हैं। यदि इनका उपयोग करने से कुछ शिक्षकों का रोजगार समाप्त होगा तो इन रोबोट्स को बनाने वाले वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के रूप में नए रोजगारों का सृजन भी होगा। यदि ड्राइवर रहित टैक्सियां बन रही हैं तो उन टैक्सियों को बनाने की टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए मनुष्य चाहिए होते हैं। फिर इस प्रकार मानव का श्रम बंट जाने से मानव बेहतर कार्यों के लिए मुक्त हो सकता है। हम कल्पना करें कि यदि हमारे खेतों और कारखानों का कार्य ये रोबोट्स संभाल लें तो मानव ज्ञान-विज्ञान की उन्नति और विभिन्न स्थानों के एक्सप्लोरेशन के लिए मुक्त हो जाएगा। वह समुद्रों, पहाड़ों और अंतरिक्ष जैसे दुर्गम स्थानों की खोज के लिए इन रोबोट्स की सहायता ले सकता है। मानव ने प्रारंभ से ही यंत्रों की सहायता ली है। गुफा मानव के पत्थर के औजार उसके यांत्रिक उपकरण ही थे।

क्या आज हम यंत्रों के बिना अपने जीवन की कल्पना कर सकते हैं? सुबह से शाम तक हमारे हर कार्य के लिए हम किसी न किसी उपकरण या यंत्र की मदद पर ही निर्भर करते हैं। यह शंका उठ सकती है कि कभी ये यंत्रमानव मनुष्य द्वारा अथवा स्वयं, अपने अंदर भावनाएं विकसित न कर लें और मानव से विद्रोह करके उस पर अधिकार न कर लें, लेकिन ऐसा होने की संभावना बहुत कम है। मनुष्य इन बातों को ध्यान में रखकर ही इनका विकास करेगा। प्रसिद्ध विज्ञान कथा लेखक सर इसाक एसीमोव ने अपनी रोबोट सीरीज के उपन्यासों में रोबोटिक्स के तीन मूलभूत नियमों की कल्पना की थी। बाद में उनके उपन्यासों में अधिक बुद्धिमान रोबोट्स के बन जाने के बाद इन्हें तीन से बढ़ाकर चार नियमों में परिवर्तित कर दिया गया था। ये नियम थे...1.कोई रोबोट अपने किसी कार्य से अथवा अक्रियाशील रहकर किसी मानव को क्षति नहीं पहुंचा सकता है। 2.कोई रोबोट मनुष्य की आज्ञा का पालन करेगा, जब तक यह प्रथम नियम को नहीं तोड़ता है। 3.कोई रोबोट स्वयं की रक्षा करेगा, जब तक यह प्रथम दो नियमों को नहीं तोड़ता है। बाद में इसमें शून्य नियम (जीरोथ लॉ) भी जोड़ दिया गया था, जो प्रथम नियम के भी पहले आता था। यह था- कोई रोबोट अपने किसी कार्य अथवा निष्क्रियता से मानवता अर्थात् संपूर्ण मानव जाति को कोई क्षति नहीं पहुंचाएगा। शेष सब नियमों में इस नियम के अनुसार बदलाव हो जाएगा।

एसीमोव की कल्पना के अनुसार ये नियम रोबोट के 'पॉजिट्रॉनिक मस्तिष्क' के मूलभूत सर्किट्स में प्रिंटेड थे। इनके बिना किसी रोबोट की रचना नहीं हो सकती थी। इसलिए एसीमोव के उपन्यासों के सभी रोबोट्स मानव के लिए सुरक्षित थे। वे मानव के वास्तविक सहायक और सहयोगी थे। वास्तविक जीवन में भी इस प्रकार के नियमों का ध्यान रखा जाएगा। इन यंत्र मानवों को निरंतर बेहतर बनाने के प्रयोग हो रहे हैं। उन्हें मानवीय रूप देने का प्रयास हो रहा है। इन्हें ह्यूमैनॉइड बनाने का प्रयास हो रहा है। अभी मानवीय त्वचा को इन रोबोट्स के चेहरे पर उगाने के सफल प्रयोग चल रहे हैं। उसके अनेक लाभ हैं। उससे ये रोबोट्स मानव के समान ही दिखाई पड़ेंगे। वह मुस्कुरा भी सकेंगे और उनके चेहरे पर भाव भी आ सकेंगे।

कृत्रिम बुद्धि युक्त ये यंत्र मानव हमारे अनेक काम आएंगे। अंततः मानवों और यंत्र मानवों का एक संयुक्त समाज बनेगा, जिसमें ये यंत्र मानव, मानव के सहायक और सेवक होंगे। मनुष्य अपनी सुरक्षा को देखते हुए ही इनमें विकास करेगा। हमें इस बात से डरने की आवश्यकता भी नहीं है कि इस विकास से हमारे रोजगार कम होंगे। निश्चित रूप से इससे नए रोजगार सृजित होंगे और अंततः हमें यह देखना होता है कि क्या कार्य मानवता के व्यापक हित में है, जो कार्य मानवता के व्यापक हित में है, हमें उस दिशा में बढ़ना होता है, भले ही उससे किसी अन्य क्षेत्र में कुछ छोटी-मोटी कठिनाइयां भी हों। आवश्यकता केवल इनके विवेकपूर्ण उपयोग की है। इसके अतिरिक्त यंत्रों और सहायकों एवं स्वयं के उपयोग में हमें सदैव एक संतुलन रखना होगा। हम इस संतुलन की सीमा रेखा कहां खींचते हैं, यह हमारे विवेक पर निर्भर करता है। यदि हमारा विवेक अच्छा है तो हम एक अच्छी दुनिया बना पाएंगे अन्यथा खराब।

## प्रसंगवश

# किताबों का मोहल्ला

हाल में एक बार फिर कोलकाता आना हुआ। हर बार तमाम जगहें बाकी रह जाती देखने को। हर बार सोचते कि अगली बार घूमेंगे। ऐसी ही एक जगह यहां की कॉलेज स्ट्रीट है। कॉलेज स्ट्रीट में कोलकाता का विख्यात पुस्तक बाजार है। यह भारत और एशिया का सबसे बड़ा पुस्तक बाजार माना जाता है। बंगाली में इसे 'बोई पाड़ा' कहते हैं, जिसका मतलब है ' पुस्तकों का मोहल्ला/ किताब टोला।' हर तरफ किताबें ही किताबें। 'पुस्तक सरणी' भी कहते हैं कॉलेज स्ट्रीट को।



अनूप शुक्ल
कानपुर

कॉलेज स्ट्रीट में सड़क के दोनों किनारे छोटी-बड़ी गुमटियों में सैकड़ों किताबों की दुकानें हैं। नई पुरानी किताबों से अटी-पटी दुकानें। कई प्रसिद्ध प्रकाशन संस्थान भी कॉलेज स्ट्रीट पर हैं। करीब 900 मीटर लंबी सड़क के दोनों तरफ किताबों की दुकानें हैं। नई पुरानी किताबें। लोग यहां किताबें खरीदने-बेचने आते हैं। बंग्ला, अंग्रेजी और हिन्दी की किताबें रखी मिलती हैं। किताबों की खरीद में मोलभाव खूब होता है। स्टीफन हाकिंग की ब्रीफ आंसर्स टु बिग क्वेशचन्स, जिसकी मूल कीमत 650 रुपये लिखी थी हम लोगों ने एक सौ रुपये में खरीदी। एक जगह हर किताब सौ रुपये की मिल रही थी। किताबों की दुकानों पर तरह-तरह की किताबें पलटते, देखते रहे। किसी ने माना नहीं किया। एक दुकान पर तमाम प्रसिद्ध लेखकों की कालजयी किताबें दुकानों पर एक के ऊपर एक लगीं थीं। हिन्दी की किताबें अधिक दिखी नहीं। अलबत्ता एक जगह लिखा जरूर था-'यहां हिन्दी का किताब मिलता है।' मतलब कि इलाका बदलने के साथ 'किताब' का लिंग परिवर्तन हो गया। हिन्दी की किताबों में भी लेखकों के कहानी संग्रह/कविता संग्रह मुख्य थे। वे किताबें भी नई थीं यानी मोलभाव की गुंजाइश नहीं थी। कुछ देर में दुकान से बाहर आ गए।

बहुत देर तक कॉलेज स्ट्रीट की दुकानों पर किताबें देखते, पलटते, पढ़ते, वापस रखते टहलते रहे। वर्षों से कॉलेज स्ट्रीट देखने की तमन्ना को पूरा होने की खुशी महसूस करते रहे। हर दुकान एक जैसी होते हुए भी अपने में अनूठी लगती। पुस्तक मोहल्ला ही अपने में अनूठा है। काफी देर कॉलेज स्ट्रीट के दोनों तरफ टहलने के बाद इस इरादे से वापस लौटे कि फिर आना है। जल्द ही।

# वर्तमान विदेश नीति के केंद्र में मानवता



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

विदेश नीति में बदलाव की पहली झलक मई 2014 में तब मिल गई थी, जब शपथ ग्रहण समारोह में भारत के पड़ोसी देशों को आमंत्रित किया गया था।

वर्तमान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व में अपनी नई भूमिका के लिए तैयार दिखाई पड़ता है। प्रधानमंत्री की विदेश नीति उसके भारतीय दर्शन मानवतावादी दृष्टिकोण की परिचायक है, जिसके केन्द्र में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना सदैव पल्लवित होती रही है। किसी गणंतत्र के लिए राष्ट्रवाद एवं मानवतावाद एक सिक्के के दो पहलू की तरह हैं। हमारी विदेश नीति का आधार ये दोनों ही पक्ष बने हुए हैं। हमारी विदेश नीति समृद्धि, सुरक्षा एवं आतंकवाद से जूझने के साझा प्रयास को लेकर चल रही है। साथ ही वह समस्त विश्व के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए पूरे विश्व में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है।

विदेश नीति में बदलाव की पहली झलक मई 2014 में तब मिल गई थी, जब शपथ ग्रहण समारोह में भारत के पड़ोसी देशों को आमंत्रित किया गया था। तब से लेकर आज तक द्विपक्षीय दौरों एवं परियोजनाओं में साझेदारी के जरिए इसे विकसित किया जाता रहा है। बांग्लादेश के साथ सीमा विवाद का शांतिपूर्ण निपटारा किया जाना, द्विपक्षीय मामलों को सुलझाने का ही एक उदाहरण प्रस्तुत करता है। अपने मानवतावादी दृष्टिकोण के चलते पड़ोसी देश नेपाल को भूकंप के दौरान त्वरित सहायता प्रदान करना इसी नीति का एक हिस्सा था। अफगानिस्तान में जन कल्याण के लिए किए जाने वाले प्रयासों ने भारत के मानवीय पक्ष को बल दिया है। अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से 31 में भारत के विकास कार्य चल रहे हैं। अफ्रीका में भी भारत ने जन आधारित योजनाओं पर 10 अरब डॉलर की निधि के निवेश की प्रतिबद्धता दिखाई है। भारत एवं फ्रांस के संयुक्त नेतृत्व में किया गया अंतर्राष्ट्रीय सौर समझौता मानव विकास पर 2 अरब डॉलर की राशि का निवेश करके इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने समस्त विश्व की शांति के लिए आतंकवाद को एक बड़ा अवरोध माना है। अपने कूटनीतिक प्रयासों से उन्होंने संपूर्ण विश्व को भी स्वीकार करने को बाध्य कर दिया है। अब कई देश अपने द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय वक्तव्यों में कुछ आंतकी समुदायों एवं उनके रक्षकों का पर्दाफाश करने में नहीं हिचक रहे हैं।

पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों में सीमा पार से आने वाले आतंक को लेकर सबसे ज्यादा खटास है। इससे निपटने के लिए ही सर्जिकल स्ट्राइक जैसा कदम उठाया गया था। कई देशों ने दबे स्वर में इसे उपयुक्त कदम बताया है। संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर जाने वाले मोदी भारत के ऐसे प्रधानमंत्री बन गए, जिन्होंने 35 वर्षों में उभर आई एक दरार को भरकर संबंधों को भारत के एक बड़े निवेशक के रूप में तैयार कर लिया है। ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह के समझौते ने भारतीय विदेश नीति के एक नए सोपान की शुरुआत की है। अंतर्राष्ट्रीय रूप से ऊलझे अपने कुछ मामलों को दृढ़ता एवं कूटनीति के साथ सुलझाने के कारण भारत की अपनी एक साख बन गई है। चीन के साथ डोकलाम विवाद को सुलझाकर भारत ने अपनी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता एवं सैनिक समाधान का परिचय दिया है। इस पूरे प्रकरण ने चीन और भारत को यह विश्वास करने पर मजबूर कर दिया है कि वैमनस्य के स्थान पर सद्भावना से कुछ अधिक प्राप्त किया जा सकता है। भारत की विदेश नीति का हर दूसरा कदम अपने में मानवीय हित को समेटे हुए चल रहा है।

साम्यवादी विचारों के प्रभाव में अभारतीयकरण इतना गहरा हो चुका है कि उसने सोच के साथ शब्दावली को भी प्रभावित कर दिया है और इसका एक प्रमाण कांग्रेस के एक नेता के इस बयान से मिला कि यदि भाजपा फिर से शासन में आती है तो भारत 'हिंदू पाकिस्तान' बन जाएगा। 'हिंदू पाकिस्तान' शब्द ही विरोधाभासी है। नागपुर में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने कहा था, 'पश्चिम में जो राष्ट्र विकसित हुए उनका आधार एक विशिष्ट भूमि, भाषा, रिलीजन और समान शत्रु रहा है, जबकि भारत की राष्ट्रीयता का आधार वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया का चिंतन रहा है। भारत ने सदैव समूचे विश्व को एक परिवार के रूप में देखा है। भारत सभी के सुख और निरामयता की कामना करता रहा। भारत की यह पहचान मानव समूहों के संगम, उनके सम्मिलन और सहअस्तित्व की लंबी प्रक्रिया से निकलकर बनी है। हम सहिष्णुता से शक्ति पाते हैं, बहुलता का स्वागत करते हैं और विविधता का गुणगान करते हैं। यह शताब्दियों से हमारे सामूहिक चित्त और मानस का अविभाज्य हिस्सा है। यही हमारी राष्ट्रीय पहचान है।'

## सोशल फोरम

# हमें जो करना चाहिए

कहा जा रहा है कि अंबानी ने बेटे की शादी में पांच हजार करोड़ खर्च किए। इतनी चर्चा है तो किया होगा। उन्हें अधिकार है अपने शौक पूरे करने का और हमें एक सीमा से अधिक अधिकार नहीं है। सार्वजनिक मंचों पर उन्हें इस बिना पर लानत मलामत भेजने का कि आखिर उन्होंने इतना तामझाम क्यों किया, जो हमें अधिकार है और जो हमें करना चाहिए वह तो करते नहीं।



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

हमें अधिकार है कि हम सवाल उठाएं कि आखिर अंबानी का बिजनेस मॉडल क्या है कि उन्हें इतनी कमाई होती है, सरकार की आर्थिक नीतियों में उनका क्या और कितना दखल है, रिलायंस के निचले दर्जे के कर्मचारियों के प्रति उनका कैसा रवैया है। हम खबरें पढ़ चटखारे लेते हैं, लेकिन ऐसे किसी विमर्श में शामिल नहीं होते कि ऐसा क्यों हो रहा है और देश की बहुसंख्य आबादी की आर्थिक सेहत पर इसका कैसा कुप्रभाव पड़ रहा है। अंबानी और अडानी जैसों के पसरते जाते आर्थिक साम्राज्य की पृष्ठभूमि में सत्ता और कारपोरेट का जो नेक्सस अपना खेल कर रहा है, उस पर विमर्श होना चाहिए न कि इस पर कि अपने बेटे की शादी में उन्होंने किस तरह ऐश्वर्य प्रदर्शन किया। बाजारवाद के दौर में एक कहावत बहुत आम है कि 'पैसा बोलता है' तो अंबानी का पैसा बोल रहा है और हमारे कानों में ऐसी ध्वनियां गूंज रही हैं कि बेटे की बारात में शामिल अतिथियों को उन्होंने कितने करोड़ की घड़ी उपहार में दी, रेहाना को नाचने के कितने पैसे दिए, सितारों को खाना परोसने के एवज में क्या-क्या दिया।

सामंतवाद के दौर में छोटे बड़े सामंत और राजे महाराजे अपने बेटे-बेटियों की शादी को किस तरह उत्सव का रूप देते थे और किस तरह जनता से लूटे गए धन को पानी की तरह बहाते थे। यह लोक श्रुतियों और इतिहास की कहानियों में हम पढ़ते सुनते रहे हैं। पहले भी सार्वजनिक शोषण से प्राप्त अकूत धन से ही सामंत लोग ऐश करते थे और आज भी वही कहानी है। अंतर यही है कि आज सामंत की जगह कारपोरेट घराने हैं।

-फेसबुक वॉल से

# बेगम अनीस किदवई : अब ऐसे लोग कहां

कहते हैं अगर आपने माटी की खिदमत की है तो एक न एक रोज उसकी महक दुनिया महसूस करेगी। मेरे पास लिखने को हजार पन्ने हैं, लाखों शब्द हैं मगर मैं उनकी शख्सियत पर क्या-क्या लिखूं। साहित्य अकादमी सम्मान से नवाजी लेखक, दो बार राज्य सभा सांसद, फ्रीडम फाइटर और सबसे बढ़कर बंटवारे में शरणार्थी कैंप में जीजान से खिदमत करने वाली बेगम अनीस किदवई। उन्होंने नजरे कुश गुजरे, अब जिनके देखने को, चार रुख, जुल्म और आजादी की छांव जैसी किताबें लिखकर अपने अंदर की बुनावट दुनिया के सामने रख दी। शायद वह इकलौती महिला हैं, जिसने कैंप में लाशों को नहलाया, कफन दफ्न किया, यहां तक कब्रें भी खोदी, तब जाकर बंटवारे से उपजा जख्म हम पाट पाए थे।



हफीज किदवई
लेखक

हजारों लड़कियों को जो बेच दी गई, जो उठा ले जाइ गई, जिन्हें भीड़ ने काफिलों से लूटकर छीन लिया, अपने घरों में बांध लिया। एक-एक लड़की को वापिस उसके परिवार में पहुंचाने वाली बेगम अनीस किदवई। मृदुला साराभाई, बेगम अनीस और सुभद्रा जोशी की तिकड़ी, जिसने चाक दिलों को सी दिया, इन्हें याद रखिए। "आज़ादी की छांव में" उनकी लिखी किताब पढ़िए और रोइए। देखिए जमीन को मजहब के नाम से फाड़ने पर कितने दिल टूटे थे। इस सबसे इतर उस वक्त के हालात देखिए, वह कौन लोग थे जो तब भी भीड़ बनकर डरा रहे थे। सैकड़ों साल से साथ रह रहे अपने भाइयों को खींचकर गांव से बाहर कर रहे थे। कितनी ही बेंटियों को गले में रस्सी डालकर, बिना कपड़ों के घर में जानवरों की तरह बांधे रखे थे। यह सारे दर्द, यह सारी नाइंसाफी, यह सारे जख्म को बेगम अनीस किदवई और मृदुला साराभाई ने साथ-साथ भरकर हमारे देश की बुनियाद रखी है। बंटवारे के शरणार्थियों की सेवा के साथ-साथ सैकड़ों लड़कियों को खोजा। खोजी हुई लड़कियों को जब उनके ही अपने सगों ने लेने से इंकार किया, तो उन्हें पाला। बेगम अनीस और सुभद्रा, दो औरतें भयंकर दंगों से झुलस रहे गांव मे अकेले निकल गईं, लड़कियों को खोजने, लोगों ने घेरकर उनकी गाड़ी तोड़-फोड़ दी, उन्हें गालियां दीं, उन पर झपटने को दौड़े मगर न यह डरी और न पीछे हटीं।

गांव के सबसे खूंखार वहशी के खूंटे में बंधी लड़की को खींचकर निकाल लाईं और उसको आजाद जिंदगी दी। आपको क्या लगता है कि बंटवारें से उपजा जख्म यूहीं भर गया। इसके लिए अथक मेहनत की गई, दिन रात बिना फर्क किए काम किया गया। सवालों और बदले की आग पर ठंडा पानी डालकर सेवा की गई, लोगों को भड़काने की जगह बनाने पर जोर दिया गया। रोने की जगह उठ खड़े होने की बातें की गईं। बेगम अनीस किदवई को पढ़िए, रोइए की अपने शौहर के जिस्म को दंगों में टुकड़े-टुकड़े देखकर भी उनके दिल से इंसान की खिदमत न गई। अपने सारे गम भुलाकर वह मुल्क की बुनावट में लग गईं। अपने शौहर के खून की छींटे देख बदले के लिए नहीं दौड़ी, बल्कि दूसरे परेशान हाल सताए हुए लोगों के आंसू पोछने निकल पड़ी। जमाने की उन्होंने खिदमत की तो उस जमाने ने उन्हें पलकों पर भी बैठाया। मसौली में 1906 को जन्मी बेगम अनीस किदवई आज के ही रोज 1982 में दुनिया को अपने काम, अपनी छाप, अपने किरदार की खुशबू देकर छोड़ गईं।

# बुद्धि बनाम धन:बदलते मानदंड

प्राचीन ग्रंथों और मान्यताओं के अनुसार संसार में सबसे बड़ा बल 'बुद्धि' माना गया है। धन बल काफी निम्न स्तर का मान्य है। कहा गया है कि 'बुद्धिर्यस्य बलं तस्य निरबुद्धेस्तु कुतो बलम्'। भगवान श्रीकृष्ण के मुख से कही गई गीता में भी इंद्रियों से परे मन, मन से परे बुद्धि और बुद्धि से भी परे वह (आत्मा) है। यानी बुद्धि से ऊपर सांसारिक कोई चीज नहीं है, क्योंकि आत्मा तो परमात्मा का अंश है, अलौकिक है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हालांकि यह नियम फेल होता दिख रहा है और धनवान सर्वाधिक मान्य हैं। अब देखिए। एशिया के सबसे बड़े धनाड्य मुकेश अंबानी के बेटे की शादी हुई। इसमें 'बड़ों' का बहुत बड़ा जमावड़ा हुआ। प्रधानमंत्री सहित लगभग सभी बड़े नेता, चाहे वे परस्पर विरोधी क्यों न हों, इस समारोह में एक साथ नजर आए। बालीवुड के सितारे सहित सभी क्षेत्रों के महान लोग यहां आए। मैं नहीं समझता कि बौद्धिक माने जाने वाले किसी प्रोफेसर, साहित्यकार, वैज्ञानिक या वकील की शादी में इस स्तर के इतने लोग एकत्र हुए हों। तथ्य यह भी है कि इसमें निर्धन, अकिंचन कोई नहीं था। साथ ही यह भी है कि इस समारोह में शामिल होने वाले बड़े इतनी संख्या में किसी गरीब को उसकी शादी में आशीर्वाद देने कभी नहीं गए। धर्म ग्रंथों का अवलोकन करें तो कुबेर सबसे धनी माने गए हैं, लेकिन उन्हें देवता का भी दर्जा प्राप्त नहीं है। वे सिर्फ यक्ष हैं। बुद्धि के देव और देवी गणेश जी तथा सरस्वती हैं और किसी भी शुभ कार्य में वे प्रथम पूज्य और वंदनीय हैं।

विवाह को लें तो देवाधिदेव महादेव का परिणय पार्वती जी के साथ पारंपरिक वैदिक रीति से हुआ था, जिसमें भगवान विष्णु सहित सभी देवता गए थे, लेकिन निचले तबके के भूत प्रेत भी बखूबी शामिल हुए। अब बताइए शंकर जी के पास क्या दौलत थी? कहा गया है कि 'धाम धतूरो, विभूति को कूरो, निवासु जहां सब लै मरे दाहै' यानी उनके घर में केवल एक धतूरे का पौधा और राख की कुछ ढेरियां ही थीं। बस और घर भी श्मशान घाट। मेरे कहने का मतलब है कि तब महान जमघट ऐसों के विवाह में होता था और अब अंबानी जैसों के यहां। मानक कितने बदल गए। बदलते मानदंड रेखांकित करते हैं कि अब धन ही सबसे बड़ा है। राजा से संन्यासी हुए भर्तृहरि शायद भविष्य भांप गए थे, तभी उन्होंने अपने नीति शतक में कहा है कि 'जिसके पास धन है, वही कुलीन है, वही पंडित है, वही गुणी, ज्ञानी है, वही कुशल वक्ता और दर्शनीय है। सभी गुण कंचन (सोने) में निहित हैं।

# हरियाली का उत्सव हरेला

पहाड़ के ज्यादातर त्योहारों की तरह हरेला भी प्रकृति मां के प्रति आभार जताने का अवसर है। धरती-आसमान पर दस्तक दे रहे सावन के विपुल महीने के स्वागत में हरेले से दस दिन पहले हर घर में छोटे-छोटे पात्रों में अपने घर-खेत की मिट्टी भर कर उनमें पांच-सात तरह के स्थानीय अनाजों के बीज बोए जाते हैं।





अशोक पांडे
हल्द्वानी

दस दिन में बीज अंकुरित होकर हल्के धानी रंग की पतली-पतली पत्तियों में बदल जाते हैं। इन्हें भी हरेला कहा जाता है। संक्रांति के दिन त्योहार मनता है। हरेला काटा जाता है, रसोई बढ़िया गमकती है, खीर-पुए बनते हैं और घर की सबसे सयानी स्त्री अनुष्ठानपूर्वक हरेले के पत्तों को परिवार भर के सदस्यों के पैरों-घुटनों-बांहों और सिर से क्रमशः छुआकर आशीष देती हैं कि जीते-जागते रहना, आकाश जितने ऊंचे और धरती जितने चकले बनना, कि दूब जैसी हरियाली, सियार जैसी बुद्धि और शेर जैसा प्राण हासिल करना कि जब तक हिमालय में बर्फ और गंगा में जल है तब तक ऐसे मुबारक मौके तुम्हारे जीवन में आना-जाना करते रहें। हरेला हरियाली का उत्सव है।

मई-जून की कड़ियल गर्मी के बाद आई सुकून भरी हवा और ताजगी का इस्तकबाल है। हरेला आगामी फसलों की तैयारी और पिछली फसल के लिए प्रकृति को धन्यवाद कहने का कर्तव्य है।

## एक नजर

### छेड़छाड़ की पीड़िता के परिजनों को दी धमकी

**गजरौला, अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव में तीन जुलाई को युवक ने महिला से छेड़छाड़ की थी। इसकी शिकायत करने पर आरोपी व उसके परिजनों ने पीड़ित महिला के परिजनों से मारपीट कर दी। मामले में तहरीर पर पुलिस ने एक युवक पर छेड़छाड़ व उसके भाई समेत तीन लोगों पर मारपीट करने में रिपोर्ट दर्ज की थी। फिलहाल सभी लोग जमानत पर हैं। आरोप है कि सोमवार शाम छेड़छाड़ का आरोपी युवक व उसका भाई पीड़िता के परिजनों से गाली-गलौज करते हुए समझौता करने का दबाव बनाने लगा। लोगों के एकत्र होने पर आरोपी फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी हितेश व अमित का शांतिभंग करने के आरोप में चालान करने की बात कही है।

### छात्रों की प्रतिभा सामने लाने के लिए कार्यक्रम

**अमरोहा, अमृत विचार** : मंगलवार को अक्षरा पब्लिक स्कूल पेरेंट्स ओरियंटेशन कार्यक्रम हुआ। विद्यालय के प्रबंधक शगुन राहुल ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य छात्रों के भविष्य और उनकी छुपी प्रतिभाओं को निखार कर विद्यालय की उन्नति करना है। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन सिंह ने प्रतिभाओं को लेकर चर्चा की।

# अजादारों ने दिखाया कर्बला के मैदान का मंजर

## जंग का मैदान, नहर ए फरात, जिंदान ए शाम का नक्शा बनाया

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार** : आठ मोहर्रम की रात को इमाम हुसैन की याद में ख्यामे हुसैनी की शबीह तैयार की। इसमें कर्बला के मैदान के मंजर को दिखाया, जो रोज ए आशूरा के दिन हुआ। इस शबीह में छोटे छोटे खेमे लगाए गए थे, जंग का मैदान बनाया गया था। नहर ए फरात बनाई गई थी और जिंदान ए शाम का नक्शा बनाया गया था।

रोज ए आशूरा मुहम्मद और आले मुहम्मद पर मुसीबत का दिन है। आशूर, वो दिन है जिस दिन इमाम हुसैन ने इस्लाम को बचाने के लिए कर्बला के मैदान में अपना घर और साथियों को खुदा की राह में कुर्बान कर दिया है। तारीख बताती है उस दौर में यजीद बादशाह चाहता था कि हुसैन इलाहा इलल्लाह न कहें, दीन ए इस्लाम की बात न करें। मगर हुसैन ने कर्बला के मैदान में आकर कहा कि वो सिर कटा सकते हैं, मगर ला इलाहा इलल्लाह कहना नहीं छोड़ेंगे। नाना मुहम्मद के दीन ए इस्लाम को बचाने के लिए अपना खून देंगे। जवान बेटे अली अकबर को कुर्बान कर देंगे। छह महीने के बेटे अली असगर की कुर्बानी देंगे। मगर यजीद की बैअत नहीं करेंगे और फिर रोज ए आशूरा यजीद की फौज ने ऐसा जुल्म ढाया कि एक दिन में काफिले के लोग 72 शहीद हो गए। इमाम हुसैन को कुंद खंजर से कर्बला की तपती रेत पर जिबाह कर दिया गया। उन्हीं की याद में सैदनगली में कर्बला के उस मंजर का नक्शा बनाया। नहर ए फरात बनाई गई, जहां से यजीद की फौज ने पानी नहीं लाने दिया। नहर के पास हुसैन के भाई अब्बास को शहीद किया गया था।


सैदनगली में कर्बला की मंजरकशी करते अजादार। ● अमृत विचार

### नौवें मोहर्रम को अंगारों पर चले अजादार

**मंडी धनौरा, अमृत विचार** : शिया बाहुल्य गांव फन्देड़ी सादात में नौवें मुहर्रम पर अजादारों ने अंगारों पर मातम किया। वहीं शहीदाने कर्बला की याद में जंजीरों का मातम कर लहूलुहान हो गए। फन्देड़ी गांव में नौवें मोहर्रम का जुलूस अंजुमने सज्जादिया व इमाम हुसैन और हजरत अब्बास से अलम बरामद किए। मौलाना जाफर रजा ने कर्बला का मंजर बयां किया, जिसको सुनकर अजादार रोए। इसके बाद अजादारअंगारों पर चले और जंजीरों का मातम किया। खिसाल मेहंदी, सादिक अली, सलमान हैदर , जुल्फिकार हैदर ने नौहा ख्वानी की। नौहा पढ़ते हुए अजादार जुलूस के रूप में कर्बला पहुंचे, जहां पर जुलूस का समापन हुआ। इस मौके पर मनव्वर अली, मोमिन अख़्तर, अहसान मेहदी, कामिल जैदी, अबरार हुसैन, मोहम्मद रजा, सलमान हैदर, मोहम्मद फाजिल, सईद अख़्तर, मौलाना मेहंदी, मौलाना मोहसिन, मौलाना तालिब हुसैन, चांद अली, अकबर हुसैन रहे।

### हजरत कासिम की याद में जुलूस निकाला

**सैदनगली, अमृत विचार** : नगर पंचायत सैदनगली में आठ मुहर्रम की रात में हजरत कासिम की याद में सुन्नी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मेहंदी का जुलूस निकाला। जूलूस में लोगों ने नोहे व मर्सिया पढ़ते हुए हजरत कासिम को याद किया। यह जुलूस इस्लामिया स्कूल से शुरू होते हुए एहसान कुरैशी के मकान तक और वहां से दखनी इमाम बारगाह तक दखनी इमाम बारगाह से दादा मियां के मजार तक और वहां से वापस होता हुआ जाकिर हुसैन के मकान पर समाप्त हुआ। हजरत कासिम की याद में इनामुल गफ़ूर व इंतजार अंसारी ने नोहे वे मर्सिये पढ़े। दादे वाले इमाम बारगाह पर शिया समुदाय के लोगों ने नोहा पेश किया और मातम किया। हजरत कासिम, हजरत इमाम हुसैन के भतीजे थे वह कर्बला मे जंग के मैदान में शहीद हो गए थे। उन्हीं की याद में मेहंदी का जूलूस निकाला जाता है । इस अवसर पर डॉ . आसिफ सिद्दीकी, शफीक अहमद, मास्टर राशिद हुसैन, कोसेन रजा, निजामुद्दीन, रईस सिद्दीकी एवं जुलूस में नगर के सभी लोग मौजूद रहे।


सैदनगली में हजरत अली अकबर का शबीहे ताबूत बरामद करते अजादार।

## हजरत अली अकबर का शबीहे ताबूत किया बरामद

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार** : नौ मुहर्रम की सुबह कस्बे के मुहल्ला सादात के पीर जी इमामबारगाह में मजलिस हुई। जिसमें मर्सिया ख्वानी नसीमुल हसन और हमनवा ने की।

मजलिस को कंबर रजा ने खिताब करते हुए कहा कि हजरत अली के बेटे अली अकबर रसूले खुदा की शबीह थे। इसीलिए अकबर को हमशक्ले पयम्बर भी कहा जाता है। इमाम हुसैन कहते हैं जब मुझे अपने नाना रसूल की ज्यारत करनी होती थी तो मैं अपने बेटे अली अकबर की सूरत देख लेता था। अफसोस जालिमों ने कर्बला के मैदान में अकबर को भी नहीं छोड़ा। जब अली अकबर जंग करने गए तो कई जालिमों को कत्ल कर दिया। मगर एक जालिम ने अकबर के सीने में बरछी मार दी। जिस वजह से अली अकबर की शहादत हुई।

मजलिस के बाद हाजी तनवीर अब्बास के मकान से अली अकबर का शबीहे ताबूत बरामद हुआ जो पीर जी इमामबारगाह जाकर खत्म हुआ। नौहे मिसाल अब्बास, शबीह हैदर, सुहैल अब्बास, हैदर अब्बास आदि ने पढ़े।

# कर्बला में हक और बातिल के बीच हुई थी जंग : मौलाना नूरी

संवाददाता, उझारी

**अमृत विचार** : इमाम हुसैन ने कर्बला के मैदान में अपनी और अपने साथियों की शहादत लेकर अल्लाह के दीन को बचा लिया। कर्बला की जंग दो शहजादों के बीच नहीं बल्कि हक और बातिल के दरमियान जंग थी।

कस्बा उझारी के मोहल्ला सादात स्थित इमामबारगाहे बाबुल हवाई में मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें मर्सिया ख्वानी जीशान हैदर और उनके साथियों ने की। मौलाना अली हैदर नूरी साहब ने कहा कि कर्बला की जंग हक और बातिल के बीच थी। यजीद चाहता था कि दीन में शराब नोशी, जुआ और जिनाकारी जैसे तमाम काम राईज कर दिए जाएं। लेकिन इमाम हुसैन ने उसके गलत कामों को मानने से इनकार कर दिया। इससे खफा होकर यजीद ने धोखे से इमाम हुसैन को कर्बला के मैदान में बुला लिया और नहरे फरात पर पहरा बैठा दिया कि कोई भी हुसैन का चाहने वाला पानी न ले सके। तीन दिन के भूखे प्यासे इमाम हुसैन और उनके साथियों को कर्बला के मैदान में शहीद कर दिया। कर्बला से हमें सबक मिलता है कि गलत काम करने वाला चाहे कितना भी ताकतवर क्यों न हो, हमें उसका विरोध करना होगा। कर्बला का वाकया सुनकर अजादार फूट-फूट कर रो रहे थे। इमामबारगाहे अबु तालिब में मौलाना हुसैन मेहंदी ने मजलिस को खिताब फरमाया। मोहल्ला नौरंगाबाद में डॉ. हसन इमाम इमामी ने खिताब फरमाया। घरों में महिलाएं मजलिसें बरपा कर रही हैं। मजलिसों में नौहाख्वानी अकबर मेहंदी, जामिन बाकरी, मोहम्मद रजा, कल्बे अब्बास आदि ने की। इस अवसर पर नूरुल हसन, गुल मोहम्मद, बिलाल बाकरी, मोहम्मद अब्बास, चमन हैदर बाकरी, डॉ. राशिद अब्बास, अर्श जावेद, मोहम्मद आदिल, अलाउद्दीन सैफी, शाने अब्बास, शोएब जैदी, जावेद कैसर, हाजी अखलाक हुसैन, रहबर अब्बास, जोन बाकरी, अलबर जावेद, हसन मेहंदी शाने असगर, अरमान बाकरी, फैसल जावेद, मोहम्मद असगर, जहीर अब्बास, हाजी बब्बन, कमाल अब्बास, जिल्ले सिब्तैन, मोहम्मद अख्तर, मोहम्मद बाकिर, सलमान हसन आदि मौजूद रहे।


उझारी में मजलिस को खिताब करते मौलाना अली हैदर नूरी। ● अमृत विचार

### इमाम हुसैन के भाई की शहादत पर रोये अजादार

**नौगांवा सादात, अमृत विचार** : नौ मुहर्रम का जुलूस इमामबारगाह सय्यद नूर मोहल्ला गुला तालाब से अंजुमने हैदरी का तारीकी जुलुस बरामद हुआ। सबसे पहले कुरान की तिलावत हुई।

इसके बाद मरसिय खान ने मर्सिया पड़ा। इमाम हुसैन के भाई अब्बास इब्ने अली की कर्बला में शहादत का जिक्र कर मौलाना अब्बास ने मजलिस को खिताब किया। अजादारों ने जंजीरों का मातम किया। इस अवसर पर मोहम्मद अब्बास, सिब्ते हैदर, हुसैन अब्बास, तारिक रजा, कौसर अब्बास, शेर अली, मुन्ना, गुलाम अस्करी ज्ञानी, गफ्फार, मोहम्मद अली, अहसान अख्तर, शबाब हैदर, मोहम्मद हैदर शाहे आलम, जाने आलम, जहीर अब्बास, कमर अब्बास, मौलाना हसन मुजतबा, अंसार हैदर,अली अख्तर आदि मौजूद रहे।

# ए दोस्त इब्ने साकिये कौसर हुसैन हैं...

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी के तहत नौ मुहर्रम का जोड़ियों का जुलूस मोहल्ला बड़ा दरबार स्थित अजाखाना शम्स अली खां से बरामद हुआ। जोड़ियों का यह जुलूस चार बजे बरामद किया गया।

जोड़ियों के पीछे अजादार मशहूर मुनाकिब ए दोस्त इब्ने साकिये कौसर हुसैन हैं, पढ़ते हुये चल रहे थे। जोड़ियों का यह जुलूस अजाखाना मौहम्मद युसूफ मण्डी चौब, बड़ा बजार, जट बजार होता हुआ कटकुई स्थित अजखाना दोस्त अली पहुंचा। जहां अजादारों ने नजरे हुसैन पेश की और जोड़ियों को उनके खास मकाम पर रखा। ऐ दोस्त इब्ने साकिये कौसर हुसैन हैं, जाने बतूल सिब्ते पयम्बर हुसैन हैं, हजरते हसन का बरादर हुसैन हैं, मुख्तार कारखाना-ए-दावर हुसैन हैं, हम आसियों का शाफा-ए- महशर हुसैन हैं। जुलूस के आगे हुसैनी बाजा था, उसके पीछे अजादार जोड़िया उठाकर चल रहे थे, जगह-जगह जुलूस का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। जुलूस का संचालन अन्जुमने असगरी दरबारे कलां कर रही थी तथा जुलूस अन्जुमन तहफ्फुते अजादारी के तत्वधान में निकाला। जुलूस में अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी के जिलाधिकारी अमरोहा द्वारा जुलूस अजा के लिए नामित अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी की तदर्थ समिति के सदस्य लियाक़त अली, बाकर रजा, नदीम नकवी, शेजाद रजा, कासिम जैदी आदि रहे तथा संचालन अंजुमन ए असगरी ने किया।


अमरोहा में जुलूस निकालते अजादार। ● अमृत विचार


रक्तदान के प्रमाण पत्र सौंपते संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## इमाम हुसैन की शहादत की याद में लगा रक्तदान शिविर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : इमाम हुसैन की शहादत की याद में रक्तदान शिविर लगा। लोगों ने रक्तदान कर उनको श्रद्धांजलि पेश की। शिविर में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया।

शहजाद रजा ने कहा कि इमाम हुसैन का खून इंसानियत की बका के लिए हर दौर में रंग लाया है। इस अवसर पर 50 लोगों ने रक्तदान किया। जिसको जिला अस्पताल अमरोहा की टीम ने एकत्र किया। डॉ. सोहराब मारूफ बताया कि दुनिया की किसी मशीन से खून बनाया नहीं जा सकता, लेकिन हम लोग रक्तदान करके इस जरूरत को पूरा जरूर कर सकते हैं। हुस्सैनी ब्लड ग्रुप की ओर से इस कैंप का आयोजन किया गया। सह सयोजक मोहम्मद अली नकवी ने बताया है कि यह 24वां शिविर है। इस अवसर पर असकरी रजा एड, बबलू चौधरी, सलीम खान, हुसैन आदिल, सैय्यद हसन, अहमद फराज, शालू नकवी, अफसर अमरोहवी आदि मौजूद थे।

### परंपरागत मार्गों से निकालें ताजियों का जुलूस

**मंडी धनौरा, अमृत विचार** : मुहर्रम को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। उप जिलाधिकारी चंद्रकांता ने तहसील क्षेत्र में विभागीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

उप जिलाधिकारी चंद्रकांता ने कहा कि क्षेत्र में मुहर्रम शांतिपूर्वक मनाया जाना चाहिए। जुलूस के मार्ग के अवरोधों को हटाया जाए। जुलूस परंपरागत मार्ग से ही निकाला जाए। अधिशासी अधिकारी बछरायूं तथा धनौरा को निर्देशित करते हुए कहा कि जुलूस मार्गों की सफाई व्यवस्था का ध्यान रखा जाए। उप जिलाधिकारी चंद्रकांता ने तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव को थाना धनौरा क्षेत्र, नायब तहसीलदार वीरेंद्र पाल सिंह को बछरायूं थाना क्षेत्र, खंड विकास अधिकारी गजरौला अरुण कुमार को थाना गजरौला क्षेत्र तथा पशु चिकित्सा अधिकारी आजमपुर डॉ. भावेश सिंह को थाना राजबपुर का तहसील धनौरा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी।


मंडी धनौरा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

## पंचायत में अधिकारियों की उपस्थिति को सौंपा ज्ञापन

- उपजिलाधिकारी कार्यालय परिसर में 20 जुलाई को होगी पंचायत

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन भानू ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर 20 जुलाई को होने वाली पंचायत में अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की।

मंगलवार को विकास खंड परिसर स्थित उप जिलाधिकारी कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय संगठन मंत्री ठाकुर गिरीश पाल सिंह के नेतृत्व में किसान एकत्र हुए और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि 20 जुलाई को एसडीएम कार्यालय के निकट मासिक बैठक होगी। जिसमें किसानों की समस्याओं के निस्तारण को एसडीएम, एक्सईएन, चकबंदी विभाग एवं खाद्य रसद विभाग के अधिकारी समय से पंचायत में समय से उपस्थित हो। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अधिकारी समय से उपस्थित नहीं हुए तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में सुमित त्यागी, राजीव त्यागी, लेखराज सिंह, हरपाल सिंह, हसीन चौधरी, युसूफ चौधरी, मेहरबान, पूजा चौधरी, अजय पाल, लोकेश आदि मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जानकारी दी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार** : पालिका कार्यालय में मंगलवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत बैठक हुई। ईओ दीपिका शुक्ला ने कर्मचारियों को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की जानकारी दी। कहा कि बरसात में मलेरिया, डेंगू रोग ज्यादा फैलते हैं। यह रोग मच्छरों के पनपने से फैलते हैं। उन्होंने नगर क्षेत्र के लोगों को इस बारे में जागरूक करने को कहा। इस दौरान देवेश शर्मा, अशोक कुमार, आदेश कुमार, वेद प्रकाश, इरशाद खां, अजय कुमार, ललित कुमार, वंदना अग्रवाल, रविंद्र, महेश चंद्र, जयचंद्र, मुनेश, गौतम, अक्षय शुक्ला रहे।

### सड़क हादसे में बाइक चालक घायल, भर्ती

**रहरा, अमृत विचार** : हसनपुर कोतवाली क्षेत्र गांव शाहपुर कलां निवासी सूरजपाल पुत्र महेश मंगलवार सुबह अपनी ससुराल सम्भल जनपद के कस्बा गंवा से आ रहा था। जैसे ही सूरजपाल चन्दनपुर खादर पहुंचा तो सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। जिसमें बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी रहरा में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर घायल को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने
आशियाना फेस- 1
24 घन्टे
सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की
सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

# जुलूस की ड्रोन कैमरों से होगी निगरानी

संवाददाता, अमरोहा/डिडौली

**अमृत विचार** : पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने 10 मुहर्रम पर ताजियों के जुलूस को लेकर गांव पतई खालसा पहुंचकर मार्ग का जाजया लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने ताजियेदारों और जिम्मेदार लोगों से वार्ता की। साथ ही कम ऊंचाई के ताजिये निकालने के निर्देश दिए। कहा कि पहले से ही पूरी व्यवस्था कर ली जाएं, जिससे कोई अप्रिय घटना न हो।

पिछले वर्ष डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पतई खालसा में ताजिये निकालते समय हादसा हो गया था। पिछले साल ताजिया बिजली तारों से छू हो गया था, जिसमें करंट उतरने से दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई लोग झुलस गए थे। वहीं इस बार ऐसी कोई घटना न हो इसको लेकर अधिकारियों ने सभी को पहले से ही निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह गांव पतई खालसा पहुंचे। जहां उन्होंने स्थानीय लोगों से मुहर्रम के ताजिये के विषय में जानकारी ली तथा ताजिये की ऊंचाई के विषय में निर्देश दिए। उन्होंने ने कहा कि निर्धारित मार्ग से ही जुलूस निकाला जाए। साथ ही सभी से मुहर्रम व आगामी त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। कहा कि कोई अप्रिय घटना न हो जाए इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। कहा कि जूलुस की ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाए, साथ ही पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया जाए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा राजीव कुमार सिंह, एसडीएम सुधीर कुमार सिंह, सीओ अरूण कुमार आदि रहे।


ताजियों के जुलूस के मार्ग का जायजा लेते पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह व अन्य।

- ताजियों के जुलूस के मार्ग का एसपी ने किया निरीक्षण
- ताजियों की ऊंचाई कम रखने के दिए निर्देश


एसडीएम भगत सिंह को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। ● अमृत विचार

## वेतन आयोग गठित करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : केंद्रीय एवं प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर कलेक्ट्रेट स्थित शहीद पार्क में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के शिक्षक, कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने धरना-प्रदर्शन किया।

संगठन के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम भगत सिंह को सौंपा। जिसमें पुरानी पेंशन बहाली, वेतन आयोग गठित करने एवं अन्य समस्याओं जैसे 18 महीने का महंगाई भत्ता आदि मांगें पूरी करने की मांग की गई।

मंगलवार को शहीद पार्क में दोपहर बाद तीन बजे धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञानेंद्र सिंह त्यागी जिलाध्यक्ष ने और संचालन जिलामंत्री हरेंद्र सिंह ने किया।

सभा को नेपाल सिंह, नीरज कुमार यादव, शहबाज साबरी, इंद्रजीत सिंह, दलजीत सिंह, प्रवेश शर्मा, अंकित कुमार डांगी, गुलाब सिंह, हंसराज सिंह, धर्मपाल सिंह, प्रतीक बांगा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष ने कहा कि सरकार को कर्मचारियों की मांगों पर विचार करना चाहिए और पुरानी पेंशन को बहाल किया जाए। धरना-प्रदर्शन में राजस्व, कृषि, गन्ना, सिंचाई, पशुपालन, विकास, पंचायत, लोक निर्माण विभाग, कैनाल आदि विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

## एक नजर

### विश्वविद्यालय परिसर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में संचालित कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी गई है। कुलसचिव ने सभी विभागाध्यक्षों और संकायध्यक्षों को प्रवेश के संबंध में निर्देश दिए हैं। ऑनलाइन प्रवेश के समन्वयक के मुताबिक एमसीए, एमबीए, बी फार्मा द्वितीय वर्ष, बीटेक द्वितीय वर्ष, डिप्लोमा पाठ्यक्रम फ्रेंच, जर्मन, मेंडरिन, स्पेनिश, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 10 मई से पंजीकरण हो रहे हैं। अब तिथि बढ़ाकर 29 जुलाई कर दी गई है।

### बीटेक, बीएमएस में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण के पंजीकरण शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** विश्वविद्यालय परिसर में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय और व्यवसाय प्रबंधन संकाय में (सत्र 2024-25) के द्वितीय चरण के लिए बीटेक, बीएमएस और बीएचएम एंड सीटी में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण के पंजीकरण शुरू हो गए हैं। ऑनलाइन प्रवेश समन्वयक के मुताबिक पंजीकरण 29 जुलाई तक होंगे। पंजीकरण शुल्क 150 रुपये निर्धारित किया गया है।

### ताजियों की ऊंचाई को लेकर डीएम एसपी से मिले सांसद

**बहजोई, अमृत विचार :** मोहर्रम के ताजियों की ऊंचाई को लेकर संभल के लोकसभा सांसद जियाउर्रहमान बर्क डीएम एसपी से मिलने पहुंचे। जहां उन्होंने ताजिओं की ऊंचाई को लेकर डीएम व एसपी से वार्ता की। ताजियों की ऊंचाई परंपरागत तरीके से किए जाने की मांग की। कहा कि सरकार द्वारा ताजिए की ऊंचाई निर्धारित की गई है। लेकिन ताजिया की ऊंचाई निर्धारित करने का सरकार पर कुछ कोई भी अधिकार नहीं है।

### गड्ढे में भरे पानी में डूबकर किसान की मौत

**वजीरगंज(बदायूं), अमृत विचार :** धान की रोपाई कर रहे लोगों को खाना देने जा रहे किसान की गड्ढे में भरे पानी में डूबकर मौत हो गई। वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव पलेई निवासी यादराम (48) पुत्र बाबूराम खेत पर काम कर रहे लोगों और अपने बेटों को खाना देने जा रहे थे कि सिंगथरा के पास गड्ढे में उनका पैर फिसल गया और वह पानी में डूब गये।

# तौकीर को प्रशासन ने नहीं दी सामूहिक धर्म परिवर्तन और निकाह की अनुमति

## पुलिस ने जताई कानून-व्यवस्था बिगड़ने के साथ निकाह करने वालों को जान के खतरे की आशंका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को 23 हिंदू युवाओं का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने की अनुमति नहीं मिल पाई। कोतवाली पुलिस की ओर से अपनी रिपोर्ट में इससे कानून-व्यवस्था खराब होने और निकाह करने वालों को जान का खतरा होने के बाद प्रशासन ने आईएमसी के आवेदन को खारिज कर दिया है।

मौलाना तौकीर रजा खां ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 23 ऐसे हिंदू युवाओं का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने का एलान किया था जो पहले से मुसलमान युवक-युवतियों के साथ लिव इन संबंधों में रह रहे हैं। तौकीर ने दावा किया था कि इनमें आठ लड़के और 15 लड़कियां हैं, इन सभी ने इस्लाम कुबूल कर मुस्लिम साथियों से निकाह कराने के लिए आईएमसी को आवेदन भेजे हैं। आईएमसी ने पहले चरण में खलील हायर सेकेंड्री स्कूल में 21 जुलाई को पांच जोड़ों का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने की अनुमति के लिए आवेदन किया था जिसे पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को प्रशासन ने खारिज कर दिया।



> बिना अनुमति इस तरह का कोई आयोजन नहीं होने दिया जाएगा। कोई कानून-व्यवस्था खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा।
>
> – अनुराग आर्य, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

### पुलिस ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी तो आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा ने बदला फैसला

मौलाना तौकीर की ओर से पांच दिन पहले सामूहिक धर्म परिवर्तन और निकाह की अनुमति मांगी गई थी। सोमवार को इसके सार्वजनिक एलान के बाद मंगलवार को पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अफसरों ने इस मुद्दे पर बैठक कर रणनीति तय की। मंगलवार को ही क्षेत्राधिकारी प्रथम पंकज श्रीवास्तव को तौकीर से बात करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि तौकीर के साथ लंबी वार्ता हुई। उन्हें बताया गया कि अगर शहर का कानून व्यवस्था बिगड़ी तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। उन्हें अनुमति देने से भी साफ इन्कार कर दिया गया। यह भी कहा गया कि अगर वह इस तरह की अनुमति कोई भी उदाहरण बता दें तो उन्हें भी अनुमति दे दी जाएगी। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि इससे पहले तौकीर की पार्टी के लोगों के साथ भी बैठक की गई थी। तौकीर ने आयोजन स्थगित कर दिया है। उधर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कहा कि बिना अनुमति कोई आयोजन नहीं होने दिया जाएगा। किसी हाल में माहौल खराब नहीं करने दिया जाएगा। कोई कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करेगा तो पुलिस पूरी ताकत से उसके साथ निपटेगी।

### चार दिन से नहीं बदला ट्रांसफार्मर, लगाया जाम

**बहजोई, अमृत विचार:** चार दिन से फुंका ट्रांसफार्मर विद्युत विभाग ने नहीं बदला तो आक्रोषित नागरिकों ने रेलवे स्टेशन रोड पर जाम लगाते हुए विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

नगर के डीएल कालोनी में पिछले चार दिनों से ट्रांसफार्मर खराब हो गया। इसको लेकर उपभोक्ताओं ने कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायत की लेकिन विद्युत विभाग ट्रांसफार्मर को बदले जाने को लेकर कोई रुचि नहीं दिखाई। नागरिकों का कहना था कि कि अवर अभियंता को फोन लगाते हैं। लेकिन उनका फोन उठाता ही नहीं है। मंगलवार की रात्रि में नागरिक रेलवे स्टेशन रोड पर एकत्रित हो गए। आक्रोशित नागरिकों ने सड़क पर जाम लगा दिया और आवागमन को प्रभावित किया। जिसके बाद बहजोई के प्रभारी निरीक्षक योगेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने जाम लगा रहे नागरिकों को शांत किया। विद्युत विभाग के अधिकारियों से वार्ता की और जाम खुलवा दिया।

# हादसे में युवक की मौत रात भर कुचलते रहे वाहन

संवाददाता, बिनावर/विजय नगला(बदायूं)

- राजमार्ग किनारे नहीं रखा गया शव, लोगों ने वीडियो बनाकर किया वायरल
- सोमवार रात थाना बिनावर क्षेत्र में बरेली-मथुरा राजमार्ग पर हुआ हादसा

**अमृत विचार :** राजमार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई और गुजरने वाले वाहन शव को कुचलते रहे। लोगों ने शव देखा तो वीडियो बनाकर वायरल किया, लेकिन शव को राजमार्ग किनारे नहीं रखने की कोशिश नहीं की। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक शव सड़क से चिपक गया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सोमवार रात किसी वाहन ने बरेली-मथुरा राजमार्ग पर थाना बिनावर क्षेत्र में एक युवक को टक्कर मार दी और वह सड़क पर गिर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उसके बाद से राजमार्ग से गुजरने वाले वाहन शव को कुचलते हुए गुजर रहे। लोगों ने रात लगभग तीन बजे मौके पर शव के ऊपर से वाहनों के गुजरने की घटना देखी और अपने-अपने मोबाइल से वीडियो तो बनाई लेकिन न तो उन्होंने शव को राजमार्ग के किनारे रखा और न ही पुलिस को सूचना दी। रात से सुबह तक शव को कुचलने का सिलसिला जारी रहा। सुबह तक शव सड़क से चिपक गया था। उस पर कपड़े नहीं थे। पास में नीले रंग के कपड़े का टुकड़ा मिला। पुलिस ने क्षत-विक्षत शव को एक पोटली में बांधकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरी पुत्री शाइस्ता गलत संगत में पड़ गयी है। जिस कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कृत्यों की वह स्वयं जिम्मेदार होगी। नौशे अली उर्फ मिझले पुत्र वली मौहम्मद निवासी ग्राम गुजरवाला ग्राम पंचायत सेन्टखेड़ा थाना टाण्डा, जिला रामपुर (उ.प्र.)

**सम्बन्ध-विच्छेद**

हमारा भाई इकराम उर्फ भूरा पुत्र स्व0 मौ0 उस्मान व उसकी पत्नी बबली गलत संगत में पड़ गये है जिस कारण उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर अपने सभी सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कृत्यों के यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। जुबैर, परवेश पुत्र स्व0 मौ0 उस्मान निवासी मंसूरी कालोनी जयन्तीपुर करूला थाना मझोला मुरादाबाद, श्रीमती शबीना पत्नी श्री अजीम निवासी बड़ी मस्जिद असालतपुरा मुरादाबाद, श्रीमती गुलशन पत्नी श्री बबलू निवासी मैनाठेर तहसील व जिला मुरादाबाद।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम SUKHCHAN SINGH SEKHON से बदलकर SUKHCHAIN SINGH रख लिया है। भविष्य मे इसी नाम से जाना जाये। सुखचैन सिंह S/o गुरचरन सिंह ग्राम पिपलिया मेहतो, बिलासपुर, (रामपुर)


# गैस सिलेंडर लीक होने से लगी आग, महिला की मौत

संवाददाता, जसपुर

- मां को बचाने में बेटा झुलसा, अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार :** यहां मोहल्ला नई बस्ती में गैस सिलेंडर लीक होने से रसोई में आग लग गई। जिसमें झुलसकर महिला की मौत हो गई जबकि उसका पुत्र झुलस गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



नसीमा बेगम की फाइल फोटो।

नगर के वार्ड नंबर 3 के मोहल्ला नई बस्ती मंसूरी नगर निवासी अमजद की पत्नी शबनम ने मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे रसोई में गैस जलाने के बाद चाय बनने के लिए रखी थी। इसके बाद वह दुकान से चीनी, चाय पत्ती व बिस्कुट आदि लेने के लिए चली गई। इसी बीच सिलेंडर से गैस का रिसाव हो गया। इस कारण आग रसोई में फैल गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। रसोई के पास बिछी चारपाई और बिस्तर भी आग की चपेट में आने से धधकने लगे। इस चारपाई पर अमजद की मां नसीमा बेगम सोई हुई थी। बिस्तर में आग लगने से नसीमा बेगम बचाव के लिए चिल्लाने लगी। चीख-पुकार सुनकर अमजद दुकान छोड़कर मौके पर पहुंचा तो तब नसीमा बेगम पूरी तरह आग की लपटों से घिर चुकी थी।

अमजद ने मां को बचाने के लिए आग बुझाने में जुट गया। जलते सिलेंडर व चारपाई को अमजद ने जैसे-तैसे घर से निकालकर बाहर फेंका। लेकिन तब तक नसीमा बेगम की मौत हो गई। आग बुझाने की कोशिश में अजद भी झुलस गया।

### सीएम पर आपत्तिजनक पोस्ट करना पड़ा महंगा

**काशीपुर, अमृत विचार:** संजीवनी हॉस्पिटल के एमडी व भाजपा नेता मुकेश चावला ने एक युवक के खिलाफ मुख्यमंत्री के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संजीवनी हॉस्पिटल के एमडी मुकेश चावला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आयुष रावत नाम के युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की फर्जी आईडी बनाकर उनकी और सरकार की छवि खराब करने का प्रयास किया गया है। युवक द्वारा किया गया यह कृत्य चुनी हुई सरकार के प्रति विद्रोह और अपमान करने का कार्य है। इससे उत्तराखंड की जनता की भावना आहत हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भैंस खरीदने के लिये रुपये नहीं लाई तो गला दबाकर मार डाला

संवाददाता, उसावां (बदायूं)

- पति समेत चार पर दहेज हत्या की रिपोर्ट
- एक लाख रुपये लाने का दबाव बना रहे थे ससुराल वाले

**अमृत विचार :** भैंस खरीदने लिए मायके से रुपये न मांगने पर एक महिला को ससुरालियों ने पीटा और गला दबाकर हत्या कर दी। साथ रह रही भतीजी ने मायके पक्ष को सूचना दी। घटना के बाद पति समेत ससुराल पक्ष के सभी लोग फरार हो गये। महिला के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार ससुरालियों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

हरदोई के थाना पचदेवरा क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी श्यामवीर पुत्र प्रसादी ने पुलिस को दी तहरीर बताया कि चार साल पहले उन्होंने अपनी बहन समोदी की शादी थाना उसावां क्षेत्र के गांव रते नगला निवासी जगरूप से की थी। शादी में अपनी हैसियत के अनुसार खर्च किया था। आरोप है कि शादी के कुछ दिनों के बाद ही समोदी का पति जगरूप, ससुर रामऔतार, सास और ननद उसका उत्पीड़न करने लगे। बात-बात पर ताने मारने लगे। उन्होंने भैंस खरीदने के लिए समोदी पर एक लाख रुपये देने का दवाब बनाना शुरू कर दिया। ससुराल के लोग समोदी पर मायके फोन कर रुपये मंगाने का दवाब बनाते रहते थे। परेशान होकर समोदी ने अपनी भतीजी को भी अपने साथ रहने के लिए बुला लिया था। सोमवार रात उनके पास समोदी की भतीजी का मायके फोन आया कि पति और ससुराल के लोगों ने समोदी को बुरी तरह से पीटा है और गला दबाकर हत्या कर दी है। सूचना मिलने के बाद श्यामवीर बहन की ससुराल पहुंचे। जहां समोदी का शव पड़ा था।

### गंगा के बीच टापू पर बेहोश मिली किशोरी

**बबराला, अमृत विचार :** राजघाट में गंगा के बीच टापू पर एक किशोरी बेहोशी की हालत में मिली है। नशे में धुत किशोरी के मामले को लेकर पुलिस परेशान है। बुलंदशहर और संभल की पुलिस किशोरी के बरामदगी के स्थान को लेकर बार्डर तय करने में मशगूल रही। मंगलवार दोपहर को एक किशोरी राजघाट घाट पर बीच गंगा टापू में पड़ी मिली। पुल के खंभा नंबर 17- 18 के बीच बालू टापू पर एक किशोरी पड़ी देखी गई। बताया गया है कि वह नशे में धुत थी। बात पुलिस तक पहुंची तो पुलिस ने शाम को युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर भेजा। डाक्टर के मुताबिक युवती नशा में थी। पुलिसमामले की पड़ताल कर रही है। यह पता नहीं चल पाया किशोरी कहां की रहने वाली है। कहा जा रहा है कि किशोरी के साथ कुछ युवक भी थे, जो बाद में फरार हो गए।

## सार-संक्षेप



गंगा घाट पर सफाई अभियान चलाते नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी।

### नगर पंचायत बबराला ने चलाया राजघाट पर सफाई अभियान

**बबराला, अमृत विचार :** कावड़ यात्रा को देखते हुए नगर पंचायत बबराला द्वारा राजघाट पर सफाई अभियान चलाया गया। नगर पंचायत द्वारा राजघाट पर बिखरे हुए कूड़े और कचरे को इकट्ठा कर राजघाट को साफ और सुंदर बनाने का प्रयास किया गया। आगामी कावड़ यात्रा के दृष्टिगत नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी और अध्यक्ष हर्ष वर्धन वार्ष्णेय की देखरेख में गंगा घाट की सफाई की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने बताया कि नगर पंचायत बबराला की पूरी टीम कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए कटिबद्ध है। कस्बे के साथ ही गंगा घाट पर सफाई का अभियान जारी रहेगा।

### फुंका ट्रांसफार्मर बदलने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी में स्थित बिजलीघर से गांव धनारी पट्टी लाल सिंह को बिजली की आपूर्ति की जाती है। गांव निवासी संजय, रवि, गिरिराज, नन्हे, कमल, सद्दाम सिद्दीकी और सोनू ने मंगलवार को बताया कि चामुंडा मंदिर के पास दो व एक ट्रांसफार्मर जंगल में एक सप्ताह पहले फुंक गया था। सूचना देकर बिजली विभाग के अधिकारियों ले ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की थी। कहा कि तीन दिन पहले बिजली विभाग की ओर से एक ट्रांसफार्मर चामुंडा मंदिर के पास बदला गया था। लेकिन वह ट्रांसफार्मर खराब निकला। गुस्साए ग्रामीणों ने गांव में फुंके ट्रांसफार्मर के पास खड़े होकर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान मुकेश, रामसेवक, सद्दाम, सद्दाम सैफी, अवनेश, सूखा, राजवीर सहित आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### रोडवेज बस ने बाइक सवार को रौंदा, हालत गंभीर

**धनारी, अमृत विचार :** आगरा मुरादाबाद हाईवे पर भकरौली पेट्रोल पंप के पास रोडवेज बस ने पीछे से बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने पीछा किया तो चालक गस पाठकपुर छोड़ कर भाग गया। हालात नाजुक होने पर घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। थाना गुन्नौर क्षेत्र के गांव केल धर्मपाल 55 मंगलवार को 4 बजे के करीब धनारी थाना क्षेत्र भकरौली के पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए आ रहा था। आगरा मुरादाबाद हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास बबराला की ओर से आ रही रोडवेज बस ने धर्मपाल की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार धर्मपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। रोडवेज चालक पाठकपुर पुलिस चौकी पर बस छोड़कर भाग गया। परिजन घायल को इलाज के लिए बबराला ले गए। जहां हालात नाजुक होने पर हायर सेंटर अलीगढ़ की रेफर कर दिया।

### एक दूसरे पर लगाया मारपीट का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव असलमपुर निवासी अय्यान सोमवार की रात थाना क्षेत्र के गांव लहरा कमंगर में मेहंदी का जुलूस में शामिल होने गया था। आरोप है कि यहां लहरा कमंगर निवासी राजा के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से लात घूसे चले और राजा व अय्यान चोटिल हो गए। जिसके बाद राजा व अय्यान ने एक दूसरे पर आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी।

# ज्वैलर्स से रंगदारी वसूलने आया लॉरेंस विश्नोई गैंग का गुर्गा गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- स्लीपर सेल की तरह काम करने वाले स्थानीय गुर्गे को भी पुलिस ने दबोचा
- व्हाट्सएप कॉल कर दी थी अंकुर अग्रवाल को जान से मारने की धमकी
- खुद को सिद्धू मूसेवाला का हत्यारा बता कर ज्वैलर्स को डराया

**अमृत विचार :** शहर के प्रतिष्ठित ज्वैलर्स अंकुर अग्रवाल से रंगदारी वसूलने आया लॉरेंस विश्नोई गैंग का गुर्गा पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने गैंग के एक स्थानीय गुर्गे को भी पकड़ा है, जो गैंग के लिए स्लीपर सेल की तरह काम करता था। इसी ने ज्वलैर्स अंकुर की रेकी कर जानकारी पंजाब व दिल्ली में बैठे गैंग के अन्य साथियों तक पहुंचाई।

मंगलवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि बीती 3 जुलाई को सुरेश संस ज्वैलर्स के स्वामी अंकुर अग्रवाल को उनके व्हाट्सएप पर लॉरेन्स विश्नोई गैंग के सदस्य ने फोन किया। उसने उन्हें धमकाया और खुद को सिद्धू मूसेवाला का हत्यारा अंकित सिरसा बताते हुए एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी। कहा कि अगर रकम नहीं मिली तो उसे भी गोली मार दी जाएगी। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर शातिर की तलाश शुरू की गई। जिस व्हाट्सएप नम्बर से धमकी आई, उसका डेटा निकाला तो दिल्ली और पंजाब की लोकेशन मिली। टीमों को दिल्ली व पंजाब रवाना कर दिया गया। पंजाब पहुंचने पर टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट की टीम को पता लगा कि जिस नंबर से धमकी आई थी वह नंबर पंजाब की किसी महिला का है। पुलिस ने तुरंत व्हाट्सएप कंपनी से उस फोन की जानकारी मांगी, जिस पर व्हाट्सएप नंबर चल रहा था। उक्त नम्बर की तलाश की गई तो नम्बर किसी सोनू कुमार का पाया गया। पता लगा कि सोनू लॉरेंस विश्नोई गैंग का सक्रिय सदस्य है और खुद को सिद्धू मूसेवाला का हत्यारा अंकित सिरसा बताता है।

पुलिस ने डेरा बस्ती पंजाब में सोनू के घर दबिश दी तो सामने आया कि पंजाब पुलिस उसे पहले ही तीन पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर चुकी है। एसआई दीपक बिष्ट ने सोनू से पूछताछ की। जिसमें रामापार्क उत्तमनगर नई दिल्ली, मूल निवासी सुवालालकापुरा मुरैना मध्य प्रदेश के देवेन्द्र जाटव उर्फ रॉकी और हल्द्वानी के नागेन्द्र चौहान का नाम सामने आया।

इधर, सोनू की गिरफ्तारी की वजह से रॉकी और नागेन्द्र का सोनू से संपर्क नहीं हो पाया तो रॉकी व नागेंद्र ने प्लान बदल दिया। रंगदारी वसूलने रॉकी हल्द्वानी निकल पड़ा। उसे नागेन्द्र से मिलना था तभी पुलिस को इसकी भनक लग गई। पुलिस ने 15 जुलाई की रात रॉकी को टांडा जंगल के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद तल्ला गोरखपुर हीरानगर निवासी नागेंद्र सिंह चौहान पुत्र स्व. राजेंद्र सिंह चौहान को भी गिरफ्तार कर लिया।

### गो वध के दोषी को पांच साल का कारावास

**बदायूं, अमृत विचार :** गो वध के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश योगेश कुमार ने आरोपी को दोषी माना और पांच साल कारावास और पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की धनराशि अदा नहीं करने पर तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना उसहैत पर तैनात कृपाल सिंह ने 20 अप्रैल 2022 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि शाम सात बजे वह हमराही मनीष राठी, शिव कुमार, विकास के साथ सरकारी गाड़ी से शांति व्यवस्था बनाने के लिए गश्त कर रहे थे। ककराला चौराहे पर मुखबिर से सूचना मिली कि गांव मसूदपुरा के जंगल मे कुछ लोग गोवंश को वध के लिए ले जा रहे हैं। पुलिसकर्मी मुखबिर के बताये स्थान पर गये और एक खेत पर खड़े हो गये। पास लगे यूकेलिप्टिस के पेड़ की आड़ में गेहूं के खेत में कुछ लोग दिखाई दिये। पुलिस ने घेराबंदी कर उन लोगों को पकड़ने का प्रयास किया तो चार में एक व्यक्ति पकड़ में आ गया।

# कारीगर बनकर 25.64 लाख का सोना लेकर फरार

संवाददाता, रुद्रपुर

- शहर के नामी ज्वैलर्स ने लिया था ऑर्डर
- पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** शहर के नामी ज्वेलरी कारोबारी के पास एक युवक सोने-हीरे के आभूषण बनाने और रिपेयरिंग का कारीगर बनकर आया। जब उसे मोटा ऑर्डर मिला तो वह लाखों का सोना लेकर फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शहर के प्रतिष्ठित बंसल ज्वैलर्स शोरूम के मैनेजर अमरजीत सिंह ने बताया कि फरवरी 2023 में उत्तर बाग आरहर बाजार देहरादून व हाल निवासी रुद्रपुर शेख मैनुर इस्लाम ने खुद को सोने-हीरे के आभूषण बनाने और पुराने आभूषण की रिपेयरिंग करने का बेहतरीन कारीगर बताया। बातचीत के बाद वह आभूषण बनाने व रिपेयरिंग करने का कार्य नियमित रूप से करता रहा। बताया कि एक अप्रैल 2024 से सात जून तक के रिकॉर्ड की पड़ताल की, तो पाया कि एक अप्रैल 2024 से 12 जून तक कारीगर मैनुर को 415 ग्राम 200 मिमी सोना दिया गया। इसकी कीमत 25.64 लाख रुपये है। बताया कि कारीगर को सोना दिया गया, लेकिन कारीगर द्वारा आभूषण बनाकर वापस नहीं किया गया। आशंका होने पर पड़ताल की, तो पता चला कि आरोपी कारीगर का भगत सिंह चौक स्थित प्रतिष्ठान बंद पड़ा हुआ है और देहरादून स्थित पते पर भी आरोपी पिछले कई दिनों से लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा, तो शोरूम के मैनेजर अमरजीत सिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ठगी प्रकरण की तफ्तीश शुरू कर दी है।

### ग्राहक बनकर उड़ाई 1.10 लाख की सोने की चेन

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** शहर के नामी ज्वैलर्स के शोरूम पर ग्राहक बनकर आए चार लोगों ने 1.10 लाख कीमत की सोने की चेन उड़ा दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों में कैद संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। सिविल लाइंस निवासी संगीत पांडेय ने बताया कि वह सिविल लाइन स्थित बंसल ज्वैलर्स शोरूम में जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत है। बताया कि पांच जून को शोरूम पर शाम छह बजे के करीब तीन महिलाएं व एक पुरुष आए और जेवरात दिखाने की बात कही। इस पर शोरूम में तैनात कर्मी ने चारों संदिग्धों को सोने की चेन के कई मॉडल दिखाए और बाद में संदिग्ध बिना खरीदारी किए ही वापस चले गए। शोरूम बंद होने के दौरान जब स्टॉक की गिनती की गई, तो 22 कैरेट जिसका वजन 15.260 ग्राम था, सोने की एक चेन गायब थी। इसकी कीमत 1.10लाख रुपये है। जब सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया, तो पाया कि शोरूम पर आए चारों संदिग्धों ने ही चोरी की घटना को अंजाम दिया। शोरूम के जीएम संगीत पांडेय ने आदर्श कॉलोनी पुलिस को सूचना देने के बाद घटना की तहरीर दी। शिकायती पत्र देने के एक माह से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि मुहैया सीसीटीवी में चारों संदिग्ध चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। जिनकी तलाश की जा रही है। जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।


प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# बारा बिजलीघर की एक इकाई ठप, बिजली संकट गहराया

## प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 29 हजार मेगावाट के पार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** गर्मी व उमस के कारण प्रदेश में बिजली की मांग फिर बढ़ रही है। मंगलवार को अधिकतम मांग 29 हजार मेगावाट पार कर गई। इस बीच, बारा बिजलीघर की एक इकाई ठप हो जाने से बिजली संकट गहरा गया। एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात कर स्थिति काबू में गई, जबकि घोषित कटौती के कारण प्रदेश के गावों, तहसीलों व नगर पंचायत क्षेत्रों में लोग बिजली संकट से जूझते रहे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बारा बिजलीघर की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई में सुबह करीब 10 बजे तकनीकी खराबी आ गई। इससे बिजली उत्पादन ठप हो गया। इकाई को चालू करने का प्रयास किया गया, पर चालू नहीं हो सकी। इस इकाई के 19 जुलाई को चालू होने की संभावना बताई जा रही है। सूत्रों ने बताया कि ऊंचाहार बिजलीघर की 210 मेगावाट की एक इकाई बीती 11 जुलाई से बंद चल रही है, जबकि जवाहरपुर की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई को मरम्मत के लिए बंद रखा गया है। इस इकाई के 22 जुलाई को चालू होने की संभावना है।

तीन इकाइयों के बंद रहने से 1383 मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया है। सूत्रों का कहना है कि बारिश के कारण पिछले दिनों मांग में काफी कमी आ गई थी, पर मंगलवार को अधिकतम बिजली मांग 29,142 मेगावाट दर्ज हुई। गर्मी व उमस के बीच प्रदेश के गांवों में छह घंटे और तहसील व नगर पंचायत मुख्यालय क्षेत्रों में ढाई घंटे की घोषित कटौती जारी रही।

### पॉवर कॉरपोरेशन का राजस्व 17 प्रतिशत बढ़ा

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन में 2023-24 में लगभग 17 प्रतिशत तक राजस्व बढ़ा है। प्रदेश में बिजली कनेक्शन की संख्या करीब 3.46 करोड़ और कुल बिजली भार 73,835 मेगावाट पहुंच गया है। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बेहतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के साथ ही राजस्व में बढ़ोतरी हो रही है। वर्ष 2022-23 की तुलना में वर्ष 2023-24 में राजस्व बढ़ोतरी 17 प्रतिशत से अधिक है। 2022-23 में कॉरपोरेशन ने 59,635 करोड़ रुपए राजस्व वसूल किया था, वर्ष 2023-24 में यह 17.63 प्रतिशत बढ़कर 70,153 करोड़ रुपए पहुंच गया है। वर्ष 2022-23 में उपभोक्ताओं की संख्या करीब 2.37 करोड़ व 2021-22 में 3.16 करोड़ से अधिक थी। मौजूदा उपभोक्ताओं में 60 प्रतिशत उपभोक्ता ग्रामीण क्षेत्रों में हैं।

## सरकार ने बढ़ाया छात्रवृत्ति का बजट

**लखनऊ, अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने के लिए विभाग ने पूर्व दशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में बजट बढ़ा दिया है। पिछड़े वर्गों के विकास एवं उनके शैक्षिक स्तर को उठाने के लिए विभाग की ओर से छात्रवृत्ति योजना ऑनलाइन संचालित की जा रही है। इसके तहत राजकीय विद्यालय, राजकीय सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत अन्य पिछड़े वर्ग के पात्र छात्र/छात्राओं को प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाता है। गत वर्ष पूर्व दशम में 7 लाख 58 हजार 44 विद्यार्थियों को योजना का लाभ मिला था और 160.16 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। जबकि दशमोत्तर में 19 लाख 58 हजार 929 को लाभ मिला था और 2026.73 करोड़ रुपये खर्च हुए थे।

इस बार शासन ने पूर्व दशम में बजट बढ़ाकर 300 करोड़ और दशमोत्तर में 2175 करोड़ रुपये बजट का प्रावधान किया है। सितंबर के अंतिम सप्ताह या अक्टूबर से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू होंगे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि ऑनलाइन आवेदन से पहले विद्यालयों को सूचना दी जाएगी।

# लपटों में घिरी मां चीखती रही बेटा बनाता रहा वीडियो

### थाने में ममता की चीख

संवाददाता, अलीगढ़



मां को थाना परिसर में आग के हवाले कर वीडियो बनाता बेटा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** खैर थाने में कलियुगी बेटे की करतूत ने सभी को अचंभे में डाल दिया है। जो भी सुन रहा है, वो कह रहा है कि क्या बेटा भी ऐसा होता है। एक बेटा मां की ममता को कैसे भूल सकता है। मां को तड़पता हुआ कैसे देख सकता है। आग लगाने के बाद बेटा मां का वीडियो बनाता रहा और पुलिसकर्मी आग बुझाते रहे।

पूरे घटनाक्रम की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसे देखने के बाद हर मां उस कलियुगी बेटे को कोस रही है और भगवान से यही दुआ कर रही है कि ऐसी औलाद देने से तो भला बेऔलाद ही रहें। गौरतलब है कि खैर थाने में एक बेटे ने मां को ही आग के हवाले कर दिया। मां की मौत हो गई और बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और जेल भी भेज दिया जाएगा, लेकिन इस घटना ने मां बेटे के रिश्ते को तार तार कर दिया है। मां को आग के हवाले करने से पहले बेटे के हाथ क्यों नहीं कांपे। मां ने जिस बेटे को नौ माह तक पेट में रखा और अपने खून से सींचा। उसे बड़े होने के बाद भी उसकी ही चिंता में अपना जीवन निकाल दिया।

मकान को लेकर चल रहे विवाद में भी उसे अपने ही बेटे की चिंता थी। कुछ रिश्तेदारों ने थाने पर पुलिसकर्मियों को बताया कि हेमलता हमेशा अपने बेटे का ही भला सोचती थी। वह अपने ममिया ससुर के मकान में रहती थी, जिसे खाली करने को लेकर विवाद चल रहा था। वह हर बार यह कहती थी कि वह अपने बेटे को लेकर कहां चली जाए, यह उन्हें बता दें। बेटा ऐसा करेगा, यह कभी किसी ने सोचा भी नहीं था।

थाने में पंचायत के दौरान कुछ ऐसा नहीं लगा था कि दोनों जाने के बाद यह करेंगे। पुलिसकर्मियों को खुद ऐसा यकीन नहीं हो रहा है कि आखिरकार कोई बेटा ऐसा कैसे कर सकता है।

## सार-संक्षेप

### वाहन चेक करने गए एआरटीओ को बंधक बनाया

**फर्रुखाबाद, अमृत विचार :** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में एक विद्यालय में वाहन चेकिंग के लिए पहुंचे एआरटीओ सुभाष चंद्र को स्कूल प्रबंधतंत्र ने बंधक बना लिया। एआरटीओ ने इस मामले की सूचना एसपी को दी। एसपी के निर्देश पर विद्यालय पहुंचे एसडीएम दोनों पक्षों को थाने ले आए। एसडीएम कायमगंज रविंद्र सिंह ने बताया कि किरण पब्लिक स्कूल में एआरटीओ सुभाष चंद्र राजपूत विद्यालय के वाहनों की जांच करने गए थे। विद्यालय की ओर से छात्रों को लाने-ले जाने के लिए पांच वाहन संचालित किये जा रहे हैं। एआरटीओ ने जैसे ही विद्यालय के अंदर प्रवेश किया विद्यालय में मौजूद मृदुल गंगवार ने विद्यालय का फाटक बंद कर दिया और एआरटीओ के साथ अभद्रता करने लगे। एसडीएम ने बताया कि इसकी सूचना उन्हें दी गई तो वह दलबल के साथ यहां पहुंचे और दोनों पक्षों को थाने ले आए हैं। कई भाजपा नेता भी कोतवाली पहुंच गए। मृदुल गंगवार ने बताया कि वह पेशे से अधिवक्ता हैं और विद्यालय की प्रबंधक के पति हैं। नगर पालिका कायमगंज के अध्यक्ष शरद गंगवार के चाचा का स्कूल है। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्ष थाने में बैठे हुए थे। समझौता कराने का प्रयास किया जा रहा था।

### खनन निदेशालय में अग्निकांड साजिश नहीं

**लखनऊ, अमृत विचार :** खनन निदेशालय में लगी आग साजिश का हिस्सा नहीं थी। यह आग सर्वप्रथम भवन के बाहर एकत्रित हुए पत्तों में लगी थी, जो सुलगते-सुलगते धीरे-धीरे कक्ष तक पहुंची। आग कक्ष की खिड़कियों के पर्दे और थर्माकोल के माध्यम से आग अंदर तक पहुंची और कुछ ही देर में आग ने बृहद रूप ले लिया। अगर स्थानीय चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल न पहुंचती तो यह अग्निकांड बड़ा हो सकता था और पूरा भवन आग की चपेट में आ सकता था। इस अग्निकांड में कोई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी नहीं जले। विस्तृत रिपोर्ट को एसटीएफ ने शासन को सौंप दी है। बता दें कि अग्निकांड की यह घटना नौ अप्रैल को घटी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए इस अग्निकांड की जांच एसटीएफ को सौंप दी थी।

### रिटायर्ड कैप्टन के घर से 50 लाख रुपये की चोरी

**फतेहपुर, अमृत विचार :** सेना के रिटायर्ड कैप्टन के घर से 50 लाख रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। परिजनों को जब जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। चोरी की सूचना पर डीएसपी कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। मकान खरीदने के लिए घर पर इतना कैश रखे होने की बात बताई गई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के वीवीआईपी कॉलोनी के रहने वाले सेना से रिटायर्ड पूर्व कैप्टन हरि शंकर सिंह चौहान के घर पर रखे 50 लाख रुपये की चोरी हो गई। सुबह जब परिवार के लोगों को जानकारी हुई तो परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना पर सदर डीएसपी वीर सिंह, कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। सीओ सिटी वीर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की मदद ली जा रही है और घर के ऊपर तक चोर कैसे पहुचा जांच पड़ताल की जा रही है। चोरी के खुलासे के लिए दो टीमों को लगाया है।

### संपत्ति विवाद में छोटे भाई ने बहन कुल्हाड़ी से काट डाला

**मेरठ, एजेंसी।** दौराला थाना क्षेत्र के रूहासा गांव में संपत्ति बंटवारे के विवाद में छोटे भाई ने मंगलवार को कुल्हाड़ी से मारकर बड़ी बहन की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. विपिन टांडा ने बताया कि थाना दौराला क्षेत्र में आज एक परिवार में संपत्ति के बंटवारे को लेकर शुरू हुए वाद-विवाद के दौरान आवेश में आकर छोटे भाई अरविंद उर्फ नीटू ने अपनी बडी बहन रीटा (53) पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। बुरी तरह जख्मी रीटा को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रीटा का विवाह बागपत जिले के बड़ौत क्षेत्र के दोघट निवासी सुनील के साथ हुआ था। एसएसपी ने बताया कि घटना के संबंध में मृतका के पिता महावीर ने बेटी की हत्या के लिए अपने बेटे के खिलाफ तहरीर दी है। घटना के बाद आरोपी और हमलावर भाई फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# कब-कहां होगी चेकिंग, बस मालिकों को रहती है खबर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● अभियान से पहले ही व्हाट्सएप पर पहुंच जाता है ब्यौरा



**अमृत विचार।** उन्नाव में स्लीपर बस हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में डग्गामार बसों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान छेड़ने के निर्देश दिए हैं। लेकिन इस चेकिंग अभियान की जानकारी सार्वजनिक हो जाने से डग्गामार वाहन स्वामी चैन की बंसी बजा रहे हैं।

सड़क दुर्घटना रोकने और अवैध बसों के संचालन पर रोक लगाने के लिए परिवहन आयुक्त के निर्देश पर परिवहन अफसरों की विभिन्न टोल प्लाजा पर ड्यूटी लगाकर बसों की नियमित चेकिंग करने के लिए आदेशित किया गया है, लेकिन 13 से 31 जुलाई तक प्रदेश स्तर पर की जाने वाली चेकिंग का पूरा ब्यौरा वाट्सएप के जरिए वाहन स्वामियों तक पहुंच गया है। चेकिंग अभियान की सूचना लीक होने के संबंध में जानकारी करने पर कानपुर के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान का पत्र मुख्यालय से जारी हुआ है। चेकिंग अभियान लगातार चलता रहेगा। इस पत्र की सूचना सार्वजनिक होने से कोई फर्क नहीं पड़ता है।

## 50 हजार का इनामी गैंगेस्टर मुंबई के धारावी से गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार:** यूपी एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 हजार के इनामी गैंगेस्टर तबरेज को मुंबई के धारावी से गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त के खिलाफ पूर्वांचल के पांच अलग-अलग जिलों में 20 मुकदमें दर्ज हैं। एसटीएफ अभियुक्त को चार दिन के ट्रांजिट रिमांड पर लेकर यूपी ला रही है। एसटीएफ के डीएसपी संजीव दीक्षित ने बताया कि फूलपुर आजमगढ़ निवासी तबरेज पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए महाराष्ट्र के धारावी में रह रहा था। एसटीएफ लंबे समय से तबरेज की तलाश कर रही थी। संजीव दीक्षित ने बताया कि तबरेज पर आजमगढ़ में चार, अंबेडकरनगर में तीन, बस्ती में तीन, गोरखपुर में चार, संतकबीरनगर में तीन और आजमगढ़ में तीन मुकदमें दर्ज हैं।

# निधन के बाद भी खाते में जाती रही पेंशन

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** वृद्धावस्था पेंशन योजना में फिर बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। पिछले वित्तीय वर्ष में ऐसे पेंशन धारकों के खाते में भी पेंशन की धनराशि भेजी जाती रही, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। सत्यापन के दौरान इसका खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक राज्य सरकार की ओर से करीब पांच हजार मृतकों के खाते में पूरे साल पेंशन भेजी जाती रही और अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

अब समाज कल्याण विभाग इस धनराशि के रिकवरी की तैयारी कर रहा है। आकलन हो रहा है कि आखिर कितनी राशि इनके खातों में भेजी गई। हालांकि पिछले दिनों आगरा, इटावा, हरदोई जिलों से भी पेंशन से जुड़ी ऐसी गड़बड़ियां सामने आ चुकी हैं। यही नहीं, उप्र. में किसान सम्मान निधि तक का भी लाभ हजारों किसानों ने उठा लिया था। सत्यापन के बाद उनसे वसूली करनी पड़ी थी। दरअसल, 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके लोगों के लिए सरकार की तरफ से वृद्धावस्था पेंशन योजना संचालित है। पेंशन धारकों को प्रतिमाह 1000 रुपए की पेंशन दी जाती है। जिले में करीब 1.20 लाख बुजुर्ग हैं, जिन्हें प्रतिमाह पेंशन का लाभ मिलता है।

### इससे पहले भी कई प्रकरण आ चुके हैं सामने

इसी साल 20 मई को आगरा में 471 मुर्दे लगभग 8 करोड़ 51 लाख की पेंशन डकार गए। मामला खुला तो परिजनों से विभाग ने 8 करोड़ 51 लाख की रकम वसूली की। बीते साल जनवरी में हरदोई में वृद्धावस्था पेंशन के सत्यापन में समाज कल्याण विभाग को पता चला कि पेंशन का लाभ उन 13 हजार से ज्यादा लोगों को मिल रहा है, जो इस दुनिया में हैं ही नहीं। बाद में ऐसे लोगों की पेंशन ब्लॉक कर दी गई थी। इटावा में भी बीते साल अगस्त माह में 2 लाख 51 हजार किसान पीएम किसान योजना का लाभ ले चुके लोंगों में से लगभग दो हजार लोगों को अपात्र पाया गया।

> सत्यापन के दौरान पांच हजार पेंशनधारक मृतक पाए गए हैं। इन सबकी पेंशन रोक दी गई है। इनके खाते में भेजी गई धनराशि का आकलन कराया जा रहा है। जल्द ही रिकवरी कराई जाएगी। **-राजेश चौधरी,** समाज कल्याण अधिकारी, गोंडा

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंडी शुल्क से छूट के नियम सरल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।



● अब सात दिन में लगेगी जिलाधिकारी की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 170वीं बैठक संपन्न हुई। अपने सरकारी आवास पर मंगलवार को हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने नव स्थापित प्रसंस्करण इकाई को मंडी शुल्क से छूट देने की व्यवस्था का सरलीकरण किए जाने के निर्देश दिए।

वर्तमान में इकाई स्थापना के दिनांक से छह माह के भीतर मंडलायुक्त के समक्ष आवेदन करना होता है, जिसे मंडलायुक्त द्वारा रिपोर्ट के लिए जिला मैजिस्ट्रेट को भेजा जाता है। इस व्यवस्था का सरलीकरण करते हुए इकाई द्वारा आवेदन सीधे जिला मैजिस्ट्रेट के समक्ष ही किया जाए और जिला मैजिस्ट्रेट द्वारा अगले सात दिनों में रिपोर्ट के लिए मंडी समिति को भेज दिया जाए। मुख्यमंत्री के मुताबिक, गोरखपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बरीपाल और मुरादाबाद की मंडी समिति में खाद्य तेलों पर यूजर चार्ज लिए जाने की व्यवस्था है। व्यापारियों के हित में इसे समाप्त किया जाना चाहिए। यदि कोई व्यापारी वर्ष भर में मंडी की दुकान से जितने मूल्य के खाद्य तेलों का व्यापार करे, न्यूनतम उतने ही मूल्य के कृषि उत्पाद, जिन पर मण्डी शुल्क या यूजर चार्ज लिया जाता है, का भी भी व्यापार करे तो उनसे खाद्य तेल पर यूजर चार्ज न लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि, मंडी में किसानों के लिए सुविधा और सुरक्षा के सभी प्रबंध होने चाहिए। मंडियों में साफ-सफाई, जल निकासी की अच्छी व्यवस्था हो। कहीं भी अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो। जलभराव की स्थिति न हो। शौचालय, पेयजल के पर्याप्त इंतज़ाम रखें। यहां किसानों के लिए विश्राम कक्ष और सस्ते दर वाली कैंटीन की व्यवस्था भी कराई जाए। विभिन्न विभागीय सम्पत्तियों की नीलामी अब मैनुअल के स्थान पर ई-ऑक्शन व्यवस्था से की जाए।

### हाट-पैठ होगा निर्माण और मंडियों में बनेंगे कोल्ड रूम

नगरीय क्षेत्रों में भी हाट-पैठ निर्माण कराये जाने की मांग पर ध्यान देते हुए जिन नगर पंचायत, नगर पालिका अथवा नगर निगम में स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप अच्छे हाट-पैठ बनाए जाएं। नए अधिसूचित नगरीय निकायों को प्राथमिकता दें। हाट-पैठ बनने के बाद संबंधित मंडी समिति द्वारा इसे नगर पंचायत, नगर पालिका अथवा नगर निगम को हस्तान्तरित कर दिया जाए। कृषि फसलों की सुरक्षा के लिए मंडियों में कोल्ड रूम तैयार कराया जाए। इससे किसान अपनी फसल को लंबे समय तक सुरक्षित रख सकेंगे।

### 2023-24 में लगभग 1862 करोड़ रु.की आय

मंडी शुल्क को न्यूनतम करने के बाद भी राजस्व से संग्रह में मंडियों का अच्छा योगदान है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जहां 1553 करोड़ रु. की आय हुई थी, वहीं 2023-24 में लगभग 1862 करोड़ रु.की आय हुई। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में लगभग 400 करोड़ रु.का राजस्व संग्रहीत हो चुका है। मंडी शुल्क न्यूनतम होने के बाद भी मंडियों से राजस्व संग्रह में हुई बढ़ोतरी सराहनीय है। यह राजस्व किसानों के हित में ही व्यय किया जाए।

## डेढ साल की बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी को किया गिरफ्तार

**फिरोजाबाद, अमृत विचार:** थाना नारखी के एक गांव में युवक ने डेढ़ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। वह बच्ची को बहला फुसलाकर चरी के खेत में ले गया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर आए लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने बच्ची को अस्पताल को इलाज के लिए भर्ती कराया है। बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। नारखी थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला अंकुश गांव से डेढ़ साल की बच्ची को चरी के खेल में बहला फुसलाकर ले गया। युवक ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर राहगीर खेत में पहुंचे और युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। इंस्पेक्टर बैजनाथ सिंह का कहना है कि आरोपी अंकुश को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## वर्ग पहेली-133

**बाएं से दाएं**

1.1. गैंडा 2. सुअर 3. मुरगा।

3.1. वह कथन जिसमें किसी मत या सिद्धांत का दृढ़तापूर्वक निरूपण किया गया हो 2. ऐसी प्रतिकृति जो ठीक मूल आकृति जैसी हो।

4.1. जलता हुआ कोयला आदि 2. मंगल ग्रह, मंगलवार 3. भृंगराज, भांगरा, कटसरैया नामक पेड़ 4. कार्बन नामक रासायनिक तत्व।

6. जिसके पास टके हों अर्थात धनी, धनवान।

7.1. काला, सांवला 2. मलिन, गंदा 3. मुरझाया हुआ, कुम्हलाया हुआ।

8.1. मंत्री, (मिनिस्टर) 2. मध्यकाल में बादशाह का सलाहकार, सचिव 3. शतरंज के खेल का एक मुहरा।

**ऊपर से नीचे**

2.1. शारीरिक, देह से संबंधित 2. देहजनित, शरीर से उत्पन्न।

3. बहुत तेज़ चाल

4. बीच की अवधि या समय, मध्यांतर, दो घटनाओं के बीच का समय।

5. वह असामी जो दूसरों की भूमि पर खेतीबारी करता हो, काश्तकार, कृषक, हलवाहा।



### वर्ग पहेली -132 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 दा | ■ | 2 र | 3 स | वं | ती |
| ढ़ा | ■ | ■ | ट | ■ | ■ |
| ■ | 4 अ | ध | प | ग | 5 ला |
| ■ | क | ■ | टा | ■ | ठी |
| 6 मा | ल | वा | ह | क | ■ |
| ■ | बी | ■ | ट | ■ | 7 मा |
| 8 प | र | वा | ■ | ■ | टा |

## सुडोकू -46

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 1 | | | | 2 | |
| | | 2 | | 4 | 8 | 1 | | |
| | 3 | | | 9 | | 5 | 6 | |
| | 1 | 8 | | 7 | | | | |
| 9 | 4 | | | | | | 7 | 1 |
| | | | | 5 | | 4 | 3 | |
| | 5 | 4 | | 1 | | | 8 | |
| | | 9 | 6 | 3 | | 7 | | |
| | 7 | | | | 2 | 9 | | |

### सुडोकू -45 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| 8 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 9 |
| 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 2 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 5 | 7 | 1 | 8 | 2 | 9 | 6 | 3 | 4 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 | 5 | 9 | 8 |
| 3 | 9 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 21.02 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र- अनुराधा 18 जुलाई 03.13 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष** — आज आपकी कोई मनोकामना पूरी होगी। किसी उच्च पद प्रतिष्ठित व्यक्ति से मार्गदर्शन एवं सानिध्य मिलेगा व्यापार में बड़ा उन्नति कारक परिवर्तन होने के संकेत मिल रहे हैं। नौकरी में आपकी लगन एवं ईमानदारी कार्यशैली उच्चाधिकारियों को प्रभावित करेगी।

**वृष** — आज व्यापार में बार-बार अपना निर्णय न बदलें। इससे आपके सहयोगियों के मध्य हताशा व असमंजस्य बढ़ेगा। रोजगार की तलाश में इधर से उधर भटकना पड़ेगा। नौकरी में अधिकारियों से उचित दूरी बनाकर रखें।

**मिथुन** — आज किसी सामाजिक कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है। रोजगार की तलाश पूरी होगी। कोर्ट कचहरी के मामले में आई बाधा किसी मित्र के सहयोग से दूर होगी। व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे। कृषि कार्य में सरकारी योजना का लाभ मिलेगा।

**कर्क** — आज कार्यक्षेत्र में व्यर्थ भागदौड़ बनी रहेगी। भोग विलास में अत्यधिक रुचि रहेगी। किसी अनचाही यात्रा पर जानना पड़ेगा। जमा पूंजी धन व्यर्थ कार्यों पर खर्च होगा। किसी वरिष्ठ परिजन के कारण व्यय हो सकता है। उद्योग धंधे में नए सहयोगी बनेंगे।

**सिंह** — आज किसी विशिष्ट व्यक्ति से सहयोग, सानिध्य मिलेगा। राजनीति में वर्चस्व स्थापित होगा। रोजगार के अवसर मिलेंगे। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं। व्यापार में आय एवं व्यय में सामान्यता रहेगी। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं।

**कन्या** — आज आपको मनचाहे स्थान पर तैनाती मिल सकती है। भूमि के क्रय विक्रय, कृषि कार्य में लगे लोगों को परिजनों मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने से मनोबल में वृद्धि होगी। आपकी कार्यशैली लोगों को प्रभावित करेगी।

**तुला** — आज धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है, जो भी काम करें पहले उसकी योजना बना लें। अनुचित खानपान के कारण पाचन खराब होने की आशंका है। आजीविका के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों की व्यक्तिगत समस्याएं बढ़ सकती है। नौकरी में अपने कार्य के प्रति अधिक ध्यान दें।

**वृश्चिक** — आज धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में चली आ रही विभिन्न बाधाएं कम होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को नवीन व्यवसाय के प्रति अभिरुचि बढ़ेगी।

**धनु** — आज आजीविका के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों की व्यक्तिगत समस्याएं बढ़ सकती है। नौकरी में अपने कार्य के प्रति अधिक ध्यान दें। व्यवसाय के क्षेत्र में सलंग्न लोगों को व्यापार में लाभ होने की अच्छी संभावना है। आपके साहसिक कार्य की कार्यक्षेत्र में चारों चर्चा होगी।

**मकर** — आज दिन की शुरुआत अधिक सुख एवं उन्नति कारक रहेगी। किसी लंबी दूरी की यात्रा अथवा विदेश यात्रा पर जाने के योग बनेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि बढ़ सकती है। व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को नवीन व्यवसाय के प्रति अभिरुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — आज शुभ समाचार मिलेगा। समाज में उच्च पद प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संपर्क करेंगे। व्यवसाय के क्षेत्र से जुड़े हुए व्यक्तियों को व्यापार में लाभ एवं उन्नति के योग बनेंगे। आजीविका नौकरी के क्षेत्र में संलग्न लोगों को परिश्रम का फल प्राप्त होगा।

**मीन** — आज अपनी कार्यक्षमता को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। व्यवहार को अच्छा बनाए रखें। पढ़ाई में अधिक मुश्किल और परिश्रम करने की आवश्यकता रहेगी। कोर्ट कचहरी के मामलों में सतर्कता रखें। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
राम बलराम — सुबह : 09.47
बुलेट रानी — शाम : 05.12

**&pictures**
थलाइवी — सुबह : 11.04
राधे — शाम : 05.14

**Sony Pix**
द डार्क नाइट — सुबह : 11.35
जॉन रैम्बो — रात : 09.00

**Zee Cinema**
टीबीए — सुबह : 09.54
लगान — दोपहर : 03.24

**Colors Cineplex**
दस — सुबह : 09.26
मद्रास कैफे — रात : 09.55

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर शाम : 05.14 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- मेरा वजन कैसे कम होगा?
पति- अपनी गर्दन को दाएं से बाएं हिलाती रहो।
महिला- अच्छा, पर ये किस समय करूं?
पति- जब कोई खाने को पूछे।

चिंटू जंगल में जा रहा था, अचानक भालू देखकर सांस रोककर जमीन पर लेट गया।
ये देखकर भालू आया और चिंटू के कान में बोला- भूख नहीं है, वरना सारी होशियारी निकाल देता।

## एक नजर

### निर्यात को बढ़ाने वाली व्यवस्था सितंबर तक

**नई दिल्ली।** वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने मंगलवार को कहा कि ई-कॉमर्स से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नियामकीय व्यवस्था सितंबर तक तैयार होने की उम्मीद है। वर्तमान में इस माध्यम से निर्यात पांच अरब डॉलर है, जबकि चीन का 300 अरब डॉलर है। ई-कॉमर्स से निर्यात को बढ़ाने की संभावनाएं हैं। मंत्रालय में राजस्व जैसे संबंधित विभागों तथा लॉजिस्टिक और 'मार्केटप्लेस प्लेटफॉर्म' जैसे क्षेत्रों के उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई।

### सोना 550 तो चांदी 400 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में मजबूती से आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली से दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 550 रुपये की मजबूती के साथ 75,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सोमवार को सोना 75,150 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी भी 400 रुपये बढ़कर 94,400 रुपये प्रति किलो हो गई।

## मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75-78 रुपये मसूर : 60-68 रुपये मलका : 62-68 रुपये अरहर : 140-150 रुपए उड़द : 100-110 रुपए धोआ उड़द : 110-130 रुपए मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 95-105 रुपये मूंग साबुत : 90-105 रुपये चना देसी : 60-70 रुपये चना कावली : 90-130 रुपये राजमा लाल : 130-140 रुपये राजमा चित्ता : 125-130 रुपये लोबिया लाल : 90-110 रुपये लोबिया सफेद : 80-100 रुपये।

## मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 930 फ्लैग- 1060 बोल्ड- 1110 डीएमओ- 850
**रामपुर :** शिवालिक-955 फ्लैग-1075 डीएमओ-815 बोल्ड-1130

# समय पर कार्रवाई करेगा दूरसंचार मंत्रालय

## दूरसंचार परिचालकों और इस क्षेत्र के अन्य भागीदारों के साथ केंद्रीय संचार मंत्री ने की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी



● बैठक में जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के निदेशक हुए शामिल

दूरसंचार मंत्रालय, दूरसंचार परिचालकों और इस क्षेत्र के अन्य भागीदारों के साथ चर्चा के दौरान चिन्हित मुद्दों पर तय समयसीमा के भीतर कार्रवाई योजना पर काम करेगा। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने छह समितियों में से तीन के साथ बैठक की।

बैठक में रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी, भारती एयरटेल के संस्थापक तथा चेयरमैन सुनील भारती मित्तल और वोडाफोन आइडिया के प्रबंध निदेशक तथा सीईओ अक्षय मूंदड़ा सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। सिंधिया ने कहा कि हमने इन समितियों के लिए एक मजबूत एजेंडा की पहचान की है। अब इन समितियों के सदस्य और हम मिलकर काम करेंगे। उद्योग निकाय सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक एसपी कोचर भी बैठक में थे। सिंधिया ने कहा कि इन समितियों की पहली प्रस्तुति के लिए अलग कार्यक्रम हैं, जो कुछ सप्ताहों में होंगे। हम व्यक्तिगत मुद्दे पर विचार करेंगे, विवरण पर गहनता से ध्यान देंगे और कार्ययोजना, समयसीमा और कार्रवाई योग्य बिंदु तैयार करेंगे।

### स्पेक्ट्रम के लिए एयरटेल, जियो, वोडाफोन आइडिया को 11,340.7 करोड़ का डिमांड नोटिस जारी

स्पेक्ट्रम नीलामी समाप्त होने के तीन सप्ताह बाद, दूरसंचार विभाग ने मंगलवार को दूरसंचार सेवा प्रदाताओं - एयरटेल, रिलायंस जियो और वोडाफोन आइडिया को 11,340.7 करोड़ रुपये से अधिक की कुल राशि के स्पेक्ट्रम के भुगतान के लिए डिमांड नोटिस भेजा। विभाग ने कंपनियों को पत्र भेज कर राशि जमा कराने को कहा है। भारती एयरटेल से 6,856.76 करोड़, वोडाफोन आइडिया से 3,510.40 करोड़ और रिलायंस जियो से 973.62 करोड़ रुपये जमाक कराने के लिए कहा गया है।

### दरें बढ़ाने से कंपनियों का एआरपीयू होगा उच्च स्तर पर

**मुंबई।** घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि सभी निजी दूरसंचार सेवाप्रदाताओं द्वारा शुल्क दरें एक साथ बढ़ा देने से उनकी प्रति ग्राहक औसत कमाई (एआरपीयू) वित्त वर्ष 2025-26 में 225 रुपये से अधिक के उच्चतम स्तर पर पहुंच जाएगी। एजेंसी ने कहा कि उच्च लाभप्रदता और कम पूंजीगत व्यय से दूरसंचार कंपनियों के क्रेडिट प्रोफाइल में भी सुधार होगा। 2023-24 की तुलना में 2025-26 में दूरसंचार कंपनियों का एआरपीयू 25 प्रतिशत बढ़ जाएगा। क्रिसिल के उप मुख्य रेटिंग अधिकारी मनीष गुप्ता ने कहा कि अगले वित्त वर्ष के अंत तक उद्योग का एआरपीयू पिछले वित्त वर्ष के 182 रुपये की तुलना में 225-230 रुपये के दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंच जाना चाहिए।

# सेबी ने पेटीएम को भेजा चेतावनी पत्र

● शेयरधारकों की मंजूरी के बिना पीपीबीएल के साथ संबंधित लेनदेन से जुड़ा मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को सेबी से प्रशासनिक चेतावनी पत्र मिला है। मामला 2021-22 में ऑडिट समिति या शेयरधारकों की मंजूरी के बिना पेटीएम पेमेंट्स बैंक्स (पीपीबीएल) के साथ संबंधित लेनदेन से जुड़ा है। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि उसने सेबी के नियमों के अनुपालन में काम किया है।

फिनटेक कंपनी ने कहा कि वह अनुपालन मानकों को बनाए रखने और पारदर्शिता को लेकर प्रतिबद्ध है और सेबी को जवाब देगी। सेबी ने 15 जुलाई को लिखे पत्र में कहा कि उसने वन97 कम्युनिकेशंस और उसकी सहयोगी पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) से संबंधित वित्तीय तथा अन्य सूचनाओं के खुलासे के संदर्भ में जांच की है। पत्र के अनुसार इस संदर्भ में जांच के दौरान निम्नलिखित गैर-अनुपालन देखे गए 2021-22 में कंपनी और/या इसकी अनुषंगी कंपनियों ने पीपीबीएल के साथ अतिरिक्त संबंधित पक्ष लेनदेन (आरपीटी) या तो लेखा परीक्षा समिति या शेयरधारकों की उचित मंजूरी के बिना किए। पेटीएम ने बीएसई को दी गई सूचना में सेबी के पत्र की विषय-वस्तु साझा की। बाजार नियामक के पत्र के अनुसार, कंपनी ने दावा किया कि उसने शेयरधारकों के संदर्भ के लिए कंपनी तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा पीपीबीएल के साथ किए गए लेनदेन का संचयी संख्यात्मक मूल्य प्रदान किया था।

### सेबी ने रीट, इनविट नियमों में किया संशोधन

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) निवेश ट्रस्ट रीट और इनविट के लिए यूनिट आधारित रोजगार लाभ योजना लेकर आया है। इसकी रूपरेखा के तहत सेबी ने ट्रस्ट के माध्यम से योजना को लागू करने के तौर-तरीकों को रखा है। इसमें कर्मचारी लाभ ट्रस्ट द्वारा यूनिट प्राप्त करने का तरीका और रीट (रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) और इनविट (इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) की तरफ से कर्मचारी लाभ ट्रस्ट को यूनिट के आवंटन का तरीका है। सेबी ने दो अलग-अलग अधिसूचनाओं में कहा है कि यूनिट-आधारित कर्मचारी लाभ योजना कर्मचारी यूनिट विकल्प योजना की तरह होगी। कर्मचारी यूनिट विकल्प योजना के तहत निवेश प्रबंधक कर्मचारी लाभ ट्रस्ट के माध्यम से अपने कर्मचारियों को यूनिट विकल्प प्रदान करता है। योजना का क्रियान्वयन कर्मचारी लाभ ट्रस्ट (ईबी ट्रस्ट) से किया जाएगा।

# तीसरे दिन भी तेजी, सेंसेक्स-निफ्टी शिखर पर

मुंबई, एजेंसी



● सेंसेक्स 52 अंक चढ़कर उच्चतम स्तर तो निफ्टी ने भी 24,600 अंक का बनाया रिकॉर्ड

शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 52 अंक चढ़कर उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी नये शिखर 24,600 अंक के ऊपर पहुंच गया। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, दूरसंचार और आईटी शेयरों में लिवाली तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही।

सेंसेक्स 51.69 अंक यानी 0.06 प्रतिशत चढ़कर उच्चतम स्तर 80,716.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 233.44 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 80,898.30 अंक तक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 26.30 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ नये शिखर 24,613 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 74.55 अंक यानी 0.30 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 24,661.25 अंक तक गया था। रिलायंस इंडस्ट्रीज और कोटक बैंक में नुकसान से लाभ सीमित हुआ और दोनों सूचकांक दिन के उच्चस्तर से नीचे आये। सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार से रिकॉर्ड तेजी पर हैं। इसका प्रमुख कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लिवाली है। एफआईआई केंद्रीय बजट पेश होने से पहले भारतीय शेयरों में लिवाल बने हुए हैं। शेयरों के उच्च मूल्यांकन के बावजूद प्रमुख कंपनियों के तिमाही परिणाम से बाजार को समर्थन मिला है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के अनुसार केंद्रीय बैंक ज्यादा आश्वस्त है कि मुद्रास्फीति दो प्रतिशत लक्ष्य की ओर वापस आ रही है।

# हलवा समारोह : बजट तैयारियां अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

आम बजट 2024-25 के लिए तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण को चिह्नित करने वाला हलवा समारोह नार्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्रालय में आयोजित हुआ, जिसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी मौजूद रहे। बजट की तैयारी में शामिल अधिकारियों की लॉक-इन प्रक्रिया शुरू होने से पहले हर साल हलवा समारोह होता है। इस वर्ष आम बजट 23 जुलाई, 2024 को पेश किया जाएगा।

वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट), अनुदान की मांग (डीजी), वित्त विधेयक आदि सहित सभी केंद्रीय बजट दस्तावेज भी डिजिटल सुविधा के सबसे सरल रूप का उपयोग करके संसद सदस्यों और जनता द्वारा बजट दस्तावेजों तक परेशानी मुक्त पहुंच के लिए केंद्रीय बजट मोबाइल ऐप पर



हलवा बांटतीं केंद्रीय वितमंत्री निर्मला सीतारमण।

उपलब्ध होंगे। ऐप को केंद्रीय बजट वेब पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है। 23 जुलाई को संसद में वित्त मंत्री द्वारा बजट भाषण पूरा होने के बाद बजट दस्तावेज मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे। समारोह में वित्त मंत्रालय के सचिव और बजट तैयारी में शामिल अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। वित्त मंत्री ने बजट प्रेस का दौरा किया और तैयारियों की समीक्षा की।

### बजट में राजकोषीय घाटा लक्ष्य घटाकर 5% कर सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार राजस्व में आए उछाल के दम पर बजट में चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को घटाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.9-5 प्रतिशत कर सकती है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को यह संभावना जताई। सरकार ने इस साल फरवरी में अंतरिम बजट पेश करते समय वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि केंद्र सरकार 11.1 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय लक्ष्य से कोई समझौता किए बगैर राजकोषीय घाटा अनुमान को 5.1 प्रतिशत से घटाकर 4.9-5 प्रतिशत निर्धारित कर सकती है। 11.8 लाख करोड़ के अंतरिम बजट अनुमान की तुलना में चालू वित्त वर्ष के लिए शुद्ध बाजार उधारी में 35,000-55,000 करोड़ की कमी आने की भी बहुत संभावना है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### जल प्रदूषण मामले में ईडी ने पूर्व विधायक की शराब कंपनी पर मारा छापा

**जालंधर।** ईडी ने मंगलवार को फिरोजपुर जिले में मिट्टी और भूजल के कथित प्रदूषण के मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत पंजाब में शिअद के पूर्व विधायक दीप मल्होत्रा के स्वामित्व वाली एक शराब कंपनी के खिलाफ छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने पंजाब, दिल्ली और मध्य प्रदेश में शराब कंपनी के 7 परिसरों पर छापेमारी की। कंपनी मालब्रोस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड का स्वामित्व शराब व्यवसायी दीप मल्होत्रा, गौतम मल्होत्रा और उनके परिवार के पास है। पिछले साल फरवरी में ईडी ने गौतम मल्होत्रा को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था।

### मणिपुर में केसीपी (एन) के 5 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के थौबल जिले में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन कंगलीपक कम्युनिस्ट पार्टी (नोंगड्रेनखोम्बा) के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने उग्रवादियों द्वारा अपहृत व्यक्ति को खोंगजोम टेकचाम इलाके में अभियान के दौरान छुड़ा लिया तथा उनके पास से हथियार व गोला बारुद बरामद किए। गिरफ्तार लोगों की पहचान कोनसाम रोहित सिंह (23), यांगलेम बिकास मेइती (24), थांगजाम चन्बा सिंह (27), मोइरांगथेम आनंद सिंह (37) और केइशाम नेल्सन सिंह (28) के रूप में की गयी है। उनके पास से 9 एम एम की चार पिस्तौल, 18 से अधिक कारतूस, चार पहिया वाहन और सात मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। जिरिबाम जिले के मोंगबुंग गांव में एक जवान की हत्या के बाद सुरक्षा बलों ने तलाश ली तथा हथियार बरामद किए।

# सुप्रीम कोर्ट ने अवैध रेत खनन पर 4 राज्यों से मांगा जवाब, जुर्माना लगाने की दी चेतावनी

## तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश से छह सप्ताह में जवाब देने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी



● खनन की जांच और इसमें शामिल संस्थाओं के पट्टे समाप्त करने के अनुरोध वाली याचिका पर कोर्ट कर रहा था सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने अवैध रेत खनन मामलों की जांच और इसमें शामिल संस्थाओं के पट्टे समाप्त करने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश से छह सप्ताह के भीतर जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि यदि राज्य छह सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं करते हैं तो उन पर 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। पीठ ने मामले को नवंबर में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिकाकर्ता एम. अलगरसामी की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि याचिका 2018 की है। उन्होंने कहा कि इन चार राज्यों ने नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अवैध रेत खनन की स्थिति पर हलफनामा दाखिल नहीं किया है।

भूषण ने कहा कि बड़े पैमाने पर अवैध रेत खनन जारी है जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है और अब तक केवल पंजाब सरकार ने ही अपना जवाब दाखिल किया है। याचिकाकर्ता ने तमिलनाडु के बारे में मामले पर संक्षिप्त नोट दाखिल किया है और राज्य को इस पर जवाब देना चाहिए। पीठ ने तमिलनाडु से संक्षिप्त नोट पर जवाब देने को कहा। शीर्ष अदालत ने 24 जनवरी 2019 को नोटिस जारी कर केंद्र, सीबीआई और पांच राज्यों को याचिका पर जवाब देने का निर्देश दिया था। याचिका में देश की नदियों और समुद्र तटों पर होने वाले अवैध रेत खनन के मुद्दे को उठाया गया है।

# बिहार: वीआईपी प्रमुख सहनी के पिता की दरभंगा में हत्या, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

दरभंगा-पटना, एजेंसी

विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की बिहार के दरभंगा जिले में उनके पैतृक घर पर मंगलवार को चाकू मारकर हत्या कर दी गई। दरभंगा एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस टीम जांच कर रही है। जीतन सहनी के शरीर पर चाकू से वार के निशान हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना को दुखद बताया तथा पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

नीतीश ने पूर्व मंत्री मुकेश सहनी से फोन पर बातचीत कर उन्हें सांत्वना दी। एसएसपी रेड्डी के अनुसार, बिरौल अनुमंडल पुलिस के पदाधिकारी, बिरौल थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर हैं। जांच के लिए दरभंगा के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया है। घटना स्थल पर प्रयोगशाला के दल और श्वान दस्ते की मदद से जांच की जा रही है।

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने घटना को निंदनीय बताया है। बिहार के भाजपा प्रमुख चौधरी ने एक्स पर कहा, मुकेश सहनी के पिताजी की हत्या अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय घटना है।

### सहनी की हत्या की राहुल-प्रियंका ने की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वीआईपी के संस्थापक तथा पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए इस घटना को निंदनीय बताया है। दोनो नेताओं ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और उनके पीड़ित परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की और कहा कि इस अपराध के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और सहनी परिवार को न्याय मिलना चाहिए। श्री गांधी ने कहा "विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक, बिहार के पूर्व मंत्री और इंडिया गठबंधन के हमारे साथी मुकेश सहनी जी के पिता जीतन सहनी जी की निर्मम हत्या का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है।

# कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत पर सीबीआई, ईडी से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी

**आबकारी नीति मामला**

● सिसोदिया ने जमानत पर पुनर्विचार करने के लिए याचिका की है दायर

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में आप नेता मनीष सिसोदिया की जमानत देने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को सीबीआई तथा ईडी से जवाब मांगा। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने यह दलील देते हुए जमानत देने का अनुरोध किया है कि वह 16 महीने से हिरासत में हैं और उनके खिलाफ मुकदमा उसी चरण पर है जिस चरण पर पिछले साल अक्टूबर में था।

न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गयी। सिसोदिया ने आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टचार तथा धन शोधन के मामलों में उनकी जमानत याचिकाओं पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हुए भी एक याचिका दायर की है। पीठ में न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करिए, 29 जुलाई तक जवाब दीजिए। सिसोदिया की ओर से पेश वकील विवेक जैन ने पीठ को बताया कि आप नेता 16 महीने से हिरासत में हैं।

### पंजाब में हथियार तस्करी के आरोप में तीन गिरफ्तार

**अमृतसर।** राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) अमृतसर ने तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार कर तीन पिस्तौल बरामद की हैं। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि अमृतसर के छोटा हरिपुरा के सुखदेव सिंह उर्फ मट्टू, साहिल उर्फ मस्त और गुरु नानक पुरा के प्रभजोत सिंह उर्फ प्रभ को गिरफ्तार किया है। टीमों ने तीन मैगजीन और छह कारतूस भी बरामद किए हैं। यह घटनाक्रम एसएसओसी अमृतसर द्वारा विदेशी आतंकवादी लखबीर उर्फ लांडा द्वारा समर्थित हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के एक दिन बाद सामने आया है।

# राहुल के पास मानहानि की शिकायत पर शीघ्र निर्णय पाने का अधिकार

मुंबई, एजेंसी

● बंबई हाईकोर्ट ने आरएसएस पर की कथित टिप्पणियों पर की सुनवाई

बंबई हाईकोर्ट ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों के लिए 2014 की मानहानि की शिकायत पर गुण-दोष पर शीघ्र निर्णय पाने का वैध अधिकार है। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चह्वाण की एकल पीठ ने 12 जुलाई को दिए आदेश में कहा कि संविधान का अनुच्छेद 21 हर किसी को त्वरित सुनवाई का अधिकार प्रदान करता है और एक स्वतंत्र व निष्पक्ष सुनवाई आवश्यक है।

कोर्ट ने आरएसएस कार्यकर्ता को आपराधिक मानहानि की लंबित शिकायत में नए और अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की अनुमति देने वाले मजिस्ट्रेट के आदेश को रद करने की राहुल की याचिका को स्वीकार करते हुए ये टिप्पणी की। राजेश कुंटे ने 2014 में भिवंडी में मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि की शिकायत की थी, जिसमें दावा कि था कि कांग्रेस नेता ने झूठा और अपमानजनक बयान दिया था कि महात्मा गांधी की हत्या के लिए संघ जिम्मेदार है।

# कांग्रेस ने की रत्न भंडार पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग

● पत्र में पूर्व के रिकॉर्ड और इस साल तैयार होने वाली सूची का विवरण दें

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में विपक्षी दल कांग्रेस ने मंगलवार को मांग की कि राज्य सरकार पुरी के श्रीजगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार पर श्वेत पत्र जारी करे। पार्टी ने कहा कि श्वेत पत्र में पूर्व में तैयार किए रत्न भंडार के कीमती सामान के रिकॉर्ड और इस साल तैयार की जाने वाली सूची का विवरण होना चाहिए। पार्टी के मुख्यालय में ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओपीसीसी) के पूर्व अध्यक्ष, प्रसाद हरिचंदन ने कहा कि उनकी पार्टी सूची बनाने और मरम्मत कार्य के लिए रत्न भंडार को फिर से खोलने की मांग कर रही है। अब भाजपा सरकार ने इस दिशा में कदम उठाया है। रत्न भंडार को 46 वर्षों के बाद रविवार को बहुमूल्य वस्तुओं की सूची बनाने और इसकी संरचना की मरम्मत के लिए पुनः खोला गया।

# कंचनजंघा दुर्घटना: जांच के दौरान मिलीं कई कमियां

**नई दिल्ली।** रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा है कि स्वचालित सिग्नल क्षेत्रों में ट्रेन परिचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियों और लोको पायलट एवं स्टेशन मास्टर को उचित परामर्श नहीं दिए जाने के कारण कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना का होना तय ही था। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में 17 जून को एक मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारण सियालदह जाने वाली कंचनजंघा एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट समेत 10 लोगों की मौत हो गई थी। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने इस दुर्घटना की जांच संबंधी अपनी रिपोर्ट में स्वचालित ट्रेन-सुरक्षा प्रणाली (कवच) को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लागू करने की भी सिफारिश की है।

# मजदूरों के राशनकार्ड का एक माह में सत्यापन करें राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी



● प्रवासी मजदूरों के सत्यापन में देरी पर राज्यों को लगाई फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने राशनकार्ड जारी करने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत प्रवासी मजदूरों के सत्यापन में देरी के लिए मंगलवार को राज्यों को फटकार लगाई और उन्हें यह कवायद चार सप्ताह के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने केंद्र को उन राज्यों को खाद्यान्न जारी करने का भी निर्देश दिया, जिन्होंने प्रवासी मजदूरों का सत्यापन पूरा कर लिया है।

सत्यापन में देरी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि यदि राज्य निर्धारित समय के भीतर सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने में विफल रहते हैं तो वह संबंधित सचिवों को तलब करेगी। पीठ ने कहा कि सत्यापन चार महीने में क्यों पूरा नहीं हो सका? ये तो हद हो गई। चार महीने बाद भी आप यह कर रहे हैं और यह कहने की हिम्मत कर रहे हैं कि इसके लिए और दो महीने चाहिए हम निर्देश देते हैं कि पूरा सत्यापन चार सप्ताह में पूरा किया जाए।

### बिहार-तेलंगाना ने पूरा किया कार्य

शीर्ष अदालत ने कहा कि बिहार और तेलंगाना ही ऐसे राज्य हैं जिन्होंने प्रवासी मजदूरों का 100 प्रतिशत सत्यापन पूरा कर लिया है। याचिकाकर्ताओं के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि कुछ राज्यों ने सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर ली है, जबकि अन्य ने या शुरू भी नहीं की है। एक और मुद्दा यह भी है कि राशन कार्ड जारी होने के बाद भी ये राज्य इन श्रमिकों को राशन जारी नहीं कर रहे हैं और राज्यों कहना है कि केंद्र सरकार ने इन लोगों के लिए अतिरिक्त राशन आवंटित नहीं किया है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त के लिए सूचीबद्ध कर दी। अदालत ने निर्देश दिया था कि वे योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत आठ करोड़ प्रवासी मजदूरों को दो महीने के भीतर राशन कार्ड उपलब्ध कराएं।

# हादसे में मृत व्यक्ति के परिवार को 1.98 करोड़ देने का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने बीमा कंपनी को 32 वर्षीय मृत व्यक्ति के परिवार को 1.98 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करने का निर्देश दिया है। 2016 में एक किशोर द्वारा चलाई जा रही मर्सिडीज की टक्कर से इस व्यक्ति की मौत हो गई थी।

न्यायाधिकरण ने किशोर के पिता को फटकारते हुए कहा कि अपने नाबालिग बेटे को गाड़ी चलाने से रोकने के बजाय इसे अनदेखा करना मौन सहमति को दर्शाता है। पीठासीन अधिकारी पंकज शर्मा पीड़ित सिद्धार्थ शर्मा के माता-पिता द्वारा दायर मुआवजे के दावे की सुनवाई कर रहे थे। 4 अप्रैल 2016 को सिविल लाइंस इलाके में सिद्धार्थ को मर्सिडीज ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना चालक की लापरवाही और जल्दबाजी से हुई थी।

# रंगदारी मांगने पर एनआई ने दाखिल किया आरोपपत्र

**पटना।** एनआईए ने बिहार में कारोबारियों से रंगदारी वसूलने और नक्सली विचारधारा का प्रचार करने के मामले में भाकपा-माओवादी के सदस्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। एजेंसी ने बताया कि आरोपी अनिल यादव उर्फ छोटा संदीप बिहार के औरंगाबाद जिले का है और यहां की एनआईए अदालत में दाखिल पूरक आरोपपत्र में उसे नामजद किया गया है। एनआईए ने मगध क्षेत्र में भाकपा (माओवादी) द्वारा नक्सलवाद को उभारने की कोशिश करने के मामले में 26 सितंबर को प्राथमिकी दर्ज की थी।

# ओमान की मस्जिद में गोलीबारी पांच की मौत, कई लोग घायल

दुबई, एजेंसी

- पाकिस्तान की सरकार का दावा घटना में उसके चार नागरिक मारे गए और 30 घायल हो गए
- ओमान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि तीन हमलावर मारे गए

ओमान की एक शिया मस्जिद में कई हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी सहित कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान की सरकार ने दावा किया है कि इस घटना में उसके चार नागरिक मारे गए हैं और 30 घायल हो गए हैं।

रॉयल ओमान पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह गोलीबारी ओमान की राजधानी मस्कट के वादी कबीर इलाके में सोमवार रात को हुई। ओमान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि तीन हमलावर मारे गए। एजेंसी ने जानकारी दी इस घटना में विभिन्न देशों के 28 नागरिक घायल हो गए हैं। गोलीबारी की यह घटना आशूरा की पूर्व संध्या पर हुई। आशूरा पैगंबर मुहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वह इमाम बारगाह अली बिन अबू तालिब मस्जिद पर हुए कायराना आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है।

पाकिस्तान के सूचना कार्यालय द्वारा जारी एक अलग बयान में कहा गया कि सरकार इस बात से खुश है कि ओमान सरकार ने हमलावरों को मार गिराया है और पाकिस्तान ने मुहर्रम के पवित्र महीने में इस जघन्य अपराध के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में लाने में सहायता की पेशकश की है।

ओमान की पुलिस ने कहा है कि इलाके में सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। सोशल मीडिया पर हमले से जुड़े कई वीडियो वायरल हो रहे हैं।

# नेपाल के नए उप प्रधानमंत्री से मिले भारतीय राजदूत

काठमांडू, एजेंसी

- द्विपक्षीय हितों एवं आपसी चिंताओं से संबंधित मामलों पर चर्चा की

नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने मंगलवार को नवनियुक्त उप प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह और विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा से मुलाकात की और द्विपक्षीय हितों एवं आपसी चिंताओं से संबंधित मामलों पर चर्चा की। श्रीवास्तव ने शहरी विकास मंत्री सिंह और राणा से उनके कार्यालयों में मुलाकात की। दोनों ने प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के नेतृत्व वाली नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) और नेपाली कांग्रेस की गठबंधन सरकार के हिस्से के रूप में सोमवार को पदभार ग्रहण किया। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया, बैठक के दौरान श्रीवास्तव और सिंह ने द्विपक्षीय हितों और आपसी चिंताओं से संबंधित मामलों पर चर्चा की।

इस अवसर पर राजदूत श्रीवास्तव ने उप प्रधानमंत्री सिंह को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। बैठक के बाद मंत्रालय में सचिव मणिराम गेलल ने मीडियाकर्मियों को बताया, इस अवसर पर उप प्रधानमंत्री सिंह और राजदूत श्रीवास्तव ने नदी प्रदूषण नियंत्रण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में भारत के संभावित सहयोग पर चर्चा की।

# सरकारी नौकरियों में कोटा को लेकर झड़प

ढाका, एजेंसी

- बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों के बीच रातभर हुई हिंसक झड़प में 50 से अधिक लोग घायल
- हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठियां बरसाईं



ढाका में सरकार समर्थक छात्र संगठन और छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प के दौरान पुलिस ने बरसाईं लाठियां। ● एजेंसी

बांग्लादेश की राजधानी के बाहर एक विश्वविद्यालय में सरकार समर्थक छात्र संगठन और छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच रातभर हुई हिंसक झड़पों के दौरान 50 से अधिक लोग घायल हो गए। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठियां बरसाईं। पुलिस और छात्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यह घटना ढाका के बाहरी इलाके सावर में जहांगीर नगर विश्वविद्यालय में हुई, जहां प्रदर्शनकारी छात्र 1971 में स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के परिवार के सदस्यों के लिए सरकारी नौकरी में कोटा समाप्त करने की मांग कर रहे थे। इसके तहत महिलाओं, दिव्यांगों और जातीय अल्पसंख्यक समूहों के लिए भी आरक्षण का प्रावधान है। इस प्रणाली को 2018 में निलंबित कर दिया गया था, जिससे उस समय इसी तरह के विरोध प्रदर्शन रुक गए थे। लेकिन, पिछले महीने बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने स्वतंत्रता संग्राम में लड़ने वाले नायकों के परिवार के सदस्यों के लिए 30 प्रतिशत कोटा बहाल करने का आदेश दिया।

## एक नजर

### 26 सितंबर को संरा महासभा के सत्र को संबोधित करेंगे मोदी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संभवतः 26 सितंबर को संबोधित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की उच्च स्तरीय आम बहस 24 से 30 सितंबर तक होगी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सोमवार को जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची के अनुसार, भारत के राष्ट्राध्यक्ष 26 सितंबर की दोपहर में उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करेंगे। यह अंतिम सूची नहीं है। संयुक्त राष्ट्र उच्च स्तरीय सत्र से पहले के सप्ताहों में वक्ताओं की अद्यतन अनंतिम सूची जारी करता है।

### भारत का समर्थन गर्व का विषय : यूएनआरडब्ल्यूए

**यरुशलम।** गाजा पट्टी में फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए काम करने वाली एजेंसी ने मंगलवार को वृहद राजनीतिक और वित्तीय चुनौतियों के बावजूद भारत के निरंतर समर्थन को गर्व का विषय बताया। भारत ने फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यू) के मुख्य कार्यक्रम और सेवाओं के लिए सोमवार को 25 लाख अमेरिकी डॉलर की सहायता दी।

### रूसी विदेश मंत्री लावरोव पहुंचे न्यूयॉर्क

**न्यूयार्क।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव न्यूयॉर्क पहुंच गए हैं और वह 16-17 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंत्रिस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। स्पूतनिक संवाददाता ने मंगलवार को बताया कि गत एक जुलाई को रूस ने एक महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाली। लावरोव आज बहुपक्षीय सहयोग पर होने वाली वार्ता में शामिल होंगे और बुधवार को वह फिलिस्तीनी मुद्दे सहित मध्य पूर्व की स्थिति पर मंत्रिस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### अमेरिका में बर्ड फ्लू के चार नए मानव मामले

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के कोलोराडो प्रान्त में बर्ड फ्लू संक्रमण के चार नए मानव मामलों की पुष्टि की गई है जिससे वर्ष 2022 से इसके कुल नौ मामले दर्ज हो गये। अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने यह जानकारी दी। सीडीसी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, राज्य द्वारा शुक्रवार को चार अनुमानित सकारात्मक मामले दर्ज किए गए और सीडीसी ने रविवार को संक्रमण की पुष्टि की।

# मॉरीशस की प्रगति में रहेगा भारत का समर्थन: जयशंकर

## विशेष द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने यात्रा पर आए विदेश मंत्री

पोर्ट लुईस (मॉरीशस), एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को मॉरीशस की प्रगति और समृद्धि की दिशा में भारत के निरंतर और सतत समर्थन की पुष्टि की। जयशंकर विशेष द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए मॉरीशस के नेतृत्व के साथ सार्थक बातचीत के लिए दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं। हिंद महासागर के इस द्वीपीय देश की यह यात्रा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पुनः नियुक्ति के बाद जयशंकर द्वारा की गई पहली द्विपक्षीय बैठकों में से एक है।



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 7वीं पीढ़ी के मॉरीशस नागरिकों को ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया कार्ड वितरित किए। साथ में मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ।

जयशंकर ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, मॉरीशस के साथ भारत के संबंध मजबूत और बहुआयामी साझेदारी में तब्दील हो गए हैं। मॉरीशस के साथ द्विपक्षीय संबंध विदेशों में भारत के सफल विकास सहयोग का एक आदर्श उदाहरण है। इस कार्यक्रम में भारत द्वारा वित्तपोषित 12 उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिक्षा, संस्कृति, आव्रजन अभिलेखागार के डिजिटलीकरण तथा अंतरिक्ष एवं नवाचार के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। जयशंकर और जगन्नाथ ने मॉरीशस में सातवीं पीढ़ी के भारतीय मूल के लोगों को ओसीआई कार्ड भी सौंपे। यह यात्रा भारत एवं मॉरीशस के संबंधों के महत्व को रेखांकित करती है और यह भारत की पड़ोस प्रथम की नीति, विजन सागर और ग्लोबल साउथ (अल्प विकसित देशों) के प्रति प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है। मॉरीशस स्थित भारतीय उच्चायोग की वेबसाइट के अनुसार, ऐतिहासिक, जनसांख्यिकीय और सांस्कृतिक कारणों से भारत के पश्चिमी हिंद महासागर में स्थित द्वीपीय राष्ट्र मॉरीशस के साथ घनिष्ठ एवं दीर्घकालिक संबंध हैं। उसने कहा कि विशेष संबंधों का एक प्रमुख कारण यह तथ्य है कि द्वीप की 12 लाख की आबादी में लगभग 70 प्रतिशत भारतीय मूल के लोग हैं।

# गुरुद्वारा में हमले की जांच घृणा अपराध के रूप में की जा रही

**लंदन।** दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड में पिछले हफ्ते एक गुरुद्वारा में हुए हमले की जांच घृणा अपराध के रूप में की जा रही है। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। इस घटना के सिलसिले में 17 वर्षीय एक किशोर को गिरफ्तार किया गया और उसपर कई आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया है। केंट पुलिस ने कहा कि किशोर मेडस्टोन क्राउन कोर्ट में पेश हुआ। उसे गंभीर शारीरिक नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ हिंसा की धमकी देने, धारदार हथियार से व्यक्ति को धमकी देने और सार्वजनिक स्थान पर धारदार वस्तु रखने को लेकर आरोपित किया गया।

ग्रेवसेंड स्थित श्री गुरुनानक दरबार गुरुद्वारा में 11 जुलाई को हुई घटना को लेकर उसे अदालत ने जमानत दे दी और एक मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के अधिकारियों ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया। केंट पुलिस के लिए नॉर्थ केंट डिवीजनल कमांडर, मुख्य अधीक्षक एंगी चम्पन ने कहा, यह एक अलग-थलग घटना है। शुरूआती जांच से पता चलता है कि यह आतंकवाद से जुड़ी घटना नहीं है। उन्होंने कहा, घटना की जांच घृणा से प्रेरित अपराध के तौर पर कर रहे हैं। जांच के दौरान सहयोग करने के लिए स्थानीय समुदाय का मैं शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।

# इजराइल की गाजा पर बमबारी में 60 की मौत

दीर अल बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

इजराइल द्वारा सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एवं मंगलवार को गाजा पट्टी के मध्य क्षेत्र पर की गई बमबारी में महिलाओं और बच्चों सहित 60 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इनमें से एक हमला इजराइल द्वारा घोषित सुरक्षित क्षेत्र में भी किया गया। इजराइल ने सबसे घातक हमला दोपहर में किया जो मुवासी के दक्षिणी शहर खान यूनिस के बाहर एक गैस स्टेशन के पास हुआ।

खान यूनिस के नसर अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि हमले में 17 लोगों की मौत हुई है। यह हमला उसी इलाके में हुआ, जहां गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा था कि शनिवार को हुए हमले में 90 से ज्यादा से फलस्तीनियों की मौत हो गई थी। इजराइल ने कहा था कि हमला हमास के शीर्ष सैन्य कमांडर मोहम्मद देइफ को निशाना बनाकर किया गया था। एक अन्य हमला नुसरियात और जोवाइदा के शरणार्थी शिविरों पर किया गया, जिनमें 10 महिलाओं और चार बच्चों सहित कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। एक अन्य गोला नुसरियात के एक स्कूल पर गिरा जिसमें लोगों ने शरण ले रखी थी। इस हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। चिकित्सा अधिकारियों और एसोसिएटेड प्रेस के संवाददाताओं के मुताबिक खान यूनिस और दक्षिणी गाजा में सोमवार रात को किए गए दो हमलों में 12 लोगों की मौत हुई है। पश्चिमी तट पर भी हिंसा बढ़ गई है। मंगलवार को एक फलस्तीनी ने एक इजराइली पुलिसकर्मी को चाकू से हमला कर मामूली रूप से घायल कर दिया। जवाब में एक दूसरे अधिकारी ने गोली चलाई जिससे हमलावर की मौत हो गई।

### लेबनान पर इजराइली हमलों में दो मारे गए

**बेरूत।** लेबनान के दक्षिणी सीमावर्ती गांवों पर सोमवार को इज़रायली हवाई हमलों में दो नागरिक मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने बताया कि इज़राइली सेना ने सात कस्बों और गांवों पर नौ हवाई हमले किए और दस सीमावर्ती कस्बों और गांवों पर लगभग 50 गोले दागे। सूत्रों ने बताया कि इज़रायली युद्धक विमान ने सीमा क्षेत्र के मध्य भाग में बिंट जेबिल शहर में एक घर पर दो हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों से हमला किया, जिसमें दो नागरिक मारे गए और परिवार का तीसरा व्यक्ति घायल हो गया।

# नेपाल भूस्खलन मामले में अब तक 14 शव निकाले गए

**काठमांडू।** नेपाल में यात्रियों की दो बसों के बीते शुक्रवार को भूस्खलन के मलबे के साथ बह जाने की घटना में बचावकर्मियों ने अब तक 14 शव निकाले हैं, जिनमें से छह शव भारतीय नागरिकों के हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दोनों बसों में कुल 65 यात्री सवार थे। आठ शवों की शिनाख्त कर उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया है। इसमें से छह भारतीय नागरिक हैं। अन्य की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

नेपाल की राजधानी को देश के दक्षिणी हिस्सों से जोड़ने वाले मुख्य राजमार्ग पर काठमांडू से करीब 120 किलोमीटर पश्चिम में सिमलताल के पास शुक्रवार की सुबह दो बसें भूस्खलन के मलबे के साथ बह गई थीं। चितवन जिला प्रशासन कार्यालय ने दोनों बसों में सवार कुल 65 लोगों के नाम और विवरण के साथ एक सूची प्रकाशित की। एक बस में 38 लोग और दूसरी में 27 लोग सवार थे। एक बस से किसी तरह बाहर निकलने के बाद तीन लोग बच गए। पुलिस और सेना के सैकड़ों बचावकर्मियों ने मंगलवार को नदी और निचले इलाकों में खोज की, लेकिन उन्हें अभी तक दोनों लापता बसों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# फिलीपींस में डेंगू से मरने वालों की संख्या 233 पहुंची

**मनीला।** फिलीपींस में इस साल जनवरी से 29 जून तक डेंगू से मरने वालों की संख्या 233 तक पहुंच गई है। बारिश के मौसम में डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं। देश के स्वास्थ्य विभाग (डीओएच) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

स्वास्थ्य सहायक सचिव अल्बर्ट डोमिंगो ने कहा कि डीओएच ने जनवरी से 29 जून तक 90,119 डेंगू के मामले दर्ज किए जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि देश के 17 क्षेत्रों में से सात में डेंगू के मामलों में वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा, वर्षा के कारण डेंगू के मामले उम्मीद के मुताबिक बढ़ रहे हैं जहां अधिक पानी जमा हो जाता है और रुक जाता है। अगर इसे रोका नहीं गया तो डेंगू फैलाने वाले मच्छर इन रुके हुए पानी के तालाबों में प्रजनन करेंगे।

# वेल्स सरकार के प्रमुख वॉन गेथिंग देंगे इस्तीफा

लंदन, एजेंसी

वेल्स सरकार के प्रमुख वॉन गेथिंग ने मंगलवार को कहा कि उनके चुनाव प्रचार अभियान के लिए चंदे की राशि से जुड़े विवाद के सिलसिले में वह पद से इस्तीफा देंगे। गेथिंग ने कहा, मैंने आज सुबह, वेल्स लेबर पार्टी के नेता और सरकार के प्रमुख के तौर पर इस्तीफा देने का यह मुश्किल फैसला लिया। गेथिंग ने अपनी सरकार के चार मंत्रियों के इस्तीफे के बाद उनके भी त्यागपत्र की मांग किये जाने पर यह घोषणा की।



- चुनाव प्रचार अभियान के लिए चंदे की राशि से जुड़े विवाद को लेकर फैसला लिया

गेथिंग ने मार्च में वेल्स सरकार का प्रमुख चुने जाने के साथ इतिहास रच दिया था क्योंकि वह ब्रिटेन में किसी सरकार के पहले अश्वेत प्रमुख बने थे। वह चुनाव प्रचार अभियान के दौरान चंदा के रूप में 2,55,000 अमेरिकी डॉलर उस कंपनी से लेने को लेकर आलोचना का सामना कर रहे हैं जिसका मालिक पर्यावरणीय नियमों और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नियमन के उल्लंघन का दोषी पाया गया था। इस्तीफे से संबंधित बयान में गेथिंग ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि गर्मियों के मौसम के दौरान मेरे नेतृत्व में पुनर्निर्माण और नवीकरण होगा। उन्होंने कहा, मुझे महसूस हुआ कि यह संभव नहीं है। वेल्स की आबादी लगभग 30 लाख है। यह ब्रिटेन के चार हिस्सों में एक है।

# इमरान खान की पार्टी पर प्रतिबंध हताशा में उठाया कदम : मीडिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रमुख अखबारों ने मंगलवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पर सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध की आलोचना करते हुए इसे हताशा और भयवश लिया गया राजनीतिक फैसला करार दिया और इसे वापस लेने की मांग की। द डॉन, द एक्सप्रेस ट्रिब्यून और द न्यूज जैसे प्रमुख अंग्रेजी अखबारों ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ नीत सरकार द्वारा खान नीत पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी की बढ़ती ताकत का राजनीतिक तरीके से मुकाबला करने के बजाय कठोर कदम उठाने की आलोचना की। इन अखबारों में प्रकाशित संपादकीय में इस बात पर संदेह व्यक्त किया गया है कि उच्चतम न्यायालय सरकार के निर्णय का समर्थन करेगा। सरकार ने इमरान खान और पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी एवं अन्य पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने की भी चेतावनी दी है।

# ट्रंप राष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित

मिल्वौकी, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार बनने के लिए पार्टी के प्रतिनिधियों का आवश्यक बहुमत हासिल कर लिया है। उन्होंने विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में प्रतिनिधियों का बहुमत हासिल किया है। ट्रंप अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के प्रतिनिधियों से हासिल बहुमत से ही राष्ट्रपति उम्मीदवार की दौड़ में शामिल हुए हैं, जिसकी घोषणा उनके पुत्र एरिक ट्रंप ने की।



रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के पहले दिन रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीनेटर जे डी वेंस।

उल्लेखनीय है कि ट्रंप की 2016 में हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ अपनी जीत और 2020 में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन से अपनी हार के बाद वह लगातार तीसरे चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का नेतृत्व करेंगे। इससे पहले सोमवार को ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ के माध्यम से घोषणा की कि उन्होंने ओहियो के सीनेटर जे डी वेंस को अपना उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना है। वेंस, जो 2022 में अमेरिकी सीनेट के लिए चुने गए और जनवरी 2023 में पद की शपथ ली।

### देश से जुड़े मुद्दों पर वेंस का रुख ट्रंप जैसा : बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ओहायो के सीनेटर जे डी वेंस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि देश से जुड़े मुद्दों पर उनका रुख ट्रंप के जैसा ही है। प्रचार के सिलसिलेवार कार्यक्रम के लिए नेवाडा रवाना होने से कुछ समय पहले एंड्रयूज वायु सेना अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में बाइडन ने कहा, देश से जुड़े मुद्दों पर वेंस का रुख ट्रंप जैसा ही है। मुझे दोनों में कोई फर्क नजर नहीं आता।

## खगोल विज्ञान

शनि ग्रह के चंद्रमा टाइटन से होगी शुरुआत, नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी ने यह परियोजना तैयार की

# बैलूनयान के जरिए होगा ग्रहों की जमीन से आसमान का अध्ययन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हमारे सौर मंडल के ग्रहों का अध्ययन रोबोट व हैलीकॉप्टर के जरिए होते आया है। जिसे विस्तार देते हुए अब बैलूनयान को शामिल किया जा रहा है, जो जमीन से लेकर आसमान का अध्ययन करने में कारगर साबित होगा। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी ने यह परियोजना तैयार की है।

बैलून लोकोमोशन फॉर एक्सट्रीम टेरेन की खासियत यह है कि यह उड़ने के साथ चलने फिरने में भी सक्षम होगा। इस अवधारणा पर प्रारंभिक शोध 2018 में नासा इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस्ड कॉन्सेप्ट्स द्वारा शुरू हुआ। शोध से पता चला कि गुब्बारे की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक ही समय में दो विपरीत पैरों की आवश्यकता होगी। साथ ही जमीन भौतिक अवस्था को भी ध्यान में रखना होगा। ताकि प्रत्येक परिस्थितियों में पर गुब्बारे को सुरक्षित खड़ा रख सके। गुब्बारे को इस तरह से बनाया जाएगा, जो पृथ्वी के समान स्थितियों में वायुमंडल में तैर सकता हो। गुब्बारे के परीक्षण के लिए मंगल ग्रह भेजे जाने का विचार किया गया, लेकिन मंगल से बेहतर परिस्थितियां टाइटन पर हो सकती हैं। टाइटन दोनों परिस्थितियों में सर्वश्रेष्ठ है। जिसमें जमीनी व आसमानी वातावरण अनुकूल होगा।

टाइटन में देखने परखने के लिए कई दिलचस्प स्थान हैं, जिनमें क्रायोवोल्कैनो और मीथेन की झीलें शामिल हैं। जो टाइटन के वातावरण की जांच कर कई रहस्य उजागर कर सकेगा। इस योजना को लेकर अभी भी बहुत सारे डिज़ाइन पर विचार किया जा रहा है।



बैलून अंतरिक्ष यान का डिजाइन।

### उन्नत होगी बैलून तकनीक

**नैनीताल :** नासा के वैज्ञानिकों का मानना है कि बैलून तकनीक उन्नत होगी। पिछले छह साल पहले इस पर विचार आया और इसे सफल बनाने के लिए शोध किया गया। दूसरे ग्रहों के वातावरण को अध्ययन में शामिल किया गया। प्रारंभिक तैयारियों के साथ इसे अमली जामा पहनाने की है। जिस पर जल्द कार्रवाई होने की उम्मीद है।

### सौर मंडल का दूसरा सबसे बड़ा उपग्रह है टाइटन

**नैनीताल :** शनि ग्रह का चंद्रमा टाइटन हमारे सौर मंडल का दूसरा सबसे बड़ा चन्द्र है जो बृहस्पति के ग्यानिमेड चांद से थोड़ा ही छोटा है। टाइटन का व्यास 5150 किलोमीटर है। साथ ही ये हमारे पड़ोसी ग्रह मंगल से भी थोड़ा ही छोटा है। इस चांद में वायुमंडल की उपस्थिति ही सबसे मुख्य विशेषता है।

# सैन्य छावनी पर हमले में 8 पाकिस्तानी सैनिक और 10 आतंकी मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक प्रमुख सैन्य छावनी पर हुए हमले में पाकिस्तानी सेना के कम से कम आठ सैनिकों की मौत हो गई जबकि सुरक्षा बलों ने सभी 10 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एक बयान में कहा गया है कि हमला करने वाले सभी 10 आतंकवादियों को भी मार गिराया गया। ये आतंकी सोमवार को बन्नू छावनी में घुसने की कोशिश कर रहे थे। बयान के मुताबिक, हमले का प्रयास असफल होने पर आंतकियों ने विस्फोटकों से लदे वाहन को छावनी की दीवार से टकरा दिया, जिससे दीवार का एक हिस्सा ढह गया और आस-पास के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा।

# अफगानिस्तान में तूफान बाढ़ से 40 की गई जान

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत में बारिश और बाढ़ से मरने वालों की संख्या 40 हो गयी है जबकि घायलों की संख्या 347 हो गयी है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत ज़मान अमरखिल ने कहा कि घायलों के इलाज के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया है अमरखिल ने हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार दोपहर को अचानक आई प्राकृतिक आपदा से प्रांतीय राजधानी जलालाबाद, सुख रोड जिले और पाकिस्तान की सीमा से लगे प्रांत के इलाकों में बड़ी संख्या में लोग मारे गये और देश को वित्तीय क्षति हुई। इसी तरह, सोमवार सुबह पूर्वी अफगानिस्तान के कुनार प्रांत के अधिकांश हिस्सों में अचानक आई बाढ़ के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। देश में मई से अब तक भारी बारिश तथा बाढ़ से चार सौ से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

### सड़क हादसे में 17 की मौत

**पुल-ए-खुमरी।** अफ़गानिस्तान के उत्तरी बघलान प्रांत में यात्रियों से भरी बस एक नाले में गिर गयी, जिससे 17 लोगों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी प्रांतीय पुलिस मौलवी शिर अहमद बुरहानी ने दी। यह दुर्घटना मंगलवार को खिंजन जिले में लापरवाह तरीके से ड्राइविंग करने से हुई। जिसमें तीन बच्चे व दो महिलाओं समेत 17 लोगों की मौत हो गयी।